सूर्योदय 6:54 सूर्यास्त 6:16

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 7.8 न्यू | 18.0 अधि |
| धर्मशाला | 10.6 न्यू | 22.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 82,226 |
| निफ्टी | 25,425 |

सोना 1,59,503 चांदी 2,66,535

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | बुधवार, 25 फरवरी 2026 | 14 फाल्गुन, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 3, अंक 59, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### शंकराचार्य को गिरफ्तारी का डर, हाईकोर्ट पहुंचे

**एजेंसी, वाराणसी।** बच्चों से यौन शोषण मामले में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दायर की। उनका डर है कि प्रयागराज पुलिस उन्हें गिरफ्तार कर सकती है। इसी बीच, शाहजहांपुर निवासी रमाकांत दीक्षित ने आरोप लगाया कि आशुतोष पांडेय ने अपनी नाबालिग बेटियों के जरिए शंकराचार्य को फंसाने की साजिश की पेशकश की, जिसे उन्होंने ठुकरा दिया। शंकराचार्य ने वाराणसी में प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रयागराज के एडिशनल पुलिस कमिश्नर अजयपाल शर्मा पर साजिश रचने का आरोप लगाया। उन्होंने एक तस्वीर भी दिखाई, जिसमें अजयपाल शर्मा और आशुतोष महाराज साथ में केक काटते हुए नजर आ रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

### स्पाइसजेट फ्लाइट की दिल्ली में इमरजेंसी लैंडिंग

**एजेंसी, नई दिल्ली।** एयरलाइन कंपनी स्पाइसजेट के बोइंग 737 प्लेन की दिल्ली में इमरजेंसी लैंडिंग हुई। फ्लाइट एसजी-121 ने मंगलवार सुबह 6.08 बजे दिल्ली के ही आईजीआई एयरपोर्ट से लेह के लिए उड़ान भरी थी। कुछ देर बाद प्लेन के इंजन-2 में खराबी आ गई। इसके बाद पायलट ने प्लेन वापस दिल्ली की ओर मोड़ लिया। फ्लाइट की 6.49 बजे इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। फ्लाइट में 150 यात्री-क्रू सवार थे। (अनंत ज्ञान)

### अंडमान में हेलिकॉप्टर की क्रैश लैंडिंग, सभी सुरक्षित

**एजेंसी, श्री विजयापुरम।** अंडमान और निकोबार में मंगलवार सुबह पवन हंस कंपनी का हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया। उड़ान पोर्ट ब्लेयर से मायाबंदर के लिए थी, जिसमें 5 यात्री और 2 पायलट सवार थे। समुद्र में रनवे से 300 मीटर पहले तकनीकी खराबी के कारण इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। घटना में सभी 7 लोग जिसमें 3 महिलाएं, 3 पुरुष और 1 बच्चा घायल हुए। उन्हें मायाबंदर के डॉ. राजेंद्र प्रसाद अस्पताल में भर्ती कराया गया। अधिकारियों ने बताया कि उनकी स्थिति स्थिर है। (अनंत ज्ञान)

### लखनऊ में बाप की हत्या कर टुकड़े नीले ड्रम में छिपाए

**एजेंसी, लखनऊ।** लखनऊ में वर्धमान पैथोलॉजी लैब के मालिक मानवेंद्र सिंह की उनके 21 साल के इकलौते बेटे अक्षत प्रताप सिंह ने गोली मारकर हत्या कर दी। हत्या के बाद शव को बाथरूम में आरी से काटकर टुकड़े नीले ड्रम में भर दिए। सिर को काटकर कार में रखा और घर से 21 किलोमीटर दूर फेंक आया। अन्य हिस्से को तारपिन से जलाने की फिराक में था। रूम स्प्रे छिड़कर दुर्गंध खत्म कर रहा था। अक्षत ने अपनी बहन के सामने घटना को अंजाम दिया। उसे धमकी दी कि किसी को बताया तो उसे भी मार डालेगा। पिता का सिर फेंकने के बाद आरोपी घर लौटा और कार की सफाई की। तीन दिन बाद सोमवार को वह थाने पहुंचा और गुमशुदगी दर्ज कराई। पुलिस ने जब सख्ती से पूछताछ की तब उसने जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस उसे लेकर मौके पर पहुंची और शव के टुकड़े बरामद किए, लेकिन सिर नहीं मिला। (अनंत ज्ञान)

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- कूड़े के पहाड़ तले कराहती 'पहाड़ों की रानी' -पेज 2
- बिझड़ी-घोड़ीधबीरी सड़क पर ट्रक के फंसने से लगा लंबा जाम -पेज 6
- दो पिकअप से अवैध लकड़ी जब्त, दो आरोपी गिरफ्तार -पेज 10
- सड़क के गड्ढे भरकर सरकार और विभाग को दिखाया आईना -पेज 12


# 'लापरवाही की इंतिहा' अस्पताल परिसर में मुंह में इंसानी टांग लेकर घूमता रहा कुत्ता

अनंत ज्ञान

- मानवता हुई शर्मसार, चिकित्सा व्यवस्था पर उठे गंभीर सवाल
- एम्प्यूटेशन के बाद रखा गया था अंग, प्रबंधन ने माना चूक
- वीडियो वायरल होते ही हरकत में आया प्रशासन

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** पहाड़ों की रानी शिमला में स्थित प्रतिष्ठित चिकित्सा संस्थान अटल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल सुपर स्पेशलिटी अस्पताल, चमियाना में मंगलवार सुबह जो दृश्य सामने आया, उसने इंसानी संवेदनाओं को भीतर तक झकझोर दिया। अस्पताल परिसर में एक कुत्ता इंसानी टांग को मुंह में दबाए बेखौफ घूमता दिखाई दिया। यह मंजर न केवल भयावह था, बल्कि चिकित्सा तंत्र की कार्यप्रणाली पर गहरे प्रश्नचिह्न भी छोड़ गया। घटना का वीडियो जैसे ही सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, लोगों में रोष और हैरत की लहर दौड़ गई।

बताया जा रहा है कि यह अंग अस्पताल में एक मरीज की एम्प्यूटेशन प्रक्रिया के बाद बायो-मेडिकल वेस्ट में रखा गया था। नियमों के तहत कटे हुए अंगों के सुरक्षित निपटान की स्पष्ट व्यवस्था होती है, लेकिन प्रारंभिक जानकारी के अनुसार जिस स्थान पर अंग को रखा गया था, वहां का दरवाजा ठीक से बंद नहीं किया गया। इसी लापरवाही का फायदा उठाकर आवारा कुत्ता अंदर घुस गया और मानव अंग को बाहर ले आया। इस चूक को अस्पताल स्तर पर गंभीर त्रुटि माना जा रहा है। वीडियो के प्रसारित होते ही अस्पताल प्रबंधन हरकत में आया और मामले को गंभीरता से लेने की बात कही। सफाई व्यवस्था से जुड़े सुपरवाइजर से जवाब तलब किया गया है। वहीं, आम नागरिकों ने इसे मानवीय गरिमा के साथ खिलवाड़ करार देते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग की है। अस्पताल जैसे पवित्र और संवेदनशील स्थान पर इस प्रकार की घटना ने लोगों का भरोसा डगमगा दिया है।



अस्पताल परिसर में इंसानी टांग लेकर घूमता कुत्ता।

### जांच कमेटी गठित, तय होगी जिम्मेदारी

**पूरे** प्रकरण की निष्पक्ष और तथ्यात्मक जांच के लिए अस्पताल प्रशासन ने तीन सदस्यीय फैक्ट फाइंडिंग कमेटी का गठन किया है। समिति में नर्सिंग सुपरिंटेंडेंट लीलावती, बायो-मेडिकल वेस्ट के नोडल अधिकारी राजेश वर्मा और मैट्रन लीला बोध को शामिल किया गया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि समिति अभिलंब अपनी रिपोर्ट सौंपेगी, जिसके आधार पर जिम्मेदारी तय कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। प्रबंधन ने यह भी आश्वासन दिया है कि भविष्य में ऐसी पुनरावृत्ति रोकने के लिए व्यवस्थागत खामियों को दुरुस्त किया जाएगा।

### अपशिष्ट प्रबंधन में चूक को लेकर उठे सवाल

**बहरहाल** इस घटना ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है कि आखिर संवेदनशील चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन में इतनी बड़ी चूक कैसे हो सकती है। मानव शरीर का कोई भी अंग केवल चिकित्सकीय वस्तु नहीं, बल्कि किसी परिवार की पीड़ा और संवेदना से जुड़ा होता है। ऐसे में लापरवाही का यह दृश्य पूरे समाज के लिए आत्ममंथन का विषय बन गया है।

## दिल्ली से लौटते ही सीएम सुक्खू ने दिया बड़ा बयान, बोले-

# संसद में उठेगा आरडीजी मसला

अनंत ज्ञान

- कहा-हिमाचल भवन में हुई रेड दुर्भाग्यपूर्ण
- पीएम से समय न मिलने पर जताई नाराजगी
- राज्यसभा प्रत्याशी पर हाईकमान करेगा निर्णय

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** दिल्ली प्रवास से लौटते ही मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने एक साथ कई अहम मुद्दों पर मुखर रुख अपनाया। दिल्ली स्थित हिमाचल भवन में आधी रात को हुई पुलिस रेड को उन्होंने दुर्भाग्यपूर्ण और असंवैधानिक करार दिया। वहीं, रेवेन्यू डेफिसिट ग्रांट बंद किए जाने के मसले को प्रदेश के साथ अन्याय बताते हुए संसद में जोरदार ढंग से उठाने का ऐलान किया। मुख्यमंत्री का यह बयान ऐसे समय आया है जब प्रदेश की राजनीति में हलचल तेज है और विपक्ष भी हमलावर है।

शिमला में आयोजित मीडिया से अनौपचारिक बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री सुक्खू ने स्पष्ट कहा कि दिल्ली में हिमाचल भवन पर हुई पुलिस कार्रवाई की न तो उन्हें और न ही रेजिडेंट कमिश्नर को पूर्व सूचना दी गई। उन्होंने कहा कि वह स्वयं भी उस समय हिमाचल सदन में ठहरे हुए थे और उन्हें इस पूरे घटनाक्रम की जानकारी विधायक सुरेश कुमार से मिली। मुख्यमंत्री ने इसे एक गंभीर विषय बताते हुए कहा कि बिना पूर्व अनुमति और जानकारी के की गई इस तरह की कार्रवाई संघीय ढांचे की भावना के विपरीत है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि शनिवार रात करीब 12 बजे दिल्ली पुलिस हिमाचल सदन पहुंची और एक कमरे में तलाशी ली, जहां एक महिला अधिवक्ता ठहरी हुई थीं। इस दौरान बिना वारंट कार्रवाई की बात सामने आने पर वहां मौजूद लोगों ने विरोध जताया, जिसके बाद पुलिस को लौटना पड़ा। इस घटनाक्रम का वीडियो भी सामाजिक माध्यमों पर तेजी से प्रसारित हुआ, जिससे राजनीतिक तापमान और बढ़ गया।

रेवेन्यू डेफिसिट ग्रांट (आरडीजी) के मुद्दे पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह प्रदेश का संवैधानिक अधिकार है और इसे बंद करना हिमाचल जैसे पहाड़ी राज्य के साथ बड़ा अन्याय है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मिलने का समय मांगा था, लेकिन समय नहीं मिल पाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इस मुद्दे को लोकसभा में उठाएगी और राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से इस विषय पर चर्चा हो चुकी है।



शिमला में मीडिया से बातचीत करते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू। अनंत ज्ञान

### कांग्रेस हाईकमान लेगा अंतिम निर्णय

**मुख्यमंत्री** ने राज्यसभा चुनाव को लेकर भी स्थिति स्पष्ट की और कहा कि प्रत्याशी के नाम पर अंतिम निर्णय कांग्रेस हाईकमान करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन लोकतांत्रिक अधिकार है और युवा कांग्रेस द्वारा किया गया प्रदर्शन पूर्णतः शांतिपूर्ण था। बता दें कि दिल्ली से स्वास्थ्य परीक्षण के बाद लौटे मुख्यमंत्री ने संकेत दिए कि आने वाले दिनों में प्रदेश के हितों को लेकर संघर्ष और तेज होगा।

## सेवा तीर्थ में हुई केंद्रीय कैबिनेट की पहली बैठक

# रेल-मेट्रो और एयरपोर्ट प्रोजेक्ट्स के लिए 12,236 करोड़ मंजूर

**एजेंसी, नई दिल्ली**



पीएम नरेंद्र मोदी के नए ऑफिस सेवा तीर्थ में मंगलवार को केंद्रीय मंत्रिमंडल की पहली बैठक हुई। इसमें कुल 12,236 करोड़ के प्रोजेक्ट्स को मंजूरी दी गई है। कैबिनेट ने मध्य प्रदेश, बिहार और झारखंड में तीन रेल प्रोजेक्ट समेत कुल 8 फैसले लिए हैं। बैठक में पावर सेक्टर में सुधारों पर पॉलिसी से जुड़े फैसले हुए और केरल सरकार के राज्य का नाम बदलकर केरलम करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। केरल में अप्रैल-मई में विधानसभा चुनाव हो सकते हैं।

कैबिनेट ने तीन नए रेल प्रोजेक्ट के तहत गोंदिया-जबलपुर रेल लाइन के डबलिंग, गम्हरिया-चांडिल और पुनारख-किऊल के बीच तीसरी-चौथी रेल लाइन को मंजूरी दी है। साथ ही श्रीनगर में एक नया एयरपोर्ट टर्मिनल बनेगा और अहमदाबाद मेट्रो के फेज 2बी का एक्सटेंशन होगा। प्रस्ताव केरल विधानसभा को भेजा जाएगा

कैबिनेट से मंजूरी के बाद अब राष्ट्रपति 'केरल (नाम में बदलाव) बिल, 2026' को संविधान के अनुच्छेद 3 के तहत केरल विधानसभा की राय के लिए भेजेंगे। विधानसभा की राय मिलने के बाद, सरकार संसद में बिल पेश करेगी। संसद से पास होने पर राज्य का नाम आधिकारिक रूप से केरलम हो जाएगा।

केरल विधानसभा से 24 जून 2024 को प्रस्ताव पास हुआ था। इस प्रस्ताव के मुताबिक केरल का असल में मलयाली भाषा में नाम केरलम है। हिंदी और दूसरी भाषाओं में इसे केरल कहा जाता है। नाम बदलने का उद्देश्य केरल राज्य की पहचान, भाषा, संस्कृति और विकास को बढ़ावा देना है।

वहीं, कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने एक्स पर लिखा कि नाम बदलना ठीक है, लेकिन अंग्रेजी बोलने वालों के लिए एक छोटा-सा भाषाई सवाल है। उन्होंने पूछा कि केरलाइट और केरलन शब्दों का क्या होगा। उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा कि केरलमाइट किसी सूक्ष्म जीव जैसा लगता है और 'केरलमियन' किसी खनिज जैसा। उन्होंने मुख्यमंत्री कार्यालय को टैग करते हुए सुझाव दिया कि नए शब्द के लिए प्रतियोगिता कराई जा सकती है। (अनंत ज्ञान)

### कैबिनेट मीटिंग में 8 बड़े फैसले

- केरल का नाम बदलकर केरलम होगा।
- गोंदिया-जबलपुर की रेल लाइन डबलिंग के लिए 5236 करोड़ रुपए।
- पुनारख-किऊल की तीसरी-चौथी रेल लाइन के लिए 2668 करोड़ रुपए।
- गम्हरिया-चांडिल की तीसरी-चौथी रेल लाइन के लिए 1168 करोड़ रुपए।
- श्रीनगर में नया इंटिग्रेटेड एयरपोर्ट टर्मिनल के लिए 1667 करोड़ रुपए।
- अहमदाबाद मेट्रो के फेज 2बी के एक्सटेंशन के लिए 1067 करोड़ रुपए।
- कच्चा जूट की एमएसपी के लिए 430 करोड़ रुपए।
- पॉवर सेक्टर में रिफॉर्म्स की मंजूरी।

# चक्की रेलवे पुल बनकर तैयार

## सीआरएस नॉर्दर्न सर्किल ने संचालन के लिए दी हरी झंडी

अनंत ज्ञान

**रविंद्र चौधरी, फतेहपुर।** पठानकोट-कांगड़ा-बैजनाथ नेरोगेज रेल लाइन के लिए आज का दिन ऐतिहासिक साबित हुआ। लगभग तीन वर्षों के लंबे इंतजार के बाद चक्की रेलवे का नवनिर्मित पुल पूरी तरह तैयार हो गया है। करीब 70 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित इस आधुनिक और सुदृढ़ पुल का कमिश्नर रेलवे सेफ्टी, नॉर्दर्न सर्किल दिनेश देसवाल ने तकनीकी टीम सहित गहन निरीक्षण किया और इसे संचालन के लिए हरी झंडी दे दी।

वर्ष 2022 में आई भारी बरसात और चक्की खड्ड में आए तेज बहाव ने पुराने रेलवे पुल को क्षतिग्रस्त कर बहा दिया था। इसके चलते पंजाब के पठानकोट से कांगड़ा घाटी का रेल संपर्क पूरी तरह टूट गया था। लगभग तीन वर्षों तक नेरोगेज रेल सेवा बंद रहने से हजारों यात्रियों को परेशानी झेलनी पड़ी, वहीं स्थानीय व्यापार और पर्यटन उद्योग को भी बड़ा झटका लगा। देसवाल ने निर्माण कार्य को उच्च गुणवत्ता वाला बताते हुए रेलवे इंजीनियरों की सराहना की।



- करीब 70 करोड़ की लागत से बना अत्याधुनिक पुल

### जल्द पटरी पर लौटेगी 'टॉय ट्रेन'

**सीआरएस** की मंजूरी के साथ ही अब, पठानकोट-कांगड़ा-बैजनाथ नेरोगेज लाइन पर ट्रेनों के संचालन की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। आवश्यक औपचारिकताएं पूरी होते ही रेल सेवा को बहाल कर दिया जाएगा। लंबे इंतजार के बाद क्षेत्रवासियों को उम्मीद है कि कांगड़ा घाटी में फिर से रेल की सीटी गूंजेगी, जिससे न केवल आवागमन सुगम होगा बल्कि पर्यटन, रोजगार और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी नई रफ्तार मिलेगी।

## एआई समिट हंगामा : उदय भानु चार दिन की हिरासत में

**एजेंसी, नई दिल्ली।** एआई इम्पैक्ट समिट हंगामा मामले में इंडियन यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब को दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने 4 दिन की पुलिस रिमांड में भेजा है। उन्हें मंगलवार को सुबह तिलक मार्ग थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने 7 दिन की रिमांड मांगी थी और आरोप लगाया कि चिब ही घटना के मास्टरमाइंड हैं। प्रदर्शनकारी उनके निर्देश पर भारत मंडपम में आयोजित समिट में घुसे थे। चिब ने ही उनको लॉजिस्टिक हेल्प की थी।

इधर एआई समिट मामले की जांच दिल्ली पुलिस की इंटर-स्टेट क्राइम ब्रांच टीम को सौंपी गई। चिब की गिरफ्तारी पर कांग्रेस ने लिखा कि चिब की गिरफ्तारी असंवैधानिक और तानाशाह नरेंद्र मोदी की सनक का नतीजा है। राहुल ने लिखा कि कांग्रेस के 'बब्बर शेर' साथियों पर गर्व, जिन्होंने कॉम्प्रोमाइज्ड पीएम के खिलाफ निडर होकर देश के हित में आवाज उठाई। (अनंत ज्ञान)

# ट्यूलिप गार्डन का 70,000 पर्यटकों ने किया दीदार

अनंत ज्ञान

**पालमपुर।** धौलाधार की खूबसूरत वादियों में अब सिर्फ नजारों ही नहीं, बल्कि रंग-बिरंगे ट्यूलिप भी देखने को मिलते हैं। सीएसआईआर-हिमालय जैवसंपदा प्रौद्योगिकी संस्थान (सीएसआईआर-आईएचबीटी) पालमपुर का यह ट्यूलिप गार्डन इस साल 10 फरवरी को जनता के लिए खोला गया और अब तक 70,000 से अधिक पर्यटक आ चुके हैं।

वहीं, सीएसआईआर-आईएचबीटी पालमपुर के निदेशक डॉ. सुदेश कुमार यादव कहते हैं कि यह गार्डन विज्ञान, पर्यटन और व्यवसाय तीनों को जोड़ने का एक महत्वपूर्ण कदम है।

**देश-दुनिया से बढ़ती रुचि:** ट्यूलिप गार्डन में पर्यटकों की भीड़ हर साल बढ़ रही है। पंजाब और तमिलनाडु सहित देश के विभिन्न हिस्सों से लोग ट्यूलिप देखने आते हैं। स्थानीय निवासी और वैज्ञानिक भी इसकी तारीफ कर रहे हैं।

### रंग-बिरंगे फूलों से बना पालमपुर टूरिज्म का नया आकर्षण



### हॉलैंड से भारत तक का सफर

2018 में हॉलैंड से लाए गए बल्बों के साथ ट्यूलिप की खेती की शुरुआत हुई। बाद में स्वदेशी पौधों से गार्डन विकसित किया गया। कश्मीर के बाद, पालमपुर देश का दूसरा ट्यूलिप गार्डन बन गया।

### कृषि और पर्यटन का संगम

**फ्लोरीकल्चर** मिशन के तहत यह गार्डन न केवल पर्यटन को बढ़ावा देता है, बल्कि किसानों की आय बढ़ाने में भी मदद करता है। संस्थान बल्ब उत्पादन और ऑफ-सीजन खेती पर भी काम कर रहा है।

# मणिकर्ण घाटी में गिरा पहाड़

## मणिकर्ण-बरशैनी रोड बंद, जिला मुख्यालय से कटा संपर्क

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** जिला कुल्लू की मणिकर्ण घाटी में मंगलवार सुबह भूस्खलन की घटना सामने आई है। साफ मौसम में अचानक पहाड़ी दरकी और मणिकर्ण-बरशैणी सड़क मार्ग पहाड़ी से भारी भूस्खलन हुआ जिस कारण सड़क पूरी तरह से बाधित हो गई है और जिला मुख्यालय से भी संपर्क कट गया है। भूस्खलन के दौरान सड़क से गुजर रहे वाहन चालक बाल-बाल बच गए।

वहीं, पहाड़ी से भारी मलबा गिरने की वजह से मणिकर्ण-बरशैणी सड़क पूरी तरह से बंद हो गई है। घटीगढ़ के नजदीक पहाड़ी से लगातार गिर रहे पत्थरों और मलबे के कारण मार्ग पूरी तरह अवरुद्ध हो गया है। यह भूस्खलन साफ मौसम में हुआ है, जिससे घाटी के लोगों में डर का माहौल बना हुआ है।

उधर, लोक निर्माण विभाग के असिस्टेंट इंजीनियर गोविंद ठाकुर का कहना है कि मार्ग को बहाल करने का कार्य किया जा रहा है। मणिकर्ण में एक मशीन तैनात की गई है, ताकि भविष्य में मार्ग बंद होते ही तुरंत कार्रवाई की जा सके। भूस्खलन का वीडियो भी सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें तीन गाड़ियां ऐन मौके पर रुक गईं। स्थानीय लोगों के अनुसार बारिश और बर्फबारी के बाद पहाड़ी का बड़ा हिस्सा अस्थिर हो चुका है। ऐसे में दिन-रात छोटे-बड़े पत्थर सड़क पर गिर रहे हैं, जिससे इस मार्ग पर सफर करना खतरे से खाली नहीं है।



मणिकर्ण-बरशैणी सड़क पर पहाड़ी दरकने से गिरा मलबा

## दौरा — अखिलेश यादव ने सनातन सड़क योजना के बहाने केंद्र सरकार पर इशारे में किया हमला

# प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की तर्ज पर बने 'सनातन सड़क योजना'

अनंत ज्ञान

**आर मोहन चौहान, सोलन।** उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को जिला सिरमौर के मरयोग स्थित बद्रिका आश्रम का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने फेसबुक पोस्ट के माध्यम से केंद्र सरकार पर तीखा निशाना साधा, जिससे राजनीतिक हलकों में हलचल मच गई।

यादव ने 'प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना' का जिक्र करते हुए 'सनातन सड़क योजना' की मांग उठाई, जो आश्रमों को जोड़ने के लिए हो। केंद्र सरकार पर इशारे में हमला अखिलेश यादव ने अपने फेसबुक स्टेटस में लिखा, 'जब 'प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना' बन सकती है तो आश्रमों को जोड़ने के लिए 'सनातन सड़क योजना' क्यों नहीं बनाई जा सकती? उन्होंने आगे कहा कि इससे 'धर्म का मार्ग प्रशस्त होगा और सच्चे धर्म प्रधान लोगों को सत्संग के साथ-साथ, महाझूठ के इस शासनकाल में 'सच-संग' का भी पुण्य फल मिल सकेगा।

यह पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल हो गई और विपक्षी दलों ने इसे सराहा, जबकि सत्ताधारी भाजपा ने इसे 'राजनीतिक स्टंट' करार दिया।





सोलन के साथ लगते मरयोग स्थित बद्रिका आश्रम व आश्रम को मुख्य सड़क से जोड़ने वाली कच्ची सड़क। अनंत ज्ञान



### आश्रम की सड़क बनी चर्चा का विषय

**बद्रिका** आश्रम के संस्थापक और मुख्य स्वामी ओम स्वामी हैं। उन्होंने 2011 में इस आश्रम की स्थापना की थी, जो ध्यान, योग और साधना का एक केंद्र है। यह स्थान सोलन के पास स्थित है और 'श्री हरि' के निवास के रूप में समर्पित है। मुख्य सड़क से आश्रम पहुंचने के लिए थोड़ी कुछ किलोमीटर कच्ची सड़क है। इसको लेकर अखिलेश यादव ने केंद्र पर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की तर्ज पर बने 'सनातन सड़क योजना' बनाने का सुझाव दिया, जो चर्चा का विषय बन गया।

### यूपी विवाद का हिमाचल कनेक्शन

**उत्तर** प्रदेश में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को लेकर विवाद चरम पर है और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव लगातार यूपी और केंद्र सरकार पर हमलावर है। यूपी विवाद का हिमाचल कनेक्शन पिछले रविवार को अखिलेश यादव ने शाकुंभरी पीठाधीश्वर आचार्य आशुतोष ब्रह्मचारी पर निशाना साधा था, जिन्होंने स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के खिलाफ 20 साल पुरानी घटना पर केस दर्ज कराया। अखिलेश ने कहा कि सरकार पुरानी घटनाएं खोजकर स्वामी जी को अपमानित कर रही है। अगर शिकायतकर्ता स्वामी रामभद्राचार्य के शिष्य हैं, तो मेरी गलती हुई। मैंने रामभद्राचार्य पर दर्ज केस वापस ले लिया था, मुझे उन्हें जेल भेज देना चाहिए था। इस बयान ने यूपी की राजनीति को गरमा दिया। अब हिमाचल में आश्रम दौरे को रणनीतिक कदम माना जा रहा है। यह घटना 2027 के विधानसभा चुनावों से पहले राजनीतिक तापमान बढ़ा रही है।

# कूड़े के पहाड़ तले कराहती 'पहाड़ों की रानी'

## पर्यावरण संतुलन पर मंडराता संकट, शीतल हवाओं की पहचान धूमिल और नियम कागजों में कैद

अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान मुद्दा

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** पहाड़ों की गोद में बसी व शीतल समीर के लिए पहचानी जाने वाली राजधानी शिमला आज कूड़े के ढेरों तले कराहती दिखाई दे रही है। कभी स्वच्छता और सौंदर्य का प्रतीक रही यह नगरी अब जगह-जगह फैली गंदगी, दुर्गंध और अव्यवस्था की मार झेल रही है। पर्यावरण संतुलन पर खतरे के बादल मंडरा रहे हैं और नगर की छवि पर गहरा धब्बा लगता जा रहा है।

आंकड़ों पर नजर डालें तो राजधानी शिमला में प्रतिदिन लगभग 90 से 110 टन तक ठोस कचरा उत्पन्न होने का अनुमान है। पर्यटन सीजन में यह मात्रा और बढ़ जाती है, जब हजारों सैलानी यहां पहुंचते हैं और नगर की आबादी अचानक कई गुना हो जाती है। कूड़ा उठाने की व्यवस्था कागज़ों में सुदृढ़ दिखाई देती है, किन्तु धरातल पर डस्टबिन छलकते मिलते हैं, नालियां जाम रहती हैं और कचरे के अस्थायी ढेर स्थायी रूप ले लेते हैं। दिलचस्प है कि वर्ष 2017 में शिमला को स्मार्ट सिटी मिशन के तहत शामिल किया गया था, जहां आधुनिक और स्वच्छ राजधानी का सपना दिखाया गया था, लेकिन मौजूदा हालात उन दावों पर सवाल खड़े कर रहे हैं।

हालांकि, राज्य सरकार ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को लेकर बड़े-बड़े नियम और दिशा-निर्देश तय किए थे। स्रोत पर कचरे का पृथक्करण, समयबद्ध उठान, जुर्माने की व्यवस्था और स्वच्छता अभियान की घोषणाएं भी की गईं।

कायदा यह कहता है कि हर वार्ड में नियमित संग्रहण और वैज्ञानिक निस्तारण अनिवार्य है, परंतु वास्तविकता यह है कि न तो पूर्ण रूप से पृथक्करण हो पा रहा है और न ही निर्धारित समय पर उठान। जिला प्रशासन की निगरानी बेहद ढीली प्रतीत होती है और नगर निगम अपनी कार्यप्रणाली को लेकर लगातार सुस्त रहा है।

स्थिति केवल नगर निगम के अधीन वार्डों तक सीमित नहीं है। नगर निगम के दायरे से बाहर, जहां जिला प्रशासन का सीधा नियंत्रण है, वहां भी हालात कम चिंताजनक नहीं हैं। परिधीय और तथाकथित सुदूर क्षेत्रों में कचरा उठान की नियमित व्यवस्था नहीं दिखती। कई स्थानों पर कूड़ा खुले में फेंका जा रहा है, जिससे आवारा पशु और बदबू दोनों समस्या को बढ़ा रहे हैं। यह दृश्य साफ संकेत देता है कि समन्वित कार्ययोजना के अभाव में पूरा क्षेत्र संकट की चपेट में है।



सड़क किनारे लगे कूड़े के ढेर व छलकते डस्टबिन। अनंत ज्ञान

### समन्वय के अभाव में भटकी सफाई व्यवस्था

**स्थानीय** लोगों का कहना है कि नगर निगम और जिला प्रशासन के बीच समन्वय का अभाव साफ दिखाई देता है। एक ओर नगर निगम संसाधनों की कमी का हवाला देता है, तो दूसरी ओर प्रशासन योजनाओं की समीक्षा बैठकों तक सीमित नजर आता है।

### पर्यावरण व जन स्वास्थ्य के लिए बना खतरा

**परिणामस्वरूप** गंदगी के ढेर पर्यावरण और जनस्वास्थ्य दोनों के लिए खतरा बनते जा रहे हैं। बरसात के दिनों में यही कूड़ा नालों में बहकर जलस्रोतों को दूषित करता है, जिससे बीमारी फैलने की आशंका और बढ़ जाती है। एक समय था जब शिमला को शांत, शीतल और स्वच्छ राजधानी के रूप में जाना जाता था। देवदारों की महक और निर्मल वायु इसकी पहचान थी। आज वही नगरी कूड़े के पहाड़ों से जूझ रही है। यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो आने वाले दिनों में यह संकट और विकराल रूप ले सकता है।

# एसएफआई ने छात्रों की मांगों को लेकर विवि परिसर में किया विरोध-प्रदर्शन



छात्र मांगों को लेकर विश्वविद्यालय परिसर में धरना देते एसएफआई के कार्यकर्ता। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** एसएफआई की विश्वविद्यालय इकाई द्वारा मंगलवार को विश्वविद्यालय परिसर में छात्र मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के दौरान छात्रों ने परिसर में बसों की संख्या बढ़ाने, छात्रावासों के नवीनीकरण तथा पार्किंग व्यवस्था को सुदृढ़ करने की मांग उठाई।

संगठन का कहना है कि विश्वविद्यालय में दूरदराज क्षेत्रों से बड़ी संख्या में विद्यार्थी अध्ययन के लिए आते हैं, किंतु वर्तमान में केवल दो बसें संचालित हो रही हैं, जबकि पूर्व में छह बसें उपलब्ध थीं। इससे छात्रों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

प्रदर्शन को संबोधित करते हुए छात्र नेता प्रिया ने कहा कि इन मांगों को शीघ्र पूरा किया जाना चाहिए। कैंपस वाइस प्रेसिडेंट आशीष कुमार ने कहा कि प्रदेश के 12 जिलों से छात्र यहां शिक्षा ग्रहण करने आते हैं, लेकिन बुनियादी सुविधाओं के लिए भी संघर्ष करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय की स्थापना को 56 वर्ष हो चुके हैं, इसके बावजूद छात्रावासों का नवीनीकरण लंबित है और पार्किंग की समस्या दिन-प्रतिदिन गंभीर होती जा रही है। कैंपस सचिव कॉमरेड मुकेश ने चेतावनी दी कि यदि मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो संगठन व्यापक आंदोलन शुरू करेगा, जिसकी जिम्मेदारी विश्वविद्यालय प्रशासन की होगी।

# नाबालिग से दुष्कर्म, गर्भवती होने पर खुला राज, एफआईआर

अनंत ज्ञान

◆ जीरो प्राथमिकी के आधार पर दर्ज हुआ प्रकरण

**ब्यूरो शिमला।** जिला शिमला के चौपाल उपमंडल में नाबालिग से दुष्कर्म का सनसनीखेज मामला उजागर हुआ है। बताया जा रहा है कि पीड़िता के गर्भवती होने के बाद यह राज खुला और मामला पुलिस तक पहुंचा। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार घटना पिछले वर्ष की है, लेकिन सामाजिक दबाव और भय के कारण शिकायत दर्ज नहीं हो पाई। जब गर्भ ठहरने की पुष्टि हुई तो परिजनों को पूरी घटना का पता चला, जिसके बाद कानूनी कार्रवाई की राह अपनाई गई।

सूत्रों के अनुसार मामला मूल रूप से सिरमौर जनपद के शिलाई क्षेत्र से जुड़ा बताया जा रहा है, जहां से जीरो प्राथमिकी दर्ज कर प्रकरण को शिमला जनपद के कुपवी थाना क्षेत्र में स्थानांतरित किया गया। पीड़िता ने अपने बयान में एक युवक पर आरोप लगाए हैं कि वह उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया और कई महीनों तक शारीरिक शोषण करता रहा। पुलिस ने बाल संरक्षण से जुड़े कड़े कानूनों के तहत मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है और संबंधित साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं।

### हर पहलू की सूक्ष्मता से हो रही पड़ताल

**पुलिस** अधिकारियों का कहना है कि प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए हर पहलू की सूक्ष्मता से पड़ताल की जा रही है। चिकित्सकीय परीक्षण और अन्य कानूनी प्रक्रियाएं अमल में लाई जा रही हैं। क्षेत्र में इस घटना को लेकर चिंता और आक्रोश का माहौल है। प्रशासन ने भरोसा दिलाया है कि दोषी पाए जाने पर कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# मशोबरा में 32 हजार बच्चों को खिलाई एल्बेंडाजोल

## राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर चला अभियान, 10 हजार बच्चों को पिलाया विटामिन-ए घोल

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर मशोबरा चिकित्सा खंड में एक से उन्नीस वर्ष आयु वर्ग के लगभग 32 हजार बच्चों को एल्बेंडाजोल की कृमिनाशक औषधि का सेवन कराया गया, जबकि करीब 10 हजार बच्चों को विटामिन-ए का घोल पिलाया गया। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय रानौत ने जानकारी देते हुए बताया कि यह अभियान मशोबरा ब्लॉक के सभी 336 शिक्षण संस्थानों, 265 आंगनबाड़ी केंद्रों तथा विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों में एक साथ चलाया गया, ताकि कोई भी पात्र बालक अथवा बालिका इस महत्त्वपूर्ण औषधि से वंचित न रह जाए। उन्होंने कहा कि जो बच्चे किसी कारणवश इस दिन दवा नहीं ले सके, उन्हें आगामी 28 फरवरी को पुनः खुराक दी जाएगी।

डॉ. रानौत ने बताया कि आंतों के कीड़ों से होने वाला संक्रमण बच्चों में रक्ताल्पता, कुपोषण तथा शारीरिक और मानसिक विकास में बाधा उत्पन्न कर सकता है, इसलिए सरकार द्वारा नियमित रूप से यह औषधि दी जाती है। उन्होंने कहा कि विटामिन-ए बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने, रतौंधी से बचाव तथा संक्रमण की तीव्रता कम करने में सहायक है और स्वस्थ विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। अभियान के दौरान शिक्षण संस्थानों में स्वच्छता के प्रति भी जागरूक किया गया तथा साबुन से हाथ धोने, स्वच्छ पेयजल के उपयोग, शौचालय प्रयोग, खुले में शौच से परहेज और नाखून साफ रखने पर विशेष बल दिया गया। साथ ही बालिकाओं को मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता, सेनेटरी पैड के नियमित परिवर्तन, संतुलित पोषण और आयरन के महत्व के विषय में भी विस्तार से जानकारी प्रदान की गई।



मशोबरा के शिक्षण संस्थान में बच्चों को एल्बेंडाजोल की औषधि पिलाई गई। अनंत ज्ञान

# एकल नारी शक्ति संगठन की बैठक में महिलाओं के सशक्तिकरण पर दिया जोर

अनंत ज्ञान

◆ कालीबाड़ी में राज्यस्तरीय मंथन, समस्याओं के समाधान का आश्वासन

◆ महिलाओं के अधिकार आत्मनिर्भरता व सामाजिक सुरक्षा पर विस्तृत चर्चा

**ब्यूरो, शिमला।** राजधानी शिमला के कालीबाड़ी सभागार में एकल नारी शक्ति संगठन की राज्यस्तरीय बैठक आयोजित की गई, जिसमें महिलाओं के अधिकारों, आत्मनिर्भरता और सामाजिक सशक्तिकरण जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर गहन चर्चा हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में हिमाचल प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्षा विद्या नेगी और शिमला शहरी उपमंडलाधिकारी ओशीन शर्मा उपस्थित रहे। उन्होंने महिलाओं की समस्याओं को गंभीरता से सुना और समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इस अवसर पर संगठन ने अब तक की अपनी गतिविधियों का ब्यौरा प्रस्तुत किया और आगामी कार्ययोजना की रूपरेखा साझा की। बैठक में विभिन्न क्षेत्रों से आई महिलाओं ने अपनी सामाजिक, आर्थिक और पारिवारिक कठिनाइयों को खुले तौर पर रखा। कई मामलों में मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए गए, जिससे पीड़ित महिलाओं को सहायता और समाधान मिल सके।

वक्ताओं ने स्पष्ट किया कि एकल महिलाओं को समाज में सम्मानजनक स्थान दिलाना, उन्हें आत्मनिर्भर बनाना और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना केवल सामूहिक प्रयासों से ही संभव है। इसके लिए प्रशासनिक संवेदनशीलता और महिलाओं के लिए समर्पित नीतियों की आवश्यकता पर जोर दिया गया। बैठक का उद्देश्य महिलाओं में जागरूकता फैलाना और उन्हें सशक्त बनाकर समाज में उनके अधिकार सुनिश्चित करना था।

# रामपुर बुशहर महाविद्यालय में अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों का किया करियर मार्गदर्शन



रामपुर बुशहर कॉलेज में विद्यार्थियों का करियर मार्गदर्शन करते हुए। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**आत्मा सिंह, रामपुर बुशहर।** गोविंद बल्लभ पंत मेमोरियल राजकीय महाविद्यालय, रामपुर बुशहर में करियर गाइडेंस एवं प्लेसमेंट सेल ने चितकारा विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ के सहयोग से अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए करियर मार्गदर्शन सत्र का सफल आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. पंकज बसोतिया ने की।

चितकारा विश्वविद्यालय के प्रो. मंदीप सिंह सेम्भी, निदेशक, रणनीतिक पहल कार्यालय और कमल पामा, प्रबंधक ने विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा, करियर विकल्प, प्रतियोगी परीक्षाओं और रोजगार की संभावनाओं के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर महाविद्यालय की वरिष्ठ फैकल्टी सदस्य प्रो. राजेश कुमार, प्रो. डॉ. अनुराधा कनैन नेगी, प्रो. डॉ. आशा गर्ग, प्रो. डॉ. अनीता कुमारी और डॉ. जितेन्द्र साहनी उपस्थित रहे। करियर गाइडेंस एवं प्लेसमेंट सेल की समिति के सदस्य प्रो. डॉ. अजेन्दर नेगी, प्रो. डॉ. हीरा भागती, प्रो. तरुण शर्मा, प्रदीप गोस्वामी, विकास शेखरी, संदीप व बलबीर कनैन ने कार्यक्रम के सफल संचालन में सक्रिय भूमिका निभाई।

बीए, बीएससी, बीकॉम, बीवोक और बीसीए के अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों ने सत्र में बढ़-चढ़कर भाग लिया और करियर संबंधी प्रश्न पूछकर विशेषज्ञों से मार्गदर्शन प्राप्त किया। विद्यार्थियों ने कार्यक्रम को अत्यंत उपयोगी और प्रेरणादायक बताया।

# एबीवीपी ने सांकेतिक भूख हड़ताल कर उठाईं कई मांगें

**अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की रामपुर इकाई द्वारा विभिन्न प्रदेश स्तरीय मांगों और स्थानीय मुद्दों को लेकर दो दिवसीय सांकेतिक भूख हड़ताल का आयोजन किया गया। इस आंदोलन में छात्र संघ चुनाव बहाली, राष्ट्रीय शिक्षा नीति को पूर्ण रूप से लागू करने, सरदार पटेल विश्वविद्यालय के दायरे को बढ़ाने, निजी विश्वविद्यालयों में शिक्षा के व्यापारीकरण को रोकने, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय एवं शिमला विश्वविद्यालय में मूल्यांकन प्रक्रिया को सुदृढ़ करने, पुराने स्कूलों के मर्ज व बंद करने के निर्णय को वापस लेने, तथा रामपुर के पुराने बस अड्डे से महाविद्यालय परिसर के मुख्य द्वार तक पगडंडी निर्माण जैसी मांगें प्रमुख रूप से शामिल थीं।

एबीवीपी के पदाधिकारियों ने कहा कि प्रदेश सरकार ने सत्ता में आने से पहले युवाओं को 58 साल की पक्की नौकरी देने जैसे वादे किए थे, लेकिन आज केवल 'पशु मित्र', 'रोगी मित्र', 'बिजली मित्र' जैसी 5 हजार रुपए मासिक वेतन वाली अस्थायी नौकरियों के माध्यम से युवाओं की भावनाओं के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। विद्यार्थी परिषद ने यह भी बताया कि रामपुर महाविद्यालय तक पुराने बस अड्डे से फुटपाथ निर्माण की मांग लंबे समय से प्रशासन के समक्ष उठाई जा रही है, लेकिन इस पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। एबीवीपी ने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन इस मांग को जल्द पूरा नहीं करता है, तो भूख हड़ताल को लगातार जारी रखा जाएगा।

## एचपीयू टीम ने किया राजकीय महाविद्यालय चायल कोटी का निरीक्षण

# संबद्धता के नियमों की परखी गई स्थिति



निरीक्षण के दौरान महाविद्यालय परिसर का अवलोकन करती विश्वविद्यालय समिति। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय की एक उच्चस्तरीय समिति ने मंगलवार को राजकीय महाविद्यालय चायल कोटी का निरीक्षण किया और महाविद्यालय की शैक्षणिक व प्रशासनिक गतिविधियों का गहन अवलोकन किया। समिति में वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र शर्मा, संजौली महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. भारती भागड़ा तथा विश्वविद्यालय के पूर्व अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ. हिमांशु परमार शामिल रहे। समिति सदस्यों ने परिसर का व्यक्तिगत रूप से भ्रमण कर कक्षाओं, पुस्तकालय, प्रयोगशालाओं और अन्य मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया तथा आवश्यक व्यवस्थाओं की जानकारी एकत्रित की।

निरीक्षण के उपरांत समिति ने महाविद्यालय की कार्यप्रणाली और विद्यार्थियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं पर संतोष व्यक्त किया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. दीपशिखा भारद्वाज ने बताया कि यह दौरा विश्वविद्यालय के साथ संबद्धता से संबंधित आवश्यक नियमों एवं शर्तों की समीक्षा के उद्देश्य से किया गया। उन्होंने विश्वविद्यालय से पधारे सदस्यों का स्वागत करते हुए निरीक्षण से जुड़ी आवश्यक सूचनाएं उपलब्ध कराईं। प्राचार्या एवं समस्त प्राध्यापकों ने समिति का आभार व्यक्त करते हुए आशा जताई कि महाविद्यालय को संबद्धता संबंधी प्रक्रिया में सकारात्मक परिणाम प्राप्त होंगे।

# टुटू में छात्राओं को अधिकारों व परीक्षा की तैयारी के गुर बताए

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** मंगलवार को टुटू स्थित क्रिसेंट पब्लिक स्कूल में 'अपराजिता' कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं के लिए विशेष जागरूकता सत्र आयोजित किया गया। इस सत्र का उद्देश्य छात्राओं में आत्मविश्वास बढ़ाना, नारी अधिकारों की समझ देना और शिक्षा के महत्व को उजागर करना था। मुख्य अतिथि और मोटिवेशनल वक्ता श्वेता मिश्रा ने छात्राओं को जीवन में लक्ष्य निर्धारण और अनुशासित अध्ययन की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि कठिन परिश्रम, सकारात्मक सोच और समय प्रबंधन के बल पर कोई भी परीक्षा सफलता पूर्वक उत्तीर्ण की जा सकती है। सत्र में छात्राओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने और समाज में सशक्त भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया गया। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि शिक्षा, अनुशासन और आत्मविश्वास ही किसी भी महिला को आत्मनिर्भर और समाज में प्रभावशाली बनाते हैं। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया और प्रश्न पूछकर अपने संदेह दूर किए।

**मांग** स्वास्थ्य विभाग की राज्यस्तरीय बैठक में कई अहम प्रस्ताव पारित, रात्रि ड्यूटी पर भी लगे रोक

# चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति आयु हो 60 वर्ष

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** राज्य स्तरीय युवा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ, स्वास्थ्य विभाग हिमाचल प्रदेश की प्रथम राज्यस्तरीय बैठक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान परिमहल में अध्यक्ष राकेश शर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में सरकार से चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति आयु 58 वर्ष से बढ़ाकर 60 वर्ष करने की पुरज़ोर मांग उठाई गई। संघ पदाधिकारियों ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में दो वर्ष की बढ़ोतरी कर्मचारियों के आर्थिक और पारिवारिक संबल को मज़बूती देगी तथा अनुभवी कर्मचारियों की सेवाएं विभाग को निरंतर मिलती रहेंगी।

अध्यक्ष राकेश शर्मा और महासचिव राजीव रमौल ने संयुक्त वक्तव्य में कहा कि प्रदेश के अनेक स्वास्थ्य संस्थानों में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों से रात्रि में 12 घंटे की ड्यूटी ली जा रही है, जो सेवा नियमों के विपरीत है। संघ ने विभागाध्यक्ष से मांग की कि रात्रि ड्यूटी की व्यवस्था पर पुनर्विचार कर कर्मचारियों को अनावश्यक दबाव से राहत दी जाए। इसके अतिरिक्त पांच वर्ष का नियमित कार्यकाल पूर्ण करने वाले कर्मचारियों को प्रयोगशाला सहायक, प्लास्टर सहायक, नर्सिंग अर्दली तथा अन्य संबंधित पदों पर पदोन्नति देने, कर्मचारियों व उनके परिजनों को चिकित्सा सेवाओं में प्राथमिकता प्रदान करने और वार्षिक स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित करने की मांग भी प्रमुखता से उठाई गई।



राज्यस्तरीय बैठक में उपस्थित चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ के पदाधिकारी। अनंत ज्ञान

### बैठक में भविष्य की रणनीति की तैयार

**बैठक** के दौरान संगठन की आगामी कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की गई और भविष्य में किए जाने वाले कार्यक्रमों के प्रारूप को सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया। इस अवसर पर जिला सिरमौर के संगठन सचिव शमशुदीन को आगामी 28 फरवरी को सेवानिवृत्ति से पूर्व सम्मानित किया गया। बैठक में वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनिल कुमार, सह सचिव पवन ठाकुर, कोषाध्यक्ष शशि शर्मा, मुख्य सलाहकार रमेश, उपाध्यक्ष श्याम लाल, रक्षा, चमन, रविंदर, सचिव नरेश, त्रिलोक, सदस्य बिमला, कृष्णा, इशरा, राजा राम, सुरेश, सुभाष, राकेश मेहता, प्रेम, रीना, खेमचंद सहित विभिन्न जिलों के पदाधिकारियों ने भाग लिया।

# कालीबाड़ी मंदिर में महिलाओं ने किया सुंदरकांड पाठ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** राजधानी शिमला स्थित कालीबाड़ी मंदिर में ज्येष्ठ मंगलवार के पावन अवसर पर महिलाओं ने श्रद्धा और आस्था के साथ सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया। मंदिर परिसर भक्ति भाव से सराबोर रहा और माता रानी के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा और महिलाओं ने सामूहिक रूप से सुंदरकांड का पाठ कर सुख-समृद्धि, शांति और कल्याण की कामना की।

इस अवसर पर भक्तों की ओर से भजन-कीर्तन का भी आयोजन किया गया, जिसमें ढोलक, चिमटे और तालियों की मधुर थाप पर भक्तिमय गीत प्रस्तुत किए गए। मंदिर परिसर पूरी तरह भक्ति रस में डूबा नजर आया और बड़ी संख्या में श्रद्धालु माता के दर्शन के लिए पहुंचे। आयोजन के दौरान अनुशासन, श्रद्धा और सामूहिक उत्साह का सुंदर संगम देखने को मिला।

# केंद्र से स्वीकृत राशि का कांग्रेस सरकार और विधायक ले रहे झूठा श्रेय: संदीपनी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता संदीपनी भारद्वाज ने ओडी-बिथल सड़क के जीर्णोद्धार को लेकर कांग्रेस पर तीखा प्रहार करते हुए आरोप लगाया कि केंद्र सरकार से नाबार्ड के माध्यम से स्वीकृत लगभग 20 करोड़ रुपए की राशि पर प्रदेश सरकार और स्थानीय विधायक झूठा श्रेय लेने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने केवल विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन तैयार कर केंद्र को भेजा, जबकि धनराशि की स्वीकृति केंद्र सरकार से हुई है। ऐसे में उसे विधायक निधि या प्रदेश सरकार की उपलब्धि बताना तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर प्रस्तुत करना है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि यह स्थिति 'नौ सौ चूहे खाकर बिल्ली हज को चली' जैसी है, जहां पहले वर्षों तक सड़क की उपेक्षा की गई और अब उसके पुनरोद्धार पर श्रेय लेने की होड़ मची है।

भाजपा प्रवक्ता ने स्मरण कराया कि कोटगढ़ क्षेत्र में भुट्टी-बिथल मार्ग को वर्ष 1999-2000 में तत्कालीन मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल ने पक्का करवाया था, जबकि उससे पहले क्षेत्र की जनता धूल फांकने को विवश थी। उन्होंने कहा कि 41 किलोमीटर लंबी इस सड़क का जीर्णोद्धार स्वागत योग्य है, परंतु यदि इसमें समुचित चौड़ीकरण का प्रावधान होता तो भविष्य की दृष्टि से यह अधिक उपयोगी सिद्ध होता।

### पारदर्शिता-ईमानदारी को अपनाने की अपील

**भाजपा** के प्रदेश प्रवक्ता संदीपनी भारद्वाज ने कांग्रेस नेताओं से अपील की कि वे केंद्र सरकार की योजनाओं पर राजनीति करने के बजाय विकास कार्यों में पारदर्शिता व ईमानदारी अपनाएं, क्योंकि जागरूक जनता अब तथ्यों को भली-भांति समझती है।



# विरोध और दबाव के बीच पहले बिजली बोर्ड कर्मियों के घर लगेंगे स्मार्ट मीटर

## विरोध के बाद बदली रणनीति, अपने ही कर्मचारियों से शुरू होगा भरोसा अभियान

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** प्रदेश में स्मार्ट बिजली मीटरों को लेकर उठे तीखे विरोध और बढ़ते जनदबाव के बीच अब राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड ने अपनी रणनीति में अहम बदलाव किया है। बोर्ड ने फैसला लिया है कि सबसे पहले मौजूदा कर्मचारियों और सेवानिवृत्त कर्मियों के घरों में ही स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे। कांगड़ा विद्युत जोन से इसकी शुरुआत होगी। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब कई स्थानों पर लोगों ने मीटर बदलने का विरोध किया और कर्मचारियों को बैरंग लौटना पड़ा।

बोर्ड के ताजा निर्देशों के अनुसार सभी सहायक अभियंता अपने क्षेत्र में कार्यरत तथा सेवानिवृत्त कर्मियों की सूची तैयार करेंगे और प्राथमिकता के आधार पर उनके घरों में स्मार्ट मीटर लगाए या बदले जाएंगे। जहां बिजली कनेक्शन कर्मचारी के नाम पर न होकर परिवार के अन्य सदस्य के नाम पर है, लेकिन कर्मचारी वहीं निवास करता है, वहां भी यह प्रक्रिया पहले पूरी की जाएगी। पूरी कार्रवाई की साप्ताहिक रिपोर्ट मुख्यालय को भेजी जाएगी, ताकि निगरानी सख्त रहे।

दरअसल, मंडी, हमीरपुर, कांगड़ा और अन्य क्षेत्रों में महिलाओं और स्थानीय उपभोक्ताओं ने स्मार्ट मीटर को लेकर आशंकाएं जताई थीं। बढ़ते असंतोष के बीच बोर्ड पर पारदर्शिता साबित करने का दबाव साफ दिख रहा था। ऐसे में अपने ही कर्मचारियों से शुरुआत करने का निर्णय एक तरह से विश्वास बहाली की कोशिश माना जा रहा है, ताकि यह संदेश जाए कि यदि प्रणाली सुरक्षित और लाभकारी है तो उसका प्रयोग पहले विभागीय परिवार पर ही हो।

### आशंकाओं को शांत करने की कवायद

**बिजली** बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि यह पहल किसी भी प्रकार के निजीकरण से जुड़ी नहीं है, बल्कि तकनीकी उन्नयन की प्रक्रिया का हिस्सा है। स्मार्ट मीटर से उपभोक्ताओं को वास्तविक समय में खपत की जानकारी मिलेगी और बिलिंग व्यवस्था अधिक पारदर्शी होगी। सेवानिवृत्त कर्मचारियों से भी समाज में जागरूकता फैलाने की अपील की गई है, ताकि भ्रम और अफवाहों पर विराम लग सके।

### कांगड़ा जोन से उठेगा भरोसे का पैगाम

**कांगड़ा** जोन इस नई नीति की पहली कसौटी बनेगा। यदि यहां यह प्रयोग सफल रहता है तो अन्य जोनों में भी इसी ढर्रे पर कार्य आगे बढ़ेगा। विरोध और दबाव के बाद लिया गया यह निर्णय अब बोर्ड की साख से भी जुड़ गया है। आने वाले दिनों में यह स्पष्ट होगा कि यह पहल जनविश्वास को मजबूत कर पाती है या नहीं, लेकिन फिलहाल बोर्ड ने अपने ही घर से शुरुआत कर एक सशक्त संदेश देने की कोशिश जरूर की है।

# टीजीटी नॉन मेडिकल की छंटनी परीक्षा का परिणाम घोषित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग (एचपीआरसीए) ने टीजीटी नॉन मेडिकल (पोस्ट कोड 25002) के 343 पदों को भरने के लिए पिछले वर्ष 25 से 27 दिसंबर तक आयोजित कंप्यूटर बेस्ड स्क्रीनिंग टेस्ट का परिणाम घोषित कर दिया है। परीक्षा का परिणाम आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध करवा दिया गया है। आयोग के सचिव डॉ. विक्रम महाजन ने बताया कि इस परीक्षा में उत्तीर्ण उम्मीदवारों की डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन की प्रक्रिया 16 मार्च से आयोग के परिसर में होगी, जिसका शेड्यूल अलग से जारी किया जाएगा। डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के समय इन उम्मीदवारों को अपने साथ सभी आवश्यक दस्तावेजों की मूल प्रतियां, इनकी फोटो प्रतियों के दो-दो सेट और आईडी प्रूफ इत्यादि साथ लाने होंगे। सचिव ने बताया कि अगर कोई उम्मीदवार निर्धारित तिथि को डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के लिए उपस्थित नहीं होता है तो उसे कोई और अवसर नहीं दिया जाएगा।

## हिमाचल प्रदेश में जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए वैज्ञानिक पहल

# सीएम ने जारी की वैज्ञानिक आकलन रिपोर्ट औषधीय पौधों की खेती को दिया बढ़ावा

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश में बढ़ती प्राकृतिक आपदाओं के बीच राज्य सरकार ने जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने 'साइंटिफिक असेसमेंट ऑफ टैकलिंग नॉन कार्बन डाईऑक्साइड एमीशन्स पाथवेज फॉर हिमाचल प्रदेश' शीर्षक से वैज्ञानिक आकलन रिपोर्ट जारी की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अचानक बादल फटना, बाढ़, भूस्खलन और ग्लेशियर सिकुड़ना जलवायु परिवर्तन के स्पष्ट संकेत हैं। वर्ष 2023 की आपदा में 23 हजार से अधिक घर क्षतिग्रस्त हुए थे, जो चेतावनी हैं।

औषधीय पौधों की संगठित खेती के लिए डाबर इंडिया लिमिटेड और करण सिंह वैद्य के साथ समझौते किए गए। डाबर इंडिया प्रतिवर्ष 12 लाख पौधे प्रदान करेगी। निम्न और मध्य पहाड़ी क्षेत्रों में आंवला, हरड़, बहेड़ा जैसी प्रजातियां, उच्च व अल्पाइन क्षेत्रों में जटामांसी, कुटकी जैसी जड़ी-बूटियां वितरित की जाएंगी। सोलन जिले में 108 बीघा भूमि पर हल्दी, अश्वगंधा और अन्य औषधीय पौधों की खेती में 225 महिला किसान शामिल होंगी। मुख्यमंत्री ने प्रदेश को देश का पहला हरित ऊर्जा राज्य बनाने और 200 मेगावाट सौर ऊर्जा उत्पादन लक्ष्य प्राप्त करने का संकल्प जताया।

### नालागढ़ में हरित हाइड्रोजन संयंत्र होगा स्थापित

**नालागढ़** में ऑयल इंडिया लिमिटेड के सहयोग से एक मेगावाट का हरित हाइड्रोजन संयंत्र स्थापित किया जा रहा है। इसके साथ ही अप्रैल तक एचआरटीसी के बेड़े में लगभग 300 नई ई-बसें शामिल की जाएंगी और 38 हजार टैक्सियों को ई-टैक्सी में परिवर्तित करने के लिए 40 प्रतिशत अनुदान दिया जाएगा।

### भाखड़ा ब्यास प्रबंध बोर्ड के बकाये का उठा मुद्दा

**मुख्यमंत्री** ने भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड के लंबित बकाये का मुद्दा भी उठाया और स्पष्ट किया कि जब तक पड़ोसी राज्यों से ठोस आश्वासन नहीं मिलता, तब तक किशाऊ और रेणुका बांध जैसी परियोजनाओं पर आगे नहीं बढ़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि हिमालय की सुरक्षा और राज्य के अधिकारों की रक्षा के लिए सरकार हर स्तर पर संघर्ष करेगी।

# प्रिंसिपल की रिलीविंग के साथ हमीरपुर शहर का गर्ल्स स्कूल ब्वॉयज स्कूल में हुआ मर्ज

अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

- डिप्टी डायरेक्टर के आदेशों के बाद हुई कार्रवाई

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर।** डिस्ट्रिक्ट हेडक्वार्टर के स्कूलों को मर्ज करने के मामले को लेकर उठे विवाद के बीच हमीरपुर शहर के गर्ल्स और ब्वॉयज स्कूल इकट्ठे हो गए हैं। गर्ल्स स्कूल की प्रिंसिपल को मंगलवार को डिप्टी डायरेक्टर के आदेशों के बाद रिलीव होना पड़ा और ब्वॉयज स्कूल के प्रिंसिपल मुस्ताक मोहम्मद को पहली अप्रैल तक गर्ल्स स्कूल का अतिरिक्त कार्यभार की लेना पड़ा।

मसला मुख्यमंत्री के गृह जिले हमीरपुर से जुड़ा हुआ है। इसलिए मंगलवार दोपहर को जैसे ही गर्ल्स स्कूल के बच्चों ने एसएमसी के सदस्यों के साथ शहर में जुलूस निकाला व स्कूल को ब्वॉयज स्कूल में मर्ज न करने को लेकर नारेबाजी की। उसके तुरंत बाद डिप्टी डायरेक्टर कार्यालय भी हरकत में आया और बगैर किसी देरी के एक पत्र दोनों स्कूलों को जारी हुआ, इसमें ब्वॉयज स्कूल के प्रिंसिपल ने तुरंत कार्रवाई करते हुए गर्ल्स स्कूल का कार्यभार संभाला। दरअसल यह दोनों गतिविधियां एक साथ हुईं। वे जैसे ही स्कूल पहुंचे वहां से गर्ल्स स्कूल की प्रिंसिपल को भी डिप्टी डायरेक्टर के आदेशों के मुताबिक रिलीव होना पड़ना था और यह कार्रवाई मुकम्मल हुई।

रोचक बात यह है कि चार दिन पहले जब यह आदेश हुए थे, उसमें स्कूल को मर्ज करने के लिए संबंधित प्रिंसिपल को तत्काल प्रभाव से डिप्टी डायरेक्टर कार्यालय में ज्वाइन करना था, लेकिन इस मामले में देरी हुई और आज जब विरोध-प्रदर्शन के लिए स्कूल के छात्र, अभिभावक और समिति के सदस्य एक साथ जुड़कर शहर में जुलूस निकालने के लिए निकले तो उसके बाद ही यह सारी कार्रवाई हुई।

### शिक्षा मंत्री का ब्यान: हेडक्वार्टर स्कूलों में रहेंगे दोनों बोर्ड

**शिक्षा** मंत्री रोहित ठाकुर ने दो दिन पहले सीबीएसई मामले को लेकर यह बयान दिया था कि हेडक्वार्टर के स्कूलों में हिमाचल शिक्षा बोर्ड और सीबीएसई के दो स्कूल रहेंगे ही, लेकिन अब हमीरपुर के इन दोनों स्कूलों के लिए अलग से आदेश हुए थे। गर्ल्स स्कूल में कॉलेज स्तर की पढ़ाई के लिए डेडीकेटेड साइंस केंद्र बनाया गया है। जहां बीएससी की पढ़ाई होगी। अब इसी ऊहापोह में यहां अजीबोगरीब माहौल तैयार हो चुका है। गर्ल्स स्कूल में 400 से ज्यादा बच्चे हैं यही सबसे बड़ी दिक्कत है।

### ब्वॉयज स्कूल प्रिंसिपल ने संभाला अतिरिक्त कार्यभार

**ब्वॉयज** स्कूल के प्रिंसिपल मुस्ताक मोहम्मद का कहना है कि गर्ल्स स्कूल अब सरकार के आदेशों के मुताबिक बाई स्कूल में मर्ज हो गया है और उन्होंने इसका अतिरिक्त कार्यभार भी संभाल लिया है। फिलहाल जब तक एग्जाम होंगे पहली अप्रैल तक यह स्कूल अपने ही परिसर में रहेगा। वहां की प्रिंसिपल रिलीव हो गई है और उन्होंने डिप्टी डायरेक्टर कार्यालय में ज्वाइनिंग दी है।

# चंबा में साइबर ठगी: बैंक खाते से 3.70 लाख की राशि रहस्यमय तरीके से गायब

अनंत ज्ञान

- शिकायतकर्ता रतन कुमार ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ दर्ज करवाई एफआईआर
- साइबर सेल की टीम भी जांच में जुटी

**चंबा।** जिला में साइबर अपराध का एक गंभीर मामला सामने आया है, जिसमें एक व्यक्ति के बैंक खाते से लगभग 3 लाख 70 हजार रुपए की राशि रहस्यमय तरीके से निकाल ली गई। हैरानी की बात यह है कि पीड़ित को किसी भी प्रकार का एसएमएस अलर्ट प्राप्त नहीं हुआ।

जिला पुलिस के अनुसार दिनांक मंगलवार को विभिन्न धाराओं के अंतर्गत एक अभियोग पंजीकृत किया गया है। पुलिस थाना सदर में अभियोग संख्या 38/26 अधीनधारा 318 (4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है। शिकायतकर्ता रतन कुमार ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई है।

शिकायत में बताया गया है कि किसी अनजान व्यक्ति ने पीओएस/एएम ट्रांजैक्शन के माध्यम से गैर-कानूनी तरीके से उनके बैंक खाते से लगभग 3.70 लाख की निकासी कर ली। पीड़ित को इस धोखाधड़ी की जानकारी तब हुई जब उन्होंने अपनी पासबुक अपडेट करवाई। इससे पहले उनके मोबाइल फोन पर किसी भी प्रकार का लेन-देन संबंधी संदेश प्राप्त नहीं हुआ था।

पुलिस अधीक्षक जिला चंबा ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी गई है तथा तकनीकी साक्ष्य एकत्रित किए जा रहे हैं। साइबर सेल की टीम भी जांच में जुटी है। दोषियों की पहचान कर उन्हें शीघ्र गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया गया है। पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि वे अपने बैंक खातों की नियमित रूप से जांच करते रहें, मोबाइल नंबर बैंक खाते से अपडेट रखें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना नजदीकी पुलिस थाना या साइबर हेल्पलाइन पर दें।

# दो सड़क हादसों में चार की मौत

## जसवां-प्रागपुर के चामुखा मेन रोड व गगरेट के संघनई गांव में पेश आए हादसे

अनंत ज्ञान

### एचआरटीसी बस और कार में टक्कर, 4 घायल



**डाडासीबा/गगरेट।** जसवां-प्रागपुर क्षेत्र के अंतर्गत चामुखा मेन रोड पर मंगलवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। सवारियों से भरी एचआरटीसी की बस और एक कार (नंबर एमपी-36डी -3879) के बीच आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और बस में सवार यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। हादसे में शशि बाला (35) पत्नी राकेश कुमार तथा सोमा देवी (60) पत्नी भूरी सिंह, निवासी गांव बड़ूंह (डॉ. नेहरूपुखर) की मृत्यु हो गई। दोनों की मौत से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है।

जानकारी के अनुसार दुर्घटना में कुल छह लोग गंभीर रूप से घायल हुए। घायलों को तुरंत एंबुलेंस के माध्यम से नादौन सिविल अस्पताल पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद चार घायलों को गंभीर अवस्था में डॉ. राजेंद्र प्रसाद राजकीय मेडिकल कॉलेज, टांडा रेफर किया गया। घायलों में राकेश कुमार (37) पुत्र शघन, निवासी चपलाह तहसील रक्कड़ (स्थाई पता गांव वड़ूंह), रुद्राश पुत्र राकेश कुमार, उर्वशी (6) पुत्री राकेश कुमार, विजय कुमार (34) पुत्र भूरी सिंह, निवासी गांव बड़ूंह (डॉ. नेहरूपुखर) शामिल हैं। चिकित्सकों के अनुसार कुछ घायलों की हालत चिंताजनक बनी हुई है। सूचना मिलते ही रक्कड़ पुलिस टीम सहित मौके पर पहुंची व जायजा लिया। उधर, इस संबंध में देहरा एसपी मयंक चौधरी ने हादसे की पुष्टि की है घायलों को मेडिकल कॉलेज टांडा भेजा गया।

वहीं उपमंडल गगरेट के संघनई गांव में सोमवार बीती रात एक भीषण सड़क दुर्घटना में स्कूटी सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जिससे पूरे क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार साहिब सिंह पुत्र गुरनाम सिंह निवासी वार्ड नंबर 4 संघनई स्कूटी पर अपने साथी ईलम दीन पुत्र सुल्तान मुहम्मद निवासी वार्ड नंबर 2 संघनई के साथ जा रहा था। इसी दौरान एक तेज रफ्तार पिकअप ने उनकी स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों स्कूटी सवार गंभीर रूप से घायल हो गए और मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद पिकअप चालक वाहन को घटनास्थल पर छोड़कर फरार हो गया। जिसको बाद में पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।

# हिमाचल में फरवरी माह की धूप ने दिखाए तेवर, ऊना गर्म तो ताबो रहा सबसे ठंडा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल में फरवरी के अंतिम सप्ताह में मौसम ने अचानक गर्म तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। राज्य के अधिकांश मैदानी और मध्य पर्वतीय क्षेत्रों में अधिकतम तापमान सामान्य से ऊपर दर्ज किया गया। दिन भर तेज धूप खिली रही और कहीं भी वर्षा या हिमपात दर्ज नहीं हुआ। राज्य में मंगलवार का सर्वाधिक तापमान ऊना में 28.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जिससे साफ है कि मैदानी इलाकों में समय से पहले गर्मी का अहसास बढ़ने लगा है।

मौसम विभाग शिमला की रिपोर्ट के अनुसार शिमला में अधिकतम तापमान 18.0 डिग्री, सुंदरनगर में 25.6, भुंतर में 24.8, धर्मशाला में 22.0, नाहन में 23.1, कांगड़ा में 26.2 और मंडी में 26.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं जनजातीय क्षेत्र ताबो में अधिकतम तापमान 8.3 डिग्री सेल्सियस रहा, जो प्रदेश में सबसे कम रहा। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार पिछले 24 घंटों में तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं हुआ, लेकिन औसत अधिकतम तापमान सामान्य से उल्लेखनीय रूप से ऊपर बना हुआ है। प्रदेश के सभी प्रमुख केंद्रों में वर्षा और हिमपात शून्य दर्ज किया गया है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला का कहना है कि आने वाले कुछ दिनों तक प्रदेश में मौसम मुख्यत: शुष्क बना रहेगा।

### फसलों की सिंचाई प्रबंधन पर विशेष ध्यान देने की सलाह

**मौसम** विभाग ने किसानों और बागवानों को सलाह दी है कि वे मौजूदा शुष्क मौसम को देखते हुए फसलों और बागवानी फसलों की सिंचाई प्रबंधन पर विशेष ध्यान दें। तापमान में बढ़ोतरी से गेहूं, सब्जियों और फलदार पौधों पर प्रभाव पड़ सकता है, इसलिए नमी बनाए रखना जरूरी है। साथ ही, दिन में बढ़ती गर्मी और रात की ठंड के अंतर को देखते हुए पौधों की सुरक्षा के उपाय अपनाने की भी सलाह दी गई है। फिलहाल प्रदेश में मौसम शांत है, लेकिन बदलते तापमान के संकेत बता रहे हैं कि फरवरी का अंत इस बार गर्म मिजाज के साथ हो सकता है।

# करेरी लेक, त्रियूंड और आदि हिमानी चामुंडा ट्रैकिंग रूट दिन में खुले, नाइट ट्रैकिंग पर रोक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो। धर्मशाला।** जिला दंडाधिकारी कांगड़ा हेमराज बैरवा ने आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 की धाराओं 33 व 34 के तहत ट्रैकिंग गतिविधियों से जुड़े आदेश में आंशिक संशोधन करते हुए चयनित ट्रैकिंग रूट्स को दिन के समय खोलने की अनुमति प्रदान की है। यह निर्णय पर्यटन गतिविधियों को संतुलित रखते हुए जन सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लिया गया है। उन्होंने बताया कि करेरी लेक ट्रेक, त्रियूंड ट्रेक और आदि हिमानी चामुंडा ट्रेक पर केवल दिन के समय सूर्योदय से सूर्यास्त के बीच ट्रैकिंग की अनुमति रहेगी। इन रूट्स के लिए पुलिस स्टेशन में पूर्व सूचना प्रपत्र जमा कराने की अनिवार्यता भी समाप्त कर दी है, हालांकि सभी ट्रैकिंग रूट्स पर नाइट ट्रैकिंग पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी। जिला दंडाधिकारी ने कहा कि उक्त रूट्स को छोड़कर 3000 मीटर से अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में ट्रैकिंग पर पूर्व प्रतिबंध यथावत लागू रहेगा। भारतीय मौसम विभाग की चेतावनी या अलर्ट जारी होने की स्थिति में ट्रैकिंग गतिविधियां तुरंत निलंबित कर दी जाएंगी। उन्होंने कहा कि आदेश के उल्लंघन पर ट्रेकर और संबंधित गाइड के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 तथा आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 की धाराओं 51 से 60 के तहत कार्रवाई की जाएगी। साथ ही गाइड के लाइसेंस को निलंबित या रद्द करने की संस्तुति भी की जा सकती है।

# जयराम ठाकुर ने केंद्र से हिमाचल के लिए मांगी अधिकतम वित्तीय सहायता

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने मंगलवार को नई दिल्ली में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से शिष्टाचार भेंट कर प्रदेश की वर्तमान आर्थिक परिस्थितियों और विकास से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियों वाले हिमाचल के संतुलित एवं सतत विकास के लिए केंद्र सरकार से अधिक से अधिक वित्तीय सहयोग प्रदान करने का आग्रह किया। जयराम ठाकुर ने आधारभूत ढांचे के विस्तार, आपदा राहत, स्वास्थ्य सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण तथा लंबित विकास परियोजनाओं को गति देने के लिए विशेष सहायता की आवश्यकता पर बल दिया और केंद्र द्वारा अब तक दिए गए सहयोग के लिए आभार भी व्यक्त किया।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार हिमाचल प्रदेश के हितों के प्रति सदैव प्रतिबद्ध रही है। उन्होंने कहा कि विशेष राज्य का दर्जा मिलने से केंद्र प्रायोजित 191 योजनाओं में प्रदेश की हिस्सेदारी केवल दस प्रतिशत रहती है, जबकि शेष व्यय केंद्र सरकार वहन करती है। राष्ट्रीय राजमार्गों, चार लेन सड़कों, अत्याधुनिक सुरंगों और रेल विस्तार परियोजनाओं के माध्यम से प्रदेश में संपर्क सुविधा और अधोसंरचना को अभूतपूर्व मजबूती मिली है।



- वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से नई दिल्ली में की शिष्टाचार भेंट

उन्होंने विश्वास जताया कि भविष्य में भी हिमाचल को आवश्यक सहयोग मिलता रहेगा।

जयराम ठाकुर ने जानकारी दी कि इसी माह बाह्य सहायता प्राप्त परियोजनाओं के अंतर्गत प्रदेश को लगभग 3000 करोड़ रुपये की सहायता स्वीकृत हुई है। जापान अंतरराष्ट्रीय सहयोग एजेंसी (जायका) द्वितीय चरण के तहत 1617 करोड़ रुपये की स्वास्थ्य सुदृढ़ीकरण परियोजना को मंजूरी दी गई है, जिसमें 1294 करोड़ रुपये का ऋण उपलब्ध कराया जाएगा और 1165 करोड़ रुपये का वहन केंद्र सरकार करेगी। इससे प्रदेश के पांच चिकित्सा महाविद्यालयों और 86 स्वास्थ्य संस्थानों में सुविधाओं का विस्तार होगा।

## हिमाचल में सस्ता राशन घोटाले का बड़ा खुलासा

# दो लाख से अधिक राशन कार्ड निकले फर्जी, तुरंत प्रभाव से किए गए निरस्त

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत वितरित किए जाने वाले रियायती राशन को लेकर चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। जांच के दौरान यह सामने आया कि दो लाख से अधिक सस्ता राशन कार्ड निर्धारित मानकों पर खरे नहीं उतर रहे थे। इन कार्डों को तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया गया है। प्रदेश में गरीबों को राहत देने के उद्देश्य से चलाई जा रही व्यवस्था में इस प्रकार की अनियमितता उजागर होने से प्रशासनिक तंत्र में हड़कंप मच गया है।

जानकारी के अनुसार, सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत कार्यरत राज्य नागरिक आपूर्ति निगम ने विस्तृत छानबीन के बाद यह कार्रवाई की है। जांच में पाया गया कि अनेक परिवारों में एक ही नाम से एक से अधिक राशन कार्ड चल रहे थे। कई मामलों में अपात्र परिवार भी रियायती अनाज का लाभ ले रहे थे। इससे सरकारी खजाने को भारी क्षति पहुंच रही थी और वास्तविक पात्र परिवारों का अधिकार प्रभावित हो रहा था।

अधिकारियों का कहना है कि यह कार्रवाई पारदर्शिता सुनिश्चित करने और व्यवस्था को स्वच्छ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। सरकार अब पात्रता मानकों को और कठोर बनाने पर भी विचार कर रही है, ताकि भविष्य में ऐसी गड़बड़ियों की पुनरावृत्ति न हो।

### हर कार्ड की होगी जांच

**विभाग** के आला अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि प्रदेश में प्रचलित लगभग 77 लाख राशन कार्डों की भी चरणबद्ध जांच की जाएगी। डिजिटल सत्यापन, आय अभिलेखों का मिलान तथा परिवार विवरण की पुनः पुष्टि की प्रक्रिया अपनाई जाएगी। अधिकारियों का दावा है कि दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी और गरीबों के हक पर डाका डालने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। ऐसे में इस व्यापक जांच से सार्वजनिक वितरण प्रणाली को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और जनहितकारी बनाने की उम्मीद जताई जा रही है।

# धर्मशाला-चिंतपूर्णी मार्ग पर एचआरटीसी की इलेक्ट्रिक बस का हुआ सफल ट्रायल

अनंत ज्ञान

**चिंतपूर्णी।** हिमाचल को ग्रीन स्टेट बनाने की दिशा में एक और बड़ा कदम बढ़ाते हुए एचआरटीसी की ओर से धर्मशाला से धार्मिक स्थल चिंतपूर्णी के बीच इलेक्ट्रिक बस का सफल ट्रायल किया गया। इस महत्वपूर्ण परीक्षण के दौरान क्षेत्रीय प्रबंधक पंकज चड्डा और प्रबंधक साहिल कपूर स्वयं बस में मौजूद रहे और पूरी प्रक्रिया की निगरानी की।

बस की मजबूती व पहाड़ी रास्तों पर उसकी क्षमता को जांचने के लिए इस ट्रायल को वास्तविक परिस्थितियों के अनुरूप बनाया गया था। बस में सवारियों के वजन का आकलन करने के लिए रेत से भरी बोरियां रखी गई थीं, ताकि यह पता चल सके कि पूरी क्षमता के साथ बस चढ़ाई वाले रास्तों पर कैसा प्रदर्शन करती है। बस धर्मशाला से सफलतापूर्वक चिंतपूर्णी पहुंची, जिसे निगम ने एक बड़ी कामयाबी बताया है।

इस दौरान डीएम पंकज चड्डा ने बताया कि यह बस आधुनिक तकनीक से लैस है और यात्रियों के लिए काफी आरामदायक है। यह बस पूरी तरह प्रदूषण मुक्त है, जिससे हिमाचल की शुद्ध हवा को संरक्षित रखने में मदद मिलेगी।

उन्होंने कहा कि डीजल बसों के विपरीत, इस बस में इंजन का शोर और कंपन बिल्कुल नहीं है, जिससे यात्रा सुखद रहती है। बस में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं और यह पहाड़ी ढलानों पर चलने के लिए विशेष रूप से डिजाइन की गई है। उन्होंने बताया कि डीजल की तुलना में बिजली से चलने के कारण इस बस का खर्चा काफी कम आता है, जो निगम के लिए आर्थिक रूप से फायदेमंद है।



चिंतपूर्णी पहुंची एचआरटीसी की इलेक्ट्रिक बस के साथ निगम के अधिकारी और कर्मचारी। अनंत ज्ञान

### यात्रियों को जल्द मिल सकती है बस सेवा

**सफल** ट्रायल के बाद अब उम्मीद जताई जा रही है कि जल्द ही धर्मशाला-चिंतपूर्णी रूट पर आम जनता के लिए इलेक्ट्रिक बस सेवा शुरू कर दी जाएगी। इससे श्रद्धालुओं और स्थानीय यात्रियों को एक सस्ता और सुविधाजनक विकल्प मिलेगा।

## चिंता | हिमाचल प्रदेश शिक्षा बोर्ड के छात्रों का सीबीएसई बदलाव पर विरोध, विकल्प की मांग तेज

# सीबीएसई प्रस्ताव पर छात्रों व अभिभावकों में असमंजस

अनंत ज्ञान

**अरुण डोगरा रीतू, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश के सौ से अधिक सरकारी स्कूलों में सीबीएसई पैटर्न लागू किए जाने के प्रस्ताव से विद्यार्थियों और अभिभावकों में असमंजस की स्थिति पैदा हो गई है। प्रदेश सरकार द्वारा चयनित स्कूलों में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड का पाठ्यक्रम लागू करने की तैयारी के बीच कई स्थानों पर विरोध के स्वर भी सुनाई देने लगे हैं। एक सर्वे के आधार पर सामने आया है कि ऐसे स्कूल जहां सीबीएसई पैटर्न लागू किया जाना प्रस्तावित है, वहां अधिकांश विद्यार्थियों ने प्रदेश शिक्षा बोर्ड के अंतर्गत ही पढ़ाई जारी रखने की इच्छा जताई है।

छात्रों का कहना है कि वे प्रदेश शिक्षा बोर्ड के पैटर्न से ही संतुष्ट हैं और उसी के तहत शिक्षा ग्रहण करना चाहते हैं। क्यूंकि आखिर दोनों ही तो एनसीआरटी का सिलेबस ही पढ़ा रहे हैं। अभिभावकों ने कहा कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत बच्चों पर एकतरफा निर्णय थोपना उचित नहीं है। उनका तर्क है कि जब अधिकांश विद्यार्थी प्रदेश बोर्ड के साथ बने रहना चाहते हैं तो उनकी राय को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।



उल्लेखनीय है कि जिन 100 से अधिक स्कूलों में सीबीएसई लागू करने की बात कही जा रही है उनमें बड़ी संख्या में ऐसे छात्र हैं जो हिमाचल प्रदेश बोर्ड पैटर्न पर ही शिक्षा जारी रखना चाहते हैं। अब प्रश्न यह उठ रहा है कि क्या सरकार एक ही स्कूल में दोनों बोर्डों के तहत पढ़ाई का विकल्प देगी या फिर विद्यार्थियों को नए पैटर्न को स्वीकार करने के लिए बाध्य किया जाएगा। लोगों ने शहर के उस उदाहरण का हवाला दिया जहां गर्ल्स और ब्वॉयज स्कूलों के मर्ज के प्रस्ताव के विरोध के बाद सरकार ने एक स्कूल को सीबीएसई तथा दूसरे को एचपी बोर्ड के तहत संचालित करने का विकल्प दे दिया है जोकि अच्छी बात है, लेकिन सरकार व शिक्षा मंत्री बताएं कि जहां एक ही बड़ी पाठशाला है और उसे सीबीएसई होने का फरमान सुनाया गया है क्या वहां आरटीई के तहत बच्चों को दूसरे विकल्प को चुनने का अधिकार भी दिया है या नहीं, और नहीं तो फिर इस विषय पर भी गौर फरमाना अत्यंत आवश्यक है। अभिभावकों का कहना है कि जहां केवल एक ही बड़ा स्कूल है वहां बच्चों को वैकल्पिक व्यवस्था का अधिकार मिलेगा या नहीं इस पर सरकार और शिक्षा मंत्री को स्पष्ट रुख सामने रखना चाहिए। एक अन्य महत्वपूर्ण मुद्दा फीस ढांचे को लेकर भी है। अभिभावकों ने कहा कि अभी तक यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि सीबीएसई लागू होने के बाद शुल्क संरचना क्या होगी। सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले अधिकांश छात्र आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग से आते हैं। ऐसे में अतिरिक्त शुल्क और अन्य खर्चों का वहन करना उनके लिए कठिन हो सकता है। अभिभावकों ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का उद्देश्य सराहनीय है लेकिन यह भी स्पष्ट किया जाना चाहिए कि प्रदेश बोर्ड से पढ़कर निकले विद्यार्थी किसी से कम नहीं हैं। आज अनेक छात्र प्रदेश बोर्ड से शिक्षा प्राप्त कर सरकारी एवं निजी क्षेत्रों में उच्च पदों पर सेवाएं दे रहे हैं।

उन्होंने सुझाव दिया कि यदि आवश्यक हो तो सीबीएसई की कुछ सकारात्मक एवं सुधारात्मक व्यवस्थाओं को प्रदेश बोर्ड में शामिल किया जा सकता है क्योंकि दोनों ही बोर्ड एनसीईआरटी के पाठ्यक्रम का अनुसरण करते हैं। लोगों ने सरकार से मांग की है कि इस विषय पर व्यापक विचार-विमर्श किया जाए ताकि बच्चों के शिक्षा के अधिकारों की रक्षा के साथ-साथ प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था की मजबूती भी बनी रहे।

### शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए लिया निर्णय: कोहली

**इस** संबंध में निदेशक स्कूल शिक्षा आशीष कोहली से बातचीत की गई तो उन्होंने स्पष्ट किया कि यह निर्णय सरकार ने प्रदेश में शिक्षा की गुणवत्ता को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रतिस्पर्धात्मक बनाने के उद्देश्य से लिया है। उनका कहना था कि बदलते शैक्षणिक परिवेश में विद्यार्थियों को बेहतर अवसर उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है और इसी सोच के तहत यह कदम उठाया गया है। उन्होंने बताया कि जिस विद्यालय का विलय किया गया है, वहां अब केवल केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) का पाठ्यक्रम ही संचालित होगा। ऐसे में जो विद्यार्थी हिमाचल स्कूल शिक्षा बोर्ड का पाठ्यक्रम पढ़ना चाहते हैं, उन्हें निकटवर्ती अन्य विद्यालयों में प्रवेश लेना होगा। विभाग यह सुनिश्चित करेगा कि विद्यार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और उनका शैक्षणिक सत्र प्रभावित न हो

# शाहपुर में जुटे 300 खिलाड़ी व ऑफिशियल

## दो दिवसीय राज्य स्तरीय वॉलीबाल प्रतियोगिता का शुभारंभ, सांसद अनुराग ने दिखाई हाफ मैराथन को हरी झंडी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** कांगड़ा जिले के शाहपुर में दो दिवसीय राज्यस्तरीय वॉलीबाल प्रतियोगिता का शुभारंभ पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर से लोकसभा सांसद अनुराग ठाकुर ने किया। प्रतियोगिता का आयोजन वॉलीबाल फेडरेशन ऑफ हिमाचल प्रदेश की जिला कांगड़ा इकाई द्वारा किया जा रहा है।

इस अवसर पर नशे के खिलाफ जन जागरुकता संदेश देने के उद्देश्य से शाहपुर से रैत तक लगभग छह किलोमीटर लंबी हाफ मैराथन का आयोजन भी किया गया, जिसे सांसद अनुराग ठाकुर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

प्रतियोगिता में प्रदेशभर से 300 से अधिक खिलाड़ी एवं ऑफिशियल भाग ले रहे हैं। कुल 24 टीमें इस राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा ले रही हैं, जिनमें लड़कों और लड़कियों दोनों वर्गों के मुकाबले करवाए जा रहे हैं। आयोजन स्थल पर खेल प्रेमियों और स्थानीय लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला।



प्रतियोगिता में प्रदेशभर से 300 से अधिक खिलाड़ी एवं ऑफिशियल भाग ले रहे। अनंत ज्ञान

**खेल सुविधाओं पर उठाए सवाल:** पत्रकारों से बातचीत में अनुराग ठाकुर ने कहा कि वॉलीबाल एक अत्यंत लोकप्रिय खेल है और यह हिमाचल के लिए गर्व की बात है कि वॉलीबाल फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष वीरेंद्र कंवर हिमाचल से हैं, जो इस खेल को गांव-गांव तक पहुंचाने के लिए प्रयासरत हैं। उन्होंने राज्य सरकार से खेल ढांचे को मजबूत करने की मांग करते हुए कहा कि हिमाचल में स्थायी कोचों की संख्या बेहद कम है।

उनके अनुसार प्रदेश में परमानेंट कोचों की संख्या 20 से भी कम है और कॉन्ट्रैक्ट पर नियुक्त कोचों सहित यह संख्या 60 तक भी नहीं पहुंचती। उन्होंने चिंता जताई कि कई खेल ऐसे हैं, जिनका एक भी कोच उपलब्ध नहीं है। अनुराग ने कहा कि खेलों का मौजूदा बजट भी बहुत सीमित है, जो मुख्यत: वेतन भुगतान तक ही सीमित रहता है। ऐसे में प्रदेश में खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाना चुनौतीपूर्ण है। उन्होंने प्रदेश सरकार से कम से कम 200 नए कोचों की नियुक्ति करने तथा खेल बजट को पांच से सात गुना बढ़ाने की मांग की, ताकि भविष्य में हिमाचल के खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीत सकें।

### नशे के खिलाफ हजारों युवाओं ने लगाई दौड़

**कोहली, अनंत ज्ञान, शाहपुर।** जिला कांगड़ा वालीबॉल संघ की ओर से शाहपुर में आयोजित करवाई जा रही राज्य स्तरीय वालीबॉल प्रतियोगिता के दौरान मंगनलवार को हॉफ मैराथन का आयोजन किया गया। इसमें मुख्यातिथि के रूप सांसद अनुराग व विशेषातिथि के तौर पर राष्ट्रीय वॉलीबाल फेडरेशन के अध्यक्ष वीरेंद्र कंवर ने शिरकत की। दोनों मुख्यातिथि ने मिनी मैराथन को हरी झंडी देकर रवाना किया। इस दौरान लडक़ों में निजु धीमान प्रथम, वंश दूसरे, सुरेश तीसरे, अविनाश चौथे, आदित्य पांचवे, आयुष छठे, गौरव सातवे, अंकित आठवे, सुनील नौंवे और प्रेम सिंह और इशांत दसवें स्थान पर रहे। वहीं, लड़कियों में कृतिका प्रथम, खुशी दूसरे, हर्षिता तीसरे, अवंतिका चौथे, विहानी ठाकुर पांचवें, अंकिता छठे, दिशा ठाकुर सातवें, शिवाली गुलेरिया आठवें, अंकिता कुमार नौवें और दसवें में दिव्यांशी, सारिका और सुंदरा रही। अंत में सासंद अनुराग ठाकुर और अन्य अतिथियों ने सभी विजेता प्रतिभागियों को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्होंने सभी युवाओं से अपील की कि खेलों को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं और नशे से दूर रहें।

## देश को तोड़ने के लिए विदेशी ताकतों के हाथों में खेल रहे राहुल: अनुराग

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** पूर्व केंद्रीय मंत्री और हमीरपुर से सांसद अनुराग ठाकुर कांगड़ा में मंगलवार को आक्रामक मोड में नजर आए। उन्होंने राहुल गांधी और उनकी पार्टी को विदेशी ताकतों की कठपुतली करार देते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी और उसके नेता देश की छवि धूमिल करने की कोशिश कर रहे हैं। अनुराग ने सवाल उठाया कि क्या कांग्रेस की पटकथा अब विदेशी ताकतों के हाथों में है और क्या यह पार्टी भारत को तोड़ने के लिए काम कर रही है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कांग्रेस का उद्देश्य केवल अराजकता, अफवाह और दंगा फैलाना रह गया है। ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की अगुवाई में भारत नित नए आयाम स्थापित कर रहा है, लेकिन राहुल गांधी और उनकी पार्टी ने केवल झूठ बोलने और अनर्गल बयानबाजी करने का काम किया है। उन्होंने दावा किया कि जनता अब इनके मंसूबों को नाकाम कर देगी।

### पठानिया बोले, राहुल गांधी को नहीं किसी के सर्टिफिकेट की जरूरत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** शाहपुर के विधायक एवं उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने हमीरपुर के सांसद अनुराग ठाकुर द्वारा राहुल गांधी पर दिए गए बयान का कड़ा जवाब दिया। पठानिया ने कहा कि राहुल गांधी को किसी से सर्टिफिकेट की आवश्यकता नहीं है और उनके परिवार में स्व. इंदिरा गांधी जैसी विश्व नेता शामिल थीं, जिन्होंने 'गरीबी हटाओ' का नारा दिया था। उन्होंने अनुराग ठाकुर को पांच बार के सांसद होने के बावजूद ऐसी बातों को शोभा न देने की बात कही। पठानिया ने आरोप लगाया कि अनुराग ठाकुर की विचारधारा हिमाचल प्रदेश के हित में नहीं थी और उनसे यह सवाल किया कि केंद्रीय मंत्री रहते हुए उन्होंने एयरपोर्ट पर राशि खर्च की थी या नहीं। पठानिया ने कहा कि राहुल गांधी की विचारधारा ने हिमाचल को आगे बढ़ाया और मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की सरकार प्रदेश के विकास में जुटी है।

## हिमकेयर-आयुष्मान ठप, स्वास्थ्य के नाम पर जनता से विश्वासघात: बिक्रम

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** विधायक बिक्रम ठाकुर ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि सरकार की लापरवाही और वित्तीय कुप्रबंधन ने हिमाचल की स्वास्थ्य व्यवस्था को गंभीर संकट में धकेल दिया है। उन्होंने कहा कि पहले बड़े-बड़े मंचों से घोषणा की गई थी कि आधुनिक रोबोटिक सर्जरी जैसी सुविधा आम लोगों को राहत देने के लिए लाई जाएगी और इसे हिमकेयर के दायरे में शामिल किया जाएगा, लेकिन आज स्थिति यह है कि न केवल रोबोटिक सर्जरी की फीस बढ़ा दी गई है, बल्कि सामान्य उपचार भी महंगा कर दिया गया है। यह सीधे तौर पर गरीब और मध्यम वर्ग के साथ विश्वासघात है, जिनके लिए ये योजनाएं जीवनरेखा मानी जाती थीं। उन्होंने कहा कि सरकार एक ओर मुफ्त इलाज का ढोल पीट रही है, वहीं दूसरी ओर आयुष्मान भारत और हिमकेयर के तहत अस्पतालों को समय पर भुगतान नहीं किया जा रहा। करोड़ों रुपए की देनदारी लंबित होने के कारण कई अस्पताल योजनाओं के मरीजों को भर्ती करने से बच रहे हैं या फिर आधा-अधूरा इलाज कर उन्हें बाहर से दवाइयां और इंजेक्शन खरीदने के लिए मजबूर कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के कई अस्पतालों में कैंसर, हृदय रोग, किडनी और अन्य गंभीर बीमारियों की जीवनरक्षक दवाइयों की भारी कमी बनी हुई है। मरीजों को हजारों रुपये के इंजेक्शन और जरूरी दवाइयां निजी मेडिकल स्टोर से खरीदनी पड़ रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और सरकार को अपनी विफलताओं का जवाब देना ही होगा।



## फन गेम और अन्य प्रतियोगिताओं की तिथियों में बदलाव

**अजय पाल, अनंत ज्ञान, पालमपुर।** पालमपुर के प्रसिद्ध राज्य स्तरीय होली महोत्सव 2026 के अंतर्गत आयोजित होने वाली विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के शेड्यूल में महत्वपूर्ण बदलाव किया गया है। महोत्सव के संयोजक रोशन लाल ने प्रेस वक्तव्य जारी करते हुए बताया कि पूर्व में 3 मार्च 2026 को निर्धारित की गई फन गेम्स अब 2 मार्च 2026 को आयोजित की जाएंगी। संयोजक ने स्पष्ट किया कि 3 मार्च को होने वाले ग्रहण के चलते यह निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि अब 2 मार्च को ही म्यूजिकल चेयर, रस्साकस्सी और मटका तोड़ जैसी पारंपरिक एवं मनोरंजक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। आयोजन समिति ने सभी प्रतिभागियों और स्थानीय जनता से आग्रह किया है कि वे संशोधित कार्यक्रम के अनुसार अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें।

## जिले के कॉलेज टीबी मुक्त भारत अभियान के लिए एकजुट

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** कांगड़ा जिले में टीबी मुक्त भारत अभियान को जन-आंदोलन बनाने के लिए एजुकेशन बोर्ड धर्मशाला में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें कॉलेजों, आईटीआई, नर्सिंग एवं पॉलिटेक्निक संस्थानों के प्राचार्यों और रेड रिबन क्लब के नोडल अधिकारियों ने भाग लिया। जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर राजेश सूद ने बताया कि टीबी रोग से जुड़ी गलत धारणाएं और डर आज भी समाज में मौजूद हैं, जिन्हें दूर करने के लिए खुलकर संवाद, समय पर जांच और पूर्ण उपचार के प्रति जागरूकता अत्यंत आवश्यक है।

युवाओं की ताकत और रचनात्मक सोच को अभियान का केंद्र बनाते हुए पोस्टर प्रतियोगिता, सोशल मीडिया रील्स व डिजिटल अभियान, वाद-विवाद तथा नवाचार प्रतियोगिताओं के माध्यम से जागरुकता को जनभागीदारी में बदलने पर जोर देने की आवश्यकता है। डॉक्टर सूद ने कहा कि सही जानकारी, मिथकों का खंडन और सफल उपचार की कहानियों का प्रसार समाज में फैले डर और भेदभाव को कम कर सकता है। सीएमओ कांगड़ा डॉ. विवेक करोल ने कहा कि युवाओं के स्वास्थ्य के लिए समाज के हर वर्ग की भागीदारी जरूरी है और शिक्षण संस्थान तंबाकू मुक्त परिसर, नियमित स्वास्थ्य गतिविधियों और सकारात्मक वातावरण के माध्यम से स्वस्थ पीढ़ी तैयार कर सकते हैं। इस दौरान जिले के 25 कॉलेज, 3 विश्वविद्यालय, 22 आईटीआई, 5 नर्सिंग कॉलेज और 3 पॉलिटेक्निक कॉलेजों से आए 100 से अधिक प्रतिभागियों ने टीबी मुक्त समाज और स्वस्थ कांगड़ा के निर्माण के लिए सामूहिक प्रतिबद्धता दोहराई तथा टीबी मुक्त भारत अभियान के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

## टूरिज्म यूनिट्स के लिए प्रस्तावित जरूरी फायर डिपार्टमेंट एनओसी पर ऐतराज

- होटल एंड रेस्टोरेंटस एसोसिएशन धर्मशाला ने उठाई आवाज
- पुरानी बिल्डिंग्स के लिए ऐसे नियम प्रेक्टिकल नहीं

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन धर्मशाला ने हिमाचल में टूरिज्म सेक्टर पर असर डालने वाले प्रस्तावित पॉलिसी बदलावों पर गंभीर चिंता और विरोध जाहिर किया है। एसोसिएशन ने टूरिज्म यूनिट्स के लिए प्रस्तावित जरूरी फायर डिपार्टमेंट एनओसी पर कड़ा ऐतराज जताया है और पुरानी बिल्डिंग्स के लिए ऐसे नियम प्रेक्टिकल नहीं हैं।

कई मौजूदा होटल स्ट्रक्चर के हिसाब से एक लाख लीटर से ज्यादा के अंडरग्राउंड पानी के टैंक नहीं रख सकते और न ही उनकी छतें बड़े वाटर स्टोरेज सिस्टम का एक्स्ट्रा लोड झेल सकती हैं। डिजाइन और जगह की कमी के कारण पुरानी बिल्डिंग्स में फायर स्प्रिंकलर व हाइड्रेंट सिस्टम लगाना भी मुमकिन नहीं है। एसोसिएशन के अध्यक्ष अश्वनी बांबा ने कहा कि पानी की सप्लाई में गड़बड़ी के कारण कई होटल पहले से ही टैंकर के पानी पर निर्भर हैं। सरकार को टूरिस्ट हब्स में हाइड्रेंट और वाटर स्टोरेज सिस्टम जैसे फायर सेफ्टी इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलप करने चाहिए, न कि पूरा बोझ अलग-अलग यूनिट्स पर डालना चाहिए। इसने पुरानी बिल्डिंग्स के लिए नियमों में ढील देने और किसी भी नए नियम के नोटिफिकेशन के बाद कम से कम एक साल का कंप्लायंस पीरियड तय करने की भी मांग की है। उन्होंने अप्रैल, 2026 से बाहरी गाड़ियों के लिए एंट्री टैक्स में भारी बढ़ोतरी का भी विरोध किया है। प्रस्ताव के अनुसार, छोटी गाड़ियों के लिए एंट्री टैक्स 70 से बढ़ाकर 170 और टेम्पो ट्रैवलर्स के लिए 320 से बढ़ाकर 570 किया जाएगा। इस बढ़ोतरी से टूरिस्ट हतोत्साहित हो सकते हैं और हिमाचल प्रदेश एक ट्रैवल डेस्टिनेशन के तौर पर कम काम्पिटिटिव हो सकता है। होटल रजिस्ट्रेशन और रिन्यूअल फीस में तेजी से बढ़ोतरी को लेकर भी गंभीर चिंता जताई गई है। 20 कमरों वाला होटल जो अभी लगभग 2,500 दे रहा है, उसे प्रस्तावित स्ट्रक्चर के तहत 80,000 से 1,00,000 के बीच देना पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि होटल इंडस्ट्री पहले से ही बहुत ज्यादा दबाव में है, एवरेज ऑक्यूपेंसी 20 प्रतिशत से कम है। सेक्टर की लगातार ग्रोथ पक्का करने के लिए प्रैक्टिकल, फेज में और टूरिज्म-फ्रेंडली पालिसी लागू करने की जाने की जानी चाहिए।

## एबीवीपी ने लंबित मांगों को लेकर शुरू की सांकेतिक हड़ताल

### कहा- एचपीयू आरसी मोहली से हो रहा सौतेला व्यवहार



मांगों को लेकर सांकेतिक हड़ताल करते एबीवीपी के कार्यकर्ता। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** एचपीयू आरसी मोहली की एबीवीपी इकाई ने विश्वविद्यालय की विभिन्न मूलभूत सुविधाओं और प्रदेश स्तरीय मांगों को लेकर 24 घंटे की सांकेतिक भूख हड़ताल की। एबीवीपी के प्रदेश सह मंत्री अभिनव चौधरी ने कहा कि कहने को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय क्षेत्रीय केंद्र मोहली हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय का एकमात्र क्षेत्रीय केंद्र है और यहां प्रदेश के हर कोने से विद्यार्थी एक आशा लेकर पढ़ने आते हैं, लेकिन जब वह इस विश्वविद्यालय में आकर विश्वविद्यालय की आधारभूत संरचना, प्रवेश द्वार का खस्ताहाल देखकर सोचते हैं कि कहीं उनका इस विश्वविद्यालय में पढ़ने का फैसला गलत तो नहीं है।

उन्होंने कहा कि जब यह विश्वविद्यालय क्षेत्रीय केंद्र यहां बना है तब से विश्वविद्यालय प्रशासन एवं सरकार सौतेला व्यवहार कर रही है। यह विश्वविद्यालय तो नहीं पर आवारा पशुओं का सदन ज्यादा लगता है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के छात्र, छात्रावास, सभागार ओर मैदान जैसी सुविधाएं से भी वंचित है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा की अगर परिषद की मांगों को पूरा नही किया तो यहां उग्र आंदोलन करके और तालाबंदी को लेकर हर छात्र तैयार है।

## हिमाचल के मुख्यमंत्री खुद मंत्रियों और विधायकों को प्रताड़ित करवा रहे: राजेश

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** भाजपा संगठनात्मक जिला पालमपुर के महामंत्री राजेश राणु ने प्रदेश सरकार की कार्यशैली पर हैरानगी जताते हुए कहा कि उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह और मंत्री यादविंद्र गोमा द्वारा सरकारी अधिकारियों के खिलाफ आरोप लगाना शर्मनाक है। राणु ने कहा कि अगर मंत्री और विधायक अधिकारी नहीं सुनते तो आम आदमी का क्या हाल होगा? उन्होंने यह भी कहा कि जब मंत्री गोमा ने मण्डी के डीसी के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई थी, तब कोई कार्रवाई नहीं हुई, जिससे साबित होता है कि मुख्य मंत्री अधिकारियों को मंत्री और विधायकों से प्रोत्साहित करवा रहे हैं।

राणु ने कहा कि कांग्रेस सरकार को साढ़े तीन साल हो गए हैं, लेकिन लोन लेने के अलावा सरकार ने कोई काम नहीं किया। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में हर वर्ग परेशान है—राशन नहीं, युवाओं को रोजगार नहीं, गरीबों को पेंशन नहीं, और ठेकेदारों को पेमेंट नहीं मिल रही। राणु ने मंत्री गोमा की कार्यशैली पर तंज कसते हुए कहा कि युवा विधानसभा से बहुत उम्मीदें लगाए थे, लेकिन वे अब निराश हो गए हैं।

## झंडा रस्म के साथ भवारना होली महोत्सव का आगाज


शीतला माता मंदिर में झंडा रस्म अदा की। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**राकेश डोगरा, डरोह।** सुलह विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत भवारना में झंडा रस्म के साथ होली महोत्सव का आगाज हो गया। दशकों पुरानी परंपरा को निभाते हुए सुदर्शन आर्ट्स क्लब भवारना के सदस्यों ने प्रधान अंशुल अरोड़ा की अध्यक्षता में शीतला माता मंदिर में जाकर झंडा की रस्म अदा की। ढोल नगाड़ों के साथ सुदर्शन आर्ट्स क्लब के सदस्य माता के जयकारे लगाते हुए शीतला माता मंदिर परिसर पहुंचे।

इसके बाद स्थानीय निवासी विकास नंदू द्वारा झंडा स्थापित किया जाता है। उन्होंने इस रस्म को अदा किया। इसके बाद शीतला माता की विधिवत पूजा-अर्चना की गई और मौके पर मौजूद लोगों में प्रसाद वितरित किया गया। कमेटी प्रधान अंशुल अरोड़ा ने बताया कि सोमवार को मां काली की झांकी निकाली जाएगी। शनिवार से झांकियों का क्रम आरंभ होगा, जो तीन दिनों तक चलेगा। होली महोत्सव के अंतिम दिवस सोमवार को सुलह के विधायक विपिन सिंह परमार समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे और पूजा-अर्चना उपरांत मां काली की झांकी को रवाना करेंगे। इस अवसर पर राजू महाशा,विकास भोलू,अनिल बक्शी,शुभम सूद,सोनी गुप्ता,रिपन सूद,अभय शर्मा,पार्थ सूद,मनोज नागपाल,विक्की सूद,तपिन डोगर, अनु सूद और अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## सकराला में बिजली लाइन की मरम्मत करते समय करंट लगने से कर्मी झुलसा



**पिंकी, अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** गरली के समीपवर्ती नाहन नगरोटा पंचायत के सकराला गांव में बिजली लाइन की मरम्मत के दौरान एक विद्युत कर्मी करंट लगने से गंभीर रूप से झुलस गया। घायल कर्मी का उपचार सिविल अस्पताल देहरा में जारी है। जानकारी के अनुसार सोमवार देर रात्रि सकराला गांव में अचानक विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई थी। शिकायत मिलने पर एचएलएम राहुल अकेले ही फॉल्ट ठीक करने मौके पर पहुंचे। कार्य के दौरान अचानक तेज करंट लगने से वह करीब 10 फीट नीचे खेतों में गिर पड़े। हादसे में उनके दोनों हाथ बुरी तरह झुलस गए। होश में आने के बाद राहुल ने किसी तरह अपने साथियों को सूचना दी। सहयोगियों द्वारा उन्हें तुरंत देहरा सिविल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों की निगरानी में उनका इलाज चल रहा है। घटना की सूचना मिलते ही बिजली बोर्ड के अधिकारी अस्पताल पहुंचे और घायल कर्मी का हालचाल जाना। मंगलवार सुबह देहरा विद्युत विभाग के अधिशाषी अभियंता बलेश शर्मा भी अस्पताल पहुंचे और चिकित्सकों से उपचार संबंधी जानकारी ली। उधर, पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए घायल कर्मी के बयान दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एसपी मयंक चौधरी ने बताया कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है। स्थानीय लोगों ने विद्युत बोर्ड से मांग की कि भविष्य में कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त सुरक्षा उपकरण और टीम के साथ कार्य करने की व्यवस्था अनिवार्य की जाए।

## सुक्खू सरकार का नहीं रहा अधिकारियों पर कोई नियंत्रण: काली दास

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता काली दास ने सरकार की कार्यशैली पर कड़ी आलोचना की है। उन्होंने कहा कि सरकार का अधिकारियों पर कोई नियंत्रण नहीं रहा और अधिकारी पिछले दो सालों से सरकार को नजरअंदाज कर रहे हैं। दास ने उदाहरण दिया कि उपमुख्यमंत्री ने अधिकारियों को धमकी दी थी, वहीं लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने भी सरकारी धन की बंदरबांट का आरोप लगाया। इसके बाद, कैबिनेट मंत्री यादविंदर गोमा और विधायक राकेश कालिया द्वारा अधिकारियों के खिलाफ सार्वजनिक बयान दिए गए। काली दास ने कहा कि मंत्री गोमा को अपने ही जिले के कार्यक्रम में नजरअंदाज किया गया, जबकि मुख्यमंत्री की ओर से भी मंत्रियों की अनदेखी की जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि हाल ही में मंत्री चौधरी चंद्र कुमार ने एपीएमसी के खर्चे की जानकारी न होने का बयान दिया, जिससे स्पष्ट है कि सरकार में कोई संगठित व्यवस्था नहीं है। दास ने चेतावनी दी कि अगर सरकार ने अपनी कार्यशैली नहीं बदली, तो आम आदमी पार्टी मंत्रियों का घेराव करेगी।

**आगाज** राज्य स्तरीय होली महोत्सव के तहत आयोजित प्रतियोगिता में 11 टीमों ने लिया भाग

## आशीष ने किया बास्केटबाल स्पर्धा का शुभारंभ


प्रतियोगिता के शुभारंभ पर खिलाड़ियों के साथ आशीष। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**अजय पाल, पालमपुर।** विधायक पालमपुर आशीष बुटेल ने राज्य स्तरीय होली महोत्सव के तहत आज बास्केटबाल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न क्षेत्रों से आई कुल 11 टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और खेल मैदान में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर विधायक ने खिलाडियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल जीवन का अभिन्न अंग है, जिसे प्रत्येक व्यक्ति को अपने दैनिक जीवन में अवश्य अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि नियमित खेल गतिविधियों से न केवल शारीरिक स्वास्थ्य सुदृढ़ होता है, बल्कि युवाओं को नशे जैसी कुरीतियों से दूर रहने की सकारात्मक प्रेरणा भी मिलती है। उन्होंने आयोजकों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन क्षेत्र में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने खिलाडियों से खेल भावना, अनुशासन और टीम भावना के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने का आह्वान किया। इस अवसर पर बुल फेडरेशन पंडाल के सदस्य त्रिलोक चंद, महापौर गोपाल नाग, कनवीनर सुनंद चित्रा सहित अन्य पार्षद गण उपस्थित रहे।

### होली महोत्सव खेल प्रतियोगिताएं युवाओं को सकारात्मक ऊर्जा से जोड़ने में रख रही विशेष महत्व

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** पालमपुर के विधायक आशीष बुटेल ने कहा है कि राज्य स्तरीय होली महोत्सव के दौरान आयोजित खेल प्रतियोगिताएं युवाओं को नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रखने और उन्हें सकारात्मक ऊर्जा से जोड़ने में विशेष महत्व रख रही हैं। सोमवार को पालमपुर में दो दिवसीय राज्य स्तरीय होली महोत्सव के अंतर्गत आयोजित कबड्डी एवं वॉलीबॉल प्रतियोगिता के समापन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए विधायक ने इस बात पर जोर दिया कि खेलों के माध्यम से ही युवा पीढ़ी को नशे की कुरीतियों से बचाकर एक स्वस्थ समाज का निर्माण किया जा सकता है। उन्होंने कबड्डी और वॉलीबॉल के सफल आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि खेलकूद की गतिविधियां अनुशासन की भावना पैदा करने के साथ-साथ मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को भी सही रखती हैं। आशीष बुटेल ने आयोजन समिति की सत्य निष्ठा और लगन की प्रशंसा करते हुए कहा कि प्रत्येक वर्ष होली महोत्सव के पावन अवसर पर इन खेल गतिविधियों को बेहतरीन ढंग से आयोजित कर युवाओं को एक शानदार मंच प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने प्रतियोगिता में भाग ले रहे सभी खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और उन्हें खेल भावना के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कबड्डी और बास्केटबॉल प्रतियोगिताएं में विभिन्न टीमों ने बढ़ चढ़क्रर भाग लिया और प्रतियोगिता देर शाम तक चली। उसके उपरांत विधायक ने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया। इस दौरान वूल फेडरेशन मंडल के सदस्य त्रिलोक चंद, मेयर गोपाल नाग, कबड्डी टूर्नामेंट के कनवीनर अनुराग नरयाल अनु, नसीब राणा, नरेश वर्मा, सुरेश कुमार, सुमित कुमार, अमित कुमार, राजीव जमवाल, गुरदीप सिंह, नरेश कटोच, रंजीत सुनील शर्मा, नितेश सूद, राजेश तलवार, नीरज, विकास मिन्हास, सुनील कुमार और नगर निगम के समस्त पार्षद उपस्थित रहे।

## ऑनलाइन साइबर ठगी मामले में आरोपी सूरत से गिरफ्तार

अनंत ज्ञान

**अशोक ठाकुर, इंदौरा।** नूरपुर पुलिस को बड़ी सफलता हासिल हुई है। पुलिस ने ठगी के दूसरे आरोपी को गुजरात के सूरत से गिरफ्तार किया है। पुलिस जिला नूरपुर में वर्ष 2023 और 2024 के दौरान ऑनलाइन साइबर ठगी के दो मामले दर्ज किए गए थे। पहला मामला 23 मार्च 2023 को थाना नूरपुर में धारा 420 के तहत दर्ज हुआ, जिसमें तहसील फतेहपुर निवासी हरबंस सिंह से व्हाट्सऐप कॉल के माध्यम से अज्ञात व्यक्तियों ने 3 लाख रुपए ठग लिए थे।

दूसरा मामला 18 जनवरी 2024 को दर्ज हुआ, जिसमें तहसील नूरपुर निवासी शिमला देवी से फोन कॉल के जरिए गूगल पे माध्यम से 3,20,000 रुपए की ठगी की गई थी। दोनों मामलों की गंभीरता को देखते हुए पुलिस जिला नूरपुर ने विशेष रणनीति के तहत एक विशेष टीम का गठन किया। टीम ने तकनीकी विश्लेषण, डिजिटल ट्रैकिंग, बैंक लेन-देन की जांच और अन्य राज्यों में दबिश देकर लगातार कार्रवाई की। सतत प्रयासों के चलते पहले मामले में शिकायतकर्ता को पूरे 3 लाख रुपए वापस दिला दिए गए। दूसरे मामले में आरोपी महाबीर कुमार निवासी पश्चिम चंपारण, बिहार को सूरत (गुजरात) से गिरफ्तार किया गया। आरोपी से पूछताछ जारी है और अन्य संलिप्त व्यक्तियों की जांच की जा रही है। पुलिस ने आम जनता से साइबर ठगी से सतर्क रहने और आपात स्थिति में 1930 हेल्पलाइन पर संपर्क करने की अपील की है।



## न्यूज ब्रीफ

### ट्रेक मार्ग से एकत्रित किया कचरा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धर्मशाला के रोवर्स-रेंजर्स इकाई और लोक प्रशासन विभाग ने मिलकर प्रसिद्ध गुणा माता मंदिर परिसर और ट्रेक मार्ग पर एक दिवसीय ट्रेकिंग सह स्वच्छता अभियान का सफल आयोजन किया। इस अभियान में 14 रोवर्स-रेंजर्स स्वयंसेवकों और 60 लोक प्रशासन विभाग के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। ट्रेकिंग गतिविधि को फिट इंडिया मूवमेंट से जोड़ते हुए छात्रों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। स्वच्छ भारत अभियान के तहत सभी ने मंदिर परिसर और ट्रेक मार्ग से 5 बोरियां कचरा एकत्रित किया, जिससे पर्यावरण संरक्षण का सशक्त संदेश दिया गया।

### माप तोल उपकरणों की वेरिफिकेशन

**अंनत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** माप तोल विभाग जिला कांगड़ा द्वारा मंगलवार को नगर निगम धर्मशाला के तहत आते सिविल बाजार के 45 दुकानदारों के इलेक्ट्रानिक व मैकेनिकल व माप तोल उपकरणों की वेरिफिकेशन कर मुहरें लगाई गईं। इस बारे में वेट एंड मेजर विभाग जिला कांगड़ा कांगड़ा के इस्पेक्टर निखिल ने बताया कि बुधवार को भी धर्मशाला स्थित कचहरी अड्डा के नजदीक केसीसी बैंक चौक के साथ लगती राधा कृष्ण मंदिर सराय में सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक बाकी बचे दुकानदारों के उपकरणों पर मुहर लगाने का कार्य किया जाएगा।

### घराणा स्कूल में विज्ञान बाल मेले का आयोजन

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** मंगलवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला घराणा में राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के अंतर्गत एक विज्ञान मेला आयोजित किया गया। इस मेले में छठी से 12वीं कक्षा तक के छात्रों ने गणित, भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र और जीव विज्ञान पर विभिन्न मॉडल प्रस्तुत किए। मेले का उद्देश्य छात्रों में विज्ञान और गणित विषय में रुचि पैदा करना और उनकी छिपी प्रतिभा को निखारना था। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य और शिक्षकगण उपस्थित रहे।

### सिद्धपुर में कल बंद रहेगी बिजली आपूर्ति

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** विद्युत उपमंडल सिद्धपुर के सहायक अभियंता संतोष कुमार ने जानकारी दी कि 26 फरवरी को 11 केवी धर्मशाला फीडर के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों सिद्धपुर, आईपीएच पंप हाउस सिद्धपुर, क्लब महिंद्रा, धर्मशाला पैराडाइज, पेट्रोल पंप, शीला चौक और इसके आसपास क्षेत्रों में प्रातः 9:30 बजे से शाम कार्य समाप्ति तक विद्युत आपूर्ति पूर्णतः बाधित रहेगी। मौसम खराब होने या अन्य आकस्मिक आपदा में ये कार्य स्थगित या आंशिक रूप से किया जाएगा।

### 28 से पहले कराएं ई-केवाईसी सत्यापन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश के अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक और विशेष रूप से सक्षम सशक्तिकरण विभाग के निदेशक ने सभी पेंशन लाभार्थियों को 28 फरवरी तक अपना ई-केवाईसी सत्यापन करवाने की सलाह दी है। जिन लाभार्थियों ने अब तक यह सत्यापन नहीं कराया, वे संबंधित आंगनबाड़ी केंद्र या तहसील कल्याण कार्यालय में जाकर आवश्यक दस्तावेजों के साथ ई-केवाईसी सत्यापन करवा सकते हैं। अंतिम तिथि के बाद सत्यापन न कराने पर पेंशन स्थायी रूप से बंद कर दी जाएगी। असहाय पेंशनभोगी आधार कार्ड अपडेट कराने के लिए संबंधित तहसील कल्याण अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं।

### गुमशुदा दो युवतियों को पुलिस ने किया बरामद

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान, इंदौरा।** पुलिस जिला नूरपुर ने गुमशुदा व्यक्तियों की तलाश में त्वरित और समन्वित कार्रवाई की, जिसके परिणामस्वरूप दो युवतियों को सकुशल बरामद किया गया। दोनों युवतियां 21 फरवरी से गुमशुदा थीं। पुलिस थाना नूरपुर के तहत 19 वर्षीय युवती, निवासी खन्नी, डाकघर बदूही, तहसील नूरपुर, को पुलिस टीम ने सफलतापूर्वक ट्रेस किया। वहीं, पुलिस थाना डमटाल के तहत 19 वर्षीय युवती, निवासी छन्नी, तहसील इंदौरा को नूरपुर पुलिस ने सकुशल ट्रेस कर लिया। दोनों युवतियों को कानूनी औपचारिकताएं पूर्ण करने के बाद उनके परिजनों के सुपुर्द किया जा रहा है। पुलिस जिला नूरपुर ने आमजन से अपील की है कि किसी भी गुमशुदगी या संदिग्ध गतिविधि की सूचना नजदीकी पुलिस थाना या आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर 112 पर तुरंत दें, ताकि प्रभावी कार्रवाई की जा सके।

### 31 मार्च तक लंबित मामलों का होगा निपटारा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शिखा लखनपाल ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की मध्यस्थता एवं सुलह परियोजना समिति के मार्गदर्शन में कांगड़ा जिला में मध्यस्थता राष्ट्र 2.0 अभियान 31 मार्च 2026 तक चलाया जाएगा। इस अभियान में विवाह, घरेलू हिंसा, मोटर वाहन चालान, चेक बाउंस, वाणिज्यिक विवाद, भूमि अधिग्रहण और अन्य दीवानी मामलों का निपटारा किया जाएगा। अभियान का उद्देश्य जनता को विवादों के वैकल्पिक समाधान के लिए प्रेरित करना और लंबित मामलों का शीघ्र निपटारा करना है। सभी जिला वासियों से इस अभियान में भाग लेने की अपील की गई है।

### नगरोटा सूरियां कॉलेज में 'झंकार' की धूम

**शिव गुलेरिया, अनंत ज्ञान, देहरा।** राजकीय महाविद्यालय नगरोटा सूरियां में वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम 'झंकार' का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. उपेंद्र शर्मा थे। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में एकल गायन, नृत्य, और संगीत का विशेष योगदान रहा। छात्रों ने विभिन्न नृत्य शैलियों जैसे भांगड़ा, लुड्डी और हिमाचली लोक नृत्य नाटी प्रस्तुत किया। प्राचार्य ने छात्रों को उज्जवल भविष्य के लिए प्रेरित किया और महाविद्यालय के विकास कार्यों की जानकारी दी। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

### भामसं का प्रदेशव्यापी विरोध कल, जिला से तहसील स्तर तक सौंपे जाएंगे ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** प्रदेश में कर्मचारियों और मजदूर वर्ग से जुड़ी लंबित मांगों को लेकर असंतोष लगातार गहराता जा रहा है। विभिन्न मुद्दों पर सरकार की ओर से अपेक्षित निर्णय न होने के चलते भारतीय मजदूर संघ (भामसं) ने अब प्रदेशव्यापी स्तर पर विरोध प्रदर्शन करने का ऐलान किया है। संगठन का कहना है कि लंबे समय से वार्ता और ज्ञापनों के माध्यम से मांगें उठाई जा रही हैं, लेकिन समाधान नहीं निकल पा रहा है। भामसं के प्रदेश अध्यक्ष मदन राणा ने बताया कि कल बुधवार को प्रदेश के सभी जिलों, उपमंडलों और तहसील मुख्यालयों पर प्रदर्शन आयोजित किए जाएंगे। संबंधित उपायुक्तों, एसडीएम और तहसीलदारों के माध्यम से सरकार को ज्ञापन सौंपे जाएंगे। मदन राणा ने स्पष्ट किया कि यह आंदोलन पूरी तरह शांतिपूर्ण ढंग से किया जाएगा, लेकिन यदि मांगों पर शीघ्र सकारात्मक पहल नहीं हुई तो संगठन आंदोलन को और व्यापक रूप देने से पीछे नहीं हटेगा। फतेहपुर में भी सुबह 10 बजे सब्जी मंडी से रैली निकालकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

# नगरोटा बगवां से संचालित होगा 6 जिलों का जीएसटी कार्यालय

## आरएस बाली ने किया शुभारंभ, बोले-क्षेत्र के लिए सम्मान की बात



एचआरटीसी की बस को भी हरी झंडी दिखाई। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**कपिल वासुदेवा, नगरोटा बगवां।** नगरोटा बगवां से प्रदेश के चंबा, कांगड़ा, नूरपुर, हमीरपुर, कुल्लू, लाहौल सपीती 6 जिलों का जीएसटी ऑडिट कार्य नगरोटा बगवां से चलेगा, जो कि नगरोटा बगवा विधानसभा क्षेत्र के लोगों के लिये बड़े सम्मान की बात है ।

यह बाद हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष व पर्यटन विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष (कैबिनेट रैंक) आरएस बाली ने संयुक्त आयुक्त, जीएसटी उत्तरी क्षेत्र के उप कार्यालय, कर लेखा परीक्षा इकाई पालमपुर स्थित नगरोटा बगवां कार्यालय का उद्घाटन करने के दौरान कही। उन्होंने कार्यालय के अधिकारियों, कर्मचारियों और नगरोटा के लोगों को बधाई दी। उन्होंने कहा इस कार्यालय के नगरोटा में खुलने से नगरोटा के विकास को और रफ्तार मिलेगी। उन्होंने कहा कि जिले में पर्यटन कार्यालय खुलने के बाद अब एक और यह नया कार्यालय नगरोटा और कांगड़ा जिला को मिला है जिसके लिए उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री का आभार जताया। उन्होंने कहा 102 अधिकारी कर्मचारी इस कार्यालय में तैनात होंगे जिसमें से 32 कर्मचारी यहां तैनात हो गए हैं। इस से पूर्व संयुक्त आयुक्त राकेश भारतीय ने कार्यालय के कार्य के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। इस उपरांत आरएस बाली ने एचआरटीसी की बस को हरी झंडी दिखाकर लोगों को समर्पित किया। यह बस नगरोटा से वाया नीहुंडा, पधर, चामुंडा और बड़ोह रोड़, चामुंडा जाएगा। उन्होंने लोगों की समस्याओं को भी सुना और उनका निवारण किया।

# नशा तस्कर को आठ साल की सजा, 1 लाख जुर्माना भी लगाया

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला एवं सत्र न्यायालय कांगड़ा स्थित धर्मशाला के विशेष न्यायधीश वक्फ ट्रिब्यूनल जसवंत सिंह की ओर से नशा तस्कर आरोपी के दोष सिद्ध होने पर उसे आठ वर्ष कारावास की सजा सुनाई गई है। इसके साथ ही दोषी को एक लाख जुर्माना लगाया गया है, इसे अदा न करने पर आरोपी को एक वर्ष अतिरिक्त कारावास की सजा काटनी होगी।

दोषी नशा तस्कर निवासी छन्नी वैली कांगड़ा को वर्ष 2020 सहित विभिन्न आधा दर्जन नशा तस्करी के मामलों में संलिप्त पाया गया था, जिसमें दोष सिद्ध होने पर न्यायालय ने उक्त फैसला सुनाया है। मिली जानकारी के अनुसार नौ अगस्त 2020 को पुलिस टीम इंदौरा ने गश्त के दौरान सन्नी कपूर उर्फ हन्नी पुत्र जीत राम निवासी छन्नी, तहसील इंदौरा जिला कांगड़ा से एक बोरू में जांच के दौरान एक इलेक्ट्रोनिक तराजू सहित चूरापोस्त बरामद किया था। पुलिस की ओर से आरंभिक जांच में चूरापोस्त भुक्की को तोलने पर वह 15 किलो 290 ग्राम पाई गई। जिसके आधार पर पुलिस की ओर से पुलिस थाना डमटाल के तहत 108/2020 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर गहन छानबीन की गई।

उक्त की जांच राज्य फोरेंसिक लैब जुंगा शिमला में भी गई, जिसमें चूरापोस्त होने की पुष्टि पाई गई। इतना ही नहीं पुलिस की ओर से मामले की गहनता से जांच पड़ताल करने पर सामने आया कि आरोपी नशा तस्कर अन्य भी आधा दर्जन के करीब मामलों में नामजद था। जिसमें आरोपी के खिलाफ 104/16 एनडीपीएस के तहत 2016, 118/10 एक्साईज एक्ट के तहत 2010, 40/13 एनडीपीएस एक्ट के तहत 2013 में व 65/4 एक्साईज एक्ट के तहत दीनानगर पंजाब में भी दर्ज थी। न्यायालय की ओर से पुलिस थाना डमटाल में दर्ज मामले के आधार पर उक्त सजा सुनाई गई है।

## हैप्पी बर्थडे



भट्टू समूला पालमपुर की हर्षिता को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

## सालगिरह मुबारक



अमृतसर के सागर और धर्मशाला कैंट की कायनात को शादी की सालगिरह पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

# देशभर में अपनी मौजूदगी दिखाएगा एचपीटीडीसी



आईआरसीटीसी के साथ एमओयू को बढ़ाया जाएगा आगे। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** प्रदेश पर्यटन विकास निगम (एचपीटीडीसी) अब पूरे देश में अपनी मौजूदगी दिखाएगा। एचपीटीडीसी के एमडी डॉ. राजीव कुमार ने इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन (आईआरसीटीसी) के चेयरमैन एवं एमडी संजय कुमार जैन से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान जहां दोनों संस्थानों में हुए एमओयू को आगे बढ़ाते हुए दोनों एक दूसरे को बिजनेस बढ़ाने में सहयोग करेंगे। इस दौरान टूरिज्म टीम हेड राहुल हिमालियन, डायरेक्टर (टूरिज्म और मार्केटिंग) और दूसरे सीनियर अधिकारी प्रोमिला गुप्ता, ग्रुप जनरल मैनेजर (टूरिज्म), प्रदीप कुमार धीमान, जनरल मैनेजर (टूरिज्म) भी मौजूद रहे। इस मुलाकात का उद्देश्य कॉर्पोरेशन की ऑक्यूपेंसी बढ़ाने के लिए आईआरसीटीसी के साथ भविष्य में कोलोबोरेशन करना था। इस कोलोबोरेशन से एचपीटीडीसी को को पूरे भारत में अपनी मौजूदगी दिखाने में मदद मिलेगी। आईआरसीटीसीपोर्टल के जरिए एचपीटीडीसी के कार्ड बेचने की संभावना भी तलाशी गई। ऐसे समय में जब एचपीटीडीसी मुश्किल फाइनेंशियल हालात का सामना कर रहा है, ऐसे कदम पूरे भारत में इसकी मौजूदगी बढ़ाने और इसके रेवेन्यू को बढ़ाने में मदद करेंगे।

इन दिनों एमडी एचपीटीडीसी शिमला में हैं ताकि अलग-अलग इंस्टीट्यूशन और कॉर्पोरेट हाउस के साथ टाई-अप के ऑप्शन देख सकें, जिससे इसकी ऑक्यूपेंसी बढ़ाने में मदद मिल सके।

## पुलिस पेंशनर्स ने बैठक की समस्याओं पर किया मंथन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** पुलिस पेंशनर्स वेल्फेयर एसोसिएशन जिला कांगड़ा इकाई की त्रैमासिक बैठक मंगलवार को एसपी कार्यालय कांगड़ा के सभागार में एएसपी कांगड़ा राजेंद्र जसवाल की अध्यक्षता में आयोजित हुई। एसोसिएशन प्रधान मनोज वालिया ने बताया कि पिछली बैठक में उठाए गए मुद्दों की समीक्षा की गई। पेंशनरों ने सेवानिवृत्त पुलिस कर्मियों की मृत्यु पर परिवार को आर्थिक सहायता न मिलने पर चिंता जताई। इस संबंध में पुलिस मुख्यालय शिमला को पत्र भेजा गया है, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। बैठक में गार्ड ऑफ ऑनर लागू करने, पुलिस कैंटीन में सुविधाएं बढ़ाने, लंबित मेडिकल बिल, डीए एरियर और अन्य वित्तीय लाभों के शीघ्र भुगतान की मांग की गई। साथ ही डीआईजी स्तर की बैठक वर्ष में दो बार आयोजित करने और अन्य सुविधाओं में सुधार की मांग भी रखी गई। अधिकारियों ने मांगों को उच्च स्तर पर उठाने का आश्वासन दिया।

# बेही पठियार के अग्निवीर जवान को सैन्य सम्मान के साथ अंतिम विदाई



20 वर्षीय अमनीत की सोमवार को सड़क हादसे में हुई थी मौत। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**कोटला।** जिला कांगड़ा के उपमंडल जवाली की पंचायत बेही पठियार के 20 वर्षीय अग्निवीर जवान अमनीत की सोमवार शाम सड़क हादसे में दुखद मौत हो गई। अमनीत पुत्र बलवंत सिंह छुट्टी समाप्त होने के बाद अपनी यूनिट ज्वॉइन करने जा रहे थे। इसी दौरान जौंटा के समीप बाइक हादसे का शिकार हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से नूरपुर अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। अमनीत डोगरा रेजिमेंट में तैनात थे और वर्तमान में हैदराबाद में सेवाएं दे रहे थे। वह अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था तथा उनकी दो बहनें हैं। मंगलवार को सेना के जवान अमनीत का पार्थिव शरीर घर लेकर पहुंचे, माहौल गमगीन हो गया। सैन्य सम्मान के साथ जवान को अंतिम विदाई दी गई। उनके भाई ने मुखाग्नि दी। अंतिम यात्रा में 8 जेएकेएलआई, 100 फील्ड रेजिमेंट, सीएमपी के जवानों सहित कई सैन्य अधिकारी और जवान मौजूद रहे। प्रशासन की ओर से नायब तहसीलदार वीर सिंह, एएसआई बलविंदर सिंह तथा पूर्व सैनिक कैप्टन चुन्नी लाल, कैप्टन प्रताप सिंह, कैप्टन अश्वनी कुमार, सूबेदार मेजर चूहड़ राम और एक्स सर्विसमैन लीग के अध्यक्ष एवं डिप्टी डायरेक्टर जितेंद्र पाल मौजूद रहे।

## पुलिस ने 5.59 ग्राम चिट्टे के साथ दो युवक किए गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** जिला कांगड़ा पुलिस ने नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सोमवार रात गश्त के दौरान 5.59 ग्राम चिट्टा (हेरोइन) बरामद किया। गुप्त सूचना के आधार पर जिला कांगड़ा पुलिस की विशेष टीम ने रोडी (खलेट) स्थित स्ट्रीट लाइट के पास दो युवकों को संदिग्ध स्थिति में पाया, जो नशीला पदार्थ बेचने की फिराक में थे। विशेष टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए मौके पर मुनीश कुमार उर्फ काका (23), निवासी गांव घुग्गर, वार्ड नंबर 10, तहसील पालमपुर और मुनीश कुमार (27), निवासी बीड़ बगेहड़ा, वार्ड नंबर 4, तहसील सुजानपुर, जिला हमीरपुर को गिरफ्तार किया। दोनों आरोपियों के पास से 5.59 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया। इस मामले में पुलिस थाना पालमपुर में अभियोग संख्या 21/26 के तहत धारा 21 और 29 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपियों के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई जारी है। जिला कांगड़ा पुलिस ने नशे के खिलाफ अपना अभियान जारी रखने का संकल्प लिया है और इस तरह के अवैध कारोबार में लिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि नशे के सौदागरों के बारे में किसी भी प्रकार की सूचना देने के लिए पुलिस से संपर्क करें, आपकी पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी।

# धर्मशाला में जायका सहायता प्राप्त कृषि परियोजनाओं की प्रथम राष्ट्रीय कार्यशाला शुरू

## कृषि मंत्री प्रो. चंद्र कुमार ने किया कार्यशाला का शुभारंभ



तीन दिवसीय कार्यशाला में 300 से अधिक विशेषज्ञ ले रहे हिस्सा। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला कांगड़ा मुख्यालय धर्मशाला में हिमाचल प्रदेश फसल विविधीकरण प्रोत्साहन परियोजना की ओर से 'सतत कृषि एवं कृषि-व्यवसाय विकास' विषय पर जायका सहायता प्राप्त कृषि परियोजनाओं की प्रथम राष्ट्रीय कार्यशाला मंगलवार को आरंभ हुई। कृषि मंत्री प्रो. चंद्र कुमार ने कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए कहा कि परियोजना के पहले चरण में ग्रामीण क्षेत्रों में कई समूह बनाए गए हैं और अब दूसरे चरण में योजना को और अधिक गांवों तक फैलाने का लक्ष्य रखा गया है।

इस परियोजना का द्वितीय चरण 1,010 करोड़ रुपए की लागत से जुलाई 2021 से 2029 तक चलाया जा रहा है, और यह अपनी आधी अवधि पूर्ण कर चुका है। परियोजना के तहत 296 उप-परियोजनाओं के माध्यम से 8,000 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में सिंचाई प्रणालियों का निर्माण किया जाएगा, जिससे लगभग 30,000 परिवारों को लाभ मिलेगा। इसके अलावा, लगभग 7,000 हेक्टेयर क्षेत्र में फसल विविधीकरण को बढ़ावा दिया जाएगा। पहले चरण में 321 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं। कृषि मंत्री ने कहा कि हिमाचल में सदियों से चली आ रही कूहले सिंचाई पद्धति की दुर्दशा हुई है, जिसे पुनः सुचारु बनाने की आवश्यकता है। कार्यशाला में देशभर से 300 से अधिक विशेषज्ञ, अधिकारी, कृषि उद्यमी, प्रगतिशील किसान और अन्य हितधारक भाग ले रहे हैं।

## होली महोत्सवः कलाकारों के ऑडिशन संपन्न

**अजय पाल, अनंत ज्ञान, पालमपुर।** प्रसिद्ध राज्य स्तरीय पालमपुर होली महोत्सव 2026 के सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए कलाकारों का चयन प्रक्रिया आज आयोजित की गई। इस ऑडिशन में 199 कलाकारों ने स्वर परीक्षा दी और अपनी कला का प्रदर्शन किया। निर्णायक मंडल में कला और मीडिया जगत की अनुभवी हस्तियों ने गायन, नृत्य और अन्य कला विधाओं में कलाकारों की परख की। कलाकारों का उत्साह देखने योग्य था, क्योंकि विभिन्न जिलों से कलाकार अपनी प्रस्तुतियों के साथ पहुंचे। चयनित कलाकारों को होली महोत्सव की सांस्कृतिक संध्याओं में मंच पर प्रस्तुति देने का अवसर मिलेगा।

## सिरमौर ने क्वार्टर फाइनल में बनाई जगह

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** जिला कांगड़ा वॉलीबाल संघ की ओर से शाहपुर स्कूल के खेल मैदान में राज्य स्तरीय वॉलीबाल (लड़के और लड़की) प्रतियोगिता करवाई जा रहै है। 24 फरवरी को सिरमौर और ऊना के बीच लड़कों के हुए मुकाबले में सिरमौर ने ऊना को 3-0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में पहुंचा। वहीं, शिमला ने सोलन को 3-1से हराकर क्वार्टर फाइनल में पहुंचा। कांगडा ने मंडी को 3-1 से हराकर क्वार्टर फाइनल में पहुंचा । लड़कियों के वर्ग में सोलन व कुल्लू के बीच तथा शिमला मंडी के बीच सेमीफाइनल मुकाबला होगा ।

## पठानिया ने की विकास कार्यों की समीक्षा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने आज वन विभाग परिसर धर्मशाला में विभिन्न विकास कार्यों और परियोजनाओं की समीक्षा की। बैठक में ईको-टूरिज्म स्थलों करेरी, रिडकमार और सतोवरी के कार्यों की स्थिति पर चर्चा की गई, साथ ही जाईका, केएफडब्ल्यू और आईडीपी परियोजनाओं की प्रगति की भी समीक्षा की गई। विशेष रूप से, उन्होंने बनखंडी में बन रहे दुर्गेश अरण्य जूलॉजिकल पार्क की 619 करोड़ रुपये की लागत से चल रही निर्माण प्रक्रिया की जानकारी दी। इस परियोजना से कांगड़ा जिले में पर्यटन को नई दिशा मिलेगी और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। साथ ही, करेरी झील ट्रेक के विकास हेतु 50 लाख रुपये की योजना भी बनाई गई है।

# कबाड़ से कमालः फतेहपुर स्कूल के छात्र लक्ष्मण ने तैयार किया वर्किंग मॉडल



ऑटोमोबाइल के छात्र ने 'वेस्ट टू बेस्ट' की मिसाल पेश कर बटोरी सराहना। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**रविंद्र चौधरी, फतेहपुर।** कांगड़ा जिले के राजकीय मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल फतेहपुर के बारहवीं कक्षा में पढ़ने वाले ऑटोमोबाइल विषय के छात्र लक्ष्मण ने कबाड़ और पुराने वाहनों के पार्ट्स से एक अनोखा वर्किंग मॉडल तैयार कर सबका ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया है।

यह उपकरण ट्रैक्टर की तरह दिखता भी है और चलता भी है। खास बात यह है कि यह पेट्रोल से संचालित होता है और पूरी तरह कार्यशील है। लक्ष्मण ने पुराने इंजन पार्ट्स, बेकार पड़ी धातु सामग्री और अन्य अनुपयोगी ऑटो पार्ट्स को एकत्र कर उन्हें नई संरचना में ढालते हुए यह मॉडल तैयार किया। उनका कहना है कि यदि विद्यार्थियों को सही मार्गदर्शन और प्रयोग का अवसर मिले तो वे कबाड़ से भी उपयोगी और नवाचारी उपकरण बना सकते हैं। यह प्रयास 'वेस्ट टू बेस्ट' की अवधारणा को साकार करता है और पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश देता है। ऑटोमोबाइल के शिक्षक रविंद्र सिंह ने बताया कि छात्र ने अपनी मेहनत और लगन से इस मॉडल को तैयार किया है, जो अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा बनेगा। विद्यालय स्टाफ एवं शिक्षक युद्धबीर, नरदेव सिंह, पंकज, नीतू शर्मा, मनजीत कौर और पूजा चौधरी ने भी छात्र की इस उपलब्धि की सराहना की।

## विधायक किशोरी ने उत्कृष्ट विद्यार्थी किए सम्मानित

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** पंडित संत राम राजकीय महाविद्यालय बैजनाथ में मंगलवार को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। विधायक किशोरी लाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और दीप प्रज्वलन कर समारोह का शुभारंभ किया। उन्होंने अपने संबोधन में प्रदेश सरकार की शिक्षा नीति की सराहना करते हुए कहा कि राज्य सरकार विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण और रोजगारोन्मुख शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने महाविद्यालय में एम.ए. के छह विषयों की शुरुआत को क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। विधायक ने महाविद्यालय में बॉक्सिंग रिंग निर्माण और सड़कों के सुधारीकरण की घोषणा भी की। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय में लगभग 14 लाख रुपये की लागत से बॉक्सिंग रिंग बनकर शीघ्र ही तैयार किया जाएगा। इस दौरान महाविद्यालय के प्रधानाचार्य प्रदीप कोंडल ने शैक्षणिक, खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए और 11 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की।

# बीड़-बिलिंग बनेगा इंटरनेशनल साइक्लिंग हब

## 26-28 तक आयोजित होगी यूसीआई माउंटेन बाइकिंग स्पर्धा

अनंत ज्ञान

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** हिमाचल प्रदेश की विश्वप्रसिद्ध बीड़-बिलिंग घाटी, जो अब तक पैराग्लाइडिंग के लिए जानी जाती रही है, एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी पहचान मजबूत करने जा रही है। इस बार यहां 26 से 28 फरवरी तक यूसीआई अंतरराष्ट्रीय माउंटेन बाइकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस प्रतियोगिता का आयोजन यूनाइटेड साइक्लिंग कंसलटेंट और बिलिंग पैराग्लाइडिंग एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। खास बात यह है कि इस इवेंट को साइक्लिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया और इंडियन ओलंपिक काउंसिल से सैद्धांतिक मान्यता भी मिल चुकी है, जिससे इसकी प्रतिष्ठा और बढ़ गई है।

### आठ देशों के प्रतिभागी दिखाएंगे दमखम

इस प्रतियोगिता में जापान, मलेशिया, थाईलैंड, कजाकिस्तान और इंडोनेशिया सहित कुल आठ देशों के साइकिलिस्ट हिस्सा लेंगे। इसके अलावा आईटीबीपी, भारतीय सेना और भारतीय वायु सेवा के प्रतिभागी भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। यह पहली बार होगा जब कांगड़ा जिले की इस घाटी में इतने बड़े स्तर पर अंतरराष्ट्रीय साइक्लिंग प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता को पूरी तरह अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार आयोजित किया जाएगा। इसमें डोप टेस्ट जैसी प्रक्रियाएं भी प्रतियोगिता से पहले लागू की जाएंगी, जिससे पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित होगी।

### कांग्रेस जिलाध्यक्ष करेंगे शुभारंभ

**प्रतियोगिता** का शुभारंभ 26 फरवरी को सुबह 9 बजे फ्लैग ऑफ के साथ होगा, जिसे बिलिंग पैराग्लाइडिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष अनुराग शर्मा द्वारा किया जाएगा। समापन समारोह में प्रदेश के युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री यादवेंद्र गोमा विजेताओं को सम्मानित करेंगे। इस अवसर पर स्थानीय विधायक किशोरी लाल भी मौजूद रहेंगे। बीड़-बिलिंग में इससे पहले भी हिल रेस और एमटीबी साइक्लिंग प्रतियोगिताएं आयोजित की जा चुकी हैं, लेकिन इस बार का आयोजन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक नया कीर्तिमान स्थापित करने जा रहा है।

# डाडासीबा बस स्टैंड पर स्वच्छता व्यवस्था चरमराई, 15 दिनों से नहीं उठाया कूड़ा



डाडासीबा बस स्टैंड पर डस्टबिन में पड़ा कूड़ा। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**पिंकी, डाडासीबा।** पंचायतों को स्वच्छ और प्लास्टिक मुक्त बनाने के उद्देश्य से विभिन्न स्थानों पर डस्टबिन लगाए गए थे, लेकिन डाडासीबा बस स्टैंड पर डस्टबिन पिछले 15 दिनों से पूरी तरह भरा हुआ है। इसके कारण प्लास्टिक की बोतलें और थैलियां बाहर फैलने लगी हैं, जिससे बस स्टैंड परिसर में गंदगी और बदबू का माहौल बन गया है। स्थानीय दुकानदारों और यात्रियों का कहना है कि रोजाना सैकड़ों लोग यहां से गुजरते हैं, और फैली गंदगी से असुविधा और स्वास्थ्य पर खतरा बढ़ रहा है। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से जल्द से जल्द डस्टबिन को खाली करने और नियमित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है। इस पर ब्लॉक प्रागपुर के बीडीओ अशोक कुमार ने आश्वासन दिया कि कूड़ा शीघ्र उठाया जाएगा और नियमित सफाई की व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाएगा। व्यापार मंडल के प्रधान राजेंद्र सिंह गोगा ने ठेकेदार से भी कूड़ा उठाने की नियमित निगरानी की अपील की है ताकि बस स्टैंड साफ और व्यवस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### दड़योटा में कल छिंज मेले में पहलवान दिखाएंगे जौहर

**अनंत ज्ञान, भोटा।** दड़योटा छिंज मेला 26 फरवरी को आयोजित किया जाएगा। इस छिंज मेले में उत्तरी भारत के पांच प्रसिद्ध अखाड़ों के पहलवान अपना अपना जौहर दिखाएंगे। छिंज मेले में दो मालियां रखी गई हैं। मेले में अपराह्न 12.30 बजे के बाद पहलवानों की कोई एंट्री नहीं की जाएगी। 40 वर्ष से ऊपर आयु वाले पहलवान इस छिंज मेले में भाग नहीं ले सकेंगे। यह जानकारी छिंज कमेटी के प्रधान किशोर चंद शर्मा ने दी।

### आंगनबाड़ी व क्रैच पदों के लिए आवेदन आमंत्रित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** बाल विकास परियोजना टौणी देवी के तहत पटनौण पंचायत (आंगनबाड़ी केंद्र बरैहडू) में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा ग्राम पंचायत पंधेड़ (केंद्र पंधेड़ व रजियार) में आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पदों के लिए पात्र महिलाओं से 20 मार्च शाम 5 बजे तक सीडीपीओ कार्यालय टौणी देवी में आवेदन मांगे गए हैं। सीडीपीओ कुलदीप सिंह चैहान ने बताया कि आयु 18-35 वर्ष तथा न्यूनतम योग्यता बारहवीं पास निर्धारित है। परिवार की वार्षिक आय 50 हजार रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए। भर्ती 25 अंकों के आधार पर होगी। वहीं, ग्राम पंचायत भरनांग के ब्रह्मणी केंद्र में क्रैच कार्यकर्ता (12वीं पास) व सहायिका (10वीं पास) पद भी भरे जाएंगे। साक्षात्कार 24 मार्च को एसडीएम कार्यालय हमीरपुर में होगा।

### दीपक चौहान बने टैक्सी यूनियन के प्रधान



**अनंत ज्ञान, भोटा।** नगर पंचायत भोटा में देवभूमि टैक्सी ऑपरेटर यूनियन का चुनाव हुआ। दीपक चौहान को प्रधान, जितेंद्र लवली को उपप्रधान, अमित धीमन को सचिव, करण ठाकुर को कोषाध्यक्ष व आशीष दत्याल को सलाहकार चुना गया। दीपक चौहान ने कहा कि वह सरकार से मांग करेंगे कि भोटा बस स्टैंड के साथ टैक्सी यूनियन को स्थाई पार्किंग मिले तथा प्राइवेट गाड़ियों को सवारियां ले जाने में अंकुश लगे।

### विद्यार्थियों से किया नशे से दूर रहने का आह्वान

**अनंत ज्ञान, धनेटा।** राजकीय महाविद्यालय घनेटा में नशा विरोधी दिवस के अवसर पर जागरुकता अभियान एवं योग साप्ताहिक शिविर के पांचवें दिन विभिन्न योग क्रियाओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र घनेटा के प्रभारी डॉ. मदन सिंह मुख्य अतिथि रहे, जबकि प्राचार्य डॉ. ज्ञान चंद राणा ने उनका स्वागत किया। डॉ. सिंह ने विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए इससे दूर रहने का संदेश दिया। भाषण प्रतियोगिता में शिवानी प्रथम, वंदना द्वितीय और रितिका तृतीय रहीं। पोस्टर मेकिंग में भी विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

### तकनीकी विवि में केंद्रीय बजट पर पैनल चर्चा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर में मंगलवार को प्रबंधन विभाग द्वारा केंद्रीय बजट-2026 पर पैनल चर्चा आयोजित की गई। कार्यक्रम में टिक्कम राम ठाकुर, डॉ. अनिल शर्मा, अनिल शर्मा (चेयरमैन, आईसीएमएआई शिमला चैप्टर) और सीए हनीश शर्मा ने विशेषज्ञ के रूप में भाग लिया। अध्यक्षता अधिष्ठाता शैक्षणिक डॉ. राजेश शर्मा ने की। चर्चा दो सत्रों में हुई, जिसमें पहले सत्र में एमबीए विद्यार्थियों को बजट के प्रमुख बिंदु समझाए गए और दूसरे सत्र में प्रश्नोत्तर हुआ। इस अवसर पर राकेश सुखेजा, तकनीकी विवि के एमबीए विभाग के प्राध्यापक डॉ. मनीष खन्ना, डॉ. शुभम, अमित कुमार आदि उपस्थित रहे।

### जोल सप्पड़ में ऋण जागरुकता शिविर आयोजित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम कांगड़ा ने जोल सप्पड़ पंचायत के सोहरी गांव में ऋण जागरुकता शिविर आयोजित किया। शिविर में निगम के उपाध्यक्ष डॉ. मोहन लाल ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। उन्होंने बताया कि निगम का उद्देश्य पिछड़े वर्गों के आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक उत्थान को बढ़ावा देना है। स्वरोजगार के लिए पात्र व्यक्तियों को 10 लाख रुपए तक का टर्म लोन और शिक्षा ऋण उपलब्ध कराया जाता है। बीपीएल परिवारों की महिलाओं को स्वर्णिमा योजना के तहत 1 लाख तक का ऋण भी दिया जाता है।

# सड़क निर्माण शुरू होते ही गड़बड़ी एसडीओ ने दौरा कर रुकवाया काम

## आठ किलोमीटर रंगस-जीहण सड़क पर खर्च होंगे 8.50 करोड़ रुपए

अनंत ज्ञान




डाला जा रहा मटेरियल सवालों के घेरे में आया। अनंत ज्ञान

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर।** नादौन विधानसभा क्षेत्र में रंगस-जीहण सड़क को 'इंटरमीडिएट रोड' में बदलने के लिए निर्माण अभी शुरू हुआ ही था, लेकिन शुरुआती दौर में ही काम में गुणवत्ता पर सवाल खड़े हुए।

अधिकारियों से शिकायत हुई तो एसडीओ मौके पर पहुंचे और अब मंगलवार को काम बंद रहा। काम की गुणवत्ता में सबसे अहम चीज यह थी कि सड़क के दोनों और जो 'ट्रेंच' बनाई जा रही थी, उसकी खुदाई के बाद उसके भीतर जो सामग्री डाली जानी थी, सवाल उस पर था। इसीलिए विभाग के अधिकारी ने मौके पर पहुंचकर काम रुकवा दिया। उनका साफ कहना था कि जिन मापदंडों के तहत ठेका आवंटित हुआ है, उसी के तहत काम होगा। दर असल में ठेका आवंटित होने के तुरंत बाद ही सोमवार से काम शुरू हो गया था। एसडीओ पंकज कौशल का कहना है कि उन्होंने मौके का दौरा किया है और काम अप टू द मार्क नहीं हो रहा था, इसीलिए साइट इंजीनियर जेई को कह दिया गया है कि नियमों के तहत सारा काम करवाएं। एक्सईएन राजेंद्र कुमार का कहना है कि जो काम चल रहा था उसमें मापदंडों का ख्याल नहीं रखा जा रहा था। इसलिए संबंधित ठेकेदार को कह दिया गया है। मौके पर एसडीओ गए थे और शिकायत सही निकली है।

### क्या-क्या होना है सड़क निर्माण में

**रंगस**-जीहण सड़क मार्ग को 'इंटरमीडिएट' दर्जा देने के लिए चौड़ा किया जा रहा है, जिसके लिए नाबार्ड से 8.50 करोड़ का बजट स्वीकृत हुआ है। सड़क की चौड़ाई 3.5 मीटर से बढ़ाकर 5.5 मीटर की जाएगी। हालांकि, काम में लापरवाही पाए जाने और सामग्री की गुणवत्ता पर सवाल उठने के बाद विभागीय अधिकारियों तक शिकायत पहुंची। 150 एमएम आकार की सामग्री ट्रेंच में डालने में गुणवत्ता मानकों का पालन नहीं किया जा रहा था, जिसके कारण कार्रवाई की संभावना है।

### होली मेले को लेकर निभाई झंडा रस्म



**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** राष्ट्र स्तरीय होली मेला के शुरू होने से पहले मंगलवार को सुजानपुर में होली मेला के सफल आयोजन के लिए झंडा रस्म आयोजित की गई। इस अवसर पर देवी मां की पूजा अर्चना की गई। सुजानपुर में महाराजा संसार चंद के समय से यह प्रथा चलती आ रही है। शहर के ऊपरले बाजार में डोगरा खानदान, जबकि निचले बाजार में पवारी खानदान द्वारा वर्षों से यह प्रथा निभाई जा रही है। पवारी खानदान से रस्म निभाने वाले अजय पवारी ने बताया कि उनके पूर्वजों के समय से यह प्रथा चलती आ रही है।

### होली उत्सव : हथियारों पर रहेगा पूर्ण प्रतिबंध

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** सुजानपुर में एक से चार मार्च तक आयोजित होने वाले राष्ट्र स्तरीय होली उत्सव के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए नगर परिषद क्षेत्र में हथियारों, गोला-बारूद और घातक हथियारों पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। जिलाधीश गंधर्वा राठौड़ ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत यह आदेश जारी किया। उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस, होमगार्ड और सुरक्षा कर्मचारियों पर यह प्रतिबंध लागू नहीं होगा।

### 170 लोक कलाकारों ने दिया ऑडिशन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राष्ट्र स्तरीय होली उत्सव सुजानपुर-2026 की चारों सांस्कृतिक संध्याओं में स्थानीय लोक कलाकारों को अधिक से अधिक समय दिया जाएगा। इन सांस्कृतिक संध्याओं के लिए लोक कलाकारों के चयन हेतु यहां बचत भवन में करवाए जा रहे ऑडिशन के दूसरे दिन मंगलवार को जिला हमीरपुर के लगभग 170 लोक कलाकारों ने भाग लिया। जिला भाषा अधिकारी एवं ऑडिशन कमेटी के अध्यक्ष संतोष कुमार पटियाल ने बताया कि ऑडिशन के आखिरी दिन बुधवार को हिमाचल प्रदेश के अन्य जिलों के लोक कलाकारों के ऑडिशन लिए जाएंगे।

### महिलाओं के लिए आयोजित होंगी कई गतिविधियां

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राष्ट्र स्तरीय होली उत्सव सुजानपुर-2026 में ग्रामीण महिलाओं की सक्रिय भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए कई गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। उपायुक्त गंधर्वा राठौड़ ने बताया कि इन गतिविधियों का उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से सशक्त बनाना है। पहले दिन रंगोली और मेहंदी प्रतियोगिताएं, दूसरे दिन लैमन रेस, जूट बैग रेस और सामूहिक लोकनृत्य 'झमाकड़ा' का आयोजन होगा। तीसरे दिन म्यूजिकल चेयर, मटका फोड़ और रस्साकशी प्रतियोगिताएं करवाई जाएंगी, जिसमें विजेता टीम को 51 हजार रुपए का नकद ईनाम मिलेगा। पंजीकरण 25 फरवरी तक संबंधित खंड विकास अधिकारी कार्यालय में किया जा सकता है।

### जुपिटर ग्रुप में 48 युवाओं का चयन

**अनंत ज्ञान, नादौन।** सौर ऊर्जा क्षेत्र की अग्रणी कंपनी जुपिटर ग्रुप ने नादौन में डीईटी और आईटीआई कार्यकारी पदों के लिए इंटरव्यू लिए। रोजगार कार्यालय, नादौन में आयोजित इस प्रक्रिया में 76 उम्मीदवारों ने भाग लिया, जिनमें से 48 का चयन किया गया। इंटरव्यू पैनल में अजय (प्रोडक्शन हेड), कुलदीप शर्मा (एचआर हेड), और मुनीश परमार (प्लांट हेड) शामिल थे। मुनीश परमार ने कहा कि जुपिटर ग्रुप योग्य और उत्साही युवाओं को अवसर देने के लिए प्रतिबद्ध है। कंपनी नवाचार और उत्कृष्टता में अग्रणी है और रोजगार कार्यालयों के माध्यम से योग्य उम्मीदवारों को जोड़ने का प्रयास कर रही है।

### 250 युवाओं ने करवाया पंजीकरण

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद अनुराग सिंह ठाकुर द्वारा संचालित युवा चेंज मेकर पंजीकरण अभियान के तहत ढटवाल मंडल में युवाओं का उत्साह देखते ही बनता था। मंडल अध्यक्ष पंकज डटवालिया की अध्यक्षता में 250 युवाओं ने अभियान से जुड़कर अपना पंजीकरण कराया। इस अभियान का उद्देश्य युवाओं की सक्रिय भागीदारी को बढ़ावा देना और सकारात्मक परिवर्तन की दिशा में काम करना है। युवा मोर्चा जिला महामंत्री सहित अन्य कार्यकर्ता इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

### खबर छपते ही बिजली और जलशक्ति विभाग ने लिया संज्ञान

# टीम के पहुंचने से पहले ही बिजली कनेक्शन हटाया

अनंत ज्ञान

**एसके ठाकुर, बड़सर।** अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र में छपने के बाद बिजली और जल शक्ति विभाग हरकत में आया है। मंगलवार को समाचार छपते ही बिजली विभाग की टीम के मौके पर पहुंचने से पहले ही शातिर लोगों ने बिजली कनेक्शन वहां से हटा दिया था। जब विभाग को इस सारे एपिसोड के वीडियो फोटोग्राफ्स दिए गए तो विभाग ने करवाई अमल में लाते हुए छानबीन शुरू कर दी है।

अनंत ज्ञान **खबर का असर**

जल शक्ति विभाग ने भी मौके पर टीम भेजकर हैंडपंप से निर्माण के लिए लगाई गई पेयजल पाइप को हटा दिया गया है। गौर रहे कि पपलोहल ओवरहेड टैंक निर्माण के लिए निर्माण कंपनी ने हैंडपंप के लिए स्थापित मीटर से कनेक्शन लेकर अपना काम सस्ते में चल रहा था, जबकि नियमों के अनुसार किसी प्रकार के कमर्शियल कार्य के लिए या तो विभाग से टेंपरेरी मीटर लगवाना पड़ता है, जिसकी यूनिट का रेट 10 से 15 रुपए प्रति यूनिट पड़ती है। इस संदर्भ में जल शक्ति विभाग के कनिष्ठ अभियंता अनिल धीमान का कहना है विभाग ने लोगों से कहा है कि ग्रामीणों के लिए स्थापित पेयजल हैंड पंप का मिसयूज न होने दें। यह जो हैंडपंप सरकार द्वारा लाखों रुपए खर्च करके स्थापित किए जाते हैं, ताकि लोगों को पेयजल समस्या न हो। अगर दोबारा ऐसी कोई शिकायत विभाग को पता लगता है, तो ऐसे में हैंडपंप को सील कर दिया जाएगा।

उधर, एसडीओ बिजली विभाग यासीन भारद्वाज का कहना है कि विभागीय टीम मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल में जुटी हुई है, अगर हैंडपंप के मीटर से बिजली का कनेक्शन लिया होगा तो ऐसे में जितने टाइम उन्होंने बिजली का यूज की होगी, उससे दोगुना ज्यादा जुर्माना लिया जाएगा। कंपनी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई जाएगी।

### भाजपा प्रदेश के विकास में असमर्थ रही, जनता सब जानती : सुभाष



**अनंत ज्ञान, बड़सर।** जन संपर्क अभियान कार्यक्रम के तहत कांग्रेस नेता सुभाष ढटवालिया ने ग्राम पंचायत ज्योली देवी का दौरा किया। इस दौरान ग्रामीणों को केन्द्र सरकार द्वारा मनरेगा विरोधी कानून से अवगत करवाया।

ढटवलिया ने भाजपा तथा भाजपा के नेताओं पर तंज कसते हुए कहा कि भाजपा एक ऐसी पार्टी बनकर रह गई है जो प्रदेश के लोगों के उत्थान करवाने में कम तथा अपना विकास करने में ज्यादा रोल अदा करती है भाजपा की करनी और कथनी से प्रदेश की जनता अब समझ चुकी है ,आने वाले पंचायत चुनाव में जनता इसका जवाब कांग्रेस समर्थित उम्मीदवारों को जिताकर पंचायत प्रतिनिधि बनाकर बखूबी जवाब देगी। इस अवसर पर ढटवालिया ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। अधिकतर समस्याओं का मौके पर निपटारा किया गया।

### बमसन की 24 पंचायतों के वार्डों के परिसीमन के प्रारूपों पर आपत्तियां या सुझाव पहली मार्च तक दें

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** विकास खंड बमसन (टौणी देवी) की पंचायत समिति के 15 वार्डों और इनके अंतर्गत आने वाली 24 ग्राम पंचायतों के वार्डों के परिसीमन के प्रारूप प्रकाशित कर दिए गए हैं। अधिसूचना जारी करते हुए एसडीएम हमीरपुर संजीत सिंह ने बताया कि ग्राम पंचायतों और पंचायत समिति के वार्डों के परिसीमन के प्रारूप पर अगर किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो या फिर वह अपना कोई सुझाव देना चाहता है तो इन्हें पहली मार्च तक खंड विकास अधिकारी कार्यालय टौणी देवी या एसडीएम कार्यालय हमीरपुर में प्रस्तुत किया जा सकता है।

परिसीमन के प्रारूप के अनुसार विकास खंड बमसन में 24 ग्राम पंचायतें हैं। इन पंचायतों में बजरोल, खनौली, भेरड़ा, उटपुर, कक्कड़, चारियां दी धार, जंदड़ू, पुरली, भटेड़, पौहंज, गवारडू, उहल, लग-कढ़ियार, बारीं, टपरे, पटनौण, सिकांदर, करियाली, नाड़सीं, दरोगण पत्ती कोट, बराड़ा, समीरपुर, बगवाड़ा और पंजोत शामिल हैं। इन 24 ग्राम पंचायतों को पंचायत समिति के 15 वार्डों में बांटा गया है। इस पंचायत समिति की कुल जनसंख्या 33,944 है।

# बिझड़ी-घोड़ीधबीरी सड़क पर ट्रक के फंसने से लगा लंबा जाम

## 2 घंटे यातायात रहा प्रभावित, स्कूली बच्चों को करना पड़ा दिक्कतों का सामना

अनंत ज्ञान

**बड़सर।** बिझड़ी-घोड़ीधबीरी सड़क पर गर्ल्स स्कूल के पास ट्रक के फंसने से 2 घंटे तक यातायात बाधित रहा। पंजाब नंबर का एक ट्रक सरिया लेकर पहुंचा था।

सुबह सवेरे ट्रक चालक ने तंग मोड पर वाहन को मोड़ने का प्रयास किया, लेकिन बीचो-बीच फंस गया। इसके बाद सड़क के दोनों तरफ वाहनों का लंबा जाम लग गया। इस कारण स्कूली बच्चों और लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। इसके बाद जेसीबी से ट्रक को निकाला गया।

हालांकि, छोटे वाहन चालक पुरानी सड़क से होकर अपने वाहनों को निकालने के प्रयास करते दिखे, लेकिन अतिक्रमण के चलते सिकुड़ चुकी इस सड़क के कारण लोगों को भारी परेशानियां उठानी पड़ी। एएसआई पुलिस सहायता कक्ष बिझड़ी मनोज कुमार के मुताबिक ट्रक फंसने के कारण कुछ देर तक यातायात बाधित रहा, जिसे जेसीबी की सहायता से निकाल लिया गया है।



ट्रक के फंसने के कारण पैदल स्कूल जाते बच्चे। अनंत ज्ञान

# नादौन क्षेत्र में विद्यार्थियों की संदिग्ध गतिविधियों पर एसडीएम सख्त

## शिक्षण संस्थानों, पुलिस व नगर परिषद को जारी किए निर्देश

अनंत ज्ञान

**नादौन।** नादौन क्षेत्र में विद्यार्थियों में बढ़ रही संदिग्ध गतिविधियों की शिकायतों को लेकर एसडीएम नादौन निशांत शर्मा ने कड़ा संज्ञान लेते हुए सभी शिक्षण संस्थानों, पुलिस, नगर परिषद एवं खाद्य आपूर्ति विभाग को सख्त निर्देश जारी किए हैं, ताकि संदिग्ध गतिविधियों पर अंकुश लगाया जा सके। स्कूल व कॉलेजों को जारी निर्देशों में कहा कि नादौन क्षेत्र में गुरुद्वारा से मोक्ष धाम, ध्यानु भगत समाधि, पतन बाजार और ब्यास नदी तट सहित आसपास के क्षेत्रों में स्कूल-कॉलेज समय के दौरान छात्र-छात्राएं अनावश्यक रूप से घूमते पाए जा रहे हैं। इससे नशे की आपूर्ति और अन्य असामाजिक गतिविधियों की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।

प्रशासन ने विद्यार्थियों में चिट्टा व अन्य नशों के बढ़ते प्रचलन को गंभीर सामाजिक चुनौती बताया है। शिक्षण संस्थानों को प्रत्येक कक्षा के लिए एक अध्यापक को नोडल अधिकारी नियुक्त करने, अभिभावकों के व्हाट्सएप ग्रुप बनाने, नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा अनुशासन, नैतिक मूल्यों और नशा निवारण पर समय-समय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं।

### दुकानों में अनधिकृति कैबिन हटाए जाएं

**एसडीएम** नादौन ने नगर परिषद नादौन को निर्देश दिए कि निरीक्षण के दौरान कुछ होटल व फास्ट फूड दुकानों की दूसरी मंजिल पर बनाए गए छोटे कैबिन अवैध प्रतीत हुए, जहां स्कूल-कॉलेज के छात्र-छात्राएं युगल में बैठे पाए गए। इसे सुरक्षा व सामाजिक दृष्टि से चिंताजनक बताते हुए संबंधित दुकानदारों पर नियमानुसार कार्रवाई कर तीन दिन में फोटो सहित रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा गया है।

**एसडीएम ज्वालामुखी को भी लिखा पत्र :** एसडीएम ने ज्वालामुखी के एसडीएम को भी एक पत्र लिखा है, जिसमें कहा कि नादौन के साथ लगते मझीण चौक, मझीण, भड़ोली, आधे दी हट्टी, कुटियारा आदि नादौन के साथ लगते क्षेत्र जो ज्वालामुखी सब डिविजन के अधीन आते हैं। इन क्षेत्रों के सरकारी व निजी स्कूल कॉलेजों में शिक्षा ग्रहण कर रहे कई विद्यार्थी नादौन क्षेत्र में युगल में घूमते पाए जाते हैं। इन क्षेत्रों के शिक्षण संस्थानों को उचित दिशा निर्देश जारी किए जाएं।

### निगम में शामिल हुए नए क्षेत्रों में भवन निर्माण के लिए अनुमति जरूरी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** नगर निगम हमीरपुर के आयुक्त राकेश शर्मा ने बताया कि हमीरपुर में निगम के गठन के बाद हमीरपुर शहर के साथ लगते 94 राजस्व गांवों को भी निगम में शामिल किया जा चुका है। निगम में शामिल होने के बाद इन नए क्षेत्रों में नगर एवं ग्राम नियोजन (टीसीपी) अधिनियम 1977 की धारा 16, 28, 29, 30, 31, 34, 37, 38, 39, 39 ए, 39 बी, 39 सी, 79, 81 और 83 ए की शक्तियों को भी निगम के आयुक्त को स्थानांतरित कर दिया गया है। राकेश शर्मा ने बताया कि अब इन क्षेत्रों में किसी भी भवन का निर्माण कार्य शुरू करने से पहले निगम की स्वीकृति अनिवार्य है। इसके अलावा नए व पुराने भवनों में बिजली, पानी और सीवरेज की सुविधा प्राप्त करने के लिए भी निगम से अनापत्ति प्रमाण पत्र अनिवार्य है। आवासीय तथा व्यावसायिक भवनों की स्वीकृति पंजीकृत वास्तुकारों और नगर निगम हमीरपुर द्वारा ऑनलाइन वेब पोर्टल के माध्यम से प्रदान की जा रही है। आयुक्त ने निगम क्षेत्र के सभी निवासियों से अपील की है कि वे भवन निर्माण शुरू करने से पहले नगर निगम की स्वीकृति अवश्य प्राप्त करें। उन्होंने बताया कि बिना स्वीकृति से निर्मित अनाधिकृत भवनों में बिजली, पानी और सीवरेज की सुविधा प्राप्त करने के लिए नगर निगम हमीरपुर से अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी नहीं किया जाएगा और इन भवनों को निगम द्वारा प्रदान की जाने वाली सभी आवश्यक सुविधाओं से वंचित कर दिया जाएगा।

# गर्ल्स स्कूल हमीरपुर की छात्राओं ने स्कूल मर्ज करने का किया विरोध



रैली निकालकर विरोध जताती छात्राएं। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**अनिल कुमार, हमीरपुर।** प्रदेश सरकार की ओर से सीबीएसई स्कूल बनाए जाने के निर्णय को लेकर हमीरपुर के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कन्या की छात्राओं, अभिभावकों और एसएमसी के पदाधिकारियों ने इसका विरोध किया।

मंगलवार को छात्राओं ने गांधी चौक तक रैली निकाली और स्कूल को मर्ज करने का विरोध करते हुए मुख्यमंत्री को मांग पत्र भेजा। छात्राओं का कहना था कि वे पहले से एचपी बोर्ड के तहत पढ़ाई कर रही हैं और अब सीबीएसई में पढ़ाई करने से उन्हें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। अभिभावकों ने भी सुरक्षा की चिंता जताई, क्योंकि वर्तमान स्कूल में छात्राओं को सुरक्षा का पूरा माहौल मिलता है, लेकिन मर्ज करने के बाद सुरक्षा पर सवाल उठने लगे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि यदि यह मर्जिंग होती है, तो छात्राओं को शिक्षा के अधिकार से वंचित किया जाएगा। रैली में पूर्व अध्यापक भी शामिल हुए और सरकार के इस फैसले को छात्राओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करार दिया। उन्होंने सुझाव दिया कि एक स्कूल एचपी बोर्ड और दूसरा सीबीएसई के तहत चलाया जाए ताकि छात्रों को कोई परेशानी न हो।

### अनुराग ठाकुर बने भारत यूरोपीय संघ संसदीय मैत्री समूह के ग्रुप लीडर

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** सांसद अनुराग ठाकुर को ब्रसेल्स संसदीय मैत्री समूह के तहत भारत-यूरोपीय संघ संसद समूह का ग्रुप लीडर नियुक्त किया गया है। जिला मीडिया प्रभारी विक्रमजीत सिंह बन्याल ने बताया कि यह नियुक्ति ओम बिरला की पहल पर गठित 60 से अधिक देशों के संसदीय मैत्री समूहों के तहत की गई है। इस पहल का उद्देश्य सांसदों को विभिन्न देशों के समकक्षों से संवाद, विधायी अनुभवों के आदान-प्रदान और संसदीय कूटनीति को सशक्त बनाना है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद मई 2025 में हुए अंतरराष्ट्रीय संपर्क अभियान के दौरान अनुराग , सुप्रिया सुले के नेतृत्व वाले बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा रहे। दल ने कतर, दक्षिण अफ्रीका, इथियोपिया और मिस्र का दौरा कर आतंकवाद के विरुद्ध भारत की नीति से अवगत कराया।



# प्राकृतिक खेती को अपनाकर बढ़ाएं आय: कमलेश ठाकुर



जसाई में किसान गोष्ठी की अध्यक्षता करतीं देहरा की विधायक कमलेश। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**नादौन।** कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा) हमीरपुर ने मंगलवार को नादौन उपमंडल के जसाई गांव में किसान गोष्ठी आयोजित की, जिसकी अध्यक्षता देहरा की विधायक कमलेश ठाकुर ने की। कमलेश ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने स्वास्थ्य और शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण एवं प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के साथ-साथ ग्रामीण आर्थिकी को मजबूत करने के लिए भी कई सराहनीय निर्णय लिए हैं। इनमें प्राकृतिक खेती को विशेष रूप से प्रोत्साहित करना भी शामिल है।

उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश पूरे देश में ऐसा पहला राज्य है, जिसने प्राकृतिक खेती से तैयार की जाने वाली फसलों के लिए अलग से उच्च दाम निर्धारित किए हैं। दूध के मूल्य में भी रिकॉर्ड वृद्धि की गई है। प्रदेश सरकार के इन फैसलों का मकसद ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को आर्थिक दृष्टि से सुदृढ़ करना है। उन्होंने क्षेत्र के किसानों से आग्रह किया कि वे प्राकृतिक खेती को अपनाकर स्वयं के लिए शुद्ध अन्न तैयार करें तथा अपनी आय में भी वृद्धि करें। कमलेश ने कहा कि प्रदेश सरकार ने कई सरकारी स्कूलों को सीबीएसई का दर्जा प्रदान किया है। इससे गरीब परिवारों के बच्चे भी अपने घर के पास ही बेहतरीन शिक्षा ग्रहण करने में सक्षम होंगे। उन्होंने कहा कि नादौन विधानसभा क्षेत्र में विकास के नए आयाम स्थापित किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री सुक्खू के प्रति क्षेत्र की जनता के अपार स्नेह के कारण ही यह संभव हो रहा है।

### आरडी परेड में भाग लेने वाली दोनों बेटियां होंगी सम्मानित : रणजीत

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक कैप्टन रणजीत सिंह ने सुजानपुर महाविद्यालय के 23वें वार्षिक परितोषक वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। समारोह में महाविद्यालय प्रशासन ने विधायक को पुष्पगुच्छ, पारंपरिक शॉल-टोपी और पौधा भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई, इसके बाद महाविद्यालय के प्रधानाचार्य ने संस्थान की शैक्षणिक, सांस्कृतिक और खेल गतिविधियों की उपलब्धियां साझा की। विधायक ने विद्यार्थियों को परिश्रम, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण का संदेश दिया। उन्होंने महाविद्यालय के जीर्णोद्धार की प्रक्रिया की जानकारी दी और आश्वस्त किया कि इसके लिए आवश्यक राशि विभाग के पास पहुंच चुकी है।

उन्होंने घोषणा की कि आरडी परेड में भाग लेने वाली दोनों बेटियों को सुजानपुर होली मेले के शुभारंभ पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की ओर से सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा, महाविद्यालय में रिक्त गणित और अर्थशास्त्र के पदों को शीघ्र भरने का आश्वासन दिया, ताकि विद्यार्थियों की पढ़ाई पर कोई प्रभाव न पड़े। अंत में, विधायक ने मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### विद्युत बोर्ड पेंशनर्स फोरम ने चीफ इंजीनियर के आदेशों का किया विरोध

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** विद्युत बोर्ड पेंशनर्स फोरम ने कांगड़ा जोन के चीफ इंजीनियर द्वारा जारी किए जा रहे तुगलकी फरमानों का कड़ा विरोध किया है। फोरम के वरिष्ठ उपाध्यक्ष कुलदीप सिंह खरवाड़ा ने कहा कि दो दिन पहले उपभोक्ताओं के घरों में स्मार्ट मीटर लगाने का आदेश और एक दिन बाद पेंशनर्स व कर्मचारियों के घरों में इलेक्ट्रॉनिक मीटर की जगह स्मार्ट मीटर लगाने का फरमान जारी किया गया है, जो विद्युत कानून 2003 की धारा 47(5) का उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित बिजली संशोधन विधेयक 2025, जिसका उद्देश्य विद्युत वितरण क्षेत्र का निजीकरण करना है, के तहत स्मार्ट मीटर लगाना उपभोक्ताओं के अधिकारों का हनन है। यह विरोध सिर्फ हिमाचल प्रदेश में ही नहीं, बल्कि पूरे देश में हो रहा है। उन्होंने मुख्य अभियंता कांगड़ा जोन से इन फरमानों को वापस लेने की मांग की, अन्यथा बड़े विरोध प्रदर्शन की चेतावनी दी।

## न्यूज ब्रीफ

### कस्तूरबा गांधी बालिका स्कूल में प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**अनंत ज्ञान, पांगी।** जनजातीय क्षेत्र साच (पांगी) में स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा छठी से बारहवीं तक प्रवेश प्रक्रिया मार्च से शुरू होगी। आवेदन की अंतिम तिथि 30 अप्रैल 2026 निर्धारित की गई है। विद्यालय के चेयरमैन एवं उपमंडल अधिकारी पांगी अमनदीप सिंह ने बताया कि प्रवेश में ड्रॉप-आउट बालिकाओं, सिंगल गर्ल चाइल्ड, बीपीएल परिवारों तथा अनुसूचित जनजाति व अनुसूचित जाति वर्ग की छात्राओं को प्राथमिकता दी जाएगी। वर्ष 2005 से भारत सरकार व हिमाचल प्रदेश सरकार के सहयोग से संचालित यह पूर्णतः आवासीय विद्यालय छात्राओं को निःशुल्क शिक्षा, आवास, भोजन, वजीफा व शैक्षणिक सामग्री प्रदान करता है। साथ ही कौशल विकास व आत्मरक्षा प्रशिक्षण की सुविधाएं भी उपलब्ध हैं।

### 28 फरवरी से चंबा प्रवास पर किरेन रिजिजू

**अनंत ज्ञान, चंबा।** संसदीय और अल्पसंख्यक मामले मंत्री किरेन रिजिजू 28 फरवरी से 1 मार्च तक दो दिवसीय चंबा प्रवास पर रहेंगे। विभागीय प्रवक्ता ने केंद्रीय मंत्री के प्रवास की जानकारी देते हुए बताया कि अल्पसंख्यक मामलें मंत्री किरेन रिजिजू 28 फरवरी को 11 बजे विश्राम गृह ढूंडियारा बांग्ला पहुंचेंगे और इसके उपरांत 11:30 बजे वहां से चंबा के लिए प्रस्थान करेंगे तथा उनका रात्रि ठहराव सर्किट हाउस चंबा में रहेगा। उन्होंने बताया कि 1 मार्च को प्रातः 11 बजे केंद्रीय मंत्री भंजराडू में आईटीआई भवन भंजराडू तथा स्टेडियम (स्पोर्ट्स कांप्लेक्स) तीसा का शिलान्यास करेंगे। उन्होंने बताया कि 2:30 बजे केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू सलूणी में इनडोर स्टेडियम (स्पोर्ट्स कांप्लेक्स) की आधारशिला रखेंगे। केंद्रीय मंत्री 3:30 बजे नूरपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

### मंडी-सुंदरनगर मार्ग साढ़े तीन घंटे रहेगा बंद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** मंडी से सुंदरनगर मार्ग को पुलघराट के समीप 25 फरवरी से एक सप्ताह तक प्रतिदिन प्रातः 5 से 8:30 बजे तक अस्थायी रूप से बंद रखा जाएगा। प्रस्तावित कोर्ट कांप्लेक्स के लिए लिंक मार्ग निर्माण के तहत चल रहे सड़क कटिंग कार्य के कारण सुरक्षा की दृष्टि से यह निर्णय लिया गया है। अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी मंडी मदन कुमार ने मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 115 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उक्त अवधि के लिए सड़क बंद रखने के आदेश जारी किए हैं। लोक निर्माण विभाग, मंडी मंडल संख्या-2 द्वारा अवगत कराया गया कि सड़क कटिंग कार्य के दौरान भारी मशीनरी का उपयोग किया जा रहा है तथा ढीली मिट्टी व पत्थरों को हटाने का कार्य जारी है। इससे सामान्य यातायात के दौरान राहगीरों व श्रमिकों दोनों के लिए जोखिम की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। आमजन की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए यह अस्थायी यातायात प्रतिबंध लगाया गया है। इस अवधि के दौरान वाहन चालक वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें। संबंधित विभागों को आदेशों की अनुपालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

### एनएसएस इकाई ने चलाया स्वच्छता अभियान

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** राजकीय महाविद्यालय सरकाघाट की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर के छठे दिन स्वयंसेवियों ने गोद लिए गांव नवाही एवं बरच्छ्वाड़ में स्वच्छता व जागरूकता गतिविधियां आयोजित कीं। प्रातः सत्र में सार्वजनिक स्थलों, रास्तों व आसपास के क्षेत्रों की सफाई की गई तथा रैली निकालकर स्वच्छता, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक जिम्मेदारियों का संदेश दिया गया। स्वयंसेवियों ने ग्रामीणों से संवाद कर स्वच्छ भारत अभियान, प्लास्टिक के दुष्प्रभाव, जल संरक्षण व सामुदायिक स्वच्छता पर जानकारी साझा की। इसमें ग्रामीणों ने सहयोग किया। द्वितीय सत्र में डॉ. अरुण शर्मा ने संसाधन व्यक्ति के रूप में करियर मार्गदर्शन, व्यक्तित्व विकास, अनुशासन व समाज सेवा पर व्याख्यान दिया, जिससे स्वयंसेवकों में आत्मविश्वास व नेतृत्व भावना सुदृढ़ हुई। अंत में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारियों ने डॉ. अरुण शर्मा का आभार जताते हुए स्वयंसेवियों की सक्रिय भागीदारी की सराहना की और शिविर के उद्देश्यों की सफलता पर संतोष व्यक्त किया।

### वल्लभ गवर्नमेंट कॉलेज का बीएड कार्यक्रम संकट में

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** हिमाचल प्रदेश की उच्च शिक्षा व्यवस्था में उस समय गंभीर स्थिति उत्पन्न हो गई, जब 23 फरवरी को हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश के बाद वल्लभ गवर्नमेंट कॉलेज के बीएड कार्यक्रम (दो इकाइयां-100 सीटें) की मान्यता समाप्त होने की स्थिति स्पष्ट हो गई। इससे पहले राष्ट्रीय शिक्षक शिक्षा परिषद द्वारा कार्यक्रम की मान्यता निरस्त की जा चुकी थी और न्यायालय ने भी इस कार्रवाई को विधिसम्मत माना है। घटनाक्रम से सैकड़ों स्टूडेंट्स का भविष्य अनिश्चित हो गया है, जिन्होंने विधिवत काउंसलिंग प्रक्रिया से प्रवेश लेकर नियमित अध्ययन किया। बीएड प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं निकट होने से विद्यार्थियों में असमंजस है और एक शैक्षणिक वर्ष प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है। अधिकतर विद्यार्थी ग्रामीण पृष्ठभूमि से हैं, जिससे मामला सामाजिक व आर्थिक चिंता का विषय बन गया है। विद्यार्थियों की किसी प्रकार की त्रुटि न होने के बावजूद प्रशासनिक निर्णयों का असर उन पर पड़ रहा है, ऐसे में सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी से अपेक्षा की गई है कि वह तत्काल हस्तक्षेप कर वर्तमान बीएड विद्यार्थियों का माइग्रेशन संबद्ध मान्यता प्राप्त महाविद्यालयों में सुनिश्चित करे तथा स्पष्ट अधिसूचना जारी कर प्रथम सेमेस्टर परीक्षाओं में उनकी भागीदारी सुरक्षित रखने का भरोसा दे। शिक्षा से जुड़े इस प्रकरण पर शीघ्र छात्र-केंद्रित निर्णय की मांग उठी है।

### बरोट-मियोट सड़क पर दोपहर बस न चलने से नाराजगी

**अनंत ज्ञान, रूपी ठाकुर, बरोट।** लोक निर्माण विभाग के उपमंडल झटीगरी के अंतर्गत बरोट-मियोट सड़क मार्ग पर दोपहर सरकारी बस न चलने से खलैहल, मियोट छोटी झरवाड़ तथा बड़ी झरवाड़ गांव के लोग नाराज हैं। सुनपत, राजेश, राजू राम, जय सिंह, बुद्धि सिंह, भागमल, पवन कुमार, रवि, रागी राम, विजय, तवारू राम, रामचंद, बलदेव, सोमदत, गुलबंत सहित ग्रामीणों ने बताया कि जोगिन्द्र नगर डिपो से सुबह लगभग ग्यारह बजे चलने वाली सरकारी बस वाया थल्टूखोड़ डेढ़ बजे बरोट पहुंचती है और तीन बजे वापस जाती है। इस दौरान बस लगभग डेढ़ घंटा खड़ी रहती है। ग्रामीणों का कहना है कि इसी समय बस को बरोट-मियोट मार्ग पर चलाया जा सकता है, जिससे लोगों को सुविधा मिलेगी और सरकार व हिमाचल पथ परिवहन निगम को राजस्व बढ़ेगा। दोपहर बस न होने से लोगों को टैक्सी से अतिरिक्त किराया देकर घर पहुंचना पड़ता है या शाम साढ़े पांच बजे निजी बस का इंतजार करना पड़ता है। ग्रामीणों ने द्रंग के विधायक पूर्ण चंद ठाकुर से मांग की है कि दोपहर एक सरकारी बस लगाई जाए। विधायक पूर्ण चंद ठाकुर ने कहा कि मांग उचित है और विभाग व सरकार से बात कर समाधान का प्रयास किया जाएगा।

### चंबा को टीबी मुक्त बनाने की दिशा में तेजी

**अनंत ज्ञान, चंबा।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग चंबा ने जीएनएम स्कूल सभागार, मेडिकल कॉलेज चंबा में राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक की अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. जालम भारद्वाज ने की और जिले में टीबी उन्मूलन अभियान की प्रगति का विस्तृत मूल्यांकन किया। डॉ. भारद्वाज ने बताया कि डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से सभी टीबी मरीजों को निक्षय पोषण योजना का 100 प्रतिशत लाभ मिल रहा है। उन्होंने प्रत्येक स्वास्थ्य केंद्र, अस्पताल और मेडिकल कॉलेज से टीबी लक्षण वाले मरीजों की समय पर जांच और उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. हरित पुरी ने स्वास्थ्य संस्थानों में नियमित टीबी जांच की जानकारी दी। जिला स्वास्थ्य अधिकारी कविता महाजन सहित अन्य अधिकारी भी बैठक में मौजूद रहे। विभाग ने सामूहिक प्रयास और जनसहभागिता से चंबा को शीघ्र टीबी मुक्त जिले के रूप में स्थापित करने का संकल्प व्यक्त किया।

### ब्रेही स्कूल में सड़क सुरक्षा सप्ताह का समापन

**अनंत ज्ञान, चंबा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ब्रेही में सड़क सुरक्षा सप्ताह का समापन उत्साह और गरिमा के साथ हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय के वरिष्ठ सहायक अमित कुमार ठाकुर ने की। विद्यालय में प्रश्नोत्तरी, पोस्टर मेकिंग और स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। वरिष्ठ वर्ग में अरुण ठाकुर ने प्रथम और प्रिया ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कनिष्ठ वर्ग में आदर्श और तमन्ना विजेता रहे। धौलाधार एवं शिवालिक सदन ने भी शानदार प्रदर्शन किया। मुख्यातिथि ने छात्रों को हेलमेट, सीट बेल्ट और यातायात नियमों के पालन के महत्व पर जोर दिया। डॉ. महेंद्र सिंह और स्टाफ ने उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

### शैक्षणिक मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, साहू/चंबा।** ग्राम पंचायत पल्यूर के पूर्व प्रधान एवं गुज्जर कल्याण सभा चंबा के अध्यक्ष हसन दीन की अध्यक्षता में पल्यूर पंचायत का एक प्रतिनिधिमंडल हिमाचल प्रदेश के शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर से मिला और क्षेत्र की लंबित शैक्षणिक मांगों को लेकर विस्तृत ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षा ढांचे को सुदृढ़ करने की आवश्यकता पर जोर देते हुए मांगों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने की अपील की। ज्ञापन में उच्च विद्यालय पल्यूर को वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में स्तरोन्नत करने की प्रमुख मांग उठाई गई, ताकि विद्यार्थियों को जमा दो की पढ़ाई के लिए दूरदराज क्षेत्रों में न जाना पड़े। इसके साथ ही उच्च विद्यालय पल्यूर के निर्माणाधीन भवन के लिए शीघ्र धनराशि स्वीकृत करने की मांग भी प्रमुखता से रखी गई। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि भवन निर्माण में देरी से विद्यार्थियों को असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। इसके अतिरिक्त मिडल स्कूल टिपरा के नए भवन निर्माण के लिए बजट जारी करने तथा प्राथमिक विद्यालय पल्यूर के साथ सुरक्षा के दृष्टिगत डंगा लगाने के लिए धनराशि स्वीकृत करने की मांग भी उठाई गई।

### चंबा में शिक्षा मंत्री ने किया 2.74 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का शिलान्यास

# तीन वर्षों में शिक्षा विभाग में भरे 7 हजार पद 3 हजार पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया जारी: रोहित

अनंत ज्ञान



शिक्षा मंत्री विकास कार्यों का शिलान्यास करते हुए। अनंत ज्ञान

**चंबा।** शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने चंबा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत रावमावि साहू व परौथा में 2.74 करोड़ की लागत के भवनों का विधिवत शिलान्यास किया।

इनमें 1.34 करोड़ की लागत से बनने वाला रावमावि परौथा का स्कूल भवन तथा 1.40 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाला रावमावि साहू का सांइस ब्लाक भवन शामिल हैं। इस अवसर पर परौथा व साहू में आयोजित जनसभाओं को संबोधित करते हुए शिक्षा मंत्री ने कहा कि वित्तीय चुनौतियों के बावजूद प्रदेश सरकार ने गत तीन वर्षों के सड़क, शिक्षा तथा स्वास्थ्य के क्षेत्र में विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं, जिनके निकट भविष्य में धरातल पर साकारात्मक परिणाम देखने को मिलेंगे। शिक्षा मंत्री ने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार द्वारा अपने कार्यकाल के दौरान शिक्षा विभाग में 7000 पदों पर भर्ती की गई है, इसके अलावा शिक्षा विभाग से संबंधित 3000 पदों को कैबिनेट स्वीकृति देने के उपरांत भर्ती प्रक्रिया जारी है।

राज्य सरकार ने अपने कार्यकाल के दौरान शिक्षा विभाग में 4000 पदों को बैचवाइज भरा गया है। रोहित ने कहा राज्य सरकार के शिक्षा के क्षेत्र में किए गए ईमानदार प्रयासों की बदौलत आज हिमाचल प्रदेश का शिक्षा के क्षेत्र में 28 राज्यों में तीसरे स्थान पर है, जबकि पूर्व सरकार के कार्यकाल में हिमाचल प्रदेश 21वें स्थान पर था। विधानसभा क्षेत्र चंबा के विकास कार्यों के लिए विधायक नीरज नैय्यर के प्रयासों की सराहना करते हुए शिक्षा मंत्री ने कहा कि विधायक चंबा अपने क्षेत्र की विकास योजनाओं को मूर्त रूप देने के लिए निरंतर कर्तव्यनिष्ठा व ईमानदारी के साथ प्रयासरत रहते हैं तथा उनके प्रयासों का ही परिणाम है कि मेडिकल कॉलेज चंबा, मिनी सचिवालय तथा इनडोर खेल स्टेडियम जैसे बड़े विकास कार्यों के लिए करोड़ों रुपए की स्वीकृति मिलने के उपरांत इनके निर्माण कार्य में तीव्रता आई है।

शिक्षा मंत्री ने लोक निर्माण विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देश दिए की परौथा तथा साहू स्कूलों में बनने वाले भवनों की टेंडर प्रक्रिया पूरी करने के पश्चात इनका निर्माण कार्य जल्द शुरू किया जाए तथा अगले लगभग डेढ़ वर्ष के भीतर इन्हें पूरा किया जाए।

## शिक्षा मंत्री से जल्द भवन निर्माण की मांग की

**अनंत ज्ञान, चंबा।** हिमाचल प्रदेश के चंबा जिला स्थित राजकीय प्राथमिक पाठशाला कलसुई का भवन हाल ही में रावी नदी में आई भीषण बाढ़ के कारण पूर्णतः क्षतिग्रस्त हो गया है। भवन ध्वस्त होने के बाद से विद्यालय का नियमित संचालन प्रभावित हो रहा है, जिससे नन्हे विद्यार्थियों की पढ़ाई पर गंभीर असर पड़ा है। स्थानीय लोगों व अभिभावकों के अनुसार विद्यालय भवन के अभाव में बच्चों को अस्थायी व्यवस्थाओं के सहारे शिक्षा ग्रहण करनी पड़ रही है, जो न तो सुरक्षित है और न ही पर्याप्त सुविधाओं से युक्त। विद्यालय प्रबंधन समिति की 25 नवंबर 2025 को आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर सरकार से भवन निर्माण कार्य जल्द प्रारंभ करने की मांग की गई थी। समिति द्वारा पुनर्निर्माण के लिए गुजर आश्रम के समीप उपयुक्त भूमि भी चिन्हित कर ली गई है, ताकि भविष्य में किसी प्राकृतिक आपदा से विद्यालय को सुरक्षित रखा जा सके। इस संबंध में एनएसयूआई के राज्य महासचिव एवं जिला शिकायत निवारण समिति सदस्य यशपाल ने शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर से हस्तक्षेप की मांग करते हुए कहा है कि बच्चों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए भवन निर्माण को प्राथमिकता दी जाए।

# हेरिटेज नगर चंबा में हाउस टैक्स वृद्धि पर जनाक्रोश

अनंत ज्ञान

**चंबा।** हिमाचल प्रदेश के ऐतिहासिक हेरिटेज नगर चंबा में प्रस्तावित एवं अत्यधिक बढ़ाए गए हाउस टैक्स को लेकर आमजन में गहरा असंतोष व्याप्त है। नागरिकों, सामाजिक संगठनों व विभिन्न वार्डों के प्रतिनिधियों ने नगर परिषद चंबा की कर निर्धारण प्रक्रिया पर गंभीर प्रश्न उठाते हुए इसे जनविरोधी बताया है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि वर्ष 2023 में भी नई कर प्रणाली के तहत 1000 से 1500 प्रतिशत तक वृद्धि का प्रस्ताव सामने आया था, जिसका व्यापक लोकतांत्रिक विरोध हुआ था। उस समय प्रशासन द्वारा आश्वासन दिया गया था कि सैटेलाइट सर्वे के माध्यम से पारदर्शी व तकनीकी आधार पर कर निर्धारण किया जाएगा तथा संबंधित वार्ड पार्षदों और अधिकारियों की उपस्थिति में ही प्रक्रिया पूरी होगी। हालांकि, नागरिकों का आरोप है कि हाल ही में किए गए सर्वे में पूर्व सहमति की शर्तों का पालन नहीं किया गया। बिना तकनीकी अधिकारियों, राजस्व सहायकों या संबंधित पार्षदों की सहभागिता के आउटसोर्स कर्मचारियों द्वारा घर-घर सर्वे कर रिपोर्ट तैयार की गई व उसी आधार पर भारी-भरकम कर निर्धारित कर दिया गया। स्थानीय सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने कहा कि न तो संपत्ति कर की अवधारणा स्पष्ट की गई और न ही कर गणना का कोई सार्वजनिक सूत्र जारी किया गया।

नगर परिषद किन सेवाओं के बदले कर वसूलती है, वर्तमान परिस्थितियों में इतनी अधिक वृद्धि की आवश्यकता क्यों है इन बिंदुओं पर कोई ठोस स्पष्टीकरण नहीं दिया गया है। इसी बीच नगर की स्वच्छता व्यवस्था, सड़क मरम्मत व ड्रेनेज प्रणाली की बदहाल स्थिति को लेकर भी जनता में रोष है। नागरिकों का तर्क है कि जब मूलभूत सुविधाएं संतोषजनक नहीं हैं, तो भारी कर वृद्धि उचित नहीं ठहराई जा सकती। नागरिकों और सामाजिक संगठनों ने प्रशासन से मांग की है कि वर्तमान हाउस टैक्स निर्धारण पर तत्काल पुनर्विचार किया जाए। पूर्व सहमति के अनुसार पारदर्शी एवं तकनीकी आधार पर पुनः सर्वे कराया जाए। खुली बैठक एवं प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से कर निर्धारण की पूरी प्रक्रिया सार्वजनिक की जाए। जिले की आर्थिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए न्यूनतम दरों पर कर निर्धारित किया जाए। फिलहाल, नगर परिषद व नागरिकों के बीच संवाद स्थापित कर समाधान निकालने की अपेक्षा जताई जा रही है।

# सलूणी बाजार के सुलभ शौचालय की जर्जर हालत से बढ़ा खतरा

अनंत ज्ञान



**सलूणी।** सलूणी मुख्य बाजार क्षेत्र में स्थित सुलभ शौचालय की हालत अत्यंत दयनीय और चिंताजनक हो चुकी है। भवन की छत पर गहरी दरारें पड़ गई हैं और कई स्थानों से प्लास्टर गिर रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते मरम्मत नहीं करवाई गई, तो किसी भी क्षण बड़ा हादसा हो सकता है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार शौचालय की दीवारें कमजोर हो चुकी हैं और छत का हिस्सा नीचे झुकता दिखाई दे रहा है। रोजाना सैकड़ों लोग इस सार्वजनिक शौचालय का उपयोग करते हैं, जिससे खतरा और भी बढ़ गया है। बाजार क्षेत्र में होने के कारण यहां महिलाओं, बच्चों व बुजुर्गों की आवाजाही अधिक रहती है। ग्रामीणों का आरोप है कि लंबे समय से रखरखाव व मरम्मत कार्य की अनदेखी की जा रही है। कई बार शिकायतें करने के बावजूद अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। लोगों में प्रशासन के प्रति रोष बढ़ता जा रहा है। स्थानीय नागरिकों ने नगर पंचायत सलूणी व संबंधित विभाग से तत्काल निरीक्षण कर आवश्यक मरम्मत कार्य शुरू करवाने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि प्रशासन ने जल्द कार्रवाई नहीं की, तो किसी अप्रिय घटना की जिम्मेदारी संबंधित विभाग की होगी। नागरिकों ने चेतावनी दी है कि जनसुरक्षा से जुड़े इस गंभीर मुद्दे को नजरअंदाज करना भारी पड़ सकता है। प्रशासन से अपील है कि जनता की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए तुरंत कदम उठाए जाएं।

## प्रतिनियुक्ति से पहले करें पदोन्नति: नरेश

**अनंत ज्ञान, मंडी।** वर्तमान में सीबीएसई कैडर में अध्यापकों की प्रतिनियुक्ति (डेपुटेशन) की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। प्रदेश के अनेक अध्यापक स्वेच्छा से सीबीएसई कैडर में जाना चाहते हैं, लेकिन यह भी तथ्य है कि बड़ी संख्या में शिक्षकों की विभागीय पदोन्नति आगामी शैक्षणिक वर्ष के प्रारंभ में संभावित है। ऐसी स्थिति में यदि बिना पदोन्नति प्रदान किए सीधे प्रतिनियुक्ति कर दी जाती है तो संबंधित अध्यापक अपने वैधानिक पदोन्नति अधिकार से वंचित हो सकते हैं या फिर जल्दी ही वापिस अपने मूल कैडर में आएंगे। इससे सीबीएसई स्कूल प्रभावित होंगे। यह बात हिमाचल प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष नरेश ठाकुर ने कही। जेबीटी से मुख्य शिक्षक, जेबीटी से टीजीटी, जेबीटी से एलटी, टीजीटी से प्रवक्ता, प्रवक्ता एवं मुख्याध्यापक से प्रधानाचार्य तथा सी एंड वी से टीजीटी के लंबित पदोन्नति प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाए और उसके पश्चात ही सीबीएसई कैडर में प्रतिनियुक्ति की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाए। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि शिक्षकों के सेवा अधिकारों एवं वरिष्ठता का सम्मान करते हुए पहले पदोन्नति प्रक्रिया पूर्ण की जाए और उसके बाद ही प्रतिनियुक्ति आदेश जारी किए जाएं।

# पंचायतों को अन्य विधानसभा क्षेत्र में जोड़ने का विरोध तेज

अनंत ज्ञान



डीसी को ज्ञापन सौंपते हुए चुराह के विधायक डॉ. हंसराज। अनंत ज्ञान

**चंबा।** हिमाचल प्रदेश में पंचायतीराज चुनावों की तैयारियों के बीच चंबा जिला में वार्ड परिसीमन को लेकर सियासी हलचल तेज हो गई है। डीसी चंबा मुकेश रेपसवाल द्वारा हिमाचल प्रदेश पंचायतीराज निर्वाचन नियम 1994 के तहत जिला परिषद चंबा के निर्वाचन क्षेत्रों (वार्डों) के परिसीमन से संबंधित अधिसूचना जारी कर दी गई है।

अधिसूचना के अनुसार जिला परिषद चंबा के 18 वार्डों के परिसीमन प्रस्ताव पर 27 फरवरी तक कोई भी व्यक्ति अपनी आपत्तियां और आक्षेप प्रस्तुत कर सकता है, जबकि अंतिम निर्णय 2 मार्च तक लिया जाएगा। इसी कड़ी में भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं चुराह विधानसभा क्षेत्र के विधायक हंसराज उपायुक्त कार्यालय पहुंचे व अपने समर्थकों के साथ परिसीमन को लेकर आपत्ति दर्ज करवाई। उनके साथ विभिन्न पंचायतों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। जिला चंबा के अंतर्गत आने वाली चार पंचायतें आयल, भलोड़ी, बणतर और चीह को जिला परिषद वार्ड सनवाल से हटाकर पुनः सनूह वार्ड में शामिल किए जाने के प्रस्ताव का ग्रामीणों ने कड़ा विरोध जताया है। इस संबंध में चारों पंचायतों के प्रतिनिधिमंडल ने डीसी के समक्ष अपनी आपत्तियां दर्ज करवाईं। विधायक ने कहा कि वर्तमान में परिसीमन की प्रक्रिया जारी है व उनके विधानसभा क्षेत्र की छह पंचायतों को अन्य विधानसभा क्षेत्र में जोड़ा जा रहा है, जिससे स्थानीय लोगों को भविष्य में प्रशासनिक व विकास संबंधी कार्यों में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस मुद्दे पर उन्होंने उपायुक्त के समक्ष औपचारिक आपत्ति दर्ज करवाई है और उम्मीद जताई कि जनभावनाओं को ध्यान में रखते हुए उचित निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर पर लोगों की सुविधाओं व भौगोलिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए ही परिसीमन किया जाना चाहिए, ताकि आम जनता को किसी प्रकार की असुविधा न हो।, अब सभी की निगाहें 2 मार्च को होने वाले अंतिम निर्णय पर टिकी हैं।

# कुलदीप सिंह पठानिया ने सिहुंता कॉलेज के मेधावी किए पुरस्कृत



अनंत ज्ञान

**चंबा।** विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने राजकीय महाविद्यालय सिहुंता के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए।

उन्होंने कॉलेज में विज्ञान संकाय शुरू करने व संगीत विभाग में सह-आचार्य गायन पद भरने का आश्वासन भी दिया। पठानिया ने कहा कि भटियात क्षेत्र को शिक्षा हब के रूप में विकसित किया जाएगा। प्रस्तावित स्किल यूनिवर्सिटी सिहुंता में अध्ययन केंद्र खोले जाएंगे और क्षेत्रीय संपर्क मार्गों व विकास परियोजनाओं के लिए तीन वर्षों में 204.53 करोड़ रुपए जारी किए गए। उन्होंने कॉलेज में सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए 31 हजार रुपए देने की घोषणा की। बीए प्रथम वर्ष के आदित्य भारद्वाज व पलक को उत्कृष्ट प्रस्तुति के लिए 11-11 हजार रुपए पुरस्कार स्वरूप प्रदान किए गए। समारोह में विद्यार्थियों ने आकर्षक पहाड़ी, हिंदी और पंजाबी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

## मौड़ा स्कूल में जगजीत आजाद ने बच्चों की कविताएं सुनीं

**अनंत ज्ञान, सुंडला।** शिक्षा खंड सुंडला के अंतर्गत आने वाली राजकीय प्राथमिक पाठशाला मौड़ा में प्रदेश के सुप्रसिद्ध कवि व शिक्षा विभाग में प्रधानाचार्य के रूप में कार्यरत जगजीत आजाद ने पाठशाला के बच्चों के साथ विशेष संवाद किया। इस संवाद के अवसर पर पाठशाला के बच्चों ने अपनी स्वरचित बाल कविताएं प्रस्तुत की। कविताएं प्रस्तुत करने वाले बच्चों में अभय सिंह, नयना देवी, अर्पित शर्मा, अरमान लोन, वीरांशी टंडन, विहान, दिव्यांशी, अकर्षिता, ईशानी व अन्य बच्चे शामिल रहे। प्रधानाचार्य द्वारा भी इस अवसर पर बच्चों को उनकी अपनी लिखी हिंदी पर पहाड़ी की कविताएं सुनाई गईं। पाठशाला प्रभारी एवं राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक युद्धवीर टंडन ने जगजीत आजाद व उनके साथ पाठशाला में आए अधीक्षक प्रमोद व शिक्षक अमित सागर का स्वागत किया और पाठशाला का वार्षिक कैलेंडर एवं वार्षिक पत्रिका की प्रति भेंट की।


**Public Notice**

It is hereby informed to General Public at large that Sh. Aman Kumar son of Sh. Ravinder Kumar son of Sh. Ram Saran, has availed Secured loan from AU SMALL FINANCE BANK LIMITED, Vide RLOS No.-1058887 from its Branch Office at Kangra on the property comprised in Khata number-443, Khatauni number-667, Khasra number-818, Kita-01, area measuring 00-06-79 Hectares, to the extent of 380/1358th shares working out to be an area measuring 00-01-90 Hectares, situated at Revenue Village Sadarpur, Hadbast number-544, Patwar Circle-Rajiana, Tehsil Nagrota Bagwan and District Kangra (H.P.) vide Jamabandi for the years 2021-22 vide Jamabandi for the years 2018-19. That the original Gift-Deed bearing bearing Vasika number-23 dated 15.01.2009 in favour of Sh. Ravinder Kumar executed by Smt. Kanta Devi in favour of Sh. Ravinder Kumar. A Police Report has also been registered in this regard vide DDR No.-033 dated 24.02.2026 at P.S.- Kangra. If anybody found the said lost documents, then may contact to undersigned and anybody having claim or claiming any prior rights or interest in any manner in this property or has raised Objection by depositing the aforesaid document to any person/ bank/corporation/financial institution may approach the undersigned and submit objection within 7 days from the date of this public notice. After the expiry of period of this no claim shall be entertained and such claim shall be deemed to be false, fake, frivolous, fraudulent and baseless claim and shall have no value in the eyes of law. Please Take Note.

*Thanking You,*

Yours Sincerely
**Rohit Sharma, Advocate, Dharamshala (H.P.)**

---

**व अदालत सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी- शाहपुर जिला कांगडा हि0प्र0।**
मुकदमा इन्द्राज जन्म तिथी।
पेशी- 17.03.2026
कमला देवी पुत्री श्री पाला राम निवासी गांव केटलू डाकखाना रजोल तहसील शाहपुर जिला कांगड़ा हि0प्र0।

बनाम

1. आम जनता 2. सचिव ग्राम पंचायत अम्बाडी।
3. सी0एम0ओ0 कांगड़ा स्थित धर्मशाला।

**विषय - बाबत इन्द्राज जन्म एवं मृत्यु तिथी अधीन जेर धारा 13 (3) जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण अधिनियम, 1969 के तहत जन्म प्रमाण पत्र लेने वारे।**
उपरोक्त मुकदमा वारे प्रार्थीया ने इस न्यायालय में प्रार्थना पत्र गुजारा है कि जिसमें लिखा है कि उसका जन्म दिनांक 14.04.1957 गांव केटलू डाकघर रजोल में हुआ है परन्तु अज्ञानतावश इसका इन्द्राज गांम पंचायत अम्बाडी तहसील शाहपुर जिला कांगड़ा हिमाचल प्रदेश के रिकार्ड में दर्ज नहीं हुआ है। प्राथीया उक्त जन्म तिथी को दर्ज करवाना चाहती है। इस संदर्भ में Addl. District Registrar-cum Chief medical officer के Recommandation letter No. HFW/KGR/ST (Delayed) (B&D) /2025/799 date 13.01.2026 द्वारा भी इस वारे इस कार्यालय को जन्म प्रमाण पत्र जारी करने वारे प्रेषण किया गया है।
अतः उक्त प्रार्थना पत्र के संदर्भ में यदि आम जनता या अन्य किसी को उक्त जन्म तिथी को ग्राम पंचायत अनसुई विकास खण्ड रैत के रिकार्ड के जन्म रजिस्टर में दर्ज करवाने वारे कोई एतराज हो तो वह असालतन या वकालतन इस कार्यालय में दिनांक 17.03.2026 को दोपहर बाद 2 बजे हाजिर आ सकता है। हाजिर न आने की स्थिती में एकतरफा कार्यवाही अमल में लाई जाकर आगामी आदेश पारित कर दिए जाएंगे और बाद में कोई भी उजर या एतराज जेरे समायत न होगा।
आज दिनांक 23-02-26 को मेरी मोहर व हस्ताक्षर सहित जारी हुआ।

**कार्यकारी दण्डाधिकारी**
**शाहपुर जिला कांगडा हि0 प्र0।**

---

**Before the Court of Assistant Collector wnd Grade cum Naib Tehsildar**
(Naib Tehsildar-Ray, Himachal Pradesh)
**Hearing Address -** Office of the Naib Tehsildar, Ray. Tehsil Fatehpur, District Kangra, H.P. PIN-176054
**Case Type** - Original
**Nature of Case** - Correction of Revenue Entry
**Case Sub Type** -Section 37 of HP Land
Case No./Year: 813342/2026
Revenue Act, 1954 (राजस्व इंद्राज दुरुस्ती)
**In the matter of-** 1. Gurbhajan Singh s/o Ram Chand, Vill Bela Ludhiarchan Po Riyali St Rey Tehsil Fatehpur Distt Kangra, Tehsil Rey (ST), District Kangra, Himachal Pradesh 176058
**Applicants/ Appellants/ Petitioners**
**Versus**
1. General Public, St Rey Tehsil Fatehpur, Tehsil Rey (ST), District Kangra, Himachal Pradesh
***Respondents***
--nil--
***Proforma Respondents***
**Subject:** APPLICATION FOR NAME CORRECTION IN REVENU
Counsels:
**Interim Order-** प्रार्थी श्री गुरभजन सिंह आयु 66 साल पुत्र श्री राम चंद निवासी महाल बेला लुढ़ियाचाँ व उप तहसील रे जिला कांगड़ा हिमाचल प्रदेश (हि.प्र.) ने निवेदन किया है कि प्रार्थी का नाम राजस्व रिकॉर्ड में गुरभज दर्ज है, जो कि गलत दर्ज है। जबकि प्रार्थी के आधार कार्ड व अन्य रिकार्ड में उसका नाम गुरभज सिंह दर्ज है। प्रार्थी अपने आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों अनुसार राजस्व अभिलेख में नाम गुरभज सिंह दरुस्त करवाना चाहता है।
अतः सर्वसाधारण को इस इश्तेहार द्वारा सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यकित को प्रार्थी उक्त के नाम दरुस्ती करने बारे कोई उजर एतराज हो तो वह दिनांक 21/03/2026 को प्रातः 10 बजे या उससे पूर्व असालतान या बकालतन हाजिर होकर अपना उजर/एतराज प्रस्तुत कर सकता है। न आने की सूरत में प्रार्थी के नाम दरुस्ती बारे आदेश पारित कर दिए जाएंगे इसके उपरान्त कोई भी उजर व एतराज कावले समायतन होगा।
**सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी रे**
**जिला कांगड़ा (हि.प्र.)**

---

**Before the Court of Assistant Collector wnd Grade cum Naib Tehsildar**
(Naib Tehsildar-Ray, Himachal Pradesh)
**Hearing Address-** Office of the Naib Tehsildar, Ray. Tehsil Fatehpur, District Kangra, H.P. PIN-176054
**Case Type - Original**
**Nature of Case-** Correction of Revenue Entry
**Case Sub Type** Section 37of HP Land Revenue Act, 37 (राजस्व इंद्राज दुरुस्ती)
Case No./YearÑ 813321/2026
**In the matter of-** 1. Laddi Ram s/o Surjit Singh, Vpo Tatwali Sub Tehsil Rey Tehsil Fatepur Distt Kangra, Tehsil Rey (ST), District Kangra, Himachal Pradesh 176058
**Applicants/ Appellants/ Petitioners**
**Versus**
1. General Public, Vpo Rey Tehsil Fatehpur Distt Kangra, Tehsil Rey (ST), District Kangra, Himachal Pradesh 176058
***Respondents***
--nil--
***Proforma Respondents***
**Subject:** Application for the correction of name of the applicant's father
Counsels:
**Interim Order-** प्रार्थी श्री लाडी राम पुत्र श्री सुरजीत सिंह निवासी महाल टटवाली व उप तहसील रे जिला कांगड़ा हिमाचल प्रदेश (हि.प्र.) ने निवेदन किया है कि प्रार्थी के पिता का नाम राजस्व अभिलेख में सर्वजीत सिंह दर्ज है जो कि गलत दर्ज है। जबकि प्रार्थी के आधार कार्ड व अन्य रिकार्ड में प्रार्थी के पिता का नाम सुरजीत सिंह दर्ज है।
प्रार्थी अपने आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों अनुसार राजस्व अभिलेख में अपने पिता का नाम सुरजीत सिंह दरुस्त करवाना चाहता है।
अतः सर्वसाधारण को इस इश्तेहार द्वारा सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यकित को प्रार्थी उक्त के पिता के नाम दरुस्ती करने बारे कोई उजर/एतराज हो तो वह दिनांक 21/03/2026 को प्रातः 10 बजे या उससे पूर्व असालतान या बकालतन हाजिर होकर अपना उजर/एतराज प्रस्तुत कर सकता है। न आने की सूरत में प्रार्थी के नाम दरुस्ती बारे आदेश पारित कर दिए जाएंगे उसके उपरान्त कोई भी उजर व एतराज कावले समायतन होगा।
**सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी रे**
**जिला कांगड़ा (हि.प्र.)**

---

**अनंत Classifieds**

**नाम परिवर्तन**

**मैं हंसराज** (38) पुत्र श्री लाल सिंह निवासी गांव फागला डाकघर मलोह तहसील सुंदरनगर जिला मंडी हिमाचल प्रदेश पिन 175018 आधार नंबर- 456178130605 घोषणा करता हूं कि जन्म प्रमाण पत्र के अनुसार मेरी नाबालिग बेटी अव्युक्ता वर्मा का असली और सही नाम शिवांगी वर्मा है। सभी संबंधित नोट करें।

**नाम परिवर्तन**

**मैं, लाल चंद ( 67 वर्ष )** पुत्र श्री झाबा राम, निवासी गांव बडोग, पीओ दुदर, तहसील सदर, जिला मंडी हि.प्र. घोषणा करता हूं कि मेरी मेट लाइफ इंसोरेंस पॉलिसी नंबर 22101172 दिनांक 06-02-2017 में मेरे पिता का नाम भगत राम गलत दर्ज है। जबकि मेरे पिता का सही नाम झाबा राम है। सभी संबंधित नोट करें।

---

**ब अदालत कार्यकारी दण्डाधिकारी द्वितीय श्रेणी शाहपुर, जिला कांगड़ा, हि0प्र0।**
मुकद्दमा : नाम दुरुस्ती
पेशी : 27-03-2026
कंचना कुमारी पुत्री श्री गुल्ला उर्फ गुलेरा निवासी गांव उपरला सिद्धपुर डा0 ततवानी, तहसील शाहपुर जिला कांगड़ा हि0प्र0 वर्तमान पत्नि श्री ज्ञान चन्द निवासी गाँव गढ सुक्कड डा0 सुक्कड तहसील धर्मशाला जिला कांगड़ा हि0 प्र0।
बनाम
आम जनता
**विषय- दुरुस्ती नाम हि0 प्र0 रा0 अधिनियम, की जेर धारा 37 (1) के तहत महाल उपरला सिद्धपुर में नाम दुरुस्ती बारे।**
उपरोक्त मुकद्दमा बारे प्रार्थी ने इस न्यायालय में प्रार्थना-पत्र गुजारा है जिसमें लिखा है कि उसका सही नाम कंचना कुमारी है जबकि महाल उपरला सिद्धपुर के राजस्व अभिलेख में उक्त नाम कंचना देवी पुत्री श्री गुल्ला उर्फ गुलेरा चन्द दर्ज है जो कि गलत इन्द्राज हुआ है। प्रार्थी उक्त नाम को दुरूस्त करवाकर महाल उपरला सिद्धपुर में कंचना देवी उर्फ कंचना कुमारी पुत्री गुल्ला उर्फ गुलेरा करवाना चाहती है।
अतः उक्त प्रार्थना-पत्र के सन्दर्भ में उपरोक्त नाम की दुरुस्ती बारे किसी को कोई एतराज हो तो वह असालतन या वकालतन इस अदालत में दिनांक 27/03/2026 को दोपहर बाद 2:30 बजे हाजिर आ सकता है। हाजिर न आने की स्थिति में एकतरफा कार्यवाही अमल में लाई जाकर आगामी आदेश में कोई भी उजर या एतराज जेरे समायत पारित कर दिए जाएंगे और बाद न होगा।
आज दिनांक 24/02/2026 को मेरी मोहर व हस्ताक्षर सहित जारी हुआ।
**सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी, शाहपुर,**
**जिला कांगडा (हि0प्र0)।**

---

**व अदालत तहसीलदार प्रथम श्रेणी एंव कार्यकारी दण्डाधिकारी नगरोटा बगवां जिला कांगड़ा।**
मिसल न0 /2025(RMS)
ता0 दा0 20-11-2025
ता0 पेशी-27-03-2026
**अनुमान मुकदमा**
प्रार्थी श्री अमन कुमार पुत्र रवि कुमार निवासी गांव वार्ड न0 3 नगरोटा बगवां तहसील नगरोटा बगवां जिला कांगड़ा ....प्रार्थी पक्ष
**वनाम** **आम जनता**
....प्रत्याक्षी पक्ष
**विषय:- प्रार्थना पत्र जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण अधिनियम 1969 की जेर धारा 13(3) अन्तर्गत स्व0 श्री रवि कुमार की मृत्यु तिथि 16-07-2019 ग्राम नगर परिषद नगरोटा बगवां के रिकार्ड में दर्ज करने वारे।**
**अखवारी ईस्तहार-** प्रार्थी श्री अमन कुमार पुत्र रवि कुमार निवासी गांव वार्ड न0 3 नगरोटा बगवां तहसील नगरोटा बगवां मृत्यु तिथि पंजीकरण वारे न्यायालय में उपस्थित होकर प्रार्थना पत्र पेश किया हैं कि मेरे पिता स्व0 श्री रवि कुमार की मृत्यु दिनांक 16-07-2019 को नगर परिषद नगरोटा बगवां में हुई थी परन्तु किसी कारणवस संबंधित नगर परिषद के रिकार्ड में दर्ज करवा न सके। दर्ज करने का आग्रह किया है।
अतः इस अदालती नोटिस अखवारी ईशतहार द्वारा आम जनता व सगे सम्बन्धियों को एतद द्वारा सूचित किया जाता हैं कि यदि किसी को भी इस मृत्यु तिथि पंजीकरण करने बारे कोई एतराज हो तो वह स्वयं बजरिया कौंसल एतराज दिनांक 27-03-26 अदालत में पेश कर सकते हैं। हाजिर ना आने की सूरत में एक तरफा कार्यवाही अम्ल में लाई जाएगी। और नियमानुसार मृत्यु तिथि पंजीकरण के आदेश पारित कर दिए जाएगें।
आज दिनांक 24-02-2026 को मेरे हस्ताक्षर मोहर सहित जारी हुए।
**कार्यकारी दण्डाधिकारी तहसील नगरोटा**
**बगवां जिला कांगड़ा हि0प्र0**

---

**Before the Court of Assistant Collector 2nd Grade cum Naib Tehsildar**
(Naib Tehsildar-Ray, Himachal Pradesh)
**Hearing Address -** Office of the Naib Tehsildar, Ray. Tehsil Fatehpur, District Kangra, H.P. PIN-176054
**Case Type -** Miscellaneous
**Nature of Case-** Same as Case Sub Type
**Case Sub Type-** Birth Registration under section 13(3) of The Regsitration of Births and Deaths act, 1969
**Case No./Year:** 813343/2026
**In the matter of-** 1. Anjna Kumari w/o Ravinder Singh, Vill. Rajpalwan Po Tatwali, Tehsil Rey (ST), District Kangra, Himachal Pradesh 176058
***Applicants/Appellants/Petitioners***
**Versus**
1. General Public, Vill. Rajpalwan Po Tatwali, Tehsil Rey (ST), District Kangra, Himachal Pradesh 176058
***Respondents***
-nil-
***Proforma Respondents***
**Subject:** ANJNA KUMARI W/O RAVINDER SINGH MY DAUGHTER PAYAL SAMIYAL HER DATA OF BIRTH IS 10-06-2006 HAS NOT BEEN REGISTERED WITH ANY REGISTRAR BIRTH-DEATH & MARRIAGES ANY WHEREIN INDIA MY PARTICULARS ARE AS UNDER
**Counsels:**
**Interim Order**
श्रीमति अंजना कुमारी पत्नि श्री रविंदर सिंह निवासी महाल रजपालवां डाकघर टटवाली सब तहसील रे जिला कांगड़ा (हि.प्र.) ने अदालत हजा में एक प्रार्थना पत्र वावत अपनी बेटी पायल समियाल पुत्री रविंदर सिंह की जन्म दिनांक को ग्राम पंचायत डूहग के जन्म एवं मृत्यु रजिस्टर में दर्ज करने बारे गुजारा है। प्रार्थीया ने निवेदन किया है कि उसकी बेटी की जन्म दिनांक 10.06.2006 को महाल रजपालवां उप तहसील रे में हुआ है। परन्तु ग्राम पंचायत डूहग के जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण रजिस्टर में दर्ज नहीं हुई है, जिसे दर्ज करने की अनुमति दी जावे।
अतः सर्वसाधारण को इस इश्तेहार द्वारा सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को प्रार्थीया उक्त की बेटी की जन्म दिनांक के पंजीकरण करने बारे कोई उजर/एतराज हो तो वह दिनांक 24/03/2026 को प्रातः 10 बजे या उससे पूर्व असालतान या बकालतन अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में हाजिर होकर अपना उजर/एतराज प्रस्तुत कर सकता है। न आने की सूरत में प्रार्थी की बेटी के जन्म पंजीकरण बारे आदेश पारित कर दिए जाएंगे। उसके उपरान्त कोई भी उजर कावले समायत न होगा।
**कार्यकारी दण्डाधिकारी, रे,**
**जिला कांगड़ा ( हि.प्र. )।**

**प्रेम** संयम और तप से उत्पन्न होता है, भक्ति साधना से प्राप्त होती है, श्रद्धा के लिए अभ्यास और निष्ठा की जरूरत होती है।

-हजारी प्रसाद द्विवेदी

## संपादकीय

# जिंदगी से खिलवाड़

दवा वह उत्पाद है जो बीमारियों को ठीक करने और जीवन को बनाए रखने में मदद करती है। दवा का भरोसा और प्रभाव सीधे जनता के स्वास्थ्य से जुड़ा होता है। अगर वही दवा जानलेवा साबित होने लगे, तो उस पर चर्चा होना स्वाभाविक है। हिमाचल प्रदेश में हालिया जांचों ने स्वास्थ्य जगत में गंभीर चेतावनी दे दी है। राज्य में बनी 71 दवाओं समेत पूरे देश में 215 दवाओं के सैंपल फेल हो गए हैं। जनवरी के ड्रग अलर्ट में यह खुलासा हुआ कि पांवटा साहिब, कालाअंब, सोलन, ऊना और परवाणू में बनी खांसी-जुकाम, उच्च रक्तचाप, पेट संक्रमण और फंगल सं, मण जैसी दवाएं मानकों पर खरी नहीं उतरीं।

ड्रग विभाग की जांच में यह तथ्य सामने आया कि राज्य प्रयोगशाला के 147 सैंपलों में 51 और केंद्रीय औषधि नियंत्रण संगठन (सीडीएसओ) के सैंपलों में हिमाचल की 20 दवाएं फेल हुई हैं। यह आंकड़े न केवल चिंताजनक हैं, बल्कि गंभीर सवाल भी खड़े करते हैं कि आखिर दवाओं के सैंपल बार-बार क्यों फेल हो रहे हैं? क्या यह सिर्फ तकनीकी खराबी है या इसके पीछे कोई बड़ा रैकेट काम कर रहा है, जो लोगों की जान से खेल रहा है?

नकली या बेमानक दवाओं का खतरा केवल हिमाचल तक सीमित नहीं है। यह समस्या पूरे देश में फैली हुई है। स्वास्थ्य सुरक्षा के नियमों के बावजूद, कई कंपनियां गुणवत्ता के मानक पूरा किए बिना ही दवाएं बाजार में भेज देती हैं। इसका सबसे गंभीर असर सीधे रोगियों पर पड़ता है। बीमार व्यक्ति जब दवा लेकर अपने स्वास्थ्य में सुधार की उम्मीद करता है और वही दवा काम न करे या नुकसान पहुंचाए, तो परिणाम विनाशकारी हो सकते हैं।

इसके पीछे कई कारक जिम्मेदार हैं। सबसे बड़ा कारण निगरानी और जांच की कमजोर प्रणाली है। ड्रग उद्योग का नियमन करने वाले विभागों की सतत निगरानी नहीं होने के कारण कई कंपनियां नियमों की अनदेखी कर देती हैं। इसके साथ ही, भ्रष्टाचार और मिलीभगत के मामले भी सामने आए हैं। कभी-कभी दवा निर्माता या वितरक रिश्वत देकर सैंपलों की जांच में छेड़छाड़ कर देते हैं, जिससे नकली या कम गुणवत्ता वाली दवाएं बाजार में बिकती हैं।

इस स्थिति में केंद्रीय और राज्य सरकारों की जिम्मेदारी बढ़ जाती है। दवा उद्योग में पारदर्शिता और जवाबदेही लाना अनिवार्य है। औषधि नियंत्रण विभागों को चाहिए कि वे हर स्तर पर जांच को मजबूत करें, तकनीकी सैंपलिंग और रैंडम निरीक्षण बढ़ाएं और दोषी कंपनियों पर सख्त कार्रवाई करें। नोटिस जारी करना पर्याप्त नहीं है, यदि कोई उद्योग लगातार मानकों पर खरा नहीं उतरता तो उसके लाइसेंस रद्द करना चाहिए।

साथ ही, उपभोक्ताओं को भी जागरूक किया जाना चाहिए। लोगों को यह समझना होगा कि दवा खरीदते समय प्रमाणित दुकानों और मान्यता प्राप्त ब्रांडों का ही चयन करें। ऑनलाइन और अनधिकृत स्रोतों से दवाएं खरीदने से स्वास्थ्य पर बड़ा खतरा हो सकता है। स्वास्थ्य विभाग को जनता तक जानकारी पहुंचाने और चेतावनी जारी करने के लिए अभियान चलाना चाहिए।

तकनीकी पहलू पर भी ध्यान देने की जरूरत है। दवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए प्रयोगशालाओं की क्षमता बढ़ाना, विशेषज्ञों की नियुक्ति करना और आधुनिक उपकरणों से परीक्षण करना आवश्यक है। हिमाचल जैसे राज्यों में जहां औद्योगिक इकाइयां सीमित हैं, वहां भी उच्च मानक के परीक्षण प्रयोगशालाएं उपलब्ध होनी चाहिए, ताकि स्थानीय उत्पादन की निगरानी आसान हो।

नकली दवाओं के कारोबार का प्रभाव केवल स्वास्थ्य तक ही सीमित नहीं है। यह सामाजिक और आर्थिक स्तर पर भी नुकसान पहुंचाता है। रोगियों की जान और स्वास्थ्य जोखिम में डालने वाले उद्योगों के कारण अस्पतालों पर दबाव बढ़ता है, इलाज का खर्च बढ़ता है और जनता का सरकार पर विश्वास कमजोर होता है। स्वास्थ्य सुरक्षा और औषधि मानक की सख्त निगरानी से ही इस समस्या को रोका जा सकता है।

हिमाचल प्रदेश और पूरे देश में यह आवश्यक है कि ड्रग माफिया के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। राज्य और केंद्र सरकार को मिलकर एक नेक्सस बनाना होगा, जिसमें उद्योगों की निगरानी, उपभोक्ता जागरूकता और तकनीकी सुधार शामिल हों। भ्रष्ट अधिकारियों और दोषी कंपनियों पर कठोर कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। केवल नोटिस जारी करना या हल्की सजा देना पर्याप्त नहीं है। इसके साथ ही, दवा उद्योग को भी जिम्मेदारी से काम करना होगा। गुणवत्ता नियंत्रण के लिए आंतरिक निगरानी और सख्त मानक अपनाना अनिवार्य है। ■

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

## आज की प्रमुख हस्ती

### प्रसिद्ध भारतीय फिल्म अभिनेता



डैनी डेन्जोंगपा
**जन्म :** 25 फरवरी, 1948

**25 फरवरी** 1948 को सिक्किम में जन्मे शेरिंग फिंसो डेंग्जोंग्पा, जिन्हें दुनिया डैनी डेन्जोंगपा के नाम से जानती है, हिंदी सिनेमा के सशक्त अभिनेताओं में गिने जाते हैं। भूटिया समुदाय से संबंध रखने वाले डैनी की मातृभाषा भूटिया है। वे केवल अभिनेता ही नहीं, बल्कि गायक, लेखक, संगीतकार, चित्रकार और सफल व्यवसायी भी हैं। उन्हें 2003 में पद्मश्री से सम्मानित किया गया।

पुणे के फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट में अध्ययन के दौरान उनकी सहपाठी जया भादुड़ी ने उन्हें 'डैनी' नाम दिया। शुरुआत में उन्होंने नेपाली फिल्म 'सैइनो' और हिंदी फिल्म 'जरूरत' (1971) से करियर आरंभ किया। असली पहचान बीआर चोपड़ा की 'धुंध' (1973) से मिली, जिसने उन्हें प्रभावशाली खलनायक के रूप में स्थापित किया। 'चोर मचाए शोर', 'फकीरा', 'अग्निपथ', 'हम', 'खुदा गवाह', 'घातक', 'चाइना गेट' और 'पुकार' जैसी फिल्मों में उनके अभिनय को खूब सराहा गया।

फिल्म 'अग्निपथ' में अमिताभ बच्चन के साथ उनका काम विशेष रूप से उल्लेखनीय रहा। बाद में वे 'हम' और 'खुदा गवाह' में भी साथ दिखे। दक्षिण भारतीय सुपरस्टार रजनीकांत के साथ 'रोबोट' में भी उनकी प्रभावशाली उपस्थिति रही। डैनी ने 'वही रात' का निर्देशन किया और 'अजनबी' की कहानी लिखी, जो बाद में लोकप्रिय टीवी धारावाहिक बनी। वे बीयर फैक्टरी के मालिक भी हैं और पर्यावरण संरक्षण में रुचि रखते हैं। सीमित लेकिन चुनिंदा भूमिकाएं निभाना उनका मूलमंत्र रहा है। अभिनय के प्रति समर्पण, आत्मसम्मान और बहुआयामी व्यक्तित्व ने उन्हें हिंदी सिनेमा का विशिष्ट कलाकार बनाया। ■



कविता

## मैं हूं अखबार

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

मुकेश विग, सोलन

**पूरी** दुनिया की खबरें पहुंचाता हूं घर द्वार लिखता हूं सच सदा मैं हूं अखबार।
फैंके फाड़े जला दे करता नहीं परवाह धर्म सच है लिखना यही है मेरा गुनाह ।
मुझे डराने दबाने की कोशिश कोई करेगा हर पल उतना मेरा हौसला जोश बढ़ेगा।
अडिग पथ पर अपने खुलकर मैं लिखता हूं तभी तो सबके हाथ में शेज में दिखता हूं।
कीमत मामूली में दूं मैं खुशियां अपार हो कोई नौकरी वाला चाहे हो दुकानदार।
वर्षों से ही बनकर सबका मददगार देता हूं हर सूचना सुख दुःखा हो या त्यौहार।
सच होता है कड़वा पर लिखता हूं हर बार बिना डरे बिना झुके क्योंकि मैं हूं अखबार।
किसी भी चमकी को करता हूं दरकिनार लाखों लोग तभी तो करते हैं मुझसे प्यार।
बेसब्री से सभी करें मेरा इंतजार छुट्टी नहीं करता कोई पर्व हो या रविवार।
आराम नहीं मैं करता बहुत बड़ा मेरा परिवार अपने सभी पाठकों का हूं दिल से शुक्रगुजार।

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# कोविड टीका और हृदयाघातः अफवाहों के शोर में दबता विज्ञान



डॉ. सत्यवान सौरभ
स्वतंत्र लेखक

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

भारत में कोविड महामारी के बाद यदि कोई भय सबसे तेजी से समाज में फैला है, तो वह है-कोविड टीकों और हृदयाघात के बीच कथित संबंध। सोशल मीडिया पर वायरल संदेशों, अधूरी जानकारियों से भरे वीडियो, टीवी स्टूडियो की उत्तेजक बहसों और कुछ गैर-जिम्मेदार बयानों ने यह धारणा बना दी है कि कोविशील्ड या कोवैक्सिन जैसे टीकों के कारण युवाओं में अचानक हृदयाघात हो रहा है।

यह डर इतना गहरा हो चुका है कि कई लोग टीकों को 'धीमा जहर' तक कहने लगे हैं, लेकिन असली प्रश्न यह है कि क्या यह भय वैज्ञानिक तथ्यों पर आधारित है या यह केवल अफवाहों और भ्रम की एक लंबी शृंखला है?

हाल के महीनों में कर्नाटक के हासन जिले में हुई 22 अचानक मौतों को कोविड टीकों से जोड़कर उठाए गए सवालों ने इस बहस को और हवा दी। इसके बाद सोशल मीडिया पर यह दावा तेजी से फैलने लगा कि 'गलत इंजेक्शन' के कारण युवाओं की जान जा रही है। हालांकि, राज्य सरकार द्वारा गठित विशेषज्ञ समिति ने विस्तृत जांच के बाद स्पष्ट निष्कर्ष दिया कि इन मौतों और कोविड टीकों के बीच कोई प्रत्यक्ष कारणात्मक संबंध नहीं पाया गया। यह निष्कर्ष किसी एक समिति तक सीमित नहीं है, बल्कि देश की शीर्ष स्वास्थ्य संस्थाओं के अध्ययनों से भी इसकी पुष्टि होती है। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर), केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय और सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया द्वारा किए गए कई स्वतंत्र अध्ययनों में बार-बार यह बात सामने आई है कि भारत में उपयोग में लाए गए कोविड टीके सुरक्षित हैं। आईसीएमआर द्वारा 19 राज्यों के 47 बड़े अस्पतालों में किए गए एक बहु-केंद्र अध्ययन में अचानक हुई मौतों के कारणों का विश्लेषण किया गया। नतीजे स्पष्ट थे-लगभग 85 प्रतिशत मामलों में मृत्यु का कारण पहले से मौजूद हृदय धमनियों का रोग था, जिसमें धमनियों में वसा की परत (प्लाक) जमा हो चुकी थी। शेष मामलों में आनुवंशिक कारण, अस्वस्थ जीवनशैली, अत्यधिक मानसिक तनाव, मोटापा, धूम्रपान और कोविड सं, मण के बाद के प्रभाव जिम्मेदार पाए गए। टीकों का कोई प्रत्यक्ष या निर्णायक संबंध सामने नहीं आया।

यह सच है कि एस्ट्राजेनेका कंपनी ने अदालत में यह स्वीकार किया कि उसके टीके से एक अत्यंत दुर्लभ स्थिति-रक्त का थक्का जमने और प्लेटलेट्स की कमी का लक्षण-समूह—हो सकता है, लेकिन यह स्थिति



लाखों में कुछ गिने-चुने मामलों में देखी गई और वह भी टीका लगने के शुरुआती हफ्तों में। चिकित्सकीय दृष्टि से यह स्थिति और हृदयाघात दो अलग-अलग रोग प्रक्रियाएं हैं। इन दोनों को एक ही तराजू पर तौलना न केवल वैज्ञानिक रूप से गलत है, बल्कि जनता को गुमराह करने वाला भी है।

वास्तविकता यह है कि कोविड संक्रमण स्वयं हृदय के लिए कहीं अधिक घातक सिद्ध हुआ। विश्व स्वास्थ्य संगठन और भारत सहित कई देशों में हुए अध्ययनों के अनुसार, कोविड से संक्रमित व्यक्ति में हृदयाघात, मस्तिष्काघात और हृदय विफलता का जोखिम दो से तीन गुना तक बढ़ गया था। यह वायरस शरीर में व्यापक सूजन उत्पन्न करता है, जो हृदय की मांसपेशियों और रक्त नलिकाओं को गंभीर नुकसान पहुंचा सकती है। पहली और दूसरी लहर में ऐसे असंख्य मामले सामने आए, जहां अपेक्षाकृत युवा और पहले स्वस्थ दिखने वाले लोगों को भी गंभीर हृदय समस्याओं का सामना करना पड़ा। इस संदर्भ में टीकों ने जोखिम को कम करने में सुरक्षा कवच की भूमिका निभाई।

फिर महामारी के बाद अचानक मौतों और हृदयाघात की बढ़ती घटनाओं को लेकर कई आशंकाएं उठीं, पर विशेषज्ञों के अनुसार इसके प्रमुख कारण बदली हुई जीवनशैली हैं। लंबे लॉकडाउन में शारीरिक गतिविधि घटी, वजन बढ़ा, तनाव और अवसाद में वृद्धि हुई, नींद की अनियमितता बढ़ी तथा जंक फूड का सेवन अधिक हुआ। कोविड संक्रमण के बाद शरीर में बनी रहने वाली सूजन, थकान और श्वसन संबंधी समस्याएं भी हृदय जोखिम को बढ़ा सकती हैं। इन जटिल कारणों की बजाय सारा दोष टीकों पर डाल देना वैज्ञानिक तथ्यों से मेल नहीं खाता।

यह मुद्दा केवल स्वास्थ्य का नहीं, सामाजिक जिम्मेदारी का भी है। अफवाहें टीकाकरण के प्रति हिचकिचाहट बढ़ाती हैं, जो भविष्य की किसी भी महामारी में घातक सिद्ध हो सकती हैं। इतिहास बताता है कि पोलियो, चेचक और खसरा जैसी बीमारियों पर नियंत्रण में टीकों ने निर्णायक भूमिका निभाई। कोविड टीके भी उसी वैज्ञानिक परंपरा का हिस्सा हैं।

दुर्भाग्य से कुछ मीडिया मंचों और सोशल मीडिया प्रभावशाली व्यक्तियों ने अधूरी जानकारी को सनसनीखेज रूप देकर भ्रम फैलाया। इसके विपरीत, एम्स और आईसीएमआर जैसे संस्थानों के अध्ययन स्पष्ट करते हैं कि कोविड टीके सुरक्षित हैं और अचानक मौतों से उनका प्रत्यक्ष संबंध सिद्ध नहीं हुआ है।

सरकार और स्वास्थ्य संस्थाओं की जिम्मेदारी है कि वैज्ञानिक निष्कर्ष जमीनी स्तर तक पहुंचें। आशा व आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से जागरूकता अभियान, नियमित स्वास्थ्य जांच, संतुलित आहार और व्यायाम को बढ़ावा देना अधिक प्रभावी उपाय हैं। अंततः, हृदय स्वास्थ्य का वास्तविक मार्ग जागरूकता, वैज्ञानिक सोच और जिम्मेदार संवाद है। डर नहीं, तथ्य ही समाज को सुरक्षित रख सकते हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# यूजीसी अधिनियमः सामाजिक न्याय का औजार या राजनीति का मंच



राम चरण डोगरा
गांव व डाकघर करनघट
जयसिंहपुर, मो. 94180-21495

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

भारत में उच्च शिक्षा की दिशा और दशा तय करने में यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमीशन (यूजीसी) की केंद्रीय भूमिका रही है। यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमीशन एक्ट के तहत स्थापित यह संस्था विश्वविद्यालयों को मान्यता देने, वित्तीय सहायता प्रदान करने और शैक्षणिक मानक निर्धारित करने का कार्य करती है। वर्तमान समय में यूजीसी अधिनियम में प्रस्तावित चर्चित बदलावों को लेकर यह बहस तेज है कि क्या ये सुधार वास्तव में सामाजिक न्याय को मजबूत करेंगे-विशेषकर (ओबीसी, एससी और एसटी समुदायों के लिए या फिर यह केवल राजनीतिक विमर्श का हिस्साभर हैं।

सबसे पहले-ऐतिहासिक संदर्भ समझना आवश्यक है। भारतीय संविधान ने अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी ) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए शिक्षा और रोजगार में आरक्षण की व्यवस्था की, ताकि सदियों की सामाजिक विषमता को कम किया जा सके। यूजीसी अधिनियम के अंतर्गत विश्वविद्यालयों में आरक्षण नीति लागू कराना रोस्टर प्रणाली सुनिश्चित करना और अनुसूचित वर्गों के लिए विशेष छात्रवृत्तियों की व्यवस्था करना ये सभी कदम सामाजिक समावेशन की दिशा में महत्वपूर्ण रहे हैं। उदाहरणस्वरूप, राजीव गांधी राष्ट्रीय फैलोशिप (अब अन्य योजनाओं में समाहित) तथा पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजनाओं ने हजारों छात्रों को उच्च शिक्षा तक पहुंचने में सहायता दी है।

हालांकि, व्यवहारिक स्तर पर चुनौतियां भी कम नहीं हैं। कई केंद्रीय और राज्य विश्वविद्यालयों में आरक्षित पदों के रिक्त रहने, भर्ती प्रक्रियाओं में देरी तथा विभाग-वार रोस्टर बनाम विश्वविद्यालय-वार रोस्टर की बहस ने आरक्षण की प्रभावशीलता पर प्रश्न उठाए हैं। जब 2019 में रोस्टर प्रणाली को लेकर विवाद हुआ, तब यह आशंका जताई गई कि विभाग स्तरीय रोस्टर से एससी/ एसटी/ ओबीसी पदों की संख्या घट सकती है। बाद में संसद द्वारा संशोधन कर विश्वविद्यालय-स्तरीय रोस्टर बहाल किया गया। यह उदाहरण दर्शाता है कि नीति और राजनीति अक्सर एक-दूसरे से गहराई से जुड़ी रहती हैं।




वर्तमान परिप्रेक्ष्य में, जब उच्च शिक्षा ढांचे में व्यापक बदलावों की बात हो रही है और नेशनल एजुकेशन पॉलिसी 2020 के तहत संस्थागत पुनर्गठन, स्वायत्तता और बहु-विषयक विश्वविद्यालयों की स्थापना पर जोर दिया जा रहा है तब यह आशंका स्वाभाविक है कि क्या सामाजिक न्याय के प्रावधान समान रूप से लागू रहेंगे। यदि विश्वविद्यालयों को अधिक स्वायत्तता दी जाती है, तो क्या आरक्षण और समावेशन की निगरानी उतनी ही कठोरता से हो पाएगी यह एक वैध प्रश्न है।

दूसरी ओर समर्थकों का तर्क है कि यूजीसी ढांचे में पारदर्शिता, डिजिटल निगरानी और केंद्रीयकृत डेटा प्रबंधन से आरक्षण के क्रियान्वयन को और सुदृढ़ किया जा सकता है। यदि नियुक्तियों पदोन्नतियों और छात्र प्रवेश का डेटा सार्वजनिक रूप से उपलब्ध हो, तो जवाबदेही बढ़ेगी और भेदभाव की संभावनाएं घटेंगी। इस दृष्टि से यूजीसी अधिनियम सामाजिक न्याय का एक प्रभावी उपकरण सिद्ध हो सकता है बशर्ते कि उसका क्रियान्वयन निष्पक्ष और पारदर्शी हो।

यह भी सत्य है कि शिक्षा नीति भारत में हमेशा राजनीतिक विमर्श का हिस्सा रही है। ओबीसी, एससी और एसटी समुदायों के व्यापक जनाधार के कारण हर संशोधन को राजनीति से जोड़कर देखा जाता है, किंतु सभी सुधारों को राजनीतिक कहकर नकारना उचित नहीं। यूजीसी अधिनियम सामाजिक न्याय का आधार प्रदान करता है, पर उसकी सफलता पारदर्शी, ईमानदार क्रियान्वयन और सतत निगरानी पर निर्भर करती है। तभी यह वास्तविक परिवर्तन ला सकेगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# नड्डा नेतृत्व के दो कार्यकाल : संगठन विस्तार, विजय और राष्ट्रसेवा



संजय टंडन
भाजपा के वरिष्ठ नेता

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में जगत प्रकाश नड्डा का लगातार दो कार्यकाल (2020-2026) भारत की सबसे बड़ी राजनीतिक संगठनात्मक शक्ति के विकास के एक निर्णायक चरण के रूप में याद किया जाएगा।

उन्होंने उस समय अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी संभाली, जब देश कोविड-19 महामारी जैसी अभूतपूर्व चुनौती से जूझ रहा था, परंतु विपरीत परिस्थितियों को कमजोरी बनने देने के बजाय नड्डा के नेतृत्व ने संकट को अवसर में बदल दिया। उनके नेतृत्व में भाजपा ने न केवल स्वयं को संगठित रखा, बल्कि समकालीन भारत की सबसे सशक्त राजनीतिक शक्ति के रूप में अपनी स्थिति को और मजबूत किया। चुनावी दृष्टि से देखें तो नड्डा का रिकॉर्ड स्पष्ट और प्रभावशाली रहा। उनके कार्यकाल में भाजपा ने लगभग 33 विधानसभा चुनाव लड़े, जिनमें से 19 में विजय प्राप्त की -लगभग 60 प्रतिशत की सफलता दर। यह उपलब्धि उस दौर में हासिल हुई जब राजनीति में क्षेत्रीय समीकरण, गठबंधन की जटिलताएं और जनादेश का विखंडन आम बात बन चुका था। उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, गोवा और मणिपुर जैसे राज्यों में लगातार दूसरी बार सत्ता में वापसी ने भाजपा के सुशासन मॉडल और संगठनात्मक अनुशासन की मजबूती को सिद्ध किया।

नड्डा के नेतृत्व में भाजपा ने कई राज्यों में ऐतिहासिक सफलताएं दर्ज कीं। 2025 के बिहार विधानसभा चुनावों में मिली प्रचंड विजय ने उत्तर भारत में पार्टी की स्थिति को और मजबूत किया। हरियाणा में तीसरी बार लगातार सत्ता में वापसी, दिल्ली में दो दशकों से अधिक समय बाद सत्ता प्राप्ति और महाराष्ट्र, राजस्थान, मध्य प्रदेश तथा छत्तीसगढ़ में मजबूत प्रदर्शन उल्लेखनीय रहे। 2022 में गुजरात में 156 सीटें जीतकर भाजपा ने नया इतिहास रचा।

संगठनात्मक स्तर पर नड्डा ने भाजपा को विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी के रूप में बनाए रखा। सदस्यता 18 करोड़ से अधिक के ऐतिहासिक आंकड़े को पार कर गई, जो वैश्विक राजनीति में अभूतपूर्व है। इससे भी अधिक महत्वपूर्ण यह रहा कि इस संख्या के साथ संगठनात्मक ढांचा भी मजबूत हुआ। उनके कार्यकाल में चलाए गए बूथ सशक्तिकरण अभियानों ने पार्टी को जमीनी स्तर पर और अधिक संगठित, अनुशासित और चुनावी रूप से सक्षम बनाया। आंकड़ों और उपलब्धियों से परे, नड्डा के नेतृत्व की सबसे बड़ी विशेषता उनका मानवीय स्पर्श है। मुझे एक घटना याद है जब हिमाचल प्रदेश का एक पार्टी कार्यकर्ता पीजीआईएमईआर, चंडीगढ़ में भर्ती था। नड्डा ने फोन पर उससे मिलने की इच्छा व्यक्त की। चंडीगढ़ पहुंचकर वे सीधे अस्पताल गए। जिस आत्मीयता और स्नेह से उन्होंने उस कार्यकर्ता से मुलाकात की, वह किसी राष्ट्रीय नेता की नहीं, बल्कि परिवार के सदस्य की तरह थी। यह दृश्य मेरे मन में आज भी अंकित है।



अक्तूबर 2024 में माताजी के निधन पर जेपी नड्डा का तुरंत फोन करना और व्यस्तताओं के बावजूद घर आकर लगभग आधा घंटा साथ बैठना उनके मानवीय स्वभाव का परिचायक है। पुत्र के विवाह में दिल्ली और बिलासपुर दोनों समारोहों के लिए व्यक्तिगत आमंत्रण ने उनके रिश्तों को सहेजने की संवेदनशीलता को और स्पष्ट किया।

उनके नेतृत्व की प्रमुख विशेषता सेवा को राजनीति का मूल मूल्य बनाना रही। कोविड-19 के दौरान 'सेवा ही संगठन' अभियान के माध्यम से देशभर में करोड़ों भोजन और राशन किट वितरित किए गए, जिससे संगठन जनसेवा के सशक्त माध्यम के रूप में उभरा। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री के रूप में आयुष्मान भारत के विस्तार ने लाखों परिवारों को सुलभ स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान की। नए एम्स संस्थानों, विशेषकर बिलासपुर में स्थापना, मेडिकल कॉलेजों और एमबीबीएस सीटों में वृद्धि, यू-विन जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म तथा क्षय रोग उन्मूलन के प्रयासों ने स्वास्थ्य ढांचे को सुदृढ़ किया। हिमाचल में बल्क ड्रग और मेडिकल डिवाइस पार्क जैसी परियोजनाओं ने औद्योगिक विकास और रोजगार सृजन को नई दिशा दी। उनके दो कार्यकाल संगठन निर्माण, सेवा और सुशासन के प्रति गहरी प्रतिबद्धता के प्रतीक रहे।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# जल संरक्षण : भविष्य की चुनौतियां और आवश्यक कदम



सुखदेव सिंह
स्वतंत्र लेखक, नूरपुर (कांगड़ा)

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

जल संकट अब चेतावनी नहीं, बल्कि वास्तविक खतरा बन चुका है। राज्यसभा सांसद सिकंदर कुमार ने सूखते जल स्रोतों पर चिंता जताते हुए केंद्र सरकार से इनके रख-रखाव को सुधारने की मांग उठाई है। केंद्र सरकार ने भी जल संकट को ध्यान में रखते हुए योजना बनाई है, जिसके तहत अब बिना अनुमति जल स्रोतों का निर्माण नहीं किया जा सकेगा। भूजल स्तर लगातार गिर रहा है और अगर समय रहते इसका संरक्षण नहीं किया गया, तो भविष्य में पानी की कमी गंभीर रूप ले सकती है। हर बूंद पानी कीमती है, और इसका दुरुपयोग रोकना हम सबकी जिम्मेदारी है।

हालांकि जनता के अलावा जल शक्ति विभाग की कार्यप्रणाली में कमी के कारण पाइपलाइन में रिसाव और नलकूपों का खराब होना आम बात है, जिससे जल संरक्षण के अभियान का उद्देश्य कमजोर पड़ जाता है। पेड़ों की कटाई, बढ़ता अवैध खनन और घटते जंगल जल स्रोतों के सूखने के मुख्य कारण हैं। सरकारें लाखों रुपये खर्च करके तालाब, नलकूप, हैडपंप और वाटर सप्लाई की व्यवस्था कर रही हैं, लेकिन उनमें से कई अब सूख चुके हैं। गर्मियों में पानी की समस्या आम हो जाती है और जनता को पर्याप्त जल नहीं मिल पाता।

जंगलों में अवैध कटान और अबैध कब्जों के कारण वर्षा अनियमित हो रही है, जिससे किसानों की फसलें प्रभावित हो रही हैं। हिमाचल प्रदेश जैसे पहाड़ी राज्य में भी झरने सूखते जा रहे हैं और भूस्खलन की घटनाओं में वृद्धि हो रही है। पेड़ों की जड़ें मिट्टी में पानी बनाए रखने और पहाड़ों को स्थिर रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग और सिंचाई की बढ़ती आवश्यकता से भूजल स्तर और गिर रहा है। प्रदेश सरकार ने नई खनन नीति के तहत अवैध खनन पर रोक लगाई है, लेकिन कई खड्डों में पहले से हुए नुकसान जल स्रोतों पर गहरा असर डाल चुके हैं। जल संकट केवल पीने के पानी तक सीमित नहीं है। नलकूप,




कुहलें, हैडपंप और वाटर सप्लाई में पानी की कमी के कारण सिंचाई और रोजमर्रा की जरूरतें प्रभावित हो रही हैं। शौचालय निर्माण और स्वच्छता अभियान सफल हुए हैं, लेकिन पानी की कमी के कारण उनका उपयोग सीमित है। महिलाओं को कपड़े धोने और बर्तन साफ करने के लिए भी पानी की बचत करनी पड़ रही है। जल संरक्षण के लिए नीति और योजना के साथ-साथ आम जनता की सर्, य भागीदारी आवश्यक है। पेड़ लगाना, अवैध कटान और खनन रोकना, पौधारोपण अभियान चलाना और स्कूल-कॉलेजों में जल जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करना जरूरी है। आईपीएच विभाग को सार्वजनिक स्थानों पर पानी की बर्बादी रोकने और प्राथमिकताह अभियान चलाने में तेजी लानी होगी। पानी बचाने के लिए जल स्त्रोतों की नियमित निगरानी, रिसाव को तुरंत ठीक करना और पानी की मात्रा बनाए रखना अनिवार्य है।

भूजल स्तर को बनाए रखने के लिए प्राकृतिक झरनों और तालाबों का संरक्षण, वर्षा जल संचयन और उचित सिंचाई तकनीकें अपनाना जरूरी है। पेड़ों की संख्या बढ़ाना और जंगलों की सुरक्षा करना न केवल जल संरक्षण बल्कि आपदा प्रबंधन में भी मदद करता है। जंगलों में आग और पेड़ों की कटाई से ऑक्सीजन की कमी होती है और मिट्टी की नमी घटती है, जिससे बारिश अनियमित होती है।

पेड़ों की सुरक्षा, अवैध खनन पर रोक, तालाबों और नलकूपों का संरक्षण और जागरूकता अभियान ही जल संकट से निपटने का स्थायी उपाय हैं। हर व्यक्ति को पानी की कीमत समझनी होगी, ताकि आने वाली पीढ़ियाँ पर्याप्त जल का उपयोग कर सकें और पर्यावरण संतुलित रह सके।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# चरस तस्करी के दोषी को 8 साल का कारावास व 80 हजार जुर्माना

◆ वर्ष 2024 में जड़ोल फोरलेन पर नाकाबंदी के दौरान पकड़ा था आरोपी

अनंत ज्ञान

**सुंदरनगर।** अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा स्पेशल जज सुंदरनगर ने चरस तस्करी के एक महत्वपूर्ण मामले में दोषी को 8 वर्ष के कठोर कारावास और 80 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। दोषी लव कुमार पुत्र जीवन लाल निवासी गांव और डाकघर बस्सीकलां पुलिस थाना चब्बेवाल जिला होशियारपुर पंजाब का निवासी है।

जानकारी देते हुए उप जिला न्यायवादी विनय वर्मा ने बताया कि वर्ष 2024 में पुलिस थाना सुंदरनगर के अंतर्गत पुलिस चौकी सलापड़ के हेड कांस्टेबल ललित कुमार टीम सहित जड़ोल फोरलेन पर नाकाबंदी और गश्त पर मौजूद थे। इसी दौरान सुंदरनगर की ओर से आ रही पंजाब रोडवेज की बस को पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के लिए रोका गया। बस में लगभग 35 सवारियां सफर कर रही थीं। वहीं पुलिस टीम ने बस की चेकिंग के दौरान आरोपी की चेकिंग के दौरान उसके बैग से 920 ग्राम चरस बरामद हुई। बस में सवार व्यक्ति ने अपनी पहचान लव कुमार पुत्र जीवन लाल निवासी गांव और डाकघर बस्सीकलां पुलिस थाना चब्बेवाल जिला होशियारपुर पंजाब बताई। उन्होंने कहा कि पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 के तहत एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तार किया गया। मामले की जांच पूरी करने के बाद चालान दोषी के खिलाफ न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। विनय वर्मा ने बताया कि न्यायलय में अभियोजन पक्ष की ओर से कुल 15 गवाहों के बयान दर्ज किए गए।

दोनों पक्षों की दलीलों को सुनने के बाद मंगलवार को अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा स्पेशल जज ने दोषी कन्हैया लाल को 8 वर्ष का कठोर कारावास और 80 हजार रूपए जुर्माने की सजा सुनाई है। वहीं जुर्माना अदा न करने की सूरत में दोषी को 2 वर्ष का अतिरिक्त कारावास की सजा भी सुनाई गई है।

# भोजपुर विश्राम गृह का पिछला गेट बना कूड़ाघर, सड़ांध से दूषित हो रहा माहौल

## हार्ड ड्रिंक की बोतलों-कूड़े कचरे से दूषित वातावरण करता है स्वागत, लोगों में रोष

अनंत ज्ञान



हार्ड ड्रिंक की बोतलों-कूड़े कचरे से परेशानी बढ़ी। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान मुद्दा

**भीम बसेड़ू राजपूत, महादेव।** शहरी क्षेत्र सुंदरनगर में राष्ट्रीय उच्च मार्ग नंबर 21 से जुड़ा लोक निर्माण विभाग का विश्राम गृह इन दिनों बदहाल स्थिति का शिकार बना हुआ है। विश्राम गृह भोजपुर का पिछला गेट लंबे समय से कूड़े-कचरे और हार्ड ड्रिंक की खाली बोतलों से अटा पड़ा है, जिससे पूरे क्षेत्र में दुर्गंध फैल रही है। हालात यह हैं कि यहां से गुजरने वाले राहगीरों, स्थानीय निवासियों और कार्यालयों में आने-जाने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

उक्त स्थल के समीप ही बिजली विभाग (एचपीएसईबी) का कार्यालय स्थित है तथा एक बैंक का मार्ग भी इसी रास्ते से जुड़ता है। ऐसे महत्वपूर्ण सरकारी क्षेत्र में गंदगी के ढेर प्रशासनिक लापरवाही को उजागर करते हैं। प्लास्टिक, सड़ी-गली सामग्री और अन्य कूड़े के अंबार को देखकर प्रतीत होता है कि मानो यह स्थान अनौपचारिक डंपिंग साइट में तब्दील हो चुका हो। लंबे समय से सफाई न होने के कारण वातावरण दूषित होता जा रहा है।

स्थानीय बुद्धिजीवियों और नागरिकों ने इस स्थिति पर गहरा रोष व्यक्त किया है। उनका कहना है कि यदि सरकारी विश्राम गृह और प्रमुख कार्यालयों के आसपास यह हाल है तो अन्य स्थानों की स्थिति का सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है। घनी आबादी के बीच इस प्रकार की गंदगी भविष्य में स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को भी जन्म दे सकती है।

लोगों ने जिला प्रशासन, विशेषकर डीसी मंडी से मांग की है कि शीघ्र ठोस कदम उठाकर विश्राम गृह के पिछले गेट और आसपास के क्षेत्र को कूड़े से मुक्त कराया जाए। साथ ही, यहां गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी स्थिति दोबारा उत्पन्न न हो।

# लॉर्ड्स कॉन्वेंट में नवाजे होनहार



होनहार विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** स्थानीय सुप्रसिद्ध पाठशाला लॉर्ड्स कॉन्वेंट स्कूल सरकाघाट में मंगलवार को दसवीं कक्षा के होनहार छात्रों को सम्मानित किया गया। इसमें दसवीं कक्षा के बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 50 छात्रों को मेरिट सर्टिफिकेट व मेडल पहनकर सम्मानित किया गया। स्कूल प्रधानाचार्य सपना ठाकुर ने बताया कि लॉर्ड कॉन्वेंट एकमात्र स्कूल है जहां से 50 छात्रों ने दसवीं की कक्षा प्रथम श्रेणी में पास की है और सभी छात्रों को हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की तरफ से प्रशस्ति प्रदान किए गए। उन्होंने बताया स्कूल के 15 छात्रों ने टॉप 50 में हिमाचल में स्थान हासिल करके स्कूल व सरकाघाट का नाम पूरे प्रदेश में रोशन किया है। स्कूल प्रबंधक कर्नल बलवंत सिंह बरारी ने इसका श्रेय बच्चों, अभिभावकों व शिक्षकों के अथक प्रयास को दिया और आगे भी अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

## न्यूज ब्रीफ

### रोपा, पुराना बाजार में आज बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** विद्युत उपमंडल सुंदरनगर, अनुभाग पुराना बाजार के अंतर्गत आने वाले बीएसएनएल फीडर पर 25 फरवरी को आवश्यक विद्युत अवरोध रहेगा। यह अवरोध एचआरटीसी बस अड्डे पर नए इलेक्ट्रिक व्हीकल चार्जिंग स्टेशन की स्थापना से संबंधित कार्य को पूर्ण करने के लिए प्रस्तावित किया गया है। सहायक अभियंता, विद्युत उपमंडल सुंदरनगर ई. राजन गौर ने जानकारी दी कि 25 फरवरी को प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। इस दौरान रोपा, पुराना बाजार, बीएसएनएल एक्सचेंज, हंडेती, खरीड़ी, नया बाजार, सवार, करनोडी, न्यू बस स्टैंड, हमसफर तथा आसपास के क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने क्षेत्रवासियों से सहयोग की अपील करते हुए बताया कि मौसम एवं अन्य परिस्थितियों के अनुसार कार्य की समयावधि में परिवर्तन संभव है।

### मुल्थान कॉलेज के मर्ज करने की चर्चा पर रोष

**अनंत ज्ञान, रूपी ठाकुर, बरोट।** प्रदेश सरकार द्वारा स्कूल व कॉलेजों के मर्ज की प्रक्रिया के तहत दुर्गम घाटी छोटाभंगाल व चौहार घाटी के लिए खोले गए मुल्थान महाविद्यालय का नाम चर्चा में आने से क्षेत्र में विरोध तेज हो गया है। मुल्थान पंचायत की प्रधान दुर्गेश कुमारी तथा देव गहरी महिला मंडल दयोट की प्रधान कृष्णा देवी सहित घाटीवासियों ने कहा कि दुर्गम क्षेत्रों में शिक्षा को बढ़ावा दिया जाना चाहिए, न कि संस्थान बंद किए जाएं। उन्होंने बताया कि पूर्व सरकार के समय चौहार घाटी तथा छोटाभंगाल घाटी के लिए आईटीआई संस्थान की घोषणा हुई थी और कैबिनेट मंजूरी के बाद भूमि चयन प्रक्रिया शुरू हुई, लेकिन सत्ता परिवर्तन के बाद संस्थान नहीं खोला गया। उनका कहना है कि जून 2017 के अंतिम सप्ताह में शुरू हुए महाविद्यालय में प्रारंभ में प्राचार्य पद को छोड़ अन्य पद भरे थे और लगभग डेढ़ सौ विद्यार्थी अध्ययनरत थे, पर गत वर्ष से प्रोफेसरों के तबादलों के कारण स्थिति प्रभावित हुई। छोटा भंगाल व चौहार घाटी वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष सीता राम ठाकुर ने बताया कि उन्होंने बैजनाथ में विधायक किशोरी लाल और शिमला में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर को प्रस्ताव सौंपा है श बुधवार सुबह 11 बजे मुल्थान में महत्त्वपूर्ण बैठक बुलाई गई है।

### भाषण प्रतियोगिता में श्रुति ने मारी बाजी

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिल कुमार के सौजन्य से आयस्टर पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में डॉ. में भगवान दास उपप्रधानाचार्य की अध्यक्षता में किशोर स्वास्थ्य दिवस मनाया गया। इसमें प्रशिक्षित स्वास्थ्य शिक्षक अचला कुमारी ने किशोरावस्था में होने वाले परिवर्तनों, संतुलित आहार, मानसिक स्वास्थ्य, माहवारी स्वच्छता और नशे से दूर रहने के के बारे में विस्तृत जानकारी दी। काउंसलर चंपा वर्मा ने नई दिशा केंद्र के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर भाषण व कला प्रतियोगिता भी करवाई गई। भाषण प्रतियोगिता में श्रुति प्रथम , शिवांश द्वितीय व तन्मय और कृतिका तृतीय रहे। कला प्रतियोगिता में पूर्वंशी प्रथम युवान द्वितीय व अनमोल और गौरी तृतीय रहे। स्वास्थ्य विभाग की तरफ से इनाम भी बांटे गए। इस अवसर पर महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता सोनिया, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी हर्षा गुप्ता 17 अध्यापक सहित सैंकड़ों बच्चे उपस्थित रहे।

### बैठक में आगामी रणनीतियों पर की चर्चा

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** संयुक्त मोर्चा ऑफ एक्स सर्विसमैन (जेसीओ एवं ओआर) हिमाचल प्रदेश की सरकाघाट इकाई की महत्वपूर्ण बैठक सरकाघाट में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष कैप्टन जगदीश वर्मा ने की। इसमें संगठन की आगामी रणनीतियों पर विस्तृत चर्चा की गई। निर्णय लिया गया कि प्रदेश पदाधिकारियों का कार्यकाल मार्च में समाप्त होने के कारण संगठन के चुनाव इसी वर्ष मार्च में कराए जाएंगे। बैठक में सरकाघाट में शहीद स्मारक निर्माण कार्य को आगे बढ़ाने पर भी मंथन हुआ और आवश्यक कदम उठाने का संकल्प लिया गया। सीएसडी कैंटीन और ईसीएचएस सुविधाओं पर संतोष जताया गया। साथ ही आठवें वेतन आयोग की समय-सीमा तय होने पर हिमाचल से प्रतिनिधिमंडल दिल्ली भेजने का भी निर्णय लिया गया।

### कर्म चंद को जिलाध्यक्ष बनने पर दी बधाई

**अनंत ज्ञान, पंडोह ।** हिमाचल प्रदेश के दूसरे सबसे बड़े जिला मंडी से कांग्रेस एससी अनुसूचित जाति विभाग का दरंग विधानसभा क्षेत्र के नाधार निवासी कर्म चंद भाटिया का जिलाध्यक्ष बनना बड़ी बात है। कर्म चंद भाटिया निर्धन परिवार से हैं मगर पार्टी के सच्चे सिपाही हैं। इनको जिला अध्यक्ष बनाने से मंडी जिला कांग्रेस पार्टी कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। द्रंग से कार्यकर्ता देवेंद्र ठाकुर, पदम सिंह, ठाकुर इंद्र सिंह, निवर्तमान प्रधान मेहणी रेशमा ठाकुर, पूर्व प्रधान लते राम ठाकुर, प्रधान हरदेव प्रेम ठाकुर, टेक सिंह ठाकुर, ठाकुर दास भंडारी, दुर्गा दास मासड, दयाल ठाकुर, कपिल देव, अमीर हुसैन, गोविंद गोलू, टेक चंद, राजू दलीप ठाकुर, कांग्रेस नेत्री नगीना ठाकुर और गौरव वर्मा ने कर्म चंद भाटिया को कांग्रेस पार्टी के अनुसूचित विभाग के जिला अध्यक्ष चुने जाने पर बधाई दी है। इसके लिए हाईकमान प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष विनय कुमार, सीएम सुक्खू व मुकेश अग्निहोत्री, कोल सिंह ठाकुर, प्रकाश चौधरी, चंपा ठाकुर का धन्यावाद किया है।

### बच्चों को एल्बेंडाजोल, विटामिन-ए की दी खुराक

**अनंत ज्ञान, करसोग।** स्वास्थ्य खंड करसोग में राष्ट्रीय कृमिनाशक दिवस का प्रथम चरण सफलतापूर्वक पूरा हुआ। इस अभियान के तहत 1 से 19 वर्ष आयु वर्ग के 95 प्रतिशत (21,536) बच्चों को पेट के कीड़े मारने की दवा एल्बेंडाजोल दी गई, जबकि 1 से 5 वर्ष के 92 प्रतिशत (5,852) बच्चों को विटामिन-ए की खुराक प्रदान की गई। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. गोपाल चौहान ने बताया कि कार्यक्रम वर्ष में दो बार, फरवरी और अगस्त में आयोजित होता है। जिन बच्चों को अभी तक दवा नहीं दी जा सकी, उन्हें 28 फरवरी 2026 से पहले घर-घर जाकर उपलब्ध कराई जाएगी। अभियान का उद्देश्य बच्चों में एनीमिया और कुपोषण कम करना तथा उनकी शारीरिक और मानसिक विकास को प्रोत्साहित करना है। अभिभावकों से आग्रह किया गया कि वे अपने बच्चों को दवा और विटामिन-ए की खुराक अवश्य दिलवाएं।

### योग और प्राणायाम की विधियां सिखाईं

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे और तीसरे दिन विभिन्न सेवा एवं जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. श्रवण डोगरा और प्रो. मोहिनी के नेतृत्व में स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर में व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया। दूसरे दिन के सत्र में ब्रह्मकुमारी आश्रम की सिस्टर अंजना और सिस्टर मंजुला ने 'मानसिक स्वास्थ्य का सुधार' विषय पर जानकारी दी। तीसरे दिन डॉ. ओम प्रकाश कपूर ने योग और प्राणायाम की विधियां सिखाईं, जबकि डॉ. माणिक्य ठाकुर ने स्वस्थ जीवन और संतुलित आहार की अहमियत समझाई। शिविर का उद्देश्य स्वयंसेवकों में सेवा, अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को सुदृढ़ करना है।

# धर्मपुर-रिछली मार्ग पर 6 माह से बस सेवा ठप, लोगों में रोष

◆ प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य रजत ठाकुर ने की तुरंत बहाली की मांग

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** धर्मपुर उपमंडल की धर्मपुर-बरडाना-तरोहला-ध्वाली-रिछली सड़क पर पिछले करीब छह महीनों से एचआरटीसी बस सेवा बंद होने से हजारों लोग भारी परेशानियों से जूझ रहे हैं। रोजमर्रा के कार्यों, स्कूल-कॉलेज आने-जाने, अस्पताल पहुंचने तथा अन्य आवश्यक जरूरतों के लिए स्थानीय लोगों को निजी वाहनों और महंगे साधनों का सहारा लेना पड़ रहा है।



इस मुद्दे को उठाते हुए प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य रजत ठाकुर ने हिमाचल पथ परिवहन निगम और संबंधित प्रशासन से इस मार्ग पर तुरंत बस सेवा बहाल करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि पहले सुंदरनगर डिपो सहित अन्य लोकल रूटों की एचआरटीसी बसें नियमित रूप से चलती थीं, जिससे क्षेत्रवासियों को बड़ी राहत मिलती थी, लेकिन सेवा बंद होने से दिक्कतें कई गुना बढ़ गई हैं। रजत ठाकुर ने बताया कि बरडाना, तरोहला, ध्वाली, रिछली सहित अनेक गांव इस सड़क से जुड़े हैं और बड़ी संख्या में विद्यार्थी, बुजुर्ग, महिलाएं तथा कर्मचारी रोजाना धर्मपुर, सुंदरनगर व अन्य स्थानों के लिए आवाजाही करते हैं। बस सेवा ठप होने से गरीब और मध्यम वर्ग सबसे अधिक प्रभावित हुआ है। उन्होंने कहा कि कई बार मामला विभाग और प्रशासन के समक्ष उठाया गया, परंतु ठोस कदम नहीं उठाए गए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र बस सेवा बहाल नहीं की गई तो क्षेत्र के लोग सड़कों पर उतरकर जोरदार विरोध प्रदर्शन करेंगे, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन और संबंधित विभाग की होगी। स्थानीय लोगों ने भी जनहित में शीघ्र बस सेवा शुरू करने की मांग दोहराई है।

# सामाजिक कार्यकर्ता ने उठाई न्यूनतम किराया 5 रुपए करने की मांग

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** धाड़ता क्षेत्र से संबंध रखने वाले सामाजिक कार्यकर्ता एवं सरकाघाट विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी रमेश चंद भारद्वाज ने हिम बस कार्ड में अतिरिक्त सुविधाएं जोड़ने की मांग उठाई है। 65 से अधिक महिलाओं के कार्ड बनवाने के बाद उन्होंने विधायक धर्मपुर चंदर शेखर, सरकाघाट विधायक दलीप ठाकुर तथा ईमेल के माध्यम से मुख्यमंत्री को सुझाव भेजे। उन्होंने प्रस्ताव दिया कि हिम बस कार्ड में कार्डधारक का मोबाइल नंबर, आपातकालीन संपर्क, ब्लड ग्रुप, बीमा विवरण और पूरा पता दर्ज किया जाए। दिव्यांगों व बुजुर्गों के लिए कार्ड को गले में लटकाने की सुविधा दी जाए। साथ ही हिम प्लस कार्ड में एसी, वॉल्वो और अन्य बसों में यात्रा की अनुमति मिले तथा सम्मान कार्ड, ग्रीन कार्ड, स्मार्ट कार्ड, दिव्यांग कार्ड और छात्र बस पास को एकीकृत किया जाए। महिलाओं ने दैनिक ₹10 किराये के बजाय कार्डधारकों के लिए न्यूनतम किराया ₹5 निर्धारित करने की मांग भी रखी।

# महाशिवरात्रि मेले की सांस्कृतिक संध्या में आदित्य ने नृत्य से मोहा सबका मन

अनंत ज्ञान

**भीम बसेड़ू राजपूत, महादेव।** मंडी शिवरात्रि मेला 2026 के पावन अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक संध्या में बोबर के निवासी आदित्य ने अपने शानदार नृत्य से सभी दर्शकों का मन मोह लिया। मंच पर उनकी ऊर्जावान प्रस्तुति, सटीक तालमेल और भावपूर्ण अभिव्यक्ति ने कार्यक्रम को एक नई ऊंचाई प्रदान की। जैसे ही आदित्य मंच पर आए, दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से उनका स्वागत किया और पूरे प्रदर्शन के दौरान उत्साह चरम पर बना रहा। पारंपरिक और आधुनिक नृत्य शैली के सुंदर समन्वय ने प्रस्तुति को विशेष आकर्षण प्रदान किया।

आदित्य पहले भी कई बड़े मेलों और सांस्कृतिक आयोजनों में अपने नृत्य की प्रस्तुति दे चुके हैं। उनका कहना है कि उन्होंने अपने डांस करियर की शुरुआत 'फीट आफ फायर' नामक डांस स्टूडियो से की थी, जहां से उन्होंने नृत्य की बारीकियां सीखीं और लगातार अभ्यास के माध्यम से स्वयं को निखारा। लंबे समय से नृत्य के क्षेत्र में सक्रिय रहते हुए उन्होंने अपनी अलग पहचान बनाई है।



स्थानीय लोगों ने आदित्य की प्रस्तुति की भरपूर सराहना करते हुए इसे मेले की यादगार प्रस्तुतियों में शामिल बताया। बोबर गांव के इस प्रतिभाशाली युवा कलाकार ने न केवल अपनी कला का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, बल्कि अपने क्षेत्र का नाम भी रोशन किया।

# लड़भड़ोल में आशा कार्यकर्ताओं के पदों के लिए आवेदन आमंत्रित

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** खंड चिकित्सा अधिकारी लड़भड़ोल के अधीन आशा कार्यकर्ताओं के रिक्त पदों को भरने के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। खंड चिकित्सा अधिकारी विजय धीमान ने बताया कि ग्राम पंचायत रोपड़ी के वार्ड नंबर 1, 2 और 3 के लिए एक तथा ग्राम पंचायत भड़याड़ा बुहला के वार्ड नंबर 3 और 4 के लिए एक आशा कार्यकर्ता नियुक्त की जाएगी। इच्छुक महिलाएं 5 मार्च 2026, सायं 5:00 बजे तक खण्ड चिकित्सा अधिकारी कार्यालय लड़भड़ोल में अपना आवेदन जमा कर सकती हैं। आवेदन हेतु न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता आठवीं पास होनी चाहिए, आयु 25 से 45 वर्ष के बीच हो और आवेदिका संबंधित वार्ड की स्थायी निवासी हो। सादे कागज पर आवेदन पत्र के साथ आयु प्रमाण पत्र, शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र, बीपीएल प्रमाण पत्र (यदि लागू हो), जाति प्रमाण पत्र, उच्च शिक्षा प्रमाण पत्र , विधवा/तलाकशुदा/परित्यक्ता प्रमाण पत्र (यदि लागू हो) व दो पासपोर्ट साइज फोटो संलग्न करना अनिवार्य है। प्रशासन ने सभी पात्र महिलाओं से समय पर आवेदन करने की अपील की है।

# 4 पंचायतों के युवा स्वयंसेवकों को प्राकृतिक आपदा से निपटने का दिया जा रहा प्रशिक्षण



प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण मंडी के सौजन्य से उपमंडल सरकाघाट में एसडीएम सरकाघाट राजेंद्र कुमार गौतम की अध्यक्षता में आपदा की तैयारी एवं प्रभावी प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने के उद्देश्य से युवा स्वयंसेवकों की टास्क फोर्स तैयार करने के लिए एसडीएम कार्यालय सरकाघाट के सभागार में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यशाला में उपमंडल सरकाघाट की चार पंचायतों—गैहरा, नवाणी, फतेहपुर तथा गुम्मू—के युवा स्वयंसेवकों को प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यशाला के दूसरे दिन नागरिक अस्पताल सरकाघाट से आए डॉ. कैलाश शर्मा एवं डॉ. विश्वदीप ने आपदा की तैयारी और प्रतिक्रिया से संबंधित विषयों पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने आपदा के दौरान संभावित जोखिमों से जनमानस की सुरक्षा हेतु प्राथमिक उपचार एवं आवश्यक सुरक्षा उपायों पर व्यवहारिक एवं सरल भाषा में प्रशिक्षण प्रदान किया।

इस दौरान स्वयंसेवकों को सीपीआर (कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन), सर्पदंश तथा विषाक्त पदार्थ के सेवन की स्थिति में प्राथमिक उपचार संबंधी जानकारी दी गई। इस अवसर पर उपमंडल सरकाघाट के कार्यालय कानगो राजेंद्र पूरी एवं अन्य कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

# लंबित वित्तीय लाभों पर फूटा पेंशनरों का गुस्सा

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** हिमाचल प्रदेश पेंशनर्स फेडरेशन, सुंदरनगर ब्लॉक की मासिक बैठक ब्लॉक अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह बर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में जिला प्रधान प्रभुराम वर्मा, संयुक्त संघर्ष समिति के जिला संयोजक हेम सिंह ठाकुर तथा अरावन डेवलपमेंट पेंशनर्स एसोसिएशन के राज्य प्रधान शिव सिंह सेन विशेष रूप से मौजूद रहे। प्रदेश कार्यकारिणी के अतिरिक्त सचिव नरोत्तम चंद ठाकुर, वरिष्ठ सदस्य परशराम गर्ग, ब्लॉक कोषाध्यक्ष हेमराज रतन, सचिव इंद्रजीत आनंद सहित अन्य पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में पेंशनर्स की लंबित देय राशि, महंगाई भत्ता की बकाया किस्तों और एरियर भुगतान को लेकर सरकार की उदासीनता पर कड़ा रोष जताया गया। 17 फरवरी को अर्की में हुई राज्य कार्यकारिणी की बैठक और शिमला में आयोजित सांकेतिक धरने के निर्णयों की जानकारी भी साझा की गई। वक्ताओं ने कहा कि राज्य सरकार व राज्यपाल को कई बार ज्ञापन सौंपे जाने के बावजूद अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है, जिससे पेंशनर्स में असंतोष बढ़ रहा है। बैठक में वर्ष 2016 से 2022 के बीच सेवानिवृत्त अधिकारियों व कर्मियों की लंबित देय राशि के शीघ्र भुगतान, महंगाई भत्ता की किस्तें जारी करने, संशोधित वेतनमान व पेंशन पुनर्निर्धारण के मामलों का निपटारा करने व भविष्य में भुगतान की स्थायी व्यवस्था लागू करने की मांग उठाई गई।

# सड़क पर घूमने वाले पशुओं की सुरक्षा के लिए रिफ्लेक्टर कॉलर किए वितरित



हिमाचल डेंटल कॉलेज में सड़क पर घूमने वाले पशुओं की सुरक्षा के लिए रिफ्लेक्टर कॉलर वितरित करने के दौरान। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**सुंदरनगर।** हिमाचल डेंटल कॉलेज और क्रयाश चैरिटेबल ट्रस्ट के सहयोग से मंगलवार को हम जीव कल्याण फाउंडेशन को सड़क पर घूमने वाले बेसहारा पशुओं के गले में पहनाने के लिए रिफ्लेक्टर कॉलर प्रदान किए गए। इन रिफ्लेक्टर कॉलरों का उद्देश्य रात्रि के समय होने वाली सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना तथा पशुओं और वाहन चालकों दोनों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

कार्यक्रम के दौरान कॉलेज के निदेशक डॉ. अनिल सिंगला, प्रिंसिपल डॉ. बलजीत सिंह, वाईस प्रिंसिपल डॉ. देवेंद्र शर्मा, क्रयाश के संस्थापक डॉ. धर्मेश शर्मा तथा हीम जीव कल्याण फाउंडेशन के संस्थापक सोहन जी अपनी टीम सहित उपस्थित रहे। डॉ. अनिल सिंगला ने सड़क पर घूमने वाले बेसहारा पशुओं की सुरक्षा के लिए किए जा रहे इस सराहनीय प्रयास के लिए क्रयाश एवं हीम जीव कल्याण फाउंडेशन की टीम का धन्यवाद किया और भविष्य में भी ऐसे सामाजिक कार्यों के लिए प्रेरित एवं प्रोत्साहित किया। यह पहल समाज में पशु संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और सड़क दुर्घटनाओं को कम करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# टांकरी लिपि के पुनरुत्थान को बढ़ावा एसपीयू ने घोषित की दो छात्रवृत्तियां

◆ मंडी की 500 वर्षीया विरासत को समर्पित आयोजन

◆ टांकरी लिपि संरक्षण को मिलेगा प्रोत्साहन

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** मंडी नगर की 500 वर्षों की ऐतिहासिक विरासत के उपलक्ष्य में सरदार पटेल विश्वविद्यालय, मंडी के इतिहास विभाग एवं भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ द्वारा मांडव परिसर में 'टांकरी लिपि : पुनरुत्थान एवं संरक्षण' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलगुरु आचार्य ललित कुमार अवस्थी रहे, जबकि अध्यक्षता प्रो. पुष्प राज कपूर सेवानिवृत्त आचार्य, वल्लभ महाविद्यालय ने की।

मुख्य वक्ता हिमाचल कला संस्कृति भाषा अकादमी के सेवानिवृत सचिव डॉ. कर्म सिंह तथा विशिष्ट अतिथियों में इंटेक मंडी चैप्टर के सह-संयोजक अनिल शर्मा और अधिष्ठाता छात्र कल्याण आचार्य राजेश कुमार शर्मा उपस्थित रहे। संयोजन इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार शर्मा ने किया तथा मंच संचालन मनीषा ने किया। डॉ. राम पाल ने औपचारिक स्वागत एवं अतिथि परिचय प्रस्तुत किया। आचार्य ललित कुमार अवस्थी ने कहा कि टांकरी लिपि हिमालयी सांस्कृतिक चेतना की ऐतिहासिक अभिव्यक्ति है। डॉ. कर्म सिंह ने इसके ऐतिहासिक विकास, शिलालेखों और पांडुलिपियों में प्रयोग पर प्रकाश डाला। आचार्य राजेश कुमार शर्मा ने इसे भारतीय ज्ञान परम्परा से जोड़ा। प्रो. पुष्प राज कपूर ने टांकरी लिपि संरक्षण के लिए प्रतिवर्ष दो छात्रवृत्तियां, प्रत्येक एक हजार रुपये प्रतिमाह, देने की घोषणा की। डॉ. राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि डॉ. यज्ञ दत्त शर्मा प्रतिदिन प्रशिक्षण देंगे। कार्यशाला में डॉ. दलीप मोदगिल, विनोद वहल, ओ सी मल्होत्रा, डॉ. मंजू, अनिल विभागाध्यक्ष लोक प्रशाशन डॉ. रामपाल, सहायक आचार्य राजेश शर्मा, विकेश राणा, कृष्ण चंद, इतिहास सोसाइटी के अध्यक्ष सानू कुमार, सचिव लखविंद्र और दीपक दीपांशु उपस्थित रहे।

**बैठक** एचपीवी टीकाकरण अभियान 29 मार्च से, 14 वर्ष की 8427 बालिकाएं होंगी लाभान्वित

# 69 केंद्रों पर विशेष सत्रों में लगेगा एचपीवी टीका

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** जिला मंडी में ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) टीकाकरण अभियान 29 मार्च से प्रारंभ होगा। अभियान के अंतर्गत 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग (3 माह की अतिरिक्त छूट सहित) की 8427 बालिकाओं को टीका लगाया जाएगा। उपायुक्त अपूर्व देवगन ने जिला टास्क फोर्स की बैठक की अध्यक्षता करते हुए स्वास्थ्य, शिक्षा, पंचायत तथा महिला एवं बाल विकास विभाग को आपसी समन्वय से अभियान को सफल बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने टीकाकरण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के लिए विशेष सूचना एवं प्रेरणा अभियान चलाने पर भी बल दिया।

उपायुक्त ने कहा कि यह पहल बालिकाओं को भविष्य में गर्भाशय ग्रीवा कैंसर से सुरक्षा प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने निर्देश दिए कि जिले के सभी 69 निर्धारित टीकाकरण स्थलों पर आवश्यक कोल्ड चेन व्यवस्था, इंटरनेट सुविधा, यू-विन पंजीकरण प्रणाली तथा आपातकालीन दवाओं सहित एनाफिलेक्सिस किट उपलब्ध रहे।



बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीसी मंडी अपूर्व देवगन। अनंत ज्ञान

अभियान के अंतर्गत रविवार के दिन 29 मार्च, 5 अप्रैल तथा 12 अप्रैल को टीकाकरण सत्र आयोजित किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त कैचमेंट सत्र 19 अप्रैल, 10 मई, 24 मई तथा 21 जून 2026 को आयोजित होंगे। तीन माह के विशेष अभियान के उपरांत नियमित सत्र दिवसों पर भी टीकाकरण जारी रहेगा। टीकाकरण के दौरान बालिकाओं को अभिभावकों के साथ आना होगा और यह टीका खाली पेट नहीं लगाया जाएगा। अभियान के दौरान एकल खुराक (0.5 मि.ली., इंट्रामस्क्युलर) टीका बाएं ऊपरी बांह में लगाया जाएगा। कार्यक्रम दिशा-निर्देशों के अनुसार वे बालिकाएं पात्र हैं जिन्होंने 14 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली है, परंतु 15 वर्ष पूर्ण नहीं किया है। अभियान अवधि में 15 वर्ष तथा अतिरिक्त 90 दिन तक आयु में छूट प्रदान की जाएगी। उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि प्रारंभिक चरण में केवल 14 वर्ष आयु वर्ग को शामिल किया गया है ताकि जो बालिकाएं शीघ्र ही ऊपरी आयु सीमा पार करने वाली हैं, उन्हें समय रहते सुरक्षा मिल सके। बैठक में जिला पंचायत अधिकारी अंचित डोगरा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ दिपाली शर्मा, चिकित्सा अधीक्षक डॉ दिनेश ठाकुर, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ अतुल गुप्ता तथा शिक्षा एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## एचपीवी संक्रमण और टीकाकरण का महत्व

**ह्यूमन** पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) प्रजनन तंत्र से संबंधित एक सामान्य संक्रमण है। विशेषज्ञों के अनुसार लगभग 99.7 प्रतिशत गर्भाशय ग्रीवा कैंसर के मामले उच्च जोखिम वाले एचपीवी संक्रमण से जुड़े होते हैं। संक्रमण के बाद कैंसर विकसित होने में 5 से 20 वर्ष तक का समय लग सकता है, इसलिए किशोरावस्था में टीकाकरण को सर्वाधिक प्रभावी माना गया है। वैश्विक स्तर पर गर्भाशय ग्रीवा कैंसर महिलाओं में चौथा सबसे सामान्य कैंसर है, जबकि भारत में यह महिलाओं में दूसरा प्रमुख कैंसर है। समय पर टीकाकरण से 93 से 100 प्रतिशत तक सुरक्षा संभव मानी गई है।

## न्यूज ब्रीफ

### पिपलेश्वर महादेव मंदिर में 80 ने किया रक्तदान

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** देवभूमि सोशल फाउंडेशन के बैनर तले पिपलेश्वर महादेव मंदिर निचली भटेड़ में 52वां रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में 80 रक्तवीरों व रक्तवीरांगनाओं ने अपना अमूल्य रक्त दान किया। इस कार्य को अंजाम तक पहुंचाने के लिए आईजीएमसी शिमला के रक्त विभाग की कुशल टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। एकत्रित रक्त जरूरतमंद मरीजों, गर्भवती महिलाओं, दुर्घटना में घायलों व थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों को उपलब्ध किया जाएगा। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी यह सामाजिक कार्य शिवरात्रि के महापर्व के उपलक्ष्य में देवभूमि सोशल फाउंडेशन द्वारा आयोजित किया जाता है।

### छात्रवृत्ति परीक्षा उत्तीर्ण विद्यार्थियों को दिए प्रमाण पत्र

**अनंत ज्ञान, दधोल।** राजकीय संस्कृत महाविद्यालय डंगार बिलासपुर में क्रैक अकादमी घुमारवीं के तत्वावधान में कौशल विकास कार्यक्रम आयोजित किया गया। अकादमी से आए प्रवीण शर्मा व ईशान मेहता ने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला ली। इसके साथ ही, पूर्व में आयोजित छात्रवृत्ति परीक्षा में उत्तीर्ण छात्रों को प्राचार्य डॉ. संदीप शर्मा ने प्रमाण पत्र वितरित किए। प्राचार्य ने कहा कि इन प्रतियोगिताओं का उद्देश्य छात्रों में स्पर्धा की भावना जागृत करना है। इस अवसर पर डॉ. रोशन लाल शर्मा, डॉ. सन्नी कुमार, प्रकाश चंद्र गौतम, राजेंद्र प्रसाद, वेद प्रकाश, योगेश कुमार, ज्योति प्रसाद आदि उपस्थित रहे।

### रोवर्स रेंजर्स ने किया धार्मिक स्थल का भ्रमण

**अनंत ज्ञान, ऊना।** राजकीय महाविद्यालय ऊना की रोवर रेंजर इकाई द्वारा एक प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें महाविद्यालय के 40 रोवर्स एवं रेंजर्स ने सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों ने प्रकृति अध्ययन गतिविधि में भाग लेते हुए माता बगलामुखी मंदिर के पावन दर्शन किए। इस अवसर पर विद्यार्थियों को प्रकृति संरक्षण, आध्यात्मिक जागरूकता तथा सामाजिक उत्तरदायित्व के महत्व से अवगत कराया गया तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में एकता, नेतृत्व क्षमता, सेवा भावना व वैश्विक भाईचारे के मूल्यों को सुदृढ़ करना था। विभिन्न रचनात्मक व प्रेरणादायक गतिविधियों के माध्यम से स्काउट व गाइड आंदोलन के आदर्शों व सिद्धांतों की जानकारी प्रदान की गई। प्रतिभागियों ने उत्साह, अनुशासन और सहयोग की भावना के साथ कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम इकाई प्रभारी डॉ. शाम सिंह बैंस के मार्गदर्शन तथा उपप्राचार्य प्रो. पुनीत प्रेम कंवर के संरक्षण में संपन्न हुआ। डॉ. श्रेयसी सिंह एवं डॉ. रंजू बनोता की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

### मुद्दों के त्वरित समाधान के दिए दिशा-निर्देश

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** एसडीएम घुमारवीं गौरव चौधरी की अध्यक्षता में खंड विकास अधिकारी कार्यालय के सभागार में उपमंडल स्तरीय जन शिकायत निवारण समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में सरकारी एवं गैर-सरकारी सदस्यों ने विभिन्न शिकायतें अधिकारियों के समक्ष रखीं। एसडीएम ने लोक निर्माण, आईपीएच और बिजली विभाग से संबंधित समस्याओं जैसे सड़क मरम्मत, पेयजल आपूर्ति बाधा, पाइपलाइन और ट्रांसफार्मर संबंधी मुद्दों के त्वरित समाधान के लिए अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समिति प्रशासन और जनता के बीच समन्वय का सशक्त माध्यम है और अधिकारियों को शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना चाहिए। बैठक में जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभों को जनता तक पहुंचाने पर भी जोर दिया गया।

### स्काउट आंदोलन के इतिहास से अवगत कराया

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** केंद्रीय विद्यालय बंगाणा में स्काउट गाइड एवं कब-बुलबुल द्वारा विश्व चिंतन दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती वंदना से हुआ तथा संस्थापक लॉर्ड बेडन पावेल को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सहायक स्काउट मास्टर मनोज कुमार शर्मा ने विद्यार्थियों को स्काउट आंदोलन के इतिहास से अवगत कराया। गाइड विभूति और अवनी शर्मा ने दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। विद्यार्थियों ने प्रार्थना सभा में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। इसके अंतर्गत स्काउट मास्टर विकेश शर्मा के नेतृत्व में एसडीएम कार्यालय परिसर में 'स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत' थीम पर सफाई अभियान चलाया गया। प्राचार्य गिरीश चंद शर्मा ने समाज सेवा के प्रति समर्पित रहने का संदेश दिया।

### श्री नयना देवी जी में सम्मानित किए 42 पूर्व सैनिक

**अनंत ज्ञान, नयना देवी।** श्री नयना देवी जी अंचल में सैनिक सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में रोशन लाल शर्मा उपस्थित रहे। समारोह में 42 पूर्व सैनिकों को स्मृति चिन्ह एवं माता श्री नयना देवी जी की चुनरी भेंट कर सम्मानित किया गया। मंच संचालन भाग गतिविधि प्रमुख देशराज ठाकुर ने किया, जबकि संभाग गतिविधि प्रमुख राहुल ठाकुर ने संगठन की भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान पूर्व सैनिकों ने भारतीय सेना में अपने सेवा काल के अनुभव और शौर्य गाथाएं साझा कीं। इस अवसर पर प्रमुख विक्रम सिंह, मनीष कुमार, रीना रानी, प्रीति शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। अंत में अंचल अध्यक्ष सुरेंद्र पाल शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### चिंतपूर्णी कॉलेज बंद करने के निर्णय की कड़ी निंदा की

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष सुमेश कुमार बिट्टू ने हिमाचल प्रदेश सरकार के निर्णय पर कड़ी आपत्ति जताई, जिसमें चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र के दो राजकीय महाविद्यालय बंद किए जा रहे हैं। उन्होंने इसे बेटियों को उच्च शिक्षा से वंचित करने का गहरा षड्यंत्र करार दिया। सुमेश बिट्टू ने कांग्रेस विधायक सुदर्शन सिंह बबलू की निष्क्रियता पर सवाल उठाते हुए कहा कि जनता के हक की रक्षा में उन्हें हिम्मत नहीं है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार इस निर्णय को वापस नहीं लेती है, तो भाजपा और युवा मोर्चा क्षेत्र में उग्र प्रदर्शन करेंगे और जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए सड़कों पर उतरेंगे।

### एक मार्च को रोष रैली निकालेगा प्राथमिक शिक्षक संघ

**अनंत ज्ञान, ऊना।** राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ जिला ऊना नई क्लस्टर व्यवस्था के विरोध में 1 मार्च को जिला मुख्यालय में आक्रोश रैली आयोजित करेगा। रैली सुबह 11 बजे एमसी पार्क ऊना से शुरू होगी और इसमें जिला के सात शिक्षा खंडों के लगभग 1000 शिक्षक भाग लेंगे। रैली के माध्यम से डीसी ऊना के जरिए मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू को ज्ञापन भी भेजा जाएगा। संघ के जिला अध्यक्ष संदेश कुमार ने कहा कि बार-बार की वार्ता के बावजूद सरकार ने समस्याओं का समाधान नहीं किया है। रैली में महासचिव महेश शारदा, कोषाध्यक्ष अजय कुमार वरिष्ठ, उपाध्यक्ष सुखविंदर सिंह सहित सभी खंडों के अध्यक्ष और कार्यकारिणी सदस्य शामिल होंगे। संघ ने चेतावनी दी कि समस्याओं का समाधान न होने पर भविष्य में और उग्र प्रदर्शन किया जाएगा।

### जैव प्रौद्योगिकी पर स्टूडेंट्स को जानकारी दी

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गेहड़वीं में विज्ञान एवं गणित ओलंपियाड प्रतियोगिता उत्साहपूर्वक आयोजित की गई, जिसमें कक्षा छठी से बारहवीं तक के लगभग 100 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में राजकीय स्नातक महाविद्यालय झंडूता की रेखा देवी और नितेश कुमार ने 'मूल गणित' और 'कैंसर के लक्षण एवं उपचार' पर विद्यार्थियों को जानकारी दी। वहीं, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बिलासपुर की सोनिया राठौड़ और प्रवीण संख्यान ने 'प्राणीशास्त्र में संभावनाएं', 'जैव प्रौद्योगिकी' और 'डिजाइनर शिशु' जैसे समसामयिक विषयों पर चर्चा की। प्रधानाचार्य चमन पुरी ने ओलंपियाड का उद्देश्य प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना व उनके गुणों का विकास करना बताया। कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के प्रभारी मिली कटोच और कोमल द्वारा किया गया।

### स्मार्ट मीटर योजना को लेकर कड़ी आपत्ति जताई

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** महर्षि वाल्मीकि गुरु रविदास यूथ एकता महासभा के अध्यक्ष नवदीप मट्टू ने स्मार्ट मीटर योजना को लेकर कड़ी आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा कि यह योजना आम जनता पर आर्थिक बोझ बढ़ा रही है और गरीब व मध्यम वर्गीय परिवार सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं। नवदीप मट्टू ने आरोप लगाया कि प्रीपेड और स्मार्ट मीटर व्यवस्था उपभोक्ताओं को असुविधा और अतिरिक्त खर्चों में ढकेल रही है। महासभा ने सरकार से मांग की है कि योजना पर पुनर्विचार किया जाए और जनता की राय लेकर लागू किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि जरूरत पड़ी, तो व्यापक स्तर पर आंदोलन किया जाएगा।

### निशुल्क चश्मे व आई ड्रॉप्स वितरित कीं

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** रेनबो मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल के तत्वावधान में एसपी ऑफिस बिलासपुर में निशुल्क नेत्र व स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन पुलिस अधीक्षक संदीप धवल ने किया, जिसमें 200 से अधिक पुलिस एवं विभिन्न सरकारी विभागों के कर्मचारियों ने भाग लिया। विशेषज्ञ डॉक्टरों ने स्वास्थ्य जांच की तथा निशुल्क चश्मे एवं आई ड्रॉप्स वितरित किए। एसपी ने अस्पताल प्रबंधन के इस प्रयास की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे शिविर आयोजित करने की बात कही।

# दो पिकअप से अवैध लकड़ी जब्त, दो आरोपी गिरफ्तार

अनंत ज्ञान

**टाहलीवाल/हरोली।** सचिन हीरामेठ के दिशा-निर्देशों पर अवैध गतिविधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत हरोली पुलिस ने एक और बड़ी सफलता हासिल की है।

पुलिस टीम ने नाकाबंदी के दौरान पंजाब की ओर अवैध रूप से ले जाई जा रही लकड़ी से भरी दो पिकअप गाड़ियों को पकड़कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, थाना हरोली की टीम ने टाहलीवाल क्षेत्र के अंतर्गत पालकवाह चौक पर रात के समय नाकाबंदी कर रखी थी। इसी दौरान सुबह करीब चार बजे सलोह की ओर से दो पिकअप गाड़ियां आती हुई दिखाई दीं, जिन्हें पुलिस ने जांच के लिए रोका। तलाशी लेने पर दोनों वाहनों में आम सहित अन्य पेड़ों की लकड़ी अवैध रूप से भरी हुई पाई गई, जब पुलिस ने चालकों से लकड़ी के परिवहन से संबंधित वैध परमिट व दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा, तो वे कोई भी वैध कागजात नहीं दिखा सके। बिना अनुमति रात के समय लकड़ी ले जाना कानून का उल्लंघन पाए जाने पर पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और उनसे पूछताछ जारी है कि लकड़ी कहां से काटी गई थी व इसे कहां ले जाया जा रहा था। जब्त किए गए वाहनों के नंबर एचपी 72 बी 5366 और एचपी 28 ए 6266 हैं। गिरफ्तार आरोपियों में धर्मपाल सिंह पुत्र जीता सिंह, निवासी वार्ड नंबर 8, गांव बड़ेड़ा, तहसील हरोली, जिला ऊना, उम्र 47 वर्ष व बृजपाल सिंह पुत्र हरदयाल सिंह, निवासी वार्ड नंबर-7, गांव व डाकघर धर्मपुर, तहसील हरोली, जिला ऊना, उम्र 36 वर्ष शामिल हैं। इस संबंध में मोहन रावत (उप पुलिस अधीक्षक) ने बताया कि हरोली क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। वहीं, थाना प्रभारी सुनील कुमार ने आरोपियों की गिरफ्तारी और मामला दर्ज होने की पुष्टि की है। मामले की जांच का जिम्मा सहायक उपनिरीक्षक सुरेंद्र कुमार को सौंपा गया है। पुलिस द्वारा आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।



लकड़ी से भरी दो पिकअप गाड़ियों के साथ पुलिस। अनंत ज्ञान

# डेरा बाबा बड़भाग सिंह मैड़ी में होली मेले का शुभारंभ

अनंत ज्ञान

**अंब।** ऊना जिले के उपमंडल अंब स्थित प्रसिद्ध तीर्थस्थल डेरा बाबा बड़भाग सिंह, मैड़ी में मंगलवार को पारंपरिक श्रद्धा, उल्लास व भक्ति भाव के साथ ऐतिहासिक होली मेले का विधिवत शुभारंभ हो गया।

मेले के पहले दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने बाबा के दर पर माथा टेककर सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। पूरे परिसर में गूंजते भजन-कीर्तन और धार्मिक संगीत ने वातावरण को पूर्णतः भक्तिमय बना दिया। डीसी ऊना जतिन लाल ने बताया कि यह मेला 24 फरवरी से 6 मार्च तक आयोजित किया जाएगा। प्रतिवर्ष लाखों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र बनने वाले इस मेले को लेकर प्रशासन ने सुरक्षा एवं सुविधाओं के व्यापक और सुनियोजित प्रबंध किए हैं। उन्होंने बताया कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई है, जबकि यातायात नियंत्रण के लिए विशेष ट्रैफिक प्लान लागू किया गया है। स्वच्छता व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति, अस्थायी शौचालय, स्वास्थ्य सेवाएं, एंबुलेंस सुविधा तथा अग्निशमन सेवाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मेला क्षेत्र में निरंतर निगरानी रखे हुए हैं, ताकि श्रद्धालुओं को दर्शन एवं पूजा-अर्चना के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो। डीसी ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे मेले में आते समय यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करें तथा किसी भी परिस्थिति में मालवाहक वाहनों में सफर कर मेले में न पहुंचें। प्रशासन द्वारा निर्धारित मार्गों, पार्किंग स्थलों एवं सुरक्षा संबंधी दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करें। साथ ही दर्शन व्यवस्था एवं अन्य व्यवस्थाओं के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों और स्वयंसेवकों का सहयोग करें, ताकि यह ऐतिहासिक होली मेला पूर्णतः शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके।



मैडी मेले में पहुंचे श्रद्धालु। अनंत ज्ञान

# मित्रों को खुश करने के लिए सीएम ने बिताए तीन वर्ष: भुट्टो

अनंत ज्ञान



**बंगाणा।** कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र की पंचायत पीपलू में बूथ संख्या 9 झगरोट में आयोजित बैठक को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के बाद भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व विधायक दविंदर कुमार भुट्टो ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश मजबूती के साथ आगे बढ़ रहा है और भारत की वैश्विक साख लगातार बढ़ रही है।

भुट्टो ने केंद्र सरकार की नीतियों को गरीब, किसान, महिला व युवा वर्ग के उत्थान के लिए समर्पित बताया और दावा किया कि हिमाचल प्रदेश को केंद्र की ओर से हर संभव आर्थिक और विकासात्मक सहायता दी जा रही है, जबकि राज्य सरकार उसका श्रेय लेने का प्रयास कर रही है। प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि तीन वर्षों में राज्य सरकार की कोई उल्लेखनीय उपलब्धि सामने नहीं आई। उन्होंने आरोप लगाया कि विकास कार्य अपेक्षित गति से नहीं चल रहे हैं और प्रशासनिक असंतोष की स्थिति बनी हुई है। राज्य सरकार ने मित्र मंडली को खुश करने के लिए तीन वर्षों में लगभग 35 हजार करोड़ रुपए का कर्ज लिया, जिससे प्रदेश पर आर्थिक बोझ बढ़ा और जनता को ठोस लाभ नहीं मिला। भुट्टो ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे केंद्र की जन कल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाएं और राज्य सरकार की कथित जनविरोधी नीतियों को जनता के सामने रखें। संगठन की मजबूती चुनावी सफलता की कुंजी है। हर बूथ पर नियमित बैठकें करने, नए मतदाताओं से संपर्क बढ़ाने व पार्टी की विचारधारा को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने पर जोर दिया।

## छात्र जीवन की मधुर यादों को किया साझा

**अनंत ज्ञान, बरठी।** बरठी क्षेत्र के 1963 बैच के 80 वर्ष से अधिक आयु वाले सहपाठी एक बार फिर एकत्र हुए और अपने छात्र जीवन की मधुर स्मृतियों को ताजा किया। मार्च 1963 में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बरठीं से पहली बार सेकेंडरी कक्षा उत्तीर्ण करने वाले इन साथियों ने अपने जीवन के अनुभव, संघर्ष और उपलब्धियां साझा कीं। मित्र मिलन समारोह में कर्नल बंशी राम, प्रिंसिपल हरबंस लाल सोनी, प्रिंसिपल बलदेव ढटवालिया, प्रिंसिपल लेखराम धीमान और लेक्चरर धनीराम शर्मा सहित अन्य सहपाठी उपस्थित रहे। सभी ने पढ़ाई पूरी करने के बाद विभिन्न क्षेत्रों में देश और समाज की सेवा की। रामानंद शर्मा, ज्योतिराम शर्मा, जगदीश चंद गुलेरिया, बलबीर सिंह चंदेल सहित अनेक सहपाठी इस भावपूर्ण अवसर में शामिल हुए।

**आयोजन** जिला बिलासपुर में वर्ष में दो बार होगा कैटल ट्रेड फेयर

# पशुपालकों को मिलेगा बड़ा मंच: धर्माणी

अनंत ज्ञान

**बिलासपुर।** नगर एवं ग्राम नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने जिला बिलासपुर के पशुपालकों और पशु व्यापारियों के लिए एक महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए कहा कि आने वाले समय में जिले में वर्ष में कम से कम दो बार कैटल ट्रेड फेयर का आयोजन किया जाएगा।

यह पहल पशुधन आधारित ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति देने की दिशा में एक बड़ा कदम साबित होगी। बचत भवन बिलासपुर में आयोजित राज्य स्तरीय नलवाड़ी मेला समीक्षा बैठक के दौरान मंत्री ने कहा कि प्रस्तावित कैटल ट्रेड फेयर के माध्यम से जिले के पशुपालकों व व्यापारियों को एक ही मंच पर पशुओं की खरीद-फरोख्त की सुव्यवस्थित सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी। इससे उच्च नस्ल के दुधारू पशु जिले के भीतर ही उपलब्ध होंगे व पशुपालकों को अन्य प्रदेशों का रुख नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने डीसी बिलासपुर को निर्देश दिए कि इस महत्वाकांक्षी योजना को जल्द धरातल पर उतारने के लिए सभी संबंधित पशु व्यापारियों, पशुपालकों और विभागीय अधिकारियों के साथ विस्तृत बैठक कर ठोस एवं प्रभावी कार्ययोजना तैयार की जाए। मंत्री ने स्पष्ट किया कि यह आयोजन केवल पशु व्यापार तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि आधुनिक पशुपालन तकनीकों, नस्ल सुधार, टीकाकरण, वैज्ञानिक प्रबंधन व पशु स्वास्थ्य जागरूकता का भी सशक्त मंच बनेगा। राजेश धर्माणी ने कहा कि कैटल ट्रेड फेयर ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं, ऐसे आयोजनों से जहां किसानों को बेहतर नस्ल के पशु उपलब्ध होते हैं। वहीं, स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर भी सृजित होते हैं।

सरकार का उद्देश्य बिलासपुर को पशुधन व्यापार की दृष्टि से एक संगठित, विश्वसनीय व आदर्श केंद्र के रूप में विकसित करना है। मंत्री ने निर्देश दिए कि आयोजन स्थल का चयन करते समय मूलभूत सुविधाओं—पेयजल, स्वच्छता, सुरक्षा, यातायात प्रबंधन, पशु स्वास्थ्य शिविर, टीकाकरण एवं जांच—का विशेष ध्यान रखा जाए।

पशुपालन विभाग को सभी आवश्यक औपचारिकताएं शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश भी दिए गए, ताकि यह पहल जल्द ही मूर्त रूप ले सके। उन्होंने विश्वास जताया कि जिला प्रशासन, पशुपालन विभाग और स्थानीय पशु व्यापारियों के समन्वित प्रयासों से यह कैटल ट्रेड फेयर एक सफल मॉडल बनेगा और भविष्य में प्रदेश के अन्य जिलों के लिए भी मार्गदर्शक सिद्ध होगा।



बैठक को संबोधित करते हुए मंत्री राजेश धर्माणी। अनंत ज्ञान

## सामाजिक अंकेषण की प्रगति गुणवत्ता सुधार व जनभागीदारी बढ़ाने पर हुई चर्चा

**अनंत ज्ञान, ऊना।** सामाजिक अंकेषण इकाई हिमाचल प्रदेश के निदेशक रविंदर शर्मा की अध्यक्षता में सोशल ऑडिट इकाई के ब्लॉक व ग्राम स्तर के रिसोर्स पर्सन्स की समीक्षा बैठक मंगलवार को डीआरडीए, ऊना में आयोजित हुई। बैठक में वर्ष 2025-26 के सामाजिक अंकेषण की प्रगति, गुणवत्ता सुधार और जनभागीदारी बढ़ाने पर चर्चा हुई। मनरेगा, पीएम पोषण योजना, सामाजिक न्याय विभाग और प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत अधिकांश ग्राम पंचायतों और स्कूलों का ऑडिट संपन्न हो चुका है। निदेशक रविंदर शर्मा ने वित्तीय अनियमितताओं की त्वरित कार्रवाई, रिकवरी प्रक्रिया में तेजी और रिपोर्ट लेखन में सुधार के निर्देश दिए। हिमोत्कर्ष परिषद के अध्यक्ष जतिंदर कंवर ने सोशल मीडिया व मुख्यधारा मीडिया के माध्यम से सकारात्मक परिणामों को प्रचारित करने का आह्वान किया। बैठक में स्टेट रिसोर्स पर्सन ओम प्रकाश, एमआईएस प्रबंधक प्रबोध शर्मा और जिला रिसोर्स पर्सन पुरुषोत्तम भी उपस्थित थे।

# कूठाकर 132/33 केवी उपकेंद्र पर देरी से 30 करोड़ की लागत वृद्धि: राजेंद्र गर्ग



पत्रकारों को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**घुमारवीं।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग ने घुमारवीं में आयोजित प्रेस वार्ता में कूठाकर स्थित 132/33 केवी बिजली उपकेंद्र को लेकर प्रदेश सरकार और तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि उपकेंद्र को 17 अगस्त, 2022 को भाजपा सरकार के कार्यकाल में लगभग 66 करोड़ रुपए की लागत से स्वीकृति दी गई थी, अब वर्तमान सरकार उसी परियोजना का शिलान्यास करीब 96 करोड़ रुपए की लागत से कर रही है।

गर्ग के अनुसार करीब 30 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी देरी का परिणाम है, जिससे प्रदेश पर अतिरिक्त वित्तीय बोझ पड़ा है। पूर्व मंत्री ने सवाल उठाया कि स्वीकृति के साढ़े तीन साल बाद भी परियोजना को धरातल पर क्यों नहीं उतारा गया। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार पूर्व स्वीकृत योजनाओं का राजनीतिक लाभ लेने का प्रयास कर रही है, जबकि नई योजनाओं का अभाव है। प्रेस वार्ता में गर्ग ने एचपीडीसीएल के एक कार्यालय को लेकर भी प्रश्न उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि विभागीय कार्यालय मंत्री की पत्नी के नाम दर्ज मकान में किराये पर संचालित हो रहा है। आरटीआई के हवाले से उन्होंने कहा कि पहले 19,600 रुपए मासिक किराया दर्शाया गया, जबकि बाद में 21,900 रुपए बताया गया, जिसकी पारदर्शी जांच होनी चाहिए। गर्ग ने सरकार से कूठाकर उपकेंद्र की मूल स्वीकृति, लागत संशोधन व देरी के कारणों से जुड़े दस्तावेज सार्वजनिक करने की मांग की। उन्होंने कहा कि भाजपा इस मुद्दे को जनहित से जुड़ा मानती है और आवश्यक होने पर इसे विधानसभा सहित अन्य मंचों पर भी उठाया जाएगा।

# केंद्र के दबाव के बावजूद वित्तीय अनुशासन से आगे बढ़ रहा हिमाचल: संदीप सांख्यान

अनंत ज्ञान

**बिलासपुर।** प्रदेश कांग्रेस के पूर्व मीडिया को-ऑर्डिनेटर संदीप सांख्यान ने कहा कि हिमाचल की आर्थिक स्थिति को लेकर विपक्ष द्वारा संकट का जो नैरेटिव बनाया जा रहा है, वह राजनीतिक है। उन्होंने कहा कि चुनौतियां जरूर हैं, लेकिन स्थिति को आर्थिक पतन बताना गलत है। राज्य सरकार ने संसाधन जुटाने व वित्तीय अनुशासन बनाए रखने की दिशा में ठोस कदम उठाए हैं।



मुख्यमंत्री सुक्खू की कार्यशैली को पारदर्शी व परिणाम आधारित बताते हुए उन्होंने कहा कि सत्ता संभालते ही वित्तीय समीक्षा कर अनावश्यक खर्चों पर रोक लगाई गई। टैक्स कलेक्शन व राजस्व प्रबंधन में सुधार हुआ है, जबकि कर्मचारियों व पेंशनरों के हितों में कोई कटौती नहीं की गई और सामाजिक सुरक्षा योजनाएं जारी हैं। रिवेन्यू डेफिसिट ग्रांट पर उन्होंने कहा कि यह संविधान के अनुच्छेद 275(1) के तहत प्रदेश का अधिकार है। भाजपा सरकार के समय जहां केंद्र से 54,296 करोड़ रुपए मिले। वहीं, कांग्रेस सरकार के दौरान यह राशि क्रमशः घटती गई, जो केंद्र के रवैये पर सवाल खड़े करती है। यह प्रश्न भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा वर्तमान में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा और प्रदेश के सभी भाजपा सांसदों से पूछा जाना चाहिए। संदीप सांख्यान ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सरकार वित्तीय अनुशासन व जनकल्याणकारी नीतियों के साथ प्रदेश को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है व अपने अधिकारों के लिए लोकतांत्रिक तरीके से आवाज उठाती रहेगी।

## उच्च शिक्षा के अवसरों की विस्तृत जानकारी दी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर के करियर काउंसलिंग सेल ने वाणिज्य विभाग के विद्यार्थियों के लिए 'भविष्य की राह' विषय पर एक विशेष मार्गदर्शन सत्र का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्नातक के बाद उच्च शिक्षा के विभिन्न अवसरों की जानकारी प्रदान करना था। सत्र की शुरुआत करियर काउंसलिंग सेल की प्रभारी डॉ. नम्रता पठानिया ने की। मुख्य वक्ता के रूप में शूलिनी विश्वविद्यालय के प्रतिनिधि बीके कॉल ने विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय में उपलब्ध पाठ्यक्रमों, विश्वस्तरीय रैंकिंग, विषय विशेषज्ञता और क्षमता निर्माण के प्रयासों की विस्तृत जानकारी दी। प्राचार्य ने इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे सत्र विद्यार्थियों को जीवन का उद्देश्य और भविष्य की राह तय करने में सहायक होते हैं। उन्होंने इस प्रकार के कार्यक्रम निरंतर आयोजित करने पर बल दिया।

# आत्मनिर्भर हिमाचल के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रही सरकार

## 'सरकार जनता के द्वार' कार्यक्रम में 50 समस्याओं की हुई सुनवाई

अनंत ज्ञान

**ऊना।** कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार आत्मनिर्भर हिमाचल के लक्ष्य के साथ विकास कार्यों को निरंतर जारी रखे हुए है।

वित्तीय दबाव और प्राकृतिक आपदाओं के बावजूद जनहित की योजनाओं को समय पर लागू किया जा रहा है। मंगलवार को आयोजित इस कार्यक्रम में बटूही, लोअर बसाल, पनोह, त्यूड़ी और बदोली पंचायतों की लगभग 50 जनसमस्याओं की सुनवाई की गई। विधायक ने मौके पर कई समस्याओं का समाधान किया और शेष मामलों को एक सप्ताह में निपटाने के निर्देश दिए। उन्होंने हनान मंदिर बटूही कंप्रेसर में भवन एवं शैड निर्माण के लिए 8 लाख रुपए देने की घोषणा की। कार्यक्रम में पनोह गांव के 80 वर्षीय सोमदत्त ने 30 वर्षों से लंबित भूमि बंटवारे की समस्या उठाई। विधायक ने राजस्व अधिकारियों को एक माह के भीतर तकसीम प्रक्रिया पूरी करने का निर्देश दिया। वहीं, अशोक कुमार द्वारा उठाए गए बिजली के गिरे तार की समस्या को भी मौके पर विभागीय अधिकारियों से समाधान करवाने का आश्वासन मिला। विधायक ने बताया कि इस वर्ष ऊना विकास खंड की पंचायतों के लिए लगभग 80 लाख रुपये की राशि जारी की गई है, जिसमें विधायक निधि, सामाजिक विकास कार्यक्रम और आपदा राहत राशि शामिल है। स्वयं सहायता समूहों को अपने उत्पाद बेचने हेतु उचित व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए गए। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस अध्यक्ष देसराज गौतम, ब्लॉक अध्यक्ष राम आसरा, कार्यकारी अध्यक्ष विवेक मिंका, उपायुक्त जतिन लाल, पुलिस अधीक्षक सचिन हीरेमठ, एसडीएम अभिषेक मित्तल, पीओ डीआरडीए रमनवीर चौहान और विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। जनता और प्रशासन के बीच सीधे संवाद ने लोगों का विश्वास मजबूत किया।




लोगों की समस्याएं सुनते विधायक विवेक शर्मा। अनंत ज्ञान

## समावेशी सोच के साथ आयोजित होगा नलवाड़ी मेला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** नगर एवं ग्राम नियोजन, आवास व तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने बचत भवन में राज्य स्तरीय नलवाड़ी मेला 2026 की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि इस वर्ष मेला समावेशी सोच और व्यापक जनभागीदारी के साथ आयोजित किया जाएगा। मंत्री ने बताया कि मेला केवल पारंपरिक सांस्कृतिक और दंगल आयोजनों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि युवाओं, साहित्य, रंगमंच, खेल और साहसिक गतिविधियों को भी इसमें शामिल किया जाएगा। 'वॉइस ऑफ बिलासपुर' प्रतियोगिता के माध्यम से 16 से 30 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं को मंच मिलेगा। नलवाड़ी नाट्य उत्सव और लिटरेचर फेस्टिवल का आयोजन भी किया जाएगा। मेले के दौरान कबड्डी, हैंडबॉल, शतरंज, एथलेटिक्स और बैडमिंटन जैसी खेल प्रतियोगिताएं, पैराग्लाइडिंग और जलक्रीड़ा गतिविधियां आकर्षण का केंद्र रहेंगी। मेला लोगो डिजाइन प्रतियोगिता आयोजित कर चयनित लोगो को आधिकारिक रूप से अपनाया जाएगा। मंत्री ने अनाथ, विधवा और दिव्यांगजनों को रियायती दरों पर स्टॉल उपलब्ध कराने तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं की प्रदर्शनियां लगाने के निर्देश दिए।

# नलवाड़ मेले के सफल आयोजन के लिए नौ कमेटियों का गठन

अनंत ज्ञान

**शाहतलाई।** झंडूता उपमंडल के कोटधार क्षेत्र में आयोजित होने वाला कोटधार नलवाड़ मेला अब चौथे वर्ष में प्रवेश कर चुका है और तेजी से क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान बन रहा है।

मेले की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। मेले के सफल आयोजन के लिए प्राचीन शिव मंदिर लग दयो के प्रांगण में एक अहम बैठक आयोजित की गई, जिसमें समिति के प्रधान कैप्टन ज्ञान चंद धीमान की अध्यक्षता में विस्तृत चर्चा हुई। संस्थापक एवं महासचिव अमरनाथ धीमान ने बताया कि बैठक में मेले को यादगार बनाने के लिए 9 महत्वपूर्ण कमेटियों का गठन किया गया है। ये कमेटियां मेले के हर पहलू को संभालेंगी और सुचारु रूप से संचालन सुनिश्चित करेंगी। इनमें प्लाट आवंटन कमेटी, भोजन व्यवस्था कमेटी, सांस्कृतिक कार्यक्रम कमेटी, स्मारिका प्रकाशन कमेटी, पानी एवं सफाई व्यवस्था कमेटी, स्वागत कमेटी, सामान खरीद कमेटी, अनुशासन कमेटी और छिंज (कुश्ती) कमेटी शामिल हैं। मेले का मुख्य रूप से हिमाचली सांस्कृतिक धरोहर को संजोने, नई पीढ़ी तक पहुंचाने और स्थानीय एकता को मजबूत करने के लिए आयोजित किया जाता है। मेले में ढोल-नगाड़ों की जोरदार गूंज, पारंपरिक नृत्य-संगीत, लोक गीत, नटी जैसी प्रस्तुतियां, सांस्कृतिक कार्यक्रम और रोमांचक छिंज प्रमुख आकर्षण रहते हैं। पिछले वर्षों में मेले ने हजारों श्रद्धालुओं, स्थानीय निवासियों और पर्यटकों को आकर्षित किया है। समिति के संस्थापक अमरनाथ धीमान ने कहा कि यह मेला अब झंडूता विधानसभा क्षेत्र की नई पहचान बन चुका है। पिछले तीन वर्षों में मेले ने स्थानीय संस्कृति, परंपराओं और एकता को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। इस बार मेले को और भी भव्य बनाने की पूरी तैयारी है। समिति ने सभी ग्रामीणों, युवाओं, कलाकारों, श्रद्धालुओं और पर्यटकों से अपील की है कि वे इस सांस्कृतिक उत्सव में बढ़-चढ़कर भाग लें। मेले में हिमाचली परिधानों में सजे लोग, पारंपरिक व्यंजन, लोक कलाएं और उत्साह का माहौल आपको बांधे रखेगा।

# भुंतर में बनेगा बहुद्देश्यीय भवन : सुंदर ठाकुर

## बैडमिंटन चैंपियनशिप का शुभारंभ, 12 जिलों के 156 खिलाड़ी ले रहे भाग

अनंत ज्ञान

**कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश स्टेट मास्टर बैडमिंटन चैंपियनशिप का शुभारंभ कुल्लू के विधायक सुंदर सिंह ठाकुर ने किया।

हिमाचल प्रदेश बैडमिंटन एसोसिएशन द्वारा चार दिवसीय इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन द्वारा में किया जा रहा है। प्रतियोगिता में प्रदेश के 12 जिलों से कुल 156 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। यहां चयनित खिलाड़ी (गोवा) में प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। शुभारंभ अवसर पर विधायक सुंदर सिंह ठाकुर ने हिमाचल प्रदेश एवं कुल्लू बैडमिंटन एसोसिएशन के पदाधिकारियों और प्रदेशभर से आए खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह कुल्लू जिले के लिए हर्ष का विषय है कि राज्य स्तरीय मास्टर बैडमिंटन चैंपियनशिप का आयोजन यहां किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि स्थानीय क्षेत्र विकास निधि के माध्यम से ढालपुर में अत्याधुनिक और खूबसूरत इनडोर बैडमिंटन कांप्लेक्स का निर्माण किया गया है, जिससे खिलाड़ियों को उच्च स्तरीय सुविधाएं उपलब्ध हो रही हैं। विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार, विशेषकर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में, खेलों और खिलाड़ियों को हर संभव सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। ढालपुर मैदान स्टेडियम बनाने तथा यहां हाई-मास्ट लाइटें स्थापित किए जाने से दिन-रात अभ्यास और प्रतियोगिताओं के आयोजन में सुविधा मिल रही है। उन्होंने भुंतर क्षेत्र में चल रही विकासात्मक गतिविधियों का उल्लेख करते हुए कहा कि भुंतर में भी लाडा के माध्यम से एक विशाल बहुउद्देश्यीय भवन का निर्माण किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, कुल्लू के कला केंद्र को भी इनडोर सुविधा के रूप में विकसित करने के प्रयास जारी हैं। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित बहुउद्देश्यीय हॉल में बैडमिंटन हॉल सहित अन्य खेल सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।


मुख्यातिथि को स्मृति चिन्ह भेंट करते आयोजक। अनंत ज्ञान

उन्होंने कहा इसके अतिरिक्त यहां खेल मैदान विकसित करने की दिशा में भी कार्य किया जाएगा। विधायक ने बताया कि भुंतर से गेमन पुल तक नदी तटों को सुरक्षित किया जाएगा और घाटों का निर्माण भी किया जाएगा। साथ ही एसएसबी से एयरपोर्ट तक सड़क सुरक्षा को और मजबूत किया जाएगा। इस अवसर पर के महासचिव रमेश ठाकुर, उपप्रधान चंद्रशेखर, अशोक ठाकुर, ज्ञान ठाकुर, संजय, जिला बैडमिंटन एसोसिएशन के अध्यक्ष रमेश ठाकुर, महासचिव जितेंद्र ठाकुर, सुशील, सुदर्शन कुमार, अधीक्षण अभियंता विनोद कुमार सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति, पदाधिकारी और खिलाड़ी उपस्थित रहे।

## भुंतर में पुलिस ने 28 ग्राम चरस व चार लाख नकदी के साथ तीन किए काबू

**अनंत ज्ञान, भुंतर।** जिले के भुंतर में पुलिस ने 28 ग्राम चरस व चार लाख नकदी के साथ तिब्बती मूल के तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। इनमें से एक अमेरिका में रहता है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस की टीम ने भुंतर के सिउंड में नाका लगाया था। इस दौरान कार में तिब्बती मूल के कोलदेन रिगजिन (32), निवासी कांलग गेस्ट हाउस मैक्लोडगंज, धर्मशाला, जमयांग छेरिंग निवासी अमेरिका और तेजिंन क्याव निवासी योगलिंग स्कूल, जोगिंद्रा रोड मैक्लोडगंज धर्मशाला के कब्जे से 28 ग्राम चरस और चार लाख की नकदी बरामद हुई। उधर, पुलिस की कार्रवाई के दौरान चंडीगढ़ नंबर की कार ने सड़क किनारे एक आरोपी को टक्कर मारी। आरोपी उपचार के लिए कुल्लू अस्पताल लाया गया है। पुलिस अधीक्षक कुल्लू मदन लाल कौशल ने कहा कि पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। उन्होंने कहा कि नशे के खिलाफ पुलिस का अभियान जारी रहेगा।

# कुल्लू कॉलेज का 'सृजन' बना छात्रों का मेला, 20 वर्षों की परंपरा कायम : राकेश

अनंत ज्ञान

**कुल्लू।** राजकीय महाविद्यालय कुल्लू में मंगलवार को बहुप्रतीक्षित वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम 'सृजन' का विधिवत शुभारंभ हुआ।

दो दिनों तक चलने वाले इस रंगारंग आयोजन में विद्यार्थियों का उत्साह देखते ही बन रहा है। कार्यक्रम के मुख्यातिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राकेश राणा रहे, जिन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस अवसर पर डॉ. राकेश राणा ने कहा कि 'सृजन' केवल एक सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि छात्रों का अपना मेला है। पिछले 20 वर्षों से निरंतर आयोजित हो रहा यह उत्सव महाविद्यालय की गौरवशाली परंपरा का प्रतीक बन चुका है। उन्होंने कहा कि जैसे ग्रामीण क्षेत्रों में जाच या पारंपरिक मेलों का लोगों को सालभर इंतजार रहता है, उसी प्रकार कॉलेज के छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को भी 'सृजन' का बेसब्री से इंतजार रहता है। प्राचार्य ने कहा कि इस मंच के माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा निखारने और आत्मविश्वास बढ़ाने का अवसर मिलता है। महाविद्यालय का हर वह छात्र जो किसी भी विधा में प्रस्तुति देना चाहता है, उसे भागीदारी का पूरा अवसर दिया जाता है। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ-साथ विभिन्न प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाती हैं, जिससे विद्यार्थियों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होती है। 'सृजन' कार्यक्रम की विशेषता यह भी है कि इसमें हिमाचल प्रदेश, विशेषकर कुल्लू की समृद्ध लोक संस्कृति की झलक साफ दिखाई देती है। पारंपरिक वेशभूषा, लोकनृत्य और लोकसंगीत के माध्यम से छात्र अपनी सांस्कृतिक विरासत को मंच पर जीवंत कर देते हैं। दो दिवसीय इस आयोजन के दौरान नृत्य, गायन, नाटक, कविता-पाठ और अन्य रचनात्मक प्रस्तुतियों से परिसर उत्सवमय बना हुआ है। 'सृजन' न केवल मनोरंजन का माध्यम है, बल्कि यह विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का सशक्त मंच भी सिद्ध हो रहा है।


कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य व अन्य। अनंत ज्ञान

# नेशनल साइंस ओलंपियाड में छाया कुल्लू कॉन्वेंट स्कूल ढालपुर


कुल्लू कॉन्वेंट स्कूल के विद्यार्थी स्कूलों के साथ। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**कुल्लू।** कुल्लू कॉन्वेंट स्कूल के विद्यार्थियों ने साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन द्वारा आयोजित नेशनल साइंस ओलंपियाड में प्रतिष्ठित गोल्ड मेडल ऑफ एक्सीलेंस प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है।

स्कूल के एमडी सुरेश ठाकुर ने बताया कि विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट वैज्ञानिक ज्ञान, विश्लेषणात्मक सोच व समर्पण का परिचय दिया है। उन्होंने बताया कि यह उपलब्धि उनके कठिन परिश्रम व लगन का परिणाम है।

कुल्लू कॉन्वेंट स्कूल में हम विद्यार्थियों में जिज्ञासा, नई सोच व मजबूत शैक्षणिक आधार विकसित करने पर विशेष ध्यान देते हैं, ताकि वे राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकें। यह सफलता हमारे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और सर्वांगीण विकास के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। विद्यालय परिवार को अपने विद्यार्थियों पर गर्व है।

# आपदा की घड़ी में सहारा बने मार्ग को अब दिया जाए स्थायी सुरक्षा कवच

## आपदा के समय जिस मार्ग ने सबकी नैया लगाई पार, आज वही बदहाली का शिकार

अनंत ज्ञान

**मोहन कपूर, पतलीकूहल।** पिछले वर्ष 24 अगस्त 2025 को ब्यास नदी में आई भीषण बाढ़ ने जहां कुल्लू घाटी में भारी तबाही मचाई, वहीं संकट की उस घड़ी में अपर वैली के लिए डोहलू नाला बाया शिरढ-रायसन संपर्क मार्ग जीवन रेखा बनकर उभरा।

मुख्य राष्ट्रीय राजमार्ग के बाधित होने के बाद यही वैकल्पिक मार्ग करीब 20 दिनों तक सेब और सब्जियों की ढुलाई का एकमात्र सहारा रहा। कुल्लू घाटी की आर्थिकी की रीढ़ मानी जाने वाली नकदी फसल सेब इसी मार्ग से देश की विभिन्न सब्जी मंडियों तक पहुंचाई गई। बाढ़ के दौरान जब ब्यास किनारे के कई हिस्सों में सड़कें क्षतिग्रस्त हो गई थीं, तब ग्रामीणों, बागवानों और छोटे व्यापारियों ने डोहलू नाला-शिरढ मार्ग के सहारे अपनी उपज बाजार तक पहुंचाई। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि उस समय यह मार्ग उपलब्ध न होता तो हजारों पेटियों सेब और टनों सब्जियां बागानों में ही खराब हो जातीं, जिससे करोड़ों रुपए का नुकसान होता।

### सुधार की आवश्यकता, कभी भी हो सकता है नुकसान

अनंत ज्ञान मुद्दा

**गांव** दुआड़ा के बागवान एवं शिक्षा विभाग से प्रधानाचार्य पद से सेवानिवृत्त घनश्याम कपूर ने बताया कि आपदा के समय जिस मार्ग ने सबकी नैया पार लगाई, आज वही मार्ग बदहाली का शिकार है। उन्होंने कहा, 'प्रशासन और राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) को इस संपर्क मार्ग को स्थायी रूप से मजबूत बनाना चाहिए। विपत्ति कभी भी दोबारा आ सकती है। यदि अभी से सुधार नहीं किया गया तो भविष्य में भारी परेशानी झेलनी पड़ सकती है।

### मरम्मत कार्य केवल औपचारिकता तक सीमित

**स्थानीय** ग्रामीणों का आरोप है कि मार्ग पर कई स्थानों पर गड्ढे, धंसान और कच्चे हिस्से अभी भी बने हुए हैं। बरसात के दिनों में यह मार्ग जोखिम भरा हो जाता है। भारी वाहनों की आवाजाही के कारण सड़क की हालत और बिगड़ती जा रही है, लेकिन मरम्मत कार्य केवल औपचारिकता तक सीमित है।

### वैकल्पिक मार्गों का निर्माण

**प्राकृतिक** आपदाओं के बढ़ते खतरे को देखते हुए मजबूत वैकल्पिक मार्गों का निर्माण और रखरखाव समय की मांग बन चुका है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि संकट की घड़ी में सहारा बने इस मार्ग को अब स्थायी सुरक्षा कवच का रूप दिया जाए, ताकि भविष्य में घाटी की आर्थिकी और जनजीवन सुरक्षित रह सके।

### वैज्ञानिक तरीके से पक्का और चौड़ा करने की जरूरत

**बागवानों** का कहना है कि सेब सीजन के दौरान हजारों वाहन इस मार्ग से गुजरते हैं। यदि इसे वैज्ञानिक तरीके से पक्का और चौड़ा कर दिया जाए तो यह भविष्य में आपातकालीन वैकल्पिक मार्ग के रूप में विकसित हो सकता है। इससे न केवल अपर वैली बल्कि पूरी कुल्लू घाटी को राहत मिलेगी। ग्रामीणों ने यह भी मांग उठाई है कि इस मार्ग की देखरेख सीधे एनएचएआई को सौंपी जाए, क्योंकि बाढ़ और आपदा के समय यही सड़क राष्ट्रीय राजमार्ग का विकल्प बनती है। जब मुख्य एनएच बाधित होता है तो यही संपर्क मार्ग लोगों की जीवन रेखा साबित होता है, ऐसे में इसकी जिम्मेदारी भी उसी स्तर की एजेंसी के पास होनी चाहिए।

# विभागों में अपरेंटिसशिप प्रशिक्षण को प्रभावी ढंग से लागू करने को लेकर किया विचार-विमर्श

**कुल्लू।** जिले में नेशनल अपरेंटिस प्रोत्साहन योजना के प्रभावी क्रियान्वयन एवं सतत मॉनिटरिंग को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मंगलवार को उपायुक्त कुल्लू के कक्ष में जिला स्तरीय अपरेंटिसशिप समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता डीसी, कुल्लू अनुराग चंद्र शर्मा ने की।

बैठक में विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्षों ने भाग लेकर अपने-अपने विभागों में अपरेंटिसशिप प्रशिक्षण को प्रभावी ढंग से लागू करने को लेकर विचार-विमर्श किया। बैठक का आयोजन राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, शमशी द्वारा किया गया। संस्थान के प्रधानाचार्य सुनील कुमार, सहायक अपरेंटिसशिप सलाहकार का दायित्व भी निभा रहे हैं, उन्होंने बैठक के दौरान अपरेंटिसशिप अधिनियम के प्रावधानों व राष्ट्रीय अपरेंटिस प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत मिलने वाले लाभों पर विस्तृत प्रस्तुति दी। बैठक में बताया गया कि अपरेंटिसशिप प्रशिक्षण से युवाओं को व्यावहारिक अनुभव प्राप्त होता है, जिससे वे रोजगार के लिए पूर्णत: तैयार बनते हैं। प्रशिक्षण पूर्ण होने पर उन्हें राष्ट्रीय अपरेंटिसशिप प्रमाणपत्र प्रदान किया जाता है। इसके साथ ही विभागों एवं संस्थानों को भी प्रशिक्षित एवं दक्ष मानव संसाधन उपलब्ध होता है, जिससे कार्यक्षमता में वृद्धि होती है।

डीसी ने सभी विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने विभागों में अपरेंटिसशिप के अवसरों को बढ़ावा दें तथा अधिक से अधिक स्थानीय युवाओं को प्रशिक्षण का अवसर प्रदान करें, ताकि जिले में कौशल विकास को सुदृढ़ किया जा सके और युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध हों।

## इमरजेंसी असेंडिंग जूमरिंग तकनीक के गुर सीखे

**अनंत ज्ञान, कुल्लू।** जिला मुख्यालय कुल्लू के पिरडी में आयोजित हो रहे रेस्क्यू प्रशिक्षण कोर्स के दूसरे दिन आपदा मित्रों (प्रशिक्षणार्थियों) ने इमरजेंसी असेंडिंग जूमरिंग तकनीक का प्रशिक्षण लिया।

राफ्टिंग केंद्र प्रभारी गिमनर सिंह ने बताया कि राज्य आपदा मित्र के प्रतिभागियों को रस्सी के सहारे तीखी ढलान उंचाई वाले स्थान से जुम्मार की मदद से ऊपर चढ़ना सिखाया। इस तकनीक से आपदा में फंसे लोगों का आपातकाल में बचाव किया जा सकता है। कोर्स में सभी स्टूडेंट्स ने बढ़-चढ़ के हिस्सा लिया। प्रभारी ने बताया कि इस साहसिक प्रशिक्षण की गतिविधियों से आजकल के युवाओं का सर्वांगीण विकास होता है। एडवेंचर कोर्स युवाओं को नशे से भी दूर रखता है। उन्होंने जिला आपदा प्रबंधन विभाग कुल्लू का आभार व्यक्त किया कि इस तरह के कोर्स निरंतर युवाओं को प्रायोजित कराएं जाएं।

# आशा कार्यकर्ता स्वास्थ्य विभाग की रीढ़ : डॉ . रणजीत ठाकुर


प्रशिक्षण शिविर के दौरान सीएमओ कुल्लू सहित अन्य। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**कुल्लू।** क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू के सभागार में आशा कार्यकर्ता का 5 दिवसीय मॉड्यूल प्रशिक्षण का शुभारंभ मंगलवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कुल्लू डॉ. रणजीत ठाकुर की अध्यक्षता में किया गया।

अपने संबोधन में मुख्य चिकित्सा अधिकारी कुल्लू डॉक्टर रणजीत ठाकुर ने बताया कि आशा कार्यकर्ता हमारे स्वास्थ्य विभाग की रीढ़ हैं। इनके माध्यम से ही स्वास्थ्य विभाग की सभी योजनाओं व कार्यक्रम को आम जन मानस तक पहुंचाया जाता है। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि 5 दिवसीय प्रशिक्षण में आशा कार्यकर्ता को बताए जाएगा कि किस तरह से एक सौहार्द पूर्ण व अपने अच्छे संबंध से लोगों तक स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं को पहुंचाएंगे तथा भ्रमण के दौरान नवजात शिशु व मां की बीमारियों, कुपोषण की पहचान करेंगी तथा स्वास्थ्य संस्थान तक पहुंचने में मदद करेंगी। साथ ही परिवार नियोजन के बारे में भी परामर्श देंगी। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य शिशु का स्वास्थ्य व पोषण, महिला का प्रजनन स्वास्थ्य, नवजात शिशु का स्वास्थ्य व संक्रामक रोगों के बारे में पूर्ण रूप से आशा कार्यकर्ता को प्रशिक्षित किया जाएगा। यह प्रशिक्षण जन शिक्षा व संप्रेषण अधिकारी निर्मला महंत,ममता स्वास्थ्य शिक्षिका एवं आशा कॉर्डिंयाटर जीवन के दुआरा दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण नई नियुक्त की गई आशा कार्यकर्ता को दिया जा रहा है।

# 15 वर्ष से कम आयु की किशोरियों के लिए चलाया जाएगा एचपीवी टीकाकरण अभियान

अनंत ज्ञान

**कुल्लू।** मार्च तथा अप्रैल माह में निर्धारित ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) टीकाकरण अभियान को लेकर बैठक आयोजित हुई। डीसी अनुराग चंद्र शर्मा ने जिले में मार्च तथा अप्रैल माह में निर्धारित ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) टीकाकरण अभियान को लेकर जिला टास्क फोर्स (इम्यूनाइजेशन) बैठक की अध्यक्षता की।

बैठक में आगामी मार्च व अप्रैल माह में जिले में चलाए जाने वाले ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) टीकाकरण अभियान के प्रभावी संचालन के लिए विस्तृत कार्य योजना पर चर्चा की गई। डीसी ने कहा कि जिले में 14 वर्ष पूर्ण कर चुकी और 15 वर्ष से कम आयु की किशोरियों के लिए एचपीवी टीकाकरण अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत किशोरियों का टीकाकरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अभियान की अवधि के दौरान आयु सीमा में 15 वर्ष तथा अतिरिक्त 90 दिनों तक की छूट प्रदान की जाएगी। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के हवाले से बताया कि गर्भाशय के निचले हिस्से (सर्विक्स) का कैंसर महिलाओं में गंभीर स्वास्थ्य समस्या है और इसका प्रमुख कारण एचपीवी संक्रमण है। एचपीवी प्रजनन तंत्र का सबसे सामान्य वायरल संक्रमण है। अधिकांश संक्रमण बिना लक्षण के स्वयं समाप्त हो जाते हैं, लेकिन लंबे समय तक रहने वाला संक्रमण सर्वाइकल कैंसर का कारण बन सकता है।


बैठक के दौरान अधिकारियों से चर्चा करते हुए डीसी कुल्लू। अनंत ज्ञान

उन्होंने बताया कि एचपीवी वायरस के 200 से अधिक प्रकार हैं, जिनमें 17 प्रकार कैंसर उत्पन्न करने वाले हैं। एचपीवी-16 और एचपीवी-18 वेरिएंट विश्व स्तर पर लगभग 77 प्रतिशत तथा भारत में लगभग 83 प्रतिशत सर्वाइकल कैंसर मामलों के लिए जिम्मेदार हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं को गर्भाशय ग्रीवा कैंसर से बचाने के लिए मानव पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) टीका शुरू किया जा रहा है। एचपीवी टीका मुख्य रूप से उच्च जोखिम वाले वेरिएंट विशेषकर एचपीवी 16 और 18 से होने वाले कैंसर की रोकथाम करता है, जो भारत में लगभग 83 प्रतिशत सर्वाइकल कैंसर मामलों के लिए जिम्मेदार हैं। उन्होंने कहा कि समय पर टीकाकरण एवं स्क्रीनिंग से इस कैंसर के जोखिम को काफी कम किया जा सकता है। इस टीकाकरण अभियान के दौरान एएनएम व एलएचवी नर्स वैक्सीनेटर, आशा व आंगनबाड़ी वर्कर, लिंक मोबिलाइजर, स्वास्थ्य संस्थान स्टाफ वेरिफायर तथा महिला आरोग्य समिति, जन आरोग्य समिति तथा स्वास्थ्य कर्मी स्वयंसेवक के रूप में शामिल रहेंगे। इस कार्य को करने के लिए सभी को प्रशिक्षण प्रदान करने का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि एचपीवी टीका जिला में केवल कोल्ड-चेन युक्त सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में ही लगाया जाएगा।

उन्होंने बताया कि यू- विन पोर्टल पर एचपीवी टीकाकरण के लिए बालिका का पंजीकरण दो तरीके से किया जा सकता है, जिसमें सिटीजन पोर्टल के माध्यम से स्व-पंजीकरण के तहत माता-पिता या अभिभावक युविन पोर्टल पर लॉग-इन करके पंजीकरण करा सकते हैं, जबकि दूसरे तरीके से यदि पहले पंजीकरण नहीं हुआ है तो ऑन-साइट पंजीकरण के तहत स्वास्थ्य कार्यकर्ता द्वारा सहमति विवरण का उपयोग करते हुए बालिका का पंजीकरण सीधे टीकाकरण स्थल पर भी किया जा सकता है। डीसी ने स्वास्थ्य विभाग सहित सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को इस अभियान की सफलता सुनिश्चित बनाने के लिए व्यापक समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। साथ ही एचपीवी टीकाकरण अभियान के प्रति व्यापक जागरूकता सुनिश्चित बनाने को भी कहा, ताकि कोई भी पात्र किशोरी इस टीकाकरण अभियान के तहत प्रतिरक्षण से वंचित न रह जाए। उन्होंने अभिभावकों से भी अपील की है कि वह अपनी बेटियों का समय पर एचपीवी टीकाकरण कराकर उन्हें सर्वाइकल कैंसर से सुरक्षित बनाने के लिए आगे आएं। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने जानकारी दी कि एचपीवी टीकाकरण अभियान को लेकर विभाग के चिकित्सकों एवं अन्य पैरामेडिकल स्टाफ को आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान किया जा चुका है।

बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी लाहौल स्पीति डॉ. रंजीत सिंह, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. हीरा लाल, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. ऊषा, जिला परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग कुंदन ठाकुर, जिला कल्याण अधिकारी गिरधारी लाल शर्मा, जिला पंचायत अधिकारी दयाराम ठाकुर, आईएमए कुल्लू के अध्यक्ष डॉ. हेमराज, उपनिदेशक देश राज डोगरा एवं सुनील ठाकुर, स्वास्थ्य शिक्षक निर्मला महंत सहित अभियान से संबंधित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# 45 से अधिक उद्यमियों ने उद्योग 4 .0 व सरकारी खरीद पर मार्गदर्शन लिया



कार्यशाला के दौरान गणमान्य लोग। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**कुल्लू।** उद्योग विभाग हिमाचल प्रदेश सरकार ने मंगलवार को कुल्लू के भुंतर स्थित होटल सिल्वर फेस में स्मार्ट मैन्युफैक्चरिंग और जीईएम व सीपीपी पोर्टल्स पर एकदिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया। आरएएमपी कार्यक्रम के तहत आयोजित इस कार्यशाला का उद्देश्य एमएसएमई की प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ावा देने के लिए डिजिटल परिवर्तन को प्रोत्साहित करना और सरकारी खरीद में उनकी भागीदारी को सुविधाजनक बनाना था।

इस आयोजन में 45 से अधिक उद्यमियों ने भाग लिया, जिन्होंने सक्रिय रूप से चर्चा में भाग लिया और उद्योग 4.0 की अवधारणाओं, जिसमें आईओटी, स्वचालन और डेटा-आधारित निर्णय लेना शामिल है, इसके बारे में मूल्यवान जानकारी प्राप्त की।

जीईएम व सीपीपी पोर्टल्स पर सत्र में पंजीकरण, निविदा प्रक्रियाओं व सरकारी खरीद अवसरों पर मार्गदर्शन प्रदान किया गया। तुषार सैनी ने स्मार्ट एमएसएमई सत्र दिया, जबकि अविनाश कुमार शर्मा ने जीईएम कार्यशाला का नेतृत्व किया। आयोजन का समन्वय महेंद्र सिंह और अभिनीत ने किया। इस कार्यशाला ने आरएएमपी कार्यक्रम के तहत एमएसएमई क्षमताओं और बाजार पहुंच को मजबूत करने के विभाग के संकल्प को मजबूत किया।

## परेशानी: कार्यालयों के चक्कर काट रहे बुजुर्ग कांशी राम, तारों को ऊंचा करने की मांग

# साहब! घर के ऊपर से गुजर रही बिजली की तारें

अनंत ज्ञान

**कमलेश वर्मा, कुल्लू।** जिला कुल्लू की मणिकर्ण घाटी के कसोल क्षेत्र से संबंध रखने वाले 75 वर्षीय बुजुर्ग कांशी राम के घर के ऊपर बिजली की तारों से खतरा मंडरा रहा है। आलम यह है कि 11 केवी की यह बिजली लाइन इतनी नीचे आ गई है कि यह घर की छत को छू रही है, जिससे हर समय इनके परिवार को खतरा मंडरा रहा है।

बुजुर्ग कांशी राम के अनुसार वह इस समस्या को लेकर पिछले करीब आठ-नौ माह से सरकारी कार्यालयों के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन अभी तक समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। उन्होंने बताया कि पिछले आठ महीनों से अपने घर की छत के ऊपर से गुजर रही बिजली की तार को ऊंचा करवाने के लिए उन्होंने डीसी कुल्लू से लेकर डीसी बोर्ड के अधीक्षण अभियंता से भी मिले, लेकिन संबंधित विभाग की ओर से अभी तक कोई उचित कदम नहीं उठाए जा रहे हैं।


बुजुर्ग के घर के ऊपर से गुजर रही बिजली की तारें। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान मुद्दा

बुजुर्ग कांशी राम का कहना है कि उन्होंने कई बार बिजली बोर्ड के अधिकारियों से संपर्क किया और लिखित व मौखिक रूप से शिकायत भी दर्ज करवाई, लेकिन उनकी समस्या पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने इस संबंध में उपायुक्त कार्यालय कुल्लू में भी शिकायत पत्र सौंपा था। बताया जा रहा है कि डीसी द्वारा मामले को गंभीरता से लेते हुए बिजली बोर्ड के अधीक्षण अभियंता को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश भी जारी किए गए थे, लेकिन इसके बावजूद धरातल पर स्थिति जस की तस बनी हुई है। कांशी राम ने बताया कि उनके घर की छत से बेहद नजदीक से गुजर रही बिजली की तार के कारण वे छत पर पड़े सरकते स्लेटों की मरम्मत तक नहीं कर पा रहे हैं। बरसात के मौसम में स्थिति और भी चिंताजनक हो जाती है, क्योंकि करंट लगने का खतरा लगातार बना रहता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह मामला न केवल एक बुजुर्ग की परेशानी से जुड़ा है, बल्कि यह सुरक्षा का भी गंभीर विषय है। समय रहते यदि तार को ऊंचा नहीं किया गया, तो कोई बड़ा हादसा हो सकता है। बुजुर्ग ने संबंधित विभाग से जल्द से जल्द कार्रवाई कर राहत प्रदान करने की मांग की है, ताकि वे बिना भय के अपने घर की मरम्मत कर सकें और संभावित खतरे से बच सकें।

# टैक्सी परमिट अवधि 12 से 15 वर्ष होने पर टैक्सी ऑपरेटर्स खुश

अनंत ज्ञान



**कुल्लू।** केंद्र सरकार द्वारा टैक्सी परमिट की अवधि 12 से बढ़ाकर 15 वर्ष किए जाने के फैसले के बाद हिमाचल प्रदेश सहित जिला कुल्लू के टैक्सी ऑपरेटरों में खुशी की लहर दौड़ गई है।

इस निर्णय से स्थानीय टैक्सी संचालकों को बड़ी राहत मिली है और टैक्सी स्टैंड कुल्लू में जश्न का माहौल देखने को मिला। टैक्सी स्टैंड कुल्लू में पूर्व चेयरमैन कविंद्र ठाकुर और प्रधान मोहर सिंह की अगुवाई में ऑपरेटरों ने एकत्रित होकर केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी का आभार व्यक्त किया। इस दौरान मिठाइयां बांटी गईं व फैसले का स्वागत किया गया। पूर्व चेयरमैन कविंद्र ने कहा कि टैक्सी परमिट की अवधि में तीन वर्ष की बढ़ोतरी से टैक्सी ऑपरेटरों को आर्थिक रूप से सीधा लाभ मिलेगा। वर्तमान परिस्थितियों में वाहन की लागत, मेंटेनेंस और अन्य खर्चों को देखते हुए यह निर्णय बेहद महत्वपूर्ण है। इससे जहां एक ओर ऑपरेटरों को राहत मिलेगी, वहीं दूसरी ओर सरकार के राजस्व में भी बढ़ोतरी होगी। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि टैक्सी परमिट अवधि बढ़ाने की मांग सबसे पहले कुल्लू से ही उठाई गई थी। उस समय तत्कालीन चेयरमैन के रूप में उन्होंने इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया था, जो आगे चलकर प्रदेश व फिर राष्ट्रीय स्तर पर एक आंदोलन का रूप ले गया। अब केंद्र सरकार द्वारा इस पर सकारात्मक निर्णय लिए जाने से टैक्सी यूनियनों में संतोष का माहौल है।टैक्सी ऑपरेटरों ने उम्मीद जताई है कि भविष्य में भी उनके हितों से जुड़े मुद्दों पर सरकार इसी प्रकार संवेदनशीलता के साथ निर्णय लेगी।

# धर्म: श्री मढोड़ देवता की पारंपरिक रथ यात्राएं विधिवत रूप से आरंभ

अनंत ज्ञान

**दाड़लाघाट।** पंचायत रौड़ी के डवारु धार से श्री मढोड़ देवता की पारंपरिक रथ यात्राएं (जात्राएं) 24 फरवरी से विधिवत रूप से आरंभ होगी। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी देवता अपने श्रद्धालुओं की मन्नतें पूर्ण होने पर उन्हें आशीर्वाद देने लाव-लश्कर के साथ उनके घर-घर पहुंचेंगे।





श्री मढोड़ देवता की यात्रा के साथ देवता के कारिंदे। अनंत ज्ञान

देवता का यह प्रवास लगभग दो माह तक चलता है। यह यात्रा फरवरी माह से प्रारंभ होकर अप्रैल तक विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित की जाएगी। श्री मढोड़ देवता के कारिंदे पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सोलन, शिमला, बिलासपुर सहित मंडी जिला में भी देव जात्रा संपन्न करेंगे। श्री मढोड़ देव कमेटी के अध्यक्ष बाबू राम शर्मा, प्रधान प्रेम लाल ठाकुर और सचिव नीम चंद शर्मा ने बताया कि डवारु धार में देवता का भव्य मंदिर निर्मित है। प्रत्येक वर्ष फरवरी में देव यात्रा का शुभारंभ होता है, जो शिमला, सोलन, अर्की और बिलासपुर सहित विभिन्न क्षेत्रों से होकर गुजरती है। जिन श्रद्धालुओं की मन्नतें पूर्ण होती हैं, उनके घर जाकर देवता आशीर्वाद प्रदान करते हैं। स्थानीय ही नहीं, बाहरी क्षेत्रों के लोगों में भी इस देवता के प्रति गहरी आस्था है।

# शिकारी बना शिकार...बकरियों के शिकार को आया तेंदुआ फंसा कुत्तों के चंगुल में

अनंत ज्ञान

**नाहन।** हिमाचल प्रदेश के नाहन मुख्यालय वन मंडल में बीती रात एक रोमांचक और चुनौतीपूर्ण घटनाक्रम ने क्षेत्र में दहशत के बाद राहत दी। नाहन से लगभग 15 किलोमीटर दूर चंडीगढ़-देहरादून हाईवे पर जोगीबन गांव में एक तेंदुए ने बकरी फार्म पर हमला कर दिया, लेकिन फार्म की सुरक्षा में तैनात गद्दी कुत्तों की सतर्कता और साहस ने पहले बाड़े में मौजूद बकरे-बकरियों की रक्षा की। इसके बाद सुबह दो युवकों का जीवन भी बचा लिया।

बाद में वन्य प्राणी विभाग ने करीब तीन घंटे के जटिल रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद घायल तेंदुए को सुरक्षित पकड़ लिया। जानकारी के अनुसार देर रात तेंदुआ फार्म में घुस आया, पर



पशुओं की सुरक्षा के लिए मौजूद कुत्तों ने तेंदुए को फार्म के एक कोने में घेरकर रोके रखा, जिससे वह खुले क्षेत्र में भाग न सके। दोपहर करीब एक बजे वन्य प्राणी विभाग की टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू के बाद तेंदुए को बेहोशी की हालत में वन परिक्षेत्र अधिकारी शंभूवाला के परिसर में लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार की व्यवस्था की गई। इसके पश्चात उसे टूटीकंडी स्थित रेस्क्यू सेंटर भेजने की तैयारी की गई।

# कार्रवाई : अवैध कटान का भंडाफोड़ विभाग की दबिश से भागे वन माफिया

अनंत ज्ञान

**अनुराग गुप्ता, पावंटा साहिब।** क्षेत्र के हरिपुर खोल में अवैध कटान की लकड़ी का गंभीर मामला सामने आया है। वन माफियाओं द्वारा जंगलों में पेड़ों की कटाई कर लकड़ी की सप्लाई किए जाने की सूचना पर वन विभाग की टीम ने औचक निरीक्षण किया।

जानकारी के अनुसार जैसे ही नाहन डिवीजन के वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची, लकड़ी माफिया गाड़ी में लकड़ी छोड़कर फरार हो गए। मौके से ताजा कटे पेड़ों के ठूंठ, लकड़ी के गट्ठर और कटान में इस्तेमाल किए जाने वाले उपकरण बरामद किए गए हैं।



हरिपुर खोल में पकड़ी गई अवैध कटान की लकड़ी। अनंत ज्ञान

पिछले कुछ समय से क्षेत्र में अवैध कटान की सप्लाई की शिकायतें मिल रही थीं, जिसके तहत विभाग ने कार्रवाई को अंजाम दिया। जानकारी के अनुसार बरामद लकड़ी गिरी नगर रेंज से संबंधित बताई जा रही है। लकड़ी माफिया हरियाणा-हिमाचल बैरियर के पास नदी में लकड़ी छोड़कर मौके से फरार हो गए थे।

वन विभाग ने कब्जे में ली गई लकड़ी को सुरक्षित रखकर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ वन अधिनियम के तहत मामला दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

## न्यूज ब्रीफ

### किप्स में नवीन शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ



किप्स में आयोजित हवन में हिस्सा लेते प्रबंधक। अनंत ज्ञान

**अनंत ज्ञान, सोलन।** कसौली इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल सनवारा में नवीन शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ श्रद्धा एवं आध्यात्मिक वातावरण में पावन हवन समारोह के साथ हुआ। यह हवन विद्या-बुद्धि की अधिष्ठात्री मां सरस्वती की कृपा प्राप्ति हेतु संपन्न किया गया। छात्र-छात्राओं, शिक्षकों तथा समस्त कर्मचारियों ने पूर्ण श्रद्धाभाव से अनुष्ठान में सहयोग दिया। वैदिक मंत्रों के उच्चारण से समूचा विद्यालय परिसर गूंज उठा। समारोह का समापन विद्यालय के प्रबंध निदेशक हीरा ठाकुर, मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. संजीव मैनरा तथा प्रधानाचार्य पूनम ठाकुर के आशीर्वाद तथा मार्गदर्शन के साथ हुआ। विद्यालय परिवार ने ईश्वर से प्रार्थना की कि यह नया सत्र सभी विद्यार्थियों के लिए प्रगति, अनुशासन और उपलब्धियों से परिपूर्ण हो।

### नौणी में तीन दिवसीय भारत स्काउट्स एंड गाइड्स प्रवेश शिविर आयोजित

**अनंत ज्ञान, सोलन।** डॉ यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी के रोवर्स एवं रेंजर्स यूनिट द्वारा विश्वविद्यालय परिसर में तीन दिवसीय प्रवेश परीक्षण शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व, सेवा भावना तथा स्काउटिंग कौशल का विकास करना था। शिविर का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजेश्वर सिंह चंदेल द्वारा ध्वजारोहण के साथ किया गया। शिविर के पहले दिन प्रतिभागियों ने पंडाह गांव का भ्रमण किया, जहां स्वच्छता अभियान चलाया गया तथा नाइट हाइक का अनुभव प्राप्त किया। सायंकालीन कैंप फायर कार्यक्रम में विभिन्न पेट्रोल दलों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। दूसरे दिन की शुरुआत बीपी-6 व्यायाम से हुई, इसके पश्चात परीक्षण सत्र, योग एवं ध्यान शिविर, नशा मुक्ति जागरूकता रैली, तथा व्यक्तित्व विकास सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें सोलन के एसीएफ प्रदीप कुमार ने मार्गदर्शन प्रदान किया।

### कृषि विज्ञान केंद्र चंबा के वैज्ञानिक को वैश्विक सम्मेलन में सम्मान

**अनंत ज्ञान, सोलन।** कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके), चंबा के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. धर्मिंदर कुमार को कृषि एवं संबद्ध विज्ञान के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए 'सर्वश्रेष्ठ केवीके प्रमुख पुरस्कार' से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार हाल ही में महात्मा गांधी राज्य लोक प्रशासन संस्थान, चंडीगढ़ में आयोजित 7वें वैश्विक कृषि सम्मेलन एग्रीकल्चरल ग्लोबल रिसर्च एंड इनोवेशन मीट फॉर एक्सीलेंस, इंगेजमेंट एंड ट्रांसफॉर्मेशन के दौरान प्रदान किया गया। सम्मेलन का आयोजन अग्री मीट फाउंडेशन द्वारा जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय जोधपुर तथा रूस की दक्षिण फेडरल यूनिवर्सिटी के सहयोग से किया गया। यह सम्मान डॉ. कुमार को उनके प्रभावी नेतृत्व, समर्पित प्रसार सेवाओं तथा चंबा जिले में कृषि प्रौद्योगिकी के उन्नयन और किसानों के सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण योगदान के लिए प्रदान किया गया।

### जगत सिंह नेगी 25 से 28 फरवरी को सिरमौर प्रवास पर

**अनंत ज्ञान, नाहन।** राजस्व, उद्यान, जनजातीय विकास एवं लोक शिकायत निवारण मंत्री जगत सिंह नेगी 25 से 28 फरवरी तक जिला सिरमौर के प्रवास पर रहेंगे। यह जानकारी सरकारी प्रवक्ता ने देते हुए बताया कि राजस्व मंत्री 25 फरवरी को दोपहर बाद कालाअंब के मोगीनंद स्थित मशरूम यूनिट का निरीक्षण करेंगे। 26 को उपायुक्त कार्यालय में वन अधिकार अधिनियम के कार्यान्वयन संबंधी समीक्षा बैठक की अध्यक्षता तथा राजस्व मामलों की समीक्षा व आपदा 2023-2025 की समीक्षा करने के उपरांत दोपहर बाद बागथन में जैव नियंत्रण प्रयोगशाला की आधारशिला रखेंगे तथा फल पौध एवं प्रदर्शन केंद्र (पीसीडीओ) का निरीक्षण भी करेंगे। राजस्व मंत्री 27 को शिरूमाईला में फल पौध एवं प्रदर्शन केंद्र (पीसीडीओ) और एचपी शिवा क्लस्टर इकाइयां शिरूमाईला, डूंगीसेर तथा गौंत का निरीक्षण करेंगे। 28 फरवरी को राजगढ़ में पीसीडीओ तथा फ्रूट कैनिंग इकाई का दौरा करेंगे।

### ताशील के नेतृत्व में सोलन जिला की वॉलीबाल टीम शाहपुर पहुंची

**प्रेम कुमार, कंडाघाट।** हिमाचल प्रदेश के जिला कांगड़ा स्थित शाहपुर में अंडर-21 वॉलीबॉल चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए जिला सोलन गर्ल्स टीम चायल की ताशील के नेतृत्व में शाहपुर पहुंची और टीम ने उद्घाटन समारोह में हिस्सा लिया। टीम के साथ कोच अंशु, सोलन फेडरेशन के उपाध्यक्ष पंकज और श्रीजी परिवार चायल के श्रीहित अभय टीम के उत्साह और सहयोग के लिए उनके साथ आयोजन में शामिल है। नशे के खिलाफ अभियान के तहत 24 एवं 25 फरवरी को इस राज्य स्तरीय चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। इसके उद्घाटन समारोह में मंगलवार को सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर बतौर मुख्यातिथि शामिल रहे।

### पिकअप मोटरसाइकिल से टकराई, दो घायल

**अनंत ज्ञान, नाहन।** रेणूका जी सड़क मार्ग पर मलगांव के नजदीक एक पिकअप ने मोटरसाइकिल को टककर मार दी। हादसे में दो युवक घायल हो गए। आरोपी चालक के खिलाफ पुलिस स्टेशन नाहन में मामला दर्ज किया गया है। एसपी सिरमौर एनएस नेगी ने बताया कि शिकायतकर्ता जगत सिंह चौहान ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि ददाहु से नाहन की तरफ आते समय मलंगाव के पास पिकअप चालक गुरदीता सिंह ने इनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। हादसे में मोटरसाइकिल चालक सतपाल व उसका साथी घायल हुआ है।

### हरिपुर में रात्रि गश्त को लेकर पुलिस को दिया ज्ञापन

**अनंत ज्ञान। बरोटीवाला।** निकटवर्ती ग्राम पंचायत सूरजपुर के गांव हरिपुर के बाशिंदों द्वारा पुलिस हरिपुर और इसके आसपास के क्षेत्र रात्रि गस्त लगवाने के लिए बरोटीवाला थाना में ज्ञापन सौंपा। गांव वासियों ने पुलिस विभाग से ज्ञापन में बातया कि हमारे क्षेत्र में नशे का प्रचलन दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। और अब नशेड़ियों ने हरिपुर और इसके आसपास क्षेत्रों से औद्योगिक क्षेत्र बद्दी बरोटीवाला में अपनी रात्रि ड्यूटी के दौरान रात को घरों को आते जाते है तथा वह अज्ञात लोग इनका रास्ता रोक कर छीना झपटी करते हैं। इस मौके पर हरिपुर गांव के सूरजपुर पंचायत के पूर्व मनमोहन कुमार पिंकी, प्रितपाल, नवीन कुमार,युवा कार्यकर्ता संजीव पंवार, सुंदरलाल निर्मल सिंह आदि ने पुलिस विभाग को ज्ञापन सोंपा।

## चंबाघाट-बसाल सड़क के गड्ढों की अनदेखी के बीच ग्रामीणों ने संभाली कमान

# सड़क के गड्ढे भरकर सरकार और विभाग को दिखाया आईना

अनंत ज्ञान

**आर मोहन चौहान, सोलन।** जिला मुख्यालय में सड़कों की खस्ताहालत का मुद्दा गरमाता ही जा रहा है। एक तरफ भाजपा सड़कों की हालत को लेकर सरकार को घेर रही है, वहीं स्थानीय लोगों ने अब स्वयं ही सड़कों के गड्ढे भरकर सरकार और संबंधित विभाग को आईना दिखाया है। क्षेत्र में लंबे समय से खराब पड़ी चंबाघाट-बसाल सड़क को लेकर जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे और खस्ताहाल स्थिति के कारण लोग जान जोखिम में डालकर आवाजाही करने को मजबूर थे, लेकिन संबंधित विभाग और सरकार की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

इसी के चलते किसान मोर्चा महामंत्री अभिलाष ठाकुर के नेतृत्व में स्थानीय ग्रामीणों ने स्वयं आगे आकर सड़क की मरम्मत का कार्य किया। कठार के तारी भाई ने अपने टिप्पर के माध्यम से बसाल रोड पर मिट्टी डलवाकर गड्ढों को भरने में अहम योगदान दिया। इस जनहित कार्य में विशाल गांव से रविंदर उर्फ रब राखा, पवन कुमार और अभिलाष वर्मा ने भी सक्रिय सहयोग किया। किसान मोर्चा महामंत्री ने कहा कि जब सरकार जनता की मूलभूत समस्याओं की ओर ध्यान नहीं देती, तब समाज को एकजुट होकर समाधान निकालना पड़ता है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि इस सड़क की स्थायी और गुणवत्तापूर्ण मरम्मत शीघ्र करवाई जाए, ताकि भविष्य में लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े।





चंबाघाट-बसाल सड़क के गड्ढे भरते स्थानीय लोग। अनंत ज्ञान

**वीआईपी आने पर ही होती है मरम्मत**

*बसाल में हेलीपैड बना है, ऐसे में चम्बाघाट-बसाल सड़क को वीआईपी सड़क भी कहा जाता है। पर सड़क पर इन दिनों बड़े-बड़े गड्ढे पड़ने से वाहन दुर्घटना का खतरा बढ़ गया है। सड़क पर वीआईपी मूवमेंट की स्थिति में ही इसकी मरम्मत होती है। अन्यथा सड़क की दुर्दशा को लेकर विभाग सुध नहीं ले रहा है।*

# टैक्स बढ़ोतरी: गरीबों की कमर तोड़ने का काम किया सरकार ने

## सिरमौर भाजपा प्रवक्ता, जिला महासचिव ने लगाए आरोप

अनंत ज्ञान

**नाहन।** हिमाचल प्रदेश की सुक्खू सरकार ने राज्य में महंगाई बढ़ाकर आम लोगों की कमर तोड़ने का नया फरमान जारी किया है। यह आरोप लगाते हुए सिरमौर जिला भाजपा प्रवक्ता मेलाराम शर्मा और जिला महासचिव रणवीर ठाकुर ने बताया कि इस सरकार ने प्रदेश के सभी एंट्री द्वारों पर भारी भरकम टोल टैक्स लगाने का फरमान जारी किया है और इसका सीधा असर प्रदेश में महंगाई बढ़ने पर पड़ेगा।

**◆ आर्थिक रुप से दिवालिया हो चुकी सरकार का जनता को लूटने का नया फॉर्मूला**

उन्होंने बताया कि इस निकम्मी सरकार ने रेवेन्यू बढ़ाने के नाम पर टोल टैक्स बैरियर पर वाहनों की एंट्री फीस को दोगुने से भी ज्यादा कर दिया है, जिसका सीधा असर वाहनों की माल ढुलाई भाड़े की बढ़ोतरी के कारण महंगाई बढ़ने पर पड़ेगा। भाजपा नेताओं ने कहा कि जब उत्तर भारत के अन्य राज्यों से हिमाचल आने वाले माल ढुलाई वाहनों का मालभाड़ा बढ़ेगा तो बाहरी राज्यों से आने वाले सभी प्रकार के खाद्यान्न, राशन, सब्जियों, सीमेंट, रेत, बजरी और लोहे आदि के समान का किराया बढ़ना स्वाभाविक है। उन्होंने कहा कि आर्थिक तौर पर पूरी तरह दिवालिया हो चुकी इस सरकार ने आम जनता की जेब से पैसा निकालने का नया फार्मूला ढूंढ निकाला है और प्रदेश में आने वाले वाहनों का टोल टैक्स बढ़ाकर आम जनता की जेब पर सीधे तौर पर डाका डालने का काम किया है। इससे हिमाचल प्रदेश में पर्यटन उद्योग का भट्ठा बैठ जाएगा और पर्यटन व्यवसाय चलाने वाले होटल मालिकों को अत्यधिक घाटा होगा, साथ में हिमाचल में पर्यटन व्यवसाय से सरकार को मिलने वाले टैक्स में भी कमी आएगी। उन्होंने सुक्खू सरकार को चेतावनी दी कि यदि प्रदेश की सीमाओं पर लगे बैरियरों पर टोल टैक्स की बढ़ाई गई दरों को कम नहीं किया तो प्रदेश की जनता सड़कों पर उतरकर इस निकम्मी सरकार के जनता की कमर तोड़ने वाले इस निर्णय का घोर विरोध करेगी।

# बिना नोटिस दिए काटा नवोदय स्कूल का बिजली कनेक्शन

**अनंत ज्ञान, नाहन।** नवोदय विद्यालय नाहन का बीते दिन शनिवार को बिना नोटिस जारी किए बिजली कनेक्शन काट दिए जाने के बाद स्कूल परिसर में अफरा-तफरी मची हुई है। नवोदय विद्यालय के प्रिंसिपल डॉ. जेपी बलोदी ने पत्र में कहा कि बिजली विभाग ने 21 फरवरी बिना किसी पूर्व नोटिस के परिसर की आपूर्ति बाधित कर दी गई, जबकि समय-समय पर मिलने वाले बिलों का नियमित भुगतान किया जाता रहा है। विद्युत आपूर्ति बाधित होने से विशेष रूप से बोर्ड परीक्षार्थियों के पठन-पाठन की व्यवस्था प्रभावित हुई। उन्होंने बताया कि इस संबंध में स्थानीय स्तर पर संबंधित सहायक अभियंता से विद्युत आपूर्ति बहाल किए जाने का अनुरोध किया गया, परंतु असमर्थता व्यक्त की गई।

आरोप है कि विद्यालय प्रबंधन द्वारा जिला प्रशासन एवं शिमला में विभाग के संबंधित अधिकारियों से अनुरोध करने के उपरांत 01 सदन (हाउस) की विद्युत व्यवस्था बहाल की गई है, जबकि अन्य सदन में अंधेरा पसरा हुआ है। स्कूल प्रबंधन ने इस मसले से निपटने के लिए अधिशाषी अभियंता को पत्र लिखकर निचले स्तर के अधिकारियों की कार्यप्रणाली को लेकर निशाना साधा है। भारत सरकार द्वारा संचालित इस संस्थान में 560 विद्यार्थियों सहित 100 सदस्यों वाला स्टाफ परिसर में उपलब्ध है।

# सांसद अखिलेश यादव निजी प्रवास पर पहुंचे बद्रीका आश्रम मरयोग

अनंत ज्ञान

**संजय राजन, सराहां।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव निजी प्रवास पर हिमाचल प्रदेश पहुंचे। मंगलवार सुबह करीब 9 बजे वह सिरमौर के मरयोग स्थित बद्रीका आश्रम में उनका काफिला पहुंचा। उनकी पत्नी डिंपल यादव और बेटी पिछले एक सप्ताह से आश्रम में ठहरी हुई हैं। पूर्व मुख्यमंत्री होने के नाते उन्हें सुरक्षा प्रदान की गई है। डीएसपी राजगढ़ वीसी नेगी स्वयं सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी कर रहे हैं।



इससे पहले वह सोमवार शाम कसौली में रुके थे। हिमाचल प्रवास के दौरान अपने सोशल मीडिया हैंडल पर प्रदेश की हसीन वादियों का एक वीडियो साझा किया। हिमाचल पुलिस से केवल सुरक्षा मांगी गई है। हिमाचल पुलिस ने अखिलेश यादव को पूर्व मुख्यमंत्री होने के नाते सुरक्षा प्रदान की है।

**◆ पत्नी डिंपल यादव एक सप्ताह पहले पहुंच चुकी थी आश्रम**

आश्रम में पूर्व मुख्यमंत्री की सुरक्षा के लिए डीएसपी राजगढ़ वीसी नेगी स्वयं मौके पर मौजूद है। बद्रीका आश्रम के लोक संपर्क अधिकारी से संपर्क किया गया, तो उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री का यह निजी दौरा है। अखिलेश यादव कसौली से आज सुबह निकलकर मरयोग आश्रम में पहुंचे, जहां पर आश्रम में पहले से उनका परिवार मौजूद है। आश्रम में कुछ देर रूकने के बाद वापस लौट गए।

# अंडर-16 वॉलीबॉल राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए गुंजन का चयन

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** हिमाचल प्रदेश वॉलीबॉल एसोसिएशन के माध्यम से पालमपुर में आयोजित अंडर-16 वॉलीबॉल ट्रायल्स में गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल शावगा की छात्रा गुंजन ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए अपना स्थान पक्का किया है।

विद्यालय के पीईटी सुखदेव भारद्वाज ने बताया कि इस उपलब्धि में सिरमौर वॉलीबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष पृथ्वीराज ठाकुर एवं सचिव भूपेंद्र चौहान का महत्वपूर्ण योगदान रहा। राष्ट्रीय अंडर-16 वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 24 फरवरी से 3 मार्च तक हुगली, पश्चिम बंगाल में किया जाएगा। इस अवसर पर पीईटी सुखदेव भारद्वाज ने गुंजन को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

# सोलन वैश्विक स्तर पर एक प्रतिष्ठित पर्यटन गंतव्य : डॉ. धनीराम शांडिल

## नगर निगम के वार्ड नंबर 10 में 19.75 लाख के किए लोकार्पण

अनंत ज्ञान

**सोलन।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने कहा कि सोलन वैश्विक स्तर पर एक प्रतिष्ठित पर्यटन गंतव्य है। डॉ. शांडिल ने नगर निगम सोलन के वार्ड नंबर 10 में 10 लाख रुपए की लागत से स्थापित सीसीटीवी तथा 9.75 लाख रुपए से नवनिर्मित कोटला नाला से जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान मार्ग पर पेवर ब्लॉक का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि सोलन के स्वच्छ और सुंदर बनने से यहां के लोगों की आर्थिकी में भी व्यापक सुधार होगा। उन्होंने शहर की साफ सफाई तथा डोर-टू-डोर कूड़ा एकत्रित करने की व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने पर बल दिया। उन्होंने कहा सीवरेज व्यवस्था का कार्य जल शक्ति विभाग की देखरेख में किया जाएगा। उन्होंने लोगों को नशे से दूर रहने और प्रदेश को नशा मुक्त राज्य बनाने के प्रयासों में सक्रिय रूप से सहयोग करने का आग्रह किया। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि कूड़ा प्रबंधन के क्षेत्र में नगर निगम को आत्मनिर्भर बनने की आवश्यकता है। उन्होंने इसके लिए सभी को इस दिशा में मिल-जुलकर काम करने का आग्रह भी किया।



वार्ड नं. 10 में पेवर ब्लॉक का लोकार्पण करते मंत्री कर्नल शांडिल। अनंत ज्ञान

# पीसीसी अध्यक्ष विनय कुमार बतौर विधायक नहीं कर पाए रेणुका का विकास : रावत

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सिरमौर भाजपा जिला प्रवक्ता प्रताप सिंह रावत ने कहा कि रेणुका के कांग्रेसी विधायक एवं पीसीसी अध्यक्ष विनय कुमार अपने 3 साल के कार्यकाल में भी रेणुका का अपेक्षित विकास नहीं करवा पाए है। जबकि विनय कुमार इससे पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष जैसे संवैधानिक पद पर भी रह चुके हैं। रावत ने पीसीसी अध्यक्ष से सवाल करते हुए पूछा है कि आपने अपने तीन साल के कार्यकाल में रेणुका विधानसभा चुनाव क्षेत्र के लिए कौन से विकास कार्य करवाए हैं। रावत ने बताया कि रेणुका के हजारों बेरोजगार युवा रोजगार की तलाश में दर-दर की ठोकरे खा रहे हैं, जबकि रेणुका विधानसभा चुनाव क्षेत्र में पर्यटन की अपार संभावना है, लेकिन आज तक इस और कोई भी ध्यान नहीं दिया। अधिकतर स्वास्थ्य संस्थानों में न चिकित्सक हैं और न ही पैरामेडिकल स्टाफ। शिक्षण संस्थानों में भी अधिकतर पद खाली पड़े हैं। रेणुका विधानसभा चुनाव क्षेत्र में सड़कों के हालात भी ठीक नहीं है। पिछले दिनों हरिपुरधार के समीप 14 लोग मौत के शिकार हुए हैं। रेणुका की जनता ने आपको विकास करने के लिए विधायक चुना है। रेणुका की जनता आपको 2027 के विस चुनाव में वोट की चोट से जवाब देगी।

# ठगी मामले में उद्घोषित आरोपी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, नाहन।** उदघोषित अपराधियों की धरपकड़ के लिए गठित टीम ने मुकदमा नंबर 77/2018 धारा 420, 34 भारतीय दंड संहिता, पुलिस थाना नाहन से संबंधित मामले में आरोपी करण सेठ पुत्र विपन कुमार निवासी हाउस नंबर सी-172, मोहल्ला कोट किशन चंद, डाकघर संतोषपुरा, पुलिस स्टेशन नंबर 3, जालंधर सिटी, पंजाब को गिरफ्तार किया है। आरोपी को दाओबा चौक, जालंधर (पंजाब) से 23 फरवरी को गिरफ्तार किया गया। वह लंबे समय से न्यायालय में पेश नहीं हो रहा था, जिसके चलते उसे उद्घोषित अपराधी घोषित किया गया था। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

**आरोप** हिमाचल सदन का दुरुपयोग अत्यंत गंभीर 'घर का भेदी लंका ढाए' जैसी मानसिकता उजागर : डॉ. बिंदल

# 'एआई समिट में 'भोंडा प्रदर्शन' राष्ट्र के खिलाफ षड्यंत्र

अनंत ज्ञान

**नाहन।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने अंतरराष्ट्रीय एआई समिट के दौरान कांग्रेस एवं युवा कांग्रेस द्वारा किए गए भोंडे और अर्धनग्न प्रदर्शन की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि यह केवल राजनीतिक विरोध नहीं, बल्कि राष्ट्र की छवि को धूमिल करने का एक सुनियोजित षड्यंत्र है। उन्होंने कहा कि पूरा देश इस प्रकार की हरकत को किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं करेगा।



डॉ. बिंदल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी अपनी राजनीति चमकाने के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार है। दुनिया के प्रमुख राजनयिकों और प्रतिनिधियों की मौजूदगी में इस प्रकार का प्रदर्शन कांग्रेस की राष्ट्रविरोधी मानसिकता को उजागर करता है।

## पुलिस की कार्रवाई पर सवाल

**डॉ. राजीव बिंदल** ने आरोप लगाया कि हिमाचल प्रदेश कांग्रेस और मुख्यमंत्री कार्यालय का नाम भी इस मामले में सामने आया है, क्योंकि जिन लोगों पर कार्रवाई हो रही है, वे हिमाचल सदन में ठहरे थे। पुलिस की कार्रवाई के बाद यह प्रश्न उठता है कि इस प्रकरण में हिमाचल की भूमिका कहां तक जुड़ी है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश अपनी देशभक्ति और राष्ट्रनिष्ठा के लिए जाना जाता है, और यदि हिमाचल सदन जैसी संस्था का उपयोग इस प्रकार के कृत्य के लिए हुआ है तो यह अत्यंत चिंताजनक और गंभीर विषय है। यह स्थिति 'घर का भेदी लंका ढाए' जैसी प्रतीत होती है, जहां अपने ही लोग देश की छवि को नुकसान पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं।

## पीएम ने भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा को दी नई ऊंचाइयां

**डॉ. बिंदल** ने कहा कि जब देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा को नई ऊंचाइयों पर ले जा रहे हैं, तब कांग्रेस पार्टी हर अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत को बदनाम करने का अवसर खोजती है। उन्होंने याद दिलाया कि सर्जिकल स्ट्राइक और अन्य सैन्य अभियानों के दौरान भी कांग्रेस नेताओं ने देश की सेनाओं और राष्ट्रीय सुरक्षा पर सवाल उठाए थे। अब एआई समिट जैसे वैश्विक मंच पर इस प्रकार का प्रदर्शन उसी सोच का विस्तार है।

## देश की छवि को धूमिल करना स्वीकार्य नहीं

**डॉ. राजीव बिंदल** ने कहा कि सेना, सुरक्षा और राष्ट्र की गरिमा पर सवाल उठाना और दुनिया के सामने देश की छवि को धूमिल करना किसी भी परिस्थिति में स्वीकार्य नहीं है। डॉ. बिंदल ने विश्वास व्यक्त किया कि प्रदेश और देश की जनता कांग्रेस की इस मानसिकता को भली-भांति समझ चुकी है और लोकतांत्रिक तरीके से इसका जवाब देगी।

# ओडिशा और झारखंड के सिविल जज करेंगे वेरिफिकेशन में मदद

## पश्चिम बंगाल एसआईआर: सुप्रीम कोर्ट बोला- इनका खर्च चुनाव आयोग उठाए

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**सुप्रीम** कोर्ट ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल में एसआईआर प्रक्रिया में सामने आए 80 लाख क्लेम निपटाने के लिए 2 राज्यों से सिविल जजों को तैनात करने की परमिशन दे दी है। कोर्ट ने आदेश दिया कि कलकत्ता हाईकोर्ट पश्चिम बंगाल में वोटर लिस्ट एसआईआर प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए झारखंड-ओडिशा के सिविल जजों की मदद ले सकता है। सीजेआई सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम पंचोली की बेंच ने चुनाव आयोग से कहा कि वह 28 फरवरी को बंगाल की फाइनल एसआईआर लिस्ट पब्लिश कर सकता है।

कोर्ट ने स्पष्ट किया कि वेरिफिकेशन प्रोसेस आगे बढ़ता है तो पोल पैनल सप्लीमेंट्री लिस्ट जारी कर सकता है। इससे पहले 20 फरवरी को पश्चिम बंगाल सरकार और ईसी के बीच चल रही खींचतान से निराश होकर कोर्ट ने एसआईआर प्रोसेस में पोल पैनल की मदद के लिए मौजूदा और पूर्व जिला जजों को तैनात करने का निर्देश जारी किया था। (अनंत ज्ञान)

### कलकत्ता हाईकोर्ट ने कहा था- क्लेम से निपटने में 80 दिन लग सकते हैं

**कलकत्ता** हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस ने सुप्रीम कोर्ट को लिखे लेटर में बताया था कि 80 लाख लोगों के क्लेम से निपटने के लिए 250 डिस्ट्रिक्ट जजों को 80 दिन लग सकते हैं। इस पर एक्शन लेते हुए सीजेआई ने सिविल जजों की मदद लेने की परमिशन दे दी। सुप्रीम कोर्ट ने कलकत्ता हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस से कहा कि वे झारखंड और उड़ीसा हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस से वहां के ज्यूडिशियल ऑफिसर भेजने की मांग रख सकते हैं। बेंच ने कहा कि इन ऑफिसरों का खर्च चुनाव आयोग उठाएगा। राज्य में एसआईआर प्रक्रिया के दौरान लिस्ट में से हटाए गए 80 लाख दावों में माता-पिता के नाम, वोटर और उसके माता-पिता के बीच उम्र का अंतर 15 साल से कम या 50 साल से ज्यादा होना शामिल है।

# चांदी दो दिन में 16 हजार महंगी, सोना 5 हजार रुपए बढ़ा



**एजेंसी, नई दिल्ली**

**सोने**-चांदी के दाम में मंगलवार को तेजी रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का भाव 1,283 रुपए बढ़कर 1,59,503 रुपए पहुंच गया है। इससे पहले यह 1,58,220 रुपए पर था। सोना 2 कारोबारी दिनों में 5 हजार महंगा हुआ है।

वहीं, एक किलो चांदी की कीमत 2,460 रुपए बढ़कर 2,66,535 रुपए पर पहुंच गई है। सोमवार को इसकी कीमत 2,64,075 रुपए किलो थी। चांदी भी 13 हजार रुपए महंगी हुई थी। यानी दो दिन में ये 16 हजार से ज्यादा बढ़ चुकी है। इस साल सोने-चांदी की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। सोना 2026 में अब तक 26,000 रुपए और चांदी 36,000 रुपए महंगी हो चुकी है। इस दौरान 29 जनवरी को सोने ने 1.76 लाख रुपए और चांदी ने 3.86 लाख रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था। (अनंत ज्ञान)

## मणिपुर में उग्रवादी संगठन का कैडर किया गिरफ्तार

**एजेंसी, इंफाल।** मणिपुर में उग्रवादियों के खिलाफ पुलिस और सुरक्षा बलों की ओर से चलाए जा रहे अभियान के तहत उग्रवादी संगठन केसीपी (एमएफएल) के एक सक्रिय कैडर को गिरफ्तार किया गया है। मणिपुर पुलिस ने मंदलवार को बताया कि बीते सोमवार को इंफाल ईस्ट जिले के लमलई थानांतर्गत लमलई मामांग लाईकाई समु लांबेल से 55 वर्षीय खैदेम जोयचंद्र मैतेई उर्फ इनाओचा को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस ने आरोपित के कब्जे से 50 राउंड एके सीरिज के जिंदा कारतूस जब्त किए हैं। वहीं, मणिपुर के चंदेल एवं थौबल जिलों में खाली मैगजीन के साथ एक जी-3 राइफल, देश में निर्मित तीन लेथोड बंदूकें, दो सिंगल बैरल बंदूकें, तीन स्थानीय रूप से निर्मित पोम्पी गोले, चार पोम्पी बंदूकें, खाली मैगज़ीन के साथ दो कार्बाइन, दो मैगज़ीन पाउच, एके राइफल के 7.62 मिमी के जीवित 55 राउंड, आठ बाओफांग रेडियो सेट बरामद किया है। (अनंत ज्ञान)

# कलकत्ता हाईकोर्ट समेत राज्य की 7 अदालतों को बम से उड़ाने की धमकी

**एजेंसी, कोलकाता**

**कोलकाता** हाईकोर्ट सहित राज्य की सात अदालतों को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। धमकी भरा ई-मेल मिलने के बाद कोर्ट परिसरों में हड़कंप मच गया है। सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट पर हैं और सभी जगहों पर सघन तलाशी अभियान चलाया जा रहा है।

आसनसोल, पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता ही नहीं, बल्कि राज्य के पांच जिलों में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। जानकारी के मुताबिक कोलकाता हाई कोर्ट के अलावा आसनसोल, दुर्गापुर, बहरमपुर, सिउड़ी, रामपुरहाट और अलीपुर अदालत को बम से उड़ाने की धमकी भरा ईमेल भेजा गया है। आसनसोल के डिस्ट्रिक्ट जज देव प्रसाद नाथ के अनुसार उन्हें सुबह करीब 11:30 बजे ईमेल प्राप्त हुआ, जिसमें दोपहर 1 बजे अदालत परिसर में विस्फोट करने की बात कही गई थी। ईमेल मिलते ही उन्होंने तत्काल सभी न्यायिक कार्य स्थगित कर कोर्ट परिसर को खाली कराने का आदेश दिया। साथ ही इसकी सूचना आसनसोल-दुर्गापुर पुलिस कमिश्नरेट को दी गई। (अनंत ज्ञान)

### आगरा जिला कोर्ट को भी बम से उड़ाने की धमकी

**एजेंसी, इलाहाबाद।** आगरा दीवानी को बम से उड़ाने की धमकी भरा ईमेल न्यायिक अधिकारी को मिला। इस धमकी भरे ईमेल से पूरे परिसर में सनसनी फैल गई। ईमेल न्यायालय की आधिकारिक वेबसाइट पर मिलने के बाद इसकी सूचना पुलिस को दी गई। ईमेल में लिखा है कि तमिलनाडु के स्कूलों के पाठ्यक्रम में पैगम्बर मोहम्मद के पाठों में डीएमके पार्टी का दोहरा रवैया बहुत बुरा है। हम सिर्फ वोट बैंक नहीं हैं, कौम की ताकत हैं जो उदयनिधि के करियर और सिर को बना या बिगाड़ सकते है। तमिलनाडु में मुसलमानों के पॉलिटिकल मसलों को सुलझाने के लिए आपकी कोर्ट और जज का कमरा आसान टार्गेट है। ईमेल किसी आकाश क्षत्रिय के नाम से भेजा गया है।

## लखनऊ विवि की लाल बारादरी पर विवाद

# हनुमान चालीसा का पाठ करने पहुंचे छात्रों को पुलिस ने हिरासत में लिया



**एजेंसी, इलाहाबाद।** लखनऊ विश्वविद्यालय में लाल बारादरी विवाद ने नया रूप ले लिया है। लाल बारादरी मस्जिद को सुरक्षा और जीर्णोद्धार के कारण बंद करने के बाद छात्रों के बीच तनाव बढ़ गया है। पहले मुस्लिम छात्रों ने बाहर नमाज पढ़ी और इफ्तार किया, तो अब हिंदू संगठनों और छात्रों ने हनुमान चालीसा का पाठ शुरू कर दिया। इस बीच यूनिवर्सिटी प्रशासन के शिकायत पर पुलिस ने 13 छात्रों को हिरासत में लिया है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने बताया कि लाल बारादरी एक संरक्षित पुरातात्विक संरचना है, जो एएसआई के दायरे में आती है। हाल ही में इमारत की स्थिति खराब होने और निर्माण/फेंसिंग कार्य के चलते इसे बंद कर बैरिकेडिंग लगा दी गई हैं। छात्रों का एक गुट इसे रमजान के दौरान नमाज रोकने की साजिश बता रहा है और बारादरी खोलने की मांग कर रहा है। वहीं, दूसरा गुट सुरक्षा कारणों से इसे बंद रखने का समर्थन कर रहा है। (अनंत ज्ञान)

# सेंसेक्स 1069 अंक गिरकर 82,226 पर बंद, निफ्टी भी 288 अंक टूटा

**एजेंसी, मुंबई**



**सेंसेक्स** में मंगलवार को गिरावट दर्ज की गई। सेंसेक्स 1069 अंक (1.28%) गिरकर 82,226 पर बंद हुआ। निफ्टी में भी करीब 288 अंक (1.12%) की गिरावट रही। ये 25,425 के स्तर पर आ गया है। आज के कारोबार में आईटी और ऑटो शेयरों में बिकवाली रही। आईटी शेयरों में आई गिरावट की वजह से ही बाजार दबाव में रहा। इन शेयरों में गिरावट की वजह है एंथ्रोपिक के 'क्लॉड कोड' टूल का नया अपडेट।

इसे एक ऐसे टूल के रूप में देखा जा रहा है जो 'कोबोल' प्रोग्राम्स को तेजी से और सस्ते में मॉर्डनाइज करने की ताकत रखता है। कोबोल एक बहुत पुरानी प्रोग्रामिंग भाषा है, जिसका इस्तेमाल मुख्य रूप से बैंकों, सरकारी संस्थाओं और बड़े बिजनेस के डेटा मैनेजमेंट और फाइनेंशियल ट्रांजैक्शन के लिए किया जाता है। दुनिया भर के बैंकिंग सिस्टम और एटीएम आज भी काफी हद तक इसी भाषा पर निर्भर हैं। जापान का निक्केई इंडेक्स 0.76% चढ़कर 57,250 के स्तर पर रहा। वहीं, दक्षिण कोरिया का कोस्पी 1.61% चढ़कर 5,940 पर ट्रेड कर रहा है। हांगकांग का हैंगसेंग इंडेक्स 2.00% गिरकर 26,539 पर बंद हुआ। (अनंत ज्ञान)

# मोदी ने अमेरिका से देश बेचने की डील की: राहुल

**एजेंसी, भोपाल।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिका से देश बेचने की डील की। उन पर एपस्टीन और अडाणी के केस का दबाव है। इस वजह से उन्होंने हिंदुस्तान और किसानों का डेटा अमेरिका को बेच दिया। राहुल मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में बोल रहे थे। कांग्रेस ने भारत और अमेरिका के बीच हुई ट्रेड डील के विरोध में किसान चौपाल बुलाई थी। इस दौरान राहुल ने कहा, हिंदुस्तान के इतिहास में पहली बार लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष को बोलने नहीं दिया गया।



**◆ पीएम पर एपस्टीन-अडाणी के केस का दबाव**

मैं चीनी घुसपैठ के मुद्दे पर बात रखना चाहता था। राहुल ने कहा कि मैंने लोकसभा में पूर्व आर्मी चीफ नरवणे की बात रखी थी, उन्होंने अपनी किताब में लिखा है कि जब चीनी घुसपैठ हुई थी तो उन्हें हिंदुस्तान की सरकार ने अकेला छोड़ दिया। हिंदुस्तान के इतिहास में इस साल पहली बार लोकसभा में लीडर ऑफ अपोजिशन का बोलने नहीं दिया गया। मैंने स्पीच शुरू की। मुझे रोका गया। फिर शुरू की, फिर रोका गया। (अनंत ज्ञान)

# अमेरिका में बर्फीले तूफान से 10,000 से अधिक उड़ानें रद्द, कई राज्यों में आपातकाल घोषित



**एजेंसी, न्यूयॉर्क**

**अमेरिका** के उत्तरपूर्वी हिस्से में एक शक्तिशाली बर्फीले तूफान ने कहर बरपाया है। मैरीलैंड से लेकर मेन तक के इलाके भारी बर्फ की चादर में ढक गए हैं। इस भीषण मौसम के कारण शनिवार से मंगलवार के बीच 10,000 से अधिक उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। अकेले सोमवार को 5,000 से ज्यादा उड़ानें रद्द हुईं और मंगलवार के लिए 1,300 से अधिक उड़ानें पहले ही रद्द कर दी गई हैं, जिससे हजारों यात्री फंस गए हैं।

न्यूयॉर्क के जेएफके, लागुआर्डिया और बोस्टन के लोगान एयरपोर्ट सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं। मौसम वैज्ञानिकों ने इसे एक दशक का सबसे शक्तिशाली तूफान बताया है, जिसे 'बम चक्रवात' कहा जा रहा है। 'बम चक्रवात तब होता है जब 24 घंटे की अवधि में तूफान का दबाव एक निश्चित मात्रा में गिर जाता है। यह मुख्य रूप से शरद ऋतु और सर्दियों में होता है जब आर्कटिक की बर्फीली हवा दक्षिण तक पहुंचकर गर्म तापमान से टकराती है।' कई इलाकों में दो फीट (60 सेंटीमीटर) से ज्यादा बर्फबारी हुई है। रोड आइलैंड के वारविक में तो तीन फीट से ज्यादा बर्फ गिरी है। तेज हवाओं और भारी बर्फबारी के कारण न्यूयॉर्क, न्यू जर्सी और मैसाचुसेट्स समेत कई राज्यों में आपातकाल घोषित कर दिया गया है। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### 'फूडीज का चॉइस' के तहत लॉन्च किया 'टेस्ट फर्स्ट कैंपेन'

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** जीडी फूड्स मैन्युफैक्चरिंग (आई) प्राइवेट लिमिटेड जो अपने ब्रांड टॉप्स के तहत सॉस, अचार व अन्य खाद्य उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला की मार्केटिंग करती है और जिसे भारत की अग्रणी फूड एफएमसीजी कंपनियों में से एक एडब्ल्यूएल एग्री बिजनेस लिमिटेड का समर्थन प्राप्त है, उन्होंने आज अपने नए ब्रांड कैंपेन 'फूडीज का चॉइस' के तहत टॉप्स का नवीनतम टेलीविजन कमर्शियल (टीवीसी) लॉन्च करने की घोषणा की। इस फिल्म में ब्रांड एंबेसडर करीना कपूर नजर आ रही हैं। यह फिल्म रोजमर्रा के फूडी पलों को जीवंत रूप में दिखाती है और आधुनिक परिवारों व युवाओं के बीच ब्रांड की अपील को और मजबूत करती है। एडब्ल्यूएल एग्री बिजनेस लिमिटेड के सॉस और कंडिमेंट्स बिज़नेस के सीओओ, अरविंद कुमार शर्मा ने कहा, "टॉप्स की भारतीय रसोइयों में हमेशा से मज़बूत मौजूदगी रही है। इस कैंपेन के साथ हम उस जुड़ाव को भावनात्मक रूप से और ऊंचे स्तर पर ले जा रहे हैं और इसे बदलती खाद्य आदतों का समर्थक बना रहे हैं। हमारा विविध प्रोडक्ट पोर्टफोलियो रोजमर्रा की कुकिंग से लेकर स्वादिष्ट स्नैकिंग तक सभी ज़रूरतों को पूरा करता है। करीना कपूर की मौजूदगी इस कहानी को और सशक्त बनाती है, क्योंकि वे आज के फूडीज की आत्मविश्वास, आधुनिकता और जज्बे को दर्शाती हैं।' यह नई पहल टॉप्स की यात्रा में एक महत्वपूर्ण बदलाव का संकेत देती है, जिसके तहत ब्रांड अपनी 'टेस्ट-फर्स्ट' यानी स्वाद को सर्वोच्च प्राथमिकता देने वाली आधुनिक पहचान को और सशक्त बना रहा है। यह कैंपेन आधुनिक भारतीय घरों को बेहतरीन और बिना समझौते वाले स्वाद का वादा करता है।

### गांव से पांच किलोमीटर दूर ढाणियों को भी मिलेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने गांव से पांच किलोमीटर की दूरी पर बसी ढाणियों को 24 घंटे बिजली सप्लाई करने का फैसला लिया है। पहले एक किलोमीटर की दूरी पर स्थित ढाणियों में बिजली सप्लाई की जाती थी। यही नहीं, जिस ढाणी में 11 सदस्य हैं, उन्हें एक यूनिट मानते हुए बिजली सप्लाई मुहैया करवाई जाएगी, पहले यह शर्त 11 घरों की थी, जिसे सरकार ने हटाकर ढाणियों में रहने वाले लोगों को बड़ी राहत दी है। यह ऐलान पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने विधानसभा के बजट सत्र के तीसरे दिन मंगलवार को शून्यकाल के दौरान विधायकों द्वारा उठाए गए मुद्दों का जवाब देते हुए किया। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि लालडोरे के भीतर किसी भी घर, स्कूल, अस्पताल या फिर शमशान घाट के ऊपर से गुजर ही हाईटेंशन तार को सरकार अपने खर्च पर हटाएगी। नांगल चौधरी से विधायक मंजू चौधरी ने ढाणियों में 24 घंटे बिजली सप्लाई का मुद्दा उठाया था। नीलोखेड़ी विधायक भगवान दास कबीर पंथी ने चाइना डोरी के प्रयोग से हो रही दुर्घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए चाइना डोरी बेचने वालों पर शिकंजा कसने की मांग की। इसके साथ ही उन्होंने नीलोखड़ी और तरावड़ी तथा निसिंग में बाइपास की मांग उठाई। पानीपत विधायक प्रमोद विज ने औद्योगिक नगरी पानीपत की समस्याओं के प्रति ध्यानाकर्षित किया। नारनौंद विधायक जस्सी पेटवाड़ ने जलभराव वाले गांवों में मुआवजा देने में भेदभाव करने का आरोप लगाते हुए नारनौंद विधानसभा के जिन गांवों में जलभराव हुआ था, उनके सभी किसानों को मुआवजा देने की मांग की। इसके साथ ही उन्होंने ड्रेनों की सफाई और नई ड्रेनों के निर्माण का भी मुद्दा उठाया। उन्होंने मजदूरों को रोजगार गारंटी के साथ 700 रुपए दिहाड़ी देने की भी मांग की।

### जमीन ठेका विवाद में भतीजों ने की ताऊ की हत्या

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** नरवाना खंड के गांव दबलैन में जमीन ठेके पर देने से मना करने पर भतीजों ने अपने ताऊ की पीट-पीट कर हत्या कर दी। सदर थाना नरवाना पुलिस ने मृतक के बेटे की शिकायत पर दोनों आरोपित भतीजों के खिलाफ हत्या सहित विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव दबलैन निवासी 70 वर्षीय मिया सिंह की उसके भतीजे बलविंद्र तथा यादवेंद्र से जमीन को लेकर कहासुनी हो गई। इस पर दोनों भाइयों ने अपने ताऊ मिया सिंह की बेरहमी से पिटाई की। चिकित्सकों ने मिया सिंह की गंभीर हालात देख पीजीआईएमएस रोहतक रेफर कर दिया लेकिन परिजन उसे हिसार के निजी अस्पताल ले गए। जहां पर मंगलवार को उपचार के दौरान मिया सिंह की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर सदर थाना नरवाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। मृतक के बेटे सूर्य प्रकाश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके चचरे भाई बलविंद्र तथा यादवेंद्र ने उनकी जमीन ठेके पर ली थी। आरोपियों ने अभी तक ठेका राशि को नहीं दिया था। आरोपी फिर उसके पिता मिया सिंह पर जमीन उन्हें ठेके पर देने के लिए दबाव बना रहे थे, जब उसके पिता ने मना किया तो दोनों भाइयों ने उसके पिता मिया सिंह पर हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।

# खूनीमाजरा में ऑटिज्म पीड़ित युवाओं के लिए टक शॉप-कम-कैंटीन का उद्घाटन

**अनंत ज्ञान**



**गुरनाम सागर, चंडीगढ़।** जिला रेड क्रॉस सोसायटी, साहिबजादा अजीत सिंह नगर के तत्वावधान में ऑटिज्म स्पेक्ट्रम से पीड़ित युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक कॉलेज, खूनीमाजरा में टक शॉप-कम-कैंटीन की शुरुआत की गई। इस कैंटीन का औपचारिक उद्घाटन उपायुक्त-सह-अध्यक्ष, जिला रेडक्रॉस सोसायटी, कोमल मित्तल द्वारा किया गया।

उन्होंने कहा कि 'विंग्स' नामक यह कैंटीन विशेष जरूरतों वाले युवाओं के लिए नए अवसरों के द्वार खोलेगी और यह सिद्ध करेगी कि जीवन की चुनौतियों के बावजूद वे बहुत कुछ हासिल करने की क्षमता रखते हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों, शिक्षकों और अन्य लोगों के साथ दैनिक संपर्क से समाज को उनकी प्रतिभा और क्षमता के बारे में बेहतर जानकारी मिलेगी तथा वे सामाजिक और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकेंगे। उन्होंने बताया कि हरमन शर्मा और निमित डोगरा ने ओपन स्कूल बोर्ड से 10+2 उत्तीर्ण की है। दोनों ने एथलेटिक्स और साइक्लिंग में राष्ट्रीय स्तर पर भाग लेते हुए स्वर्ण पदक भी प्राप्त किए हैं। इस पहल को पायलट प्रोजेक्ट बताते हुए डीसी ने कहा कि जल्द ही अन्य शैक्षणिक संस्थानों में भी इस प्रकार की रोजगार-उन्मुख परियोजनाएं शुरू की जाएंगी, ताकि अधिक से अधिक विशेष जरूरतों वाले युवाओं को अवसर प्रदान किए जा सकें। उन्होंने कहा कि समाज के साथ निरंतर संपर्क से ये युवा व्यावहारिक जीवन अनुभव प्राप्त करेंगे और उनका आत्मविश्वास बढ़ेगा। दोनों युवाओं (आयु 19 और 22 वर्ष) की सहायता के लिए श्रीमती सुखजिंदर कौर को नियुक्त किया गया है, ताकि कैंटीन का कार्य सुचारू रूप से चल सके।

# गुवाहाटी में नई टेक डिजिटल फैक्टरी का किया शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** भारत के निजी क्षेत्र के अग्रणी बैंक, एचडीएफसी बैंक ने गुवाहाटी में अपनी नई टेक व डिजिटल फैक्टरी का शुभारंभ किया।

यह सुविधा असम में एडवांस्ड टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट, इनोवेशन व टैलेंट इनक्यूबेशन के लिए एक सेंटर के तौर पर काम करेगी, जिससे स्टेट में एआई डिजिटल व साइबर सिक्योरिटी टैलेंट पूल को मजबूत करने में मदद मिलेगी। यह सुविधा बैंक की असम में पहली और देश भर में चौथी है। बैंक की अभी मुंबई, बेंगलुरु और गुरुग्राम में टेक और डिजिटल फैक्टिरयां हैं। इस सुविधा का उद्घाटन असम के मुख्यमंत्री, डॉ. हिमंत बिस्वा सरमा ने एचडीएफसी बैंक के डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर कैजाद भरूचा, बैंक के चीफ इन्फॉर्मेशन ऑफिसर रमेश लक्ष्मीनारायण असम सरकार के गणमान्य लोगों और एचडीएफसी बैंक के अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में किया।

# वकीलों से जुड़े मुद्दों का समाधान करने के लिए सांसद संधू को सौंपा मेमोरेंडम

**अनंत ज्ञान**



**चंडीगढ़।** सांसद और चंडीगढ़ एडमिनिस्ट्रेटर एडवाइजरी काउंसिल (एएसी) की लॉ एंड ऑर्डर की स्टैंडिंग कमेटी के चेयरमैन सतनाम सिंह संधू ने मंगलवार को अपने एमपीलैड्स फंड से डिस्ट्रिक्ट कोर्ट कांप्लेक्स, चंडीगढ़ में लॉयर चैंबर कांप्लेक्स की छत की मरम्मत व वॉटरप्रूफिंग के लिए 15 लाख रुपए की ग्रांट देने का ऐलान किया। यह एलान तब किया जब सांसद सतनाम सिंह संधू ने डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन (डीबीए) चंडीगढ़ का दौरा किया और बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों और सदस्यों के साथ विस्तार से चर्चा की।

दौरे के दौरान संधू का बार एसोसिएशन के मेंबर्स ने गर्मजोशी से स्वागत किया, जिसमें डीबीए प्रेसिडेंट एडवोकेट अशोक चौहान, वाइस-प्रेसिडेंट एडवोकेट संदीप गुज्जर, सेक्रेटरी एडवोकेट अमीश शर्मा, ट्रेज़रर एडवोकेट उज्ज्वल भसीन और जॉइंट सेक्रेटरी एडवोकेट पूजा दीवान शामिल थे। इस दौरान बार के मेंबर्स ने संधू को वकीलों से जुड़े अलग-अलग मुद्दों और जरूरतों के बारे में बताया। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन की एग्जीक्यूटिव कमेटी ने एमपी सतनाम सिंह संधू को एक मेमोरेंडम भी दिया, जिन्होंने उठाए सभी मुद्दों को गंभीरता से सुना और लॉयर चैंबर कॉम्प्लेक्स की छत की मरम्मत और वॉटरप्रूफिंग की समस्या को हल करने का आश्वासन दिया। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के सदस्यों को संबोधित करते हुए एमपी सतनाम सिंह संधू ने कहा कि वकील जस्टिस सिस्टम की रीढ़ हैं और उन्हें अपने काम की जगह पर सभी बेसिक सुविधाएं प्रायोरिटी के आधार पर मिलनी चाहिए। मैं आपको भरोसा दिलाता हूं कि यह काम प्रायोरिटी के आधार पर पूरा किया जाएगा। मैं इस काम के लिए 15 लाख रुपए दे रहा हूं और यह तय प्रोसेस के ज़रिए जारी किया जाएगा ताकि छत की मरम्मत और वॉटरप्रूफिंग का काम तेज़ी से पूरा हो सके। संधू ने कहा कि पहली बात तो यह है कि आप सभी वाजिब मुल्यों पर लोगों को कोर्ट में इंसाफ दिला रहे हो। इसके लिए मैं आप सभी वकील समुदाय का धन्यवाद करता हूं, क्योंकि आज के समय में हर एक पेशा बहुत ही ज्यादा कमर्शलाइज हो गया है। एक गरीब को इंसाफ दिलाना ही असली इंसानियत है, यह ही हमारी सामाजिक जिम्मेदारी है। जो आप सेवा निभा रहे हैं।

**कार्रवाई** अकाली-भाजपा शासन के दौरे में पंजाब में नशा फैला, अब हरियाण भी वही पैटर्न दिख रहा

# नायब सिंह सैनी बार-बार पंजाब क्यों आ रहे हैं : चीमा

**अनंत ज्ञान**

**गुरनाम सागर, चंडीगढ़।** पंजाब के वित्तीय मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि नशों के विरुद्ध पंजाब सरकार की निर्णायक और निरंतर कार्रवाई के सार्थक नतीजे मिल रहे हैं, जिससे नशे के ऐसे नेटवर्क खत्म हो रहे हैं, जो कभी बिना डरे काम करते थे।

उन्होंने कहा कि पंजाब नशे पर अपनी कार्रवाई और लोगों की भागीदारी को मजबूत कर रहा है। वहीं, नायब सिंह सैनी सरकार के तहत हरियाणा में बढ़ते खतरे को लेकर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। यह याद करते हुए कि 2007-2017 के अकाली-भाजपा शासन में नशा पूरे पंजाब में फैल गया था, हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि ऐसा ही पैटर्न अब हरियाणा में भी देखा जा रहा है। हरियाणा पुलिस ऑफिसर सुनील संधू का जिक्र करते हुए, जिन पर एंटी-ड्रग ऑपरेशन के बाद कार्रवाई हो रही है, हरपाल सिंह चीमा ने पूछा कि हरियाणा भाजपा सरकार किसे बचाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि क्या नायब



सिंह सैनी के पंजाब के बार-बार दौरे इस बात का इशारा करते हैं कि नशा तस्कर फिर से इकट्ठा होने और वापसी का रास्ता ढूंढने की कोशिश कर रहे हैं, जबकि हरियाणा खुद इस संकट में और डूबता जा रहा है। मंगलवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में वित्तीय मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि जैसे-जैसे पंजाब सरकार नशे पर अपनी पकड़ मजबूत कर रही है, नशा तस्कर राज्य छोड़कर हरियाणा को अपना नया ठिकाना बना रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की लीडरशिप वाली आप सरकार के अहम एक्शन ने पंजाब में नशे के नेटवर्क पर पकड़ मजबूत कर दी है, जिससे यह साफ हो गया है कि आपराधिक लोग अब अपना काम दूसरे राज्यों में शिफ्ट कर रहे हैं। हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि जैसे-जैसे पंजाब में नशों के खिलाफ शिकंजा कसा जा रहा है, तस्करों ने हरियाणा को अपना नया अड्डा बना लिया है। हमारी कोशिशें रंग ला रही हैं और इसीलिए वे भागने को मजबूर हो रहे हैं। पिछले समय को याद करते हुए चीमा ने कहा कि पंजाब ने 2007-2017 के अकाली-भाजपा शासन के दौरान नशों के फैलने का खामियाजा भुगता है।

भाजपा-अकाली सरकार के दौरान ही पंजाब में हेरोइन और 'चिट्टा' जैसे ड्रग्स फैले थे। पंजाब के लोगों ने उन्हें इसलिए नकार दिया क्योंकि उन्होंने खुद इस मुसीबत का सामना किया था। हरपाल सिंह चीमा ने दावा किया कि 2022 में मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व में आप सरकार के सत्ता में आने के बाद 'युद्ध नशेआं विरुद्ध' नामक आंदोलन शुरु किया था। उन्होंने कहा कि एक खास सब-कमेटी बनाई गई और जिलों में कोऑर्डिनेशन मीटिंग की गईं। हाल ही में, गांव सुरक्षा कमेटियों के 1.5 लाख से ज्यादा सदस्यों ने नशा विरोधी आंदोलन का समर्थन करने की शपथ ली, जो बड़े पैमाने पर लोगों की भागीदारी दिखाता है।

आप नेता ने जोर देकर कहा कि आज हरियाणा में भी ऐसे ही हालात बन रहे हैं। वहां सरकारी मदद से नशा फैल रहा है और नशे के खिलाफ एक्शन लेने वाले पुलिस अधिकारियों को खुलेआम धमकाया जा रहा है। हरियाणा पुलिस अधिकारी सुनील संधू का जिक्र करते हुए चीमा ने कहा कि सुनील संधू सोशल मीडिया पर अपने शानदार काम के लिए जाने जाते हैं। उन्हें अपनी सर्विस के लिए कई अवॉर्ड मिल चुके हैं। हाल ही में उन्होंने नशीले पदार्थ पकड़े थे और उस कार्रवाई का वीडियो वायरल हुआ था। तब से भाजपा सरकार इस पुलिस अधिकारी को परेशान कर रही है। इससे यह गंभीर चिंता पैदा होती है कि हरियाणा सरकार किसे बचाने की कोशिश कर रही है।

# 27 फरवरी से 29 मार्च तक चंडीगढ़ को विभिन्न दृष्टिकोणों से जानने का अवसर

**अनंत ज्ञान**

**चंडीगढ़।** द सिटी नैरेटिव्स #1, एक माह तक चलने वाला सांस्कृतिक कार्यक्रम, एलायंस फ्रांसेस द चंडीगढ़ द्वारा आरंभ किया गया है। यह कार्यक्रम 27 फरवरी से 29 मार्च तक शहर के विभिन्न स्थलों पर आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन इंडो-फ्रांस ईयर ऑफ इन्नोवेशन 2026 के अंतर्गत किया जा रहा है।



यह जानकारी एलायंस फ्रांसेस द चंडीगढ़ की डायरेक्टर फियोना गैरा ने दी। उन्होंने आगे बताया कि चंडीगढ़ सिटीजन्स फाउंडेशन के निकट सहयोग से विकसित इस कार्यक्रम में भारत और विदेशों से आर्टिस्ट्स, आर्किटेक्ट्स, इतिहासकारों तथा सांस्कृतिक संस्थानों को एक मंच पर लाया गया है, ताकि वे चंडीगढ़ को जीवंत अनुभवों और सामूहिक स्मृतियों के माध्यम से समझ सकें। शहर के विभिन्न स्थलों पर आयोजित इस कार्यक्रम में चार प्रदर्शनी, एक सार्वजनिक संवाद, एक पुस्तक विमोचन तथा एक फिल्म स्क्रीनिंग शामिल हैं। मुख्य आकर्षण इस प्रकार हैं आर्किटेक्चर ऑफ रेमेंबेरिंग (27 फरवरी – 20 मार्च, एलायंस फ्रांसेस द चंडीगढ़), जिसमें फिलिप कालिया और सुप्रियो मन्ना की प्रस्तुति शामिल है। चंडीगढ़ के इंडियन मोडरनिस्ट्स 28 फरवरी – 29 मार्च, गवर्नमेंट म्यूजियम एंड आर्ट गैलरी, चंडीगढ़ प्रस्तुति: चंडीगढ़ सिटीजन्स फाउंडेशन। लोम्फोन्स राडियस: एँफैनस राडियस (28 फरवरी – 20 मार्च, सेक्टर 17 अंडरपास)। डबल फ्रेम-आदित्य प्रकाश निवास एक स्मृति रंगमंच के रूप में (1-15 मार्च, एपी हाउस, सेक्टर 8सी), साथ ही द लॉन्च ऑफ डेथ ऑफ मॉडर्निस्ट। ओपनिंग वीकेंड (27 फरवरी – 1 मार्च) के दौरान द सिटी डायलॉग्स का आयोजन किया जाएगा, जिसमें विक्रमादित्य प्रकाश सहित आर्टिस्ट और क्यूरेटर्स संवाद करेंगे। हेरिटेज, इन्नोवेशन और सामूहिक स्मृति को जोड़ते हुए, द सिटी नैरेटिव्स #1 चंडीगढ़ के निवासियों और आगंतुकों को इस शहर को एक जीवंत और निरंतर विकसित होती नगरी के रूप में पुनः खोजने का आमंत्रण देता है।

## स्पोर्ट्स विंडो

### पेंशनभोगी अर्जुन पुरस्कार विजेता को शुल्क छूट पर ईएफआई घिरी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारतीय घुड़सवारी महासंघ (ईएफआई) ने अर्जुन पुरस्कार विजेता और पेंशनभोगी मेजर जनरल दीप अहलावत के लिए प्रतियोगिता घोड़े के आयात पर सीमा शुल्क छूट की सिफारिश कर विवाद खड़ा कर दिया है। अर्जुन पुरस्कार पेंशन योजना के तहत लाभार्थी को यह वचन देना होता है कि उसने सक्रिय खेल करियर से संन्यास ले लिया है। मेजर जनरल अहलावत इस पेंशन का लाभ उठा रहे हैं। इसके बावजूद महासंघ ने 26 जून को विदेश व्यापार महानिदेशालय को पत्र लिखकर कई यूरोपीय देशों से घोड़ों के आयात के लिए आवश्यक लाइसेंस और शुल्क रियायत का अनुरोध किया। बाद में खेल मंत्रालय को भेजे पत्र में दो घोड़ों के आयात और उनमें से एक के लिए सीमा शुल्क छूट प्रमाणपत्र जारी करने की मांग की गई। महासंघ ने तर्क दिया कि इससे देश में घुड़सवारी खेल को बढ़ावा मिलेगा और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन बेहतर होगा। हालांकि, महासंघ की मानक संचालन प्रक्रिया में यह स्पष्ट उल्लेख नहीं है कि संन्यास ले चुके खिलाड़ी को ऐसी सुविधा दी जा सकती है। महासंघ के पदाधिकारी ने कहा कि फैसला निर्धारित प्रक्रिया के तहत लिया गया, लेकिन इस मामले ने नियमों की पारदर्शिता और व्याख्या पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। (अनंत ज्ञान)

### टीम में जगह के लिए साबित करनी होगी अपनी उपयोगिता : हॉकी कोच मारिन

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारतीय महिला हॉकी टीम की कोच शोर्ड मारिन ने कहा कि अतीत की उपलब्धियां किसी खिलाड़ी को टीम में चयन की गारंटी नहीं देतीं। 2026 भारतीय टीम के लिए अहम वर्ष है और सभी खिलाड़ियों को अपनी उपयोगिता साबित करनी होगी। टोक्यो ओलंपिक 2021 में चौथे स्थान पर रही टीम पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए क्वालीफाई नहीं कर पाई और पिछले साल एफआईएच प्रो-लीग से बाहर हुई। एशिया कप के जरिये विश्व कप में सीधे क्वालीफाई करने में भी टीम सफल नहीं रही। मारिन ने कहा कि जूनियर और सीनियर खिलाड़ियों का प्रदर्शन लगातार देखा जा रहा है। फिटनेस, टीम का माहौल, मानसिक अनुकूलन और कार्यभार प्रबंधन पर काम किया जा रहा है। मानसिक अनुकूलन के लिए विशेषज्ञों की मदद ली जा रही है ताकि खिलाड़ी खुद को और एक-दूसरे को बेहतर समझ सकें। उन्होंने लॉस एंजेलिस ओलंपिक 2028 के लिए दीर्घकालिक रणनीति तैयार की है, लेकिन अभी उनका फोकस वर्तमान टीम की तैयारियों पर है। टीम धीरे-धीरे सुधार कर रही है और छोटे कदमों के साथ शीर्ष स्तर तक पहुंचने की कोशिश जारी है। (अनंत ज्ञान)

### ऑस्ट्रेलिया तीन टेस्ट और 3 वनडे के लिए दक्षिण अफ्रीका का करेगा दौरा

**एजेंसी, मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया तीन टेस्ट मैच और इतने ही एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने के लिए इस साल सितंबर अक्तूबर में दक्षिण अफ्रीका का दौरा करेगा। पिछले साल जून में लॉर्ड्स में दक्षिण अफ्रीका की ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में जीत के बाद दोनों टीम पहली बार टेस्ट मैच खेलेंगी। दक्षिण अफ्रीका ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप जीतकर 37 वर्षों में पहली बार कोई बड़ी ट्रॉफी जीती थी। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने मंगलवार को बताया कि एकदिवसीय मैच 24 सितंबर को डरबन में, 27 सितंबर को जोहानिसबर्ग में और 30 सितंबर को पोटचेफस्ट्रूम में खेले जाएंगे। इसके बाद 3-4 अक्तूबर को पोटचेफस्ट्रूम में दो दिवसीय अभ्यास मैच खेला जाएगा। पहला टेस्ट मैच नौ अक्तूबर को डरबन में शुरू होगा। दूसरा टेस्ट मैच 18 अक्टूबर से गकेबरहा (पूर्व में पोर्ट एलिजाबेथ) में तथा तीसरा और अंतिम टेस्ट मैच 27 अक्तूबर से केपटाउन के न्यूलैंड्स में खेला जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### अप्सरा से कम नहीं है सफा बेग

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व ऑलराउंडर इरफान पठान की पत्नी का नाम सफा बेग है। सफा मूल रूप से गुजरात के बड़ौदा की रहने वाली है। वह अक्सर अपनी खूबसूरती को लेकर चर्चाओं में रहती हैं।



पहला महिला वनडे: हरमनप्रीत और मंधाना के अर्द्धशतक गए बेकार

# ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 6 विकेट से हराया

**एजेंसी, ब्रिस्बेन**

ऑस्ट्रेलिया की महिला क्रिकेट टीम ने हरमनप्रीत कौर की टीम इंडिया को पहले वनडे मैच में 6 विकेट से हरा दिया है। इस मैच में भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 48.2 ओवर में 10 विकेट के नुकसान पर 214 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया ने 38.2 ओवर में 6 विकेट खोकर 217 रन बनाकर आसानी से हासिल कर लिया। ऑस्ट्रेलिया के लिए एलिसा हीली और बूथ मूनी ने शानदार अर्द्धशतकीय पारियां खेलीं।



भारत से जीत के लिए मिले 215 रनों के लक्ष्य का पीछा करने के लिए ऑस्ट्रेलिया की ओर से एलिसा हीली और पीवी लिचफील्ड मैदान पर आईं। इन दोनों ने मिलकर 10.3 ओवर में पहले विकेट के लिए 55 रनों की साझेदारी की। टीम को पहला झटका लिचफील्ड के रूप में लगा। उन्होंने 32 बॉल में 6 चौकों के साथ 32 रनों की पारी खेली। उन्हें श्री चरणी ने पवेलियन भेजा। इससे पहले टीम इंडिया के लिए स्मृति मंधाना ने 68 बॉल में 7 चौकों की मदद से 58 रनों की पारी खेली तो वहीं, कप्तान हरमनप्रीत ने 79 बॉल में 3 चौकों की मदद से 53 रनों की पारी खेली। काश्वी गौतम ने 44 बॉल में 3 चौके और 3 छक्कों के साथ 43 रनों की बेहतरीन पारी खेली। ऑस्ट्रेलिया के लिए एश्ले गार्डनर ने 3 और मेगन शूट ने 2 विकेट हासिल किए। (अनंत ज्ञान)

#### हीली और मूनी ने लगाए अर्द्धशतक

**ऑस्ट्रेलिया** के लिए एलिसा हीली ने शानदार अर्धशतकीय पारी खेली। उन्होंने 70 बॉल में 4 चौकों के साथ 50 रनों की पारी खेली। उनके अलावा बैथ मूनी ने टीम के लिए मैच जिताई अर्धशतकीय पारी खेली। मूनी ने 79 बॉल में 5 चौके और 2 छक्कों के साथ 76 रनों की पारी खेली। मूनी के अलावा एनाबेल सदरलैंड ने 44 बॉल में 4 चौके और 1 छक्के के साथ 48 रनों की नाबाद पारी खेली। भारत के लिए श्री चरणी ने 2, क्रांति ग्रौड और दीप्ति शर्मा ने 1-1 विकेट हासिल किया।

## महिला टी20 विश्व कप 2026 के शेड्यूल का हुआ ऐलान

### भारत-पाकिस्तान की एक बार फिर होगी भिड़ंत

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत-पाकिस्तान महामुकाबला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने मंगलवार को महिला टी20 विश्व कप 2026 के पूरे कार्यक्रम की घोषणा कर दी। 12 जून से पांच जुलाई तक इंग्लैंड और वेल्स में होने वाला यह टूर्नामेंट महिला क्रिकेट के लिए एक ऐतिहासिक पड़ाव माना जा रहा है।

खास बात यह है कि ग्रुप चरण में ही भारत और पाकिस्तान की टीमें आमने-सामने होंगी, जिससे टूर्नामेंट को जबरदस्त शुरुआत मिलने की उम्मीद है। भारत और पाकिस्तान का मुकाबला 14 जून को एजबेस्टन में खेला जाएगा। पिछले महीने नेपाल में खेले गए क्वालिफायर के बाद 12 टीमों का लाइन-अप तय हुआ। मेजबान इंग्लैंड के अलावा बांग्लादेश, आयरलैंड, नीदरलैंड और स्कॉटलैंड ने भी क्वालिफिकेशन के जरिए जगह बनाई। इस बार यूरोपीय देशों की भागीदारी खास है। इंग्लैंड, आयरलैंड, स्कॉटलैंड और नीदरलैंड जैसे चार यूरोपीय देशों की मौजूदगी के साथ टूर्नामेंट में एक-तिहाई टीमें यूरोप से हैं, जो इस प्रतियोगिता के इतिहास में पहली बार हुआ है। ग्रुप-1 को 'ग्रुप ऑफ डेथ' माना जा रहा है, जहां मौजूदा दिग्गज टीमों के साथ भारत-पाकिस्तान की पारंपरिक प्रतिद्वंद्विता भी देखने को मिलेगी। (अनंत ज्ञान)

**ग्रुप 1:** ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश, नीदरलैंड।
**ग्रुप 2:** वेस्टइंडीज, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, श्रीलंका, आयरलैंड, स्कॉटलैंड।

#### 14 जून को होगा भारत पाकिस्तान महामुकाबला

**भारत** और पाकिस्तान के बीच ग्रुप चरण का मुकाबला 14 जून को एजबेस्टन में खेला जाएगा। इस हाई-वोल्टेज मैच पर दुनियाभर के क्रिकेट प्रशंसकों की नजरें रहेंगी। इसके अलावा ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका जैसे मजबूत प्रतिद्वंद्वियों के साथ भारत के मुकाबले भी रोमांचक रहने वाले हैं।



#### भारत के महिला टी20 वर्ल्ड कप में मुकाबले

| | |
|---|---|
| भारत बनाम पाकिस्तान | 14 जून (एजबेस्टन) |
| भारत बनाम नीदरलैंड्स | 17 जून (हेडिंग्ले) |
| भारत बनाम साउथ अफ्रीका | 21 जून (ओल्ड ट्रैफर्ड) |
| भारत बनाम बांग्लादेश | 25 जून (ओल्ड ट्रैफर्ड) |
| भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया | 28 जून (लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड) |

## जिम्बाब्वे के कोच सैमन्स बोले-भारत के खिलाफ खेलनी होगी स्मार्ट क्रिकेट

**एजेंसी, मुंबई**

जिम्बाब्वे के मुख्य कोच जस्टिन सैमन्स जानते हैं कि भारत उनके खिलाफ गुरुवार को टी20 विश्व कप के सुपर आठ मुकाबले में आक्रामक रुख अपनाएगा, लेकिन उनका मानना है कि वेस्टइंडीज से मिली करारी हार से मिले सबक के बाद उनकी कमजोर मानी जाने वाली टीम इस महत्वपूर्ण मैच के लिए पूरी तरह से तैयार रहेगी।



वेस्टइंडीज ने सोमवार को यहां खेले गए सुपर आठ के मैच में जिम्बाब्वे को 107 रन से करारी शिकस्त दी। भारत को भी अपने पहले मैच में दक्षिण अफ्रीका से 83 रन से हार का सामना करना पड़ा था और सैमन्स को लगता है कि भारतीय टीम उनके खिलाफ शुरू से ही हावी होकर खेलने की कोशिश करेगी।

वेस्टइंडीज के खिलाफ मैच के बाद सैमन्स ने कहा, ''हम जानते हैं कि भारत किस तरह से खेलेगा और उनका तरीका भी वैसा ही होगा जैसा कि वेस्टइंडीज ने अपनाया। वे (भारत) कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।'' उन्होंने कहा, ''इससे हमें अच्छी सीख मिलेगी। हम दबाव से कैसे निपटते हैं, हम कैसे शांत रहते हैं और कैसे तुरंत सोच-समझकर काम करते हैं। हम कैसे बदलाव करने की कोशिश करते हैं और कैसे बल्लेबाजों की लय को बिगाड़ते हैं।'' सैमन्स ने वेस्टइंडीज के खिलाफ की गई गलतियों को स्वीकार करते हुए कहा कि उनकी टीम विशेष रूप से गेंदबाजी इकाई को लेकर विपक्षी टीम ने जो पूर्व अनुमान लगाए वह सही साबित हुए और भारत के खिलाफ इस तरह की गलती से बचना होगा। उन्होंने कहा कि हम इस मामले में थोड़ा और समझदारी से काम ले सकते हैं। चेन्नई का मैदान थोड़ा बड़ा होगा और शायद इस लिहाज से वहां हमें थोड़ी ज्यादा आसानी होगी। (अनंत ज्ञान)

## हेटमायर तीसरे नंबर पर बहुमूल्य खिलाड़ी : शाई होप

**एजेंसी, मुंबई**

वेस्टइंडीज के कप्तान शाई होप ने कहा कि शिमरोन हेटमायर मौजूदा टी20 विश्व कप में तीसरे नंबर पर बहुमूल्य खिलाड़ी साबित हुए हैं और इस बात पर अफसोस जताया कि पहले बल्लेबाजी क्रम में नीचे भेजे जाने पर इस बिग हिटर का सही उपयोग नहीं हो पा रहा था।

हेटमायर की 34 गेंदों पर खेली गई 85 रन की पारी की मदद से वेस्टइंडीज ने सोमवार को यहां सुपर आठ के मैच में जिम्बाब्वे को 107 रन से करारी शिकस्त दी जिसे होप ने दक्षिण अफ्रीका और भारत के खिलाफ होने वाले मैचों से पहले आत्मविश्वास बढ़ाने वाली जीत करार दिया।

हेटमायर ने सात छक्के और इतने ही चौके लगाए, जिससे वेस्टइंडीज ने छह विकेट पर 254 रन बनाए जो टी20 विश्व कप के इतिहास में दूसरा सबसे बड़ा स्कोर है। होप ने कहा, ''वह (हेटमायर) जिस तरह से बल्लेबाजी कर रहा है उसको देखकर मुझे लगता है की बल्लेबाजी क्रम में नीचे भेजे जाने से उनकी प्रतिभा कुछ हद तक बेकार गई। वह इतना अच्छा बल्लेबाज है कि किसी भी तरह की स्थिति में बल्लेबाजी कर सकता है फिर चाहे वह स्पिन हो या तेज गेंदबाजी।''



उन्होंने कहा, ''वह तीसरे नंबर पर बहुमूल्य खिलाड़ी साबित हुए हैं। वह इस नंबर पर पूरी तरह स्वच्छंद होकर खेलते हैं और हम उनसे यही चाहते हैं। इस टूर्नामेंट में वह हमारे लिए महत्वपूर्ण खिलाड़ी साबित हुए हैं। हमने उन्हें दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज से यह भूमिका सौंपी थी और उन्होंने इसे अच्छी तरह से निभाया।'' हेटमायर अपने करियर में अधिकतर समय तक निचले क्रम के बल्लेबाज रहे हैं और फिनिशर के रूप में पांचवें से सातवें नंबर के बीच बल्लेबाजी करते रहे हैं, लेकिन मौजूदा टूर्नामेंट में उन्होंने ऊपरी क्रम में प्रभावशाली बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया है। (अनंत ज्ञान)

## डोप टेस्ट से बचने पर एआईयू ने भारतीय धाविका पूजा पर लगाया 3 साल का प्रतिबंध

**एजेंसी, नई दिल्ली**

एथलेटिक्स इंटीग्रिटी यूनिट (एआईयू) ने खुलासा किया है कि भारत की लंबी दूरी की धाविका पूजा आत्माराम पिछले साल प्रतियोगिता के दौरान होने वाले डोप परीक्षण से पहले घबराकर भाग गई थीं और यह अपराध स्वीकार करने के बाद उन पर चार के बजाय तीन साल का प्रतिबंध लगाया गया है।



तीस वर्षीय पूजा 5000 मीटर और 10,000 मीटर स्पर्धाओं में भाग लेती हैं। उन्होंने 2024 में राजस्थान की तरफ से इंडियन ग्रां प्री दो में तीसरा स्थान हासिल किया था, जो उनका अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। पिछले साल 23 नवंबर को मुंबई में इंडियन ऑयल डब्ल्यूएनसी नेवी हाफ मैराथन जीतने के बाद उन्हें डोप टेस्ट के लिए चुना गया था। एआईयू ने अपने फैसले में कहा, ''दौड़ समाप्त होने के तुरंत बाद एक डोपिंग कंट्रोल ऑफिसर (डीसीओ) और एक लीड डीसीओ ने इस एथलीट को मौखिक रूप से डोपिंग टेस्ट के लिए चुने जाने की सूचना दी थी। सूचना मिलने के बाद इस एथलीट ने डोपिंग कंट्रोल फॉर्म (डीसीएफ) पर हस्ताक्षर नहीं किए।'' मौखिक सूचना मिलने के बाद एथलीट को फिनिश लाइन से डोपिंग कंट्रोल स्टेशन (डीसीएस) तक ले जाने के लिए एक सहायक साथ में था। इसी दौरान एथलीट सहायक से अलग होकर भीड़ में भाग गई।

इसमें कहा गया है, ''पर्यवेक्षक ने एथलीट का पता लगाने की कोशिश की और तुरंत सूचित किया कि परीक्षण के लिए चुने जाने की मौखिक सूचना डीसीओ को दिए जाने के बाद एथलीट भाग गई। उन्होंने इस संबंध में दौड़ के निदेशक को भी जानकारी दी।'' निदेशक ने उनसे फोन पर संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने किसी भी कॉल का जवाब नहीं दिया। पूजा के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई इसी वर्ष तीन फरवरी को शुरू की गई थी। आरोप की सूचना मिलने के एक सप्ताह के भीतर ही उन्होंने अपने अपराध के लिए माफी मांग ली थी। इसके बाद एआईयू ने उसके चार साल के प्रतिबंध में से एक साल की छूट दी।

## ऑस्ट्रेलिया के सहयोग से दिल्ली में पैरा तैराकी कार्यशाला शुरू

**जेंसी, नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलियाई उच्चायोग के सहयोग से तीन दिवसीय पैरा तैराकी कोचिंग कार्यशाला सोमवार को यहां शुरू हो गई। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी तैराकी परिसर में आयोजित की जा रही इस कार्यशाला के दौरान विशेषज्ञ और कोच भारत में पैरा तैराकी को बेहतर बनाने पर चर्चा करेंगे। ग्वालियर स्थित लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान (एलएनआईपीई) में भी तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। भारतीय पैरालंपिक समिति के अध्यक्ष देवेंद्र झाझरिया ने उद्घाटन समारोह के दौरान ऑस्ट्रेलियाई उच्चायुक्त फिलिप ग्रीन को शॉल भेंट की। ग्रीन ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया पैरा खेलों में अपनी विशेषज्ञता भारत के साथ साझा करने के लिए तैयार है। ग्रीन ने कहा, ''पैरा तैराकी को बढ़ावा देने के लिए भारत में विशेषज्ञता लाने से हम बेहद खुश हैं। ऑस्ट्रेलिया और भारत का संबंध मुख्य रूप से क्रिकेट से जुड़ा रहा है, लेकिन जैसे-जैसे भारत वैश्विक खेल प्रतियोगिताओं की मेजबानी कर रहा है उसे देखते हुए ऑस्ट्रेलिया उसके साथ एक भागीदार के रूप में बने रहना चाहता है।'' भारतीय खेल प्राधिकरण की उप महानिदेशक मंजुश्री दयानंद ने इस पहल का स्वागत किया। (अनंत ज्ञान)

## प्राग शतरंज महोत्सव : गुकेश की निगाह साल की पहली सफलता पर

**एजेंसी, प्राग (चेक गणराज्य)**

विश्व चैंपियन डी गुकेश विश्व कप से जल्दी बाहर होने और टाटा स्टील मास्टर्स में निराशाजनक प्रदर्शन को भुलाकर बुधवार से यहां शुरू होने वाले प्राग अंतरराष्ट्रीय शतरंज महोत्सव में साल का अपना पहला खिताब जीतने की कोशिश करेंगे। दूसरी वरीयता प्राप्त गुकेश को शीर्ष वरीयता प्राप्त जर्मन खिलाड़ी विंसेंट कीमर और उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा, जिनका हाल का प्रदर्शन अच्छा रहा है।



कीमर लाइव रेटिंग में चौथे स्थान, जबकि अब्दुसत्तोरोव पांचवें स्थान पर हैं। गुकेश 10वें स्थान पर हैं और इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले भारतीय खिलाड़ियों में रेटिंग के मामले में सबसे आगे हैं। पिछले कुछ समय तक लाइव रेटिंग में शीर्ष 10 में तीन भारतीय खिलाड़ी हुआ करते थे, लेकिन अर्जुन एरिगैसी और आर प्रज्ञाननंदा खराब प्रदर्शन के कारण नीचे खिसक गए हैं।

गुकेश के साथ इस प्रतियोगिता में एक अन्य भारतीय खिलाड़ी मौजूदा चैंपियन अरविंद चिदंबरम भी अपनी चुनौती पेश करेंगे। यही वह प्रतियोगिता है जिसने चेन्नई के इस खिलाड़ी को पहली बड़ी सफलता दिलाई थी। अमेरिका के हैंस नीमन एक और ऐसे खिलाड़ी हैं जिन पर सभी की नजर रहेगी। ईरान के परहम मगसूदलू भी प्रतियोगिता में अपनी चुनौती पेश करेंगे, जबकि नीदरलैंड के ग्रैंडमास्टर जॉर्डन वैन फोरेस्ट ने अपने प्रदर्शन में निरंतरता दिखाई है जिससे वह भी दावेदारों में शामिल हो गए हैं। (अनंत ज्ञान)

## एचपीयू ने नॉर्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी हैंडबॉल में जीता सिल्वर मेडल

**अनंत ज्ञान**

**ऊना।** हिमाचल प्रदेश यूनिवर्सिटी (एचपीयू), शिमला ने नॉर्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी पुरुष हैंडबॉल चैंपियनशिप में लगातार दूसरे साल सिल्वर मेडल जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता 16 से 20 फरवरी तक मस्तोयाना साहिब, संगरूर में पंजाबी यूनिवर्सिटी पटियाला के तत्वावधान में आयोजित हुई।



हैंडबॉल प्रतियोगिता में सिल्वर हासिल करने वाली हिमाचल की टीम। अनंत ज्ञान

टीम का नेतृत्व बिलासपुर के कप्तान अक्षित ने किया। ऊना जिले के रवि सिंघा, सन्नी कुमार, अर्शदीप, वंश मिश्रा, मनीष और रोहित ने टीम को फाइनल तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। सेमीफाइनल में जालंधर को हराने के बाद फाइनल में पंजाब यूनिवर्सिटी से मुकाबला हुआ, जिसमें एचपीयू ने बेहतरीन खेल दिखाकर सिल्वर मेडल जीता।

**◆ ऊना के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर विश्वविद्यालय को लगातार दूसरे साल दिलाया मेडल**

विश्वविद्यालय प्रशासन ने इस उपलब्धि को खिलाड़ियों की मेहनत और संस्थान द्वारा उपलब्ध कराई जा रही आधुनिक खेल सुविधाओं का परिणाम बताया। शिक्षा के साथ-साथ खेलों को भी प्राथमिकता देने से एचपीयू के खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं।

टी20 विश्व कप — न्यूजीलैंड पर जीत दर्ज करने के लिए श्रीलंका को करना होगा काफी सुधार

## श्रीलंका का न्यूजीलैंड के साथ 'करो या मरो' मुकाबला आज

**एजेंसी, कोलंबो**

श्रीलंका को अगर टी20 विश्व कप में अपनी उम्मीदों को जीवंत रखना है तो उसे न्यूजीलैंड के खिलाफ बुधवार को होने वाले सुपर आठ के करो या मरो के मुकाबले में स्पिन गेंदबाजों के सामने अपनी बल्लेबाजी में सुधार करना होगा।







पाल्लेकल की धीमी पिच पर इंग्लैंड के खिलाफ श्रीलंका के बल्लेबाज स्पिनरों के सामने बुरी तरह से फ्लॉप रहे और 147 रन का लक्ष्य भी हासिल नहीं कर पाए। श्रीलंका की पिचें सह-मेजबान भारत की पिचों की तुलना में बल्लेबाजी के लिए ज्यादा मुश्किल रही हैं और प्रेमदासा पिच पर भी यही सिलसिला जारी रहने की संभावना है, जहां बड़ी बाउंड्री के कारण छक्के लगाना आसान नहीं है। सुपर आठ के पहले मैच में मिली करारी हार के बाद श्रीलंका के बल्लेबाजों के शॉट चयन पर सवाल उठाए गए थे और उसकी टीम को अपनी इन गलतियों से सबक लेना होगा। श्रीलंका के बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ ने टीम के खराब प्रदर्शन पर कहा, ''यह एक टी20 मैच है, इसलिए जाहिर है कि आप अधिक से अधिक रन बनाने की कोशिश करते हैं। लेकिन जब गेंद बल्ले पर ठीक से नहीं आ रही होती है, तो यह कहना आसान है, करना मुश्किल।''

उन्होंने कहा, ''क्या इससे बेहतर विकल्प थे। निश्चित रूप से हो सकते थे। मैंने सोचा कि ऐसे विकेट पर जहां गेंद रुक कर आ रही हो, वहां तेजी से रन बनाना अच्छा विचार नहीं है। हमारे कुछ बल्लेबाज तेजी से रन चुराने के प्रयास में आउट हो गए थे। मुझे नहीं लगता कि इन परिस्थितियों में इस तरह से खुद को जोखिम में डालना अच्छा विकल्प था।''

न्यूजीलैंड को प्रेमदासा स्टेडियम में बारिश के कारण मैच रद्द होने के बाद पाकिस्तान के साथ एक अंक साझा करना पड़ा। उसके पास भी कप्तान मिचेल सेंटनर सहित अच्छे स्पिनर हैं जो श्रीलंका के बल्लेबाजों के लिए परेशानी खड़ी कर सकते हैं। इस मैच में बारिश की संभावना नहीं है और इसलिए दोनों टीम सुपर आठ में पहली जीत हासिल करने की कोशिश करेंगी। न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज फिन एलन और टिम सीफर्ट की जोड़ी ने लीग चरण के दौरान शानदार फॉर्म दिखाया और वे उस लय को बरकरार रखने की कोशिश करेंगे। रचिन रविंद्र से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है। उन्होंने कनाडा के खिलाफ अर्द्धशतक लगाकर फॉर्म में वापसी की थी। (अनंत ज्ञान)

**मैच : शाम 7 : 00 बजे से**

#### संभावित टीमें

**श्रीलंका:** दासुन शनाका (कप्तान), पथुम निसांका, कामिल मिशारा, कुसल मेंडिस, कामिंडु मेंडिस, कुसल जेनिथ परेरा, चैरिथ असलांका, जेनिथ लियानागे, पवन रथनायके, वानिंदु हसरंगा, डुनिथ वेललागे, महीश थीक्षाना, दुशमंथा चमीरा, मथीशा पथिराना, ईशान मलिंगा।

**न्यूजीलैंड:** मिचेल सैंटनर (कप्तान), फिन एलन, मार्क चैपमैन, डेवोन कॉनवे, जैकब डफी, लॉकी फर्ग्यूसन, मैट हेनरी, काइल जैमीसन, डैरिल मिशेल, जेम्स नीशम, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रविंद्र, टिम सीफर्ट, इश सोढ़ी, कोल मैककॉन्ची।